CMYK

सूर्योदय : 5:45
सूर्यास्त : 6:25
अधिकतम तापमान : 37.0
न्यूनतम : 27.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173
डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016
वर्ष-17 अंक-106 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया
लखनऊ, शनिवार, 23 सितम्बर 2023
07 रबीउलअव्वल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com
G20




## मथुरा में शाही ईदगाह के वैज्ञानिक सर्वे की मांग वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह परिसर के वैज्ञानिक सर्वेक्षण की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने इस मुद्दे पर फैसला करने का अधिकार इलाहाबाद उच्च न्यायालय पर छोड़ दिया गया। हाई कोर्ट ने इस मामले पर सुनवाई कर रहा है। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और सुधांशु धूलिया की पीठ ने कहा कि हमें लगता है कि हमें अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करने की आवश्यकता नहीं है, खासकर अंतरिम में क्योंकि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष बड़े पैमाने पर कई मुद्दे लंबित हैं। हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद पर लगभग 10 मुकदमे दायर किए गए हैं। 26 मई को हाई कोर्ट ने सभी मुकदमों की सुनवाई एक साथ करने का निर्देश दिया था। यह आदेश देवता की ओर से अगली मित्र (कानूनी प्रतिनिधि को इंगित करने वाला शब्द) रंजना अग्निहोत्री, एक वकील के माध्यम से दायर याचिका पर आया। श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट ने सर्वेक्षण के लिए सुप्रीम कोर्ट कोर्ट में याचिका दायर की. ट्रस्ट की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि 31 मार्च को मथुरा की एक अदालत ने सर्वेक्षण का निर्देश देने से इनकार कर दिया। उन्होंने अदालत को बताया कि वे बाद में उच्च न्यायालय



चले गए, जिसने 10 जुलाई को मथुरा अदालत के आदेश में कोई अवैधता नहीं पाते हुए अपील खारिज कर दी। भाटिया ने तर्क दिया कि उच्च न्यायालय अपने 10 जुलाई के आदेश पर अधिकार क्षेत्र का प्रयोग नहीं कर सकता। ईदगाह समिति ने अदालत को सूचित किया कि उच्च न्यायालय में सभी मुकदमों को समेकित करने के 26 मई के आदेश के खिलाफ एक अपील उच्चतम न्यायालय में दायर की गई है और विचाराधीन है। पीठ ने कहा कि यहां पक्षों के अधिकारों और तर्कों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, याचिका खारिज की जाती है इसमें कहा गया है कि यह उच्च न्यायालय को निर्णय लेना है कि वे किस रास्ते पर आगे बढ़ना चाहते हैं।

### भाजपा दफ्तर पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी, महिलाओं ने किया जोरदार स्वागत, कहा

## बिल फाड़ने वाले भी समर्थन में आए

**सराहना**
- आज हर नारी का आत्म विश्वास आसमान छू रहा
- महिला आरक्षण बिल हमारा कमिटमेंट था





**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली में बीजेपी मुख्यालय में पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए महिला आरक्षण विधेयक पारित होने का स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि यह भाजपा की प्रतिबद्धता थी और उसने आज इसे पूरा कर दिया। उन्होंने कहा कि दशकों की बाधाएं थीं, लेकिन जब इरादा स्पष्ट होता है, तो हम परिणाम देखते हैं। उन्होंने बिल के पक्ष में वोट करने के लिए सांसदों को धन्यवाद देते हुए कहा कि सांसदों ने पार्टी लाइन से ऊपर उठकर बिल का समर्थन किया। मोदी ने कहा कि मैं आज देश की सभी महिलाओं को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। कल और परसों हमने एक नया इतिहास बनते देखा। हमारा सौभाग्य है कि करोड़ों लोगों ने हमें यह इतिहास बनाने का अवसर दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि आने वाली अनेकों पीढ़ियों तक इस निर्णय और इस दिवस की चर्चा होगी। मैं पूरे देश को नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद के दोनों सदनों में भारी बहुमत से पारित होने की बहुत-बहुत बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि इसके (महिला आरक्षण बिल) राह में तरह-तरह की बाधाएं थी लेकिन जब नीयत पवित्र होती है, प्रयासों में पारदर्शिता होती है तो परेशानियों को भी पार करके भी परिणाम लाती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम कोई सामान्य कानून नहीं है। ये नए भारत की नई लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता का उद्घोष है। ये अमृतकाल में सबके प्रयास से विकसित भारत के निर्माण की तरफ बहुत बड़ा और मजबूत कदम है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम का दोनों सदनों से पास होना, इस बात का भी साक्षी है कि जब पूर्ण बहुमत वाली स्थिर सरकार होती है, तो देश कैसे बड़े फैसले लेता है, बड़े पड़ावों को पार करता है। इसके पहले जब भी ये बिल संसद में आया तो लीपा-पोती हुई। सिर्फ नाम दर्ज कराए गए लेकिन निष्ठापूर्वक कभी प्रयास नहीं हुआ। कल सब लोगों ने वोट तो दिया लेकिन उन्हें इस बात से तकलीफ थी कि नारी शक्ति वंदन शब्द क्यों लाया गया है, क्या देश की महिलाओं को वंदन नहीं किया जाना चाहिए? इस कानून ने साबित किया है कि देश को आगे ले जाने के लिए पूर्ण बहुमत वाली सरकार बहुत आवश्यक है।

## 24 को एक साथ शुरु होंगी नौ नई वंदे भारत



**नई दिल्ली।** देश को आने वाले दिनों में एक साथ नौ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का तोहफा मिलने जा रहा है। ये पहली बार होगा तब इतनी संख्या में वंदे भारत ट्रेन अलग अलग राज्यों से रवाना होगा।

प्रधानमंत्री मोदी इन सभी ट्रेनों को वर्चुअल हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इन नौ वंदे भारत को मिलकर संचालित होने के बाद वंदे भारत ट्रेनों की संख्या 33 पहुंच जाएगी। रेलवे करीब दो महीने बाद वंदे भारत का उद्घाटन करने जा रहा है। रेल मंत्रालय से मिली जानकारी के अनुसार, 24 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से इन सभी ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने वाले हैं। इन नौ वंदे भारत में नए स्वरूप वाली वंदे भारत यानी ऑरेंज रंग की ट्रेन भी शामिल है। पहली नए कलेवर वाली वंदे भारत कासरगोड से त्रिवेंद्रम के बीच चलाई जा सकती है। इसके अलावा आठ वंदेभारत नीले रंग वाली ही होंगी।

## आरएसएस की बैठक : राम मंदिर से देश में माहौल बनाएगा संघ

**कवायद**
- सीएम योगी के साथ भागवत की राष्ट्रवाद के मुद्दों पर हुई चर्चा
- आज से होगा बैठकों का सिलसिला शुरू



**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अयोध्या में श्रीराम जन्म भूमि पर बन रहे भव्य राम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से प्रदेश ही नहीं पूरे देश में राममय माहौल बनाएगा।

वहीं शताब्दी तक अवध प्रांत के प्रत्येक गांव में संघ की मौजूदगी दर्ज कराने के राष्ट्रवाद और सामाजिक समरसता को धार देगा। चार दिवसीय लखनऊ दौरे पर पहुंचे संघ के सर संघचालक मोहनराव भागवत ने शुक्रवार को अवध प्रांत कार्यकारिणी और विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। हालांकि संघ की ओर से भागवत के लखनऊ दौरे को शुद्ध रूप से संघ की नियमित व्यवस्था बताया जा रहा है। लेकिन आगामी लोकसभा चुनाव से पहले भागवत के दौरे को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भागवत चार दिवसीय प्रवास पर शुक्रवार सुबह अमौसी एयरपोर्ट पहुंचे। भागवत ने अवध प्रांत के पदाधिकारियों के साथ परिचय किया। उसके बाद प्रांत में शाखा विस्तार, साप्ताहिक मिलन, मासिक मंडली, सेवा कार्य, गतिविधियों पर बातचीत की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शाम को निराला नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में संघ प्रमुख से मुलाकात की। दोनों के बीच करीब 45 मिनट तक चली मुलाकात में मुख्यमंत्री ने उन्हें प्रदेश सरकार की उपलब्धियों के साथ औद्योगिक विकास और निवेश से संबंधित जानकारियां दी। उन्होंने अयोध्या में निर्माणाधीन राममंदिर की प्रगति, रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारी सहित राष्ट्रवाद के अन्य मुद्दों पर सरकार की योजनाओं की भी जानकारी दी।

> संघ के पदाधिकारी ने बताया कि शनिवार से अवध प्रांत की बैठकों का सिलसिला शुरू होगा। शनिवार को अवध प्रांत की कार्यकारिणी और सात विभागों की कार्यकारिणी की बैठक होगी। बैठक में अवध प्रांत के पदाधिकारियों के साथ अवध प्रांत में रहने वाले राष्ट्रीय कार्यकारिणी और क्षेत्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी भी शामिल रहेंगे।

## चंद्रयान-3 के लैंडर-रोवर से इसरो को नहीं मिले सिग्नल

**उम्मीद**
- संपर्क करने के प्रयास जारी, इस महीने की शुरुआत में स्लीप मोड में डाला था



**बेंगलुरु।** इसरो ने शुक्रवार, 22 सितंबर को कहा कि विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर के साथ कम्युनिकेशन स्थापित करने के प्रयास किए गए हैं ताकि उनकी जागने की स्थिति का पता लगाया जा सके। फिलहाल उनकी ओर से कोई सिग्नल नहीं मिले हैं। संपर्क स्थापित करने के प्रयास जारी रहेंगे। 14 दिनों की रात के बाद चांद के साउथ पोल पर एक बार फिर सूरज की रोशनी पहुंचने लगी है।

ऐसे में इसरो को स्लीप मोड पर डाले गए विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर के जागने की उम्मीद है। इसरो ने 4 सितंबर को लैंडर को स्लीप मोड में डाला था। इससे पहले 2 सितंबर को रोवर को स्लीप मोड में डाला गया था। इसरो ने लैंडर-रोवर के रिसीवर ऑन रखे हैं। इसरो ने लैंडर और रोवर को स्लीप मोड में डालने से पहले बैटरी को फुल चार्ज रखा था। रोवर को ऐसी दिशा में रखा गया था कि सूर्योदय होने पर सूर्य का प्रकाश सीधे सौर पैनलों पर पड़े। उम्मीद की जा रही है कि ये फिर से काम करना शुरू करेगा। चंद्रयान-3 को 14 जुलाई 2023 को दोपहर 2 बजकर 35 मिनट पर लॉन्च किया गया था। आंध्र प्रदेश में श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से एलवीएमएक्स रॉकेट के जरिए इसे स्पेस में भेजा था।

## पीएम मोदी काशी को सौगात देंगे आज

### 450 करोड़ के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का लोकार्पण करेंगे

- सांस्कृतिक महोत्सव के विजेता व विद्यार्थियों के बीच ढाई घंटे बिताएंगे पीएम मोदी
- कपिल देव और सचिन तेंदुलकर रहेंगे मौजूद



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को वाराणसी में गंजारी में बन रहे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखेंगे। इस अवसर पर सचिन तेंदुलकर समेत 1983 की क्रिकेट विश्वकप विजेता टीम भी मौजूद रहेगी।

प्रधानमंत्री काशी की पांच हजार महिलाओं को भी संसद में पारित हुए नारी शक्ति वंदन विधेयक पर संबोधित करेंगे। साथ ही प्रदेश में नवनिर्मित 16 अटल आवासीय विद्यालयों का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री दोपहर लगभग एक बजे वाराणसी एयरपोर्ट पहुंचेंगे और हेलीकाप्टर से गंजारी जाएंगे। राजातालाब के गंजारी में क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित करेंगे। वहां से संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय जाएंगे और नारी शक्ति वंदन-अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। लगभग पांच हजार महिलाएं महिला आरक्षण विधेयक के संसद में पारित होने की खुशी में पीएम का स्वागत करेंगी। इसके बाद प्रधानमंत्री रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में आयोजित काशी सांसद संस्कृति महोत्सव-23 कार्यक्रम में भाग लेंगे। वह 1,115 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 6 अटल आवासीय विद्यालय प्रदेश की जनता के हवाले करेंगे। प्रधानमंत्री काशी सांसद संस्कृति महोत्सव प्रतियोगिता के दस विजेताओं को सर्टिफिकेट देंगे। वह संसद खेल प्रतियोगिता काशी-2023 पोर्टल भी लांच करेंगे। शाम लगभग सात बजे वह दिल्ली रवाना हो जाएंगे। क्रिकेट स्टेडियम 30.66 एकड़ में 450 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा। 30,000 दर्शकों की क्षमता के स्टेडियम का निर्माण दिसंबर 2025 तक पूरा किया जाएगा। कानपुर और लखनऊ के बाद उप्र का यह तीसरा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम होगा। इसके वास्तु पर भगवान शिव और काशी की छाप दिखेगी। स्टेडियम की छत अर्धचंद्राकार होगी, फ्लड लाइट के स्टैंड त्रिशूल के आकार में होंगे। लाउंज और प्रवेश द्वार डमरू के स्वरूप में होगा तो दर्शकों के बैठने की जगह गंगा घाट की सीढ़ियों जैसी होगी। इस दौरान सचिन, कपिल देव, सुनील गावस्कर, रवि शास्त्री समेत अन्य क्रिकेटर, बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी, उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला और सचिव जय शाह भी उपस्थित रहेंगे।

## बिधूड़ी पर हंगामे के बीच दानिश अली से मिलने घर पहुंचे राहुल



**मुंबई।** बसपा सांसद दानिश अली पर बीजेपी सांसद रमेश बिधूड़ी के आपत्तिजनक बयान से सियासत गरमा गई है। बिधूड़ी के बयान की चौतरफा आलोचना के बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी शुक्रवार को दानिश अली से मिलने उनके आवास पहुंचे।

इस दौरान उनके साथ कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल और सांसद इमरान प्रतापगढ़ी भी थे. दानिश अली से मिलने के बाद राहुल गांधी ने मीडिया से कहा कि नफरत के बजार में मोहब्बत की दुकान खुल रही है. दानिश ने भी राहुल से मुलाकात के बाद भावुक होते हुए कहा कि उन्हें राहुल से मिलकर लगा कि वह अकेले नहीं है.राहुल मेरा हौसला बढ़ाने यहां आए थे. उन्होंने मुझसे कहा कि इन बातों को अपने दिल से मत लगाना और अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना. मुझे उनकी बातों से राहत मिली और अच्छा लगा कि मैं अकेला नहीं हूं।

दानिश अली ने कहा कि यह बयान मुझ पर नहीं बल्कि लोकतंत्र और संविधान पर हमला है. यह खेदजनक है कि नफरत की दुकानें सड़कों पर खुल रही हैं और अब अमृतकाल के दौरान नई संसद में भी खोली जा रही हैं. लोकसभा हमारा संरक्षक है। बिधूड़ी के बयान से आहत बहुजन समाज पार्टी (बसपा) नेता और लोकसभा सांसद दानिश अली का कहना है कि अगर बिधूड़ी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो वह लोकसभा सांसद की सदस्यता छोड़ने पर विचार करेंगे. दानिश अली ने कहा कि उन्होंने बिधूड़ी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को एक पत्र लिखा है।

## मोहाली में 27 साल बाद ऑस्ट्रेलिया से जीता भारत

### भारत ने 5 विकेट से मैच अपने नाम किया



**मोहाली।** भारत ने वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हरा दिया है। मोहाली के आईएस बिंद्रा स्टेडियम में भारतीय टीम ने कंगारुओं को 27 साल बाद हराया। यहां टीम को ऑस्ट्रेलिया पर आखिरी जीत 1996 में मिली थी। तब टीम इंडिया ने 5 रन से मुकाबला जीता था। इस जीत से टीम इंडिया वनडे रैंकिंग में नंबर-1 बन गई है। टीम टेस्ट और टी-20 में पहले से नंबर-1 थी। ऐसे में भारतीय टीम पहली बार तीनों फॉर्मेट में नंबर-1 पोजिशन पर पहुंची है। मोहाली में टीम इंडिया ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला किया। पहले खेलने उतरी ऑस्ट्रेलिया टीम 50 ओवर में 276 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। जवाब में टीम इंडिया ने 48.4 ओवर में 5 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। भारतीय ओपनर शुभमन गिल ने वनडे करियर की 9वीं फिफ्टी जमाई। उन्होंने महज 37 बॉल पर हाफ सेंचुरी पूरी की।

### अमेरिका की राजदूत जूलियन स्मिथ ने कनाडा विवाद को लेकर कहा

## भारत के सहयोग के लिए नाटो के द्वार खुले

**तर्क**
- कनाडा विवाद की सच्चाई आए सामने
- भारत भी मानवीय आधार पर यूक्रेन की मदद कर रहा: जूलियन




**नई दिल्ली।** यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद नार्थ एटलांटिक ट्रीटी आर्गेनाइजेशन (नाटो) फिर से चर्चा में है। नाटो सीधे तौर पर इस युद्ध में हस्तक्षेप नहीं कर सकती, लेकिन इसके कुछ सदस्य सीधे तौर पर रूस के खिलाफ यूक्रेन को मदद कर रहे हैं। भारत भी नाटो से अपने सहयोग को बढ़ाने की इच्छा जता चुका है। क्या नाटो और भारत के बीच सहयोग की बड़ी संभावनाएं हैं? इन सब सवालों का जवाब नाटो में अमेरिका की राजदूत जूलियन स्मिथ ने संवाददाता से बातचीत करते हुए कहा हम तो दोनों देशों से इतना ही चाहते हैं कि इस मामले में सहयोग करें और जो भी सच्चाई है वह सामने आए। दुर्भाग्य से यूक्रेन पर रूस की तरफ से हमला किए हुए डेढ़ वर्ष से ज्यादा हो गए हैं। इससे कई तरह के दूसरे संकट पैदा हुए हैं जिसका असर पूरी दुनिया पर है। जहां तक नाटो का सवाल है तो इस संगठन की तरफ से सीधे तौर पर यूक्रेन को कोई मदद नहीं दी जा रही, लेकिन नाटो के कई सदस्य देश यूक्रेन को अपनी तरफ से मदद कर रहे हैं जैसे जापान, दक्षिण कोरिया, आस्ट्रेलिया। इनकी कोशिश यह है कि यूक्रेन किसी भी तरह से रूस के आक्रमण के खिलाफ खड़ा हो सके। भारत भी मानवीय आधार पर यूक्रेन की मदद कर रहा है, जो काफी सराहनीय है। यूक्रेन के पुनर्गठन के लिए भी नाटो मदद कर रहा है। जी-20 की शिखर बैठक में भी यूक्रेन के हालात को सामने रखा गया है। मेरे ख्याल से भारत ने बतौर अध्यक्ष काफी अच्छी भूमिका निभाई है। लेकिन अभी जो स्थिति है उससे नहीं लगता कि रूस के व्यवहार में कोई बदलाव आया है। बगैर किसी उकसावे के युद्ध की शुरुआत रूस ने ही की है। पहले मैं आपको बता दूं कि नाटो में 31 सदस्य हैं। इनकी संख्या बढ़ रही है। इसके अलावा कुछ देश हैं, जो हमारे साझीदार नहीं हैं, लेकिन उनके साथ विमर्श करते हैं। भारत भी इसका सदस्य है। यहां मैं स्पष्ट करना चाहती हूं कि नाटो इस क्षेत्र में (भारतीय उपमहाद्वीप) अपना विस्तार करना नहीं चाहता, लेकिन एक लोकतांत्रिक देश के तौर पर हम वार्ता व सहयोग को तैयार हैं।

## अब फुल पैंट-शर्ट पहनकर आएंगे प्राइमरी स्कूलों के बच्चे



**राहत**
- योगी सरकार ने जारी किए निर्देश

**लखनऊ।** बच्चों को संचारी रोगों से बचाव के लिए योगी सरकार ने निर्देश दिए हैं कि परिषदीय विद्यालयों के छात्रों को फुल पैंट शर्ट में आने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। विद्यालय प्रांगण में पानी का जमाव न होने दिया जाए। मच्छरों से संबंधित फागिंग कराई जाए। साथ ही नोडल अध्यापक के माध्यम से छात्रों को डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक किया जाए। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी के निर्देश पर बेसिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव की ओर से सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर कहा गया है कि तीन अक्टूबर से शुरू हो रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान में बेसिक शिक्षा विभाग भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाए। परिषदीय स्कूलों व निजी स्कूलों में संचारी रोगों के प्रति जागरूकता को लेकर गतिविधियां आयोजित कराई जाएं।

# जन शिकायतों का त्वरित समाधान में लापरवाही पर डीएम सख्त, सात अधिकारियों को नोटिस जारी

**अवधनामा संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी।** खीरी में समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) पर दर्ज जन समस्याओं के त्वरित समाधान में लापरवाही बरतने वाले सात अधिकारियों पर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए कारण बताओं नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण तलब किया।

डीएम ने बताया कि आईजीआरएस एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन शिकायती संदर्भों की समीक्षा स्वयं मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा सर्वोच्च प्राथमिकता पर की जाती है। शासन ने आईजीआरएस पोर्टल पर जन शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश हैं एवं कोई भी संदर्भ डिफाल्टर श्रेणी में लंबित नहीं हो और असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त संदर्भो का गुणवत्तापरक निस्तारण शिकायतकर्ता से सम्पर्क करके शिकायतकर्ता की असंतुष्ट होने एवं संतुष्ट होने की स्थिति के संबंध में स्पष्ट रूप से उल्लेख करते हुए यदि शिकायतकर्ता असंतुष्ट है तो उसका कारण अभिलिखित करते हुए आख्या प्रेषित की जाए। परन्तु उपायुक्त मनरेगा, बीएसए, डीआईओएस, जिला समाज कल्याण अधिकारी, एक्सईएन (विद्युत) मोहम्मदी, एडीओ (पंचायत), ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक ने IGRS के समयबद्ध निस्तारण में लापरवाही बरती और परिणामस्वरूप जनपद की आईजीआरएस मासिक ग्रेडिंग प्रभावित होती है। डीएम ने जारी कारण बताओं नोटिस में उल्लेखित किया है कि प्रायः संबंधित अफसरो के लॉगिन में संदर्भ नियत तिथि तक निस्तारण के लिए लंबित रहते हैं और नियत तिथि पर ही निस्तारण किया जाता है, जिससे सरसरी और गुणवत्ताहीन निस्तारण की पूर्ण संभावना रहती है। यह अत्यन्त खेदजनक है। इसके पूर्व भी कई बार नोटिस निर्गत कर निर्देश दिये जाने के बावजूद कार्यप्रणाली में सुधार नहीं लाया गया। डीएम ने अंतिम रूप से चेतावनी देते हुए निर्देशित किया कि यदि भविष्य में यदि संबंधित अफसरों का कोई भी संदर्भ नियत तिथि पर निस्तारण के लिए लंबित रहता है अथवा संदर्भ डिफाल्टर श्रेणी में लंबित मिला तो संबंधित को प्रतिकूल प्रविष्टि देते हुए विभागीय कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया जाए। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा।

## डीएम खीरी को दलित की शिकायत

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर तहँसील क्षेत्र नगर लखीमपुर का मामला 143 कराया गाटा संख्या 574 का यह जमीन 14 डिसमिल यानी करीब 6000 वर्ग फिट बेंच दिया 7 बीघा यानी करीब 50000 वर्ग फिट प्रॉपर्टी की मौजूदा कीमत करीब 20 करोड़ दाखिल खारिज के प्रार्थना पत्र भी लम्बित 143 भी 2012 में कराया गया भूमालिक 1995 में मर गया था प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री यूपी, राजस्व मंत्री, अपर मुख्य सचिव राजस्व, मंडलायुक्त, डीएम खीरी को दलित की शिकायत।

# उपजिलाधिकारी मोहम्मदी की अध्यक्षता में पराली प्रबंधन के संबंध में आयोजित की गई मीटिंग

**अवधनामा संवाददाता**



**मोहम्मदी-खीरी।** तहसील मोहम्मदी क्षेत्र के अंतर्गत गोला मोहम्मदी रोड स्टेट हाइवे पर स्थित सरदार जी पैलेस पिपरिया धनी में उपजिलाधिकारी मोहम्मदी डॉ0 अवनीश कुमार की अध्यक्षता में एक मीटिंग पराली प्रबंधन के संबंध में आयोजित की गई मीटिंग में उपजिलाधिकारी द्वारा समस्त कृषको व ग्रामवासियों व किसानों को पराली न जलाने के लिए जागरूक किया गया और अपील की गई आप लोग पराली ना जलाये व फसल अवशेष प्रबंधन की विभिन्न तकनीकी विधियों का उपयोग करते हुए फसल अवशेष का निस्तारण कर भूमि की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने व सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में बताया गया और किसानों से अपील की गई कि आप लोग एसएमएस वाली ही कंबाइन से ही अपना धान कटाएं तथा किसानों द्वारा भी अपने अपने विचार व्यक्त किये गए। मौके पर राजस्व निरीक्षक सतीश चंद्र मिश्रा ,क्षेत्रीय लेखपाल रोहित राज, लेखपाल राममूर्ति गिरी,दीपक वर्मा,अमरीश राज ,रणधीर सिंह,अनूप वर्मा,निर्भय वर्मा व कृषि विभाग के कर्मचारी विजयपाल वर्मा व सरदार जी पैलेस के संचालक पलविंदर सिंह व ग्राम प्रधान नरेंद्र कुमार, गुरपाल सिंह,कृष्ण कुमार अवस्थी व क्षेत्रीय किसान गुरजीत सिंह, कुलवंत सिंह, मंदीप सिंह ,कृपाल सिंह, आत्माराम आदि मौके पर उपस्थित रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाशों को लगी गोली

**अवधनामा संवाददाता**

**सीतापुर।** गुरुवार देर रात सिधौली कोतवाली इलाके में पुलिस टीम की बदमाशों से मुठभेड हो गई। इस मुठभेड़ में लखनऊ के दो बदमाश घायल हो गए। दोनों के पैर में गोली लगी है। दोनों बदमाशों पर 25-25 हजार रुपये के ईनामी बदमाश बताए जा रहे हैं। एसपी चक्रेश मिश्र ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो बदमाश किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। इस सूचना पर सिधौली पुलिस के साथ स्वॉट टीम ने चेकिंग तेज कर दी। गुरुवार देर रात मुजफ्फरपुर रेल पटरी के निकट दो संदिग्ध युवक बाइक से जाते दिखे। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो, बाइक सवार बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की। पुलिस की तरफ से की गई फायरिंग में दोनों बदमाशों के पैरों में गोली लगी। इससे दोनों गिर गए। उनके घायल होकर गिरते ही पुलिस टीम ने उन्हें दबोच लिया। एसपी ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों की पहचान लखनऊ के बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के कठवारा गांव निवासी रमेश और थाना इटौंजा थाना क्षेत्र के देवरा गांव निवासी विनीत के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों को सीएचसी सिधौली में भर्ती कराया है। यहां उनका इलाज किया जा रहा है। एसपी ने बताया कि शुरुआती पूछताछ में दोनों ने कमलापुर और अटरिया में हुई चोरी की कई घटनाओं में हाथ होने की बात कबूली है। दोनों ही शातिर अपराधी हैं। रमेश पर 19 मामले और व विनीत पर आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

# रानी लक्ष्मीबाई इंटर कालेज शहाबुद्दीनपुर थीम सॉग रीलीज़ कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**लखीमपुर खीरी।** रानी लक्ष्मीबाई इंटर कालेज शहाबुद्दीनपुर थीम सॉग रीलीज़ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा के व विशिष्ट अतिथि डॉ.पूर्वी वर्मा पूर्व प्रत्याशी लोकसभा खीरी के कर कमलों से हुआ।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रवि प्रकाश वर्मा ने कहा देश के भविष्य ÷बच्चों÷ से उनके छात्र जीवन की महत्ता एवं भविष्य में इसके उपयोग पर चर्चा की, छात्रों को बताया की कैसे धैर्य, मेहनत, लगन, ईमानदारी कर्तव्यनिष्ठा जैसे गुणों को अपने जीवन मे उतार कर एक अच्छा इंसान बन हम कैसे समाज और देश की सेवा कर सकते हैं इसी क्रम में कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि डाश्र पूर्वी वर्मा बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए कहा शिक्षा एक ऐसा माध्यम है जिससे आप जो बनना चाहो बन सकते हैं उन्होंने कहा चलो हम सब मिलकर एक अच्छे कल का निर्माण करे पूर्वी वर्मा ने विद्यालय की तारीफ करते हुए कहा विद्यालय परिवार के मेहनत दिख रही है पूर्वी वर्मा ने विद्यालय की टॉपर अभिलाषा शर्मा में गिफ्ट भेंट किया इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य सर्वेश वर्मा , प्रबन्धक संजय वर्मा , सदस्य,ज़िला पंचायत, संदीप वर्मा व शिक्षक गणों ने भी अपने विचार रखे इस अवसर पर नारायण लाल वर्मा , सुभाष वर्मा पूर्व अध्यक्ष छात्रसंघ सीजीएनपीजी गोला, सुखबीर वर्मा , अवधेश वर्मा , सर्वेश वर्मा प्रधान, अशोक वर्मा प्रधान, डॉ. सुरेंद्र प्रसाद वर्मा , डॉ. ओम प्रकाश वर्मा, मायाराम अर्कवंशी, भाई राहिल अली सतेन्द्र कुमार, अवनीश कुमार, चांदनी देवी, दीपिका वर्मा कमल कुमार, कुसुमलता देवी, नेहा बानो, निधी द्विवेदी, हर्षिता बाजपेयी, राधा देवी, पूजा वर्मा, प्रांशी वर्मा, प्रवीण कुमार, प्रिया वर्मा, सरिता वर्मा, श्याम किशोर, सुशील कुमार, उवैद रजा खां, विपिन कुमार योगेश कुमार, अभिषेक कुमार, नियामत अली, भूपेन्द्र कुमार वर्मा, विन्देश्वरी देवी, गंगाराम यादव, अवधेश कुमार, जे जे राम वर्मा, नवी शेर खां संदीप कुमार आदि लोग उपस्थिति रहे कार्यक्रम के अंत में कॉलेज के एमडी संदीप वर्मा आए हुए सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।

# संक्षिप्त समाचार

## मुक्त भारत की थीम पर मनेगा 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा

**लखीमपुर खीरी।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत कचरा मुक्त भारत की थीम पर आधारित 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा अभियान के क्रियान्वयन के संबंध में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अफसरों को दिशा निर्देश जारी किए। डीएम ने अभियान के नोडल अधिकारी डीपीआरओ सौम्याशील सिंह को निर्देश दिए कि डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह और बीएसए प्रवीण तिवारी से समन्वय स्थापित करते हुए प्रत्येक प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में न केवल ÷स्वच्छता शपथ÷ दिलाई जाए। बल्कि स्वच्छता ही सेवा की थीम कचरा मुक्त भारत÷ पर चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन कराए। प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को गांधी जयंती पर पुरस्कृत भी किया जाए। डीएम ने डीआईओएस-बीएसए को निर्देश दिए कि ÷स्वच्छता ही सेवा÷ अभियान की जागरूकता के लिए विद्यालय स्तर पर जागरूकता रैली निकाली जाए। इसका प्रॉपर डॉक्यूमेंटेशन करते हुए अभियान के नोडल अधिकारी को मय फोटोग्राफ्स रिपोर्टिंग की जाए।

## राजेश बने एसडीएम न्यायिक गोला तहसील

**लखीमपुर खीरी।** हटाए गए एसडीएम निघासन राजेश कुमार। भेजे गए गोला। गोला तहसील में एसडीएम न्यायिक का पद मिला।

## बैंक कर्मचारियों ने लड़की के पिता और लड़की से किया अभद्र व्यवहार

**लखीमपुर खीरी।** धान खरीद में फर्जी पेमेंट का जिन्न एक बार फिर बोतल से बाहर आया,, स्कूल में पढ़ने वाली लड़की को नौकरी देने की झांसा देकर सहकारी बैंक में खोला गया फर्जी अकाउंट, लाखों रुपए का किया लेनदेन, लड़की को जानकारी होने पर पहुंची बैंक, बैंक कर्मचारियों ने लड़की के पिता और लड़की से किया अभद्र व्यवहार वीडियो वायरल सदर कोतवाली का मामला।

## 01 नफर वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना खमरिया पुलिस टीम द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त संदीप रस्तोगी पुत्र विश्वनाथ प्रसाद निवासी ग्राम खमरिया थाना खमरिया खीरी ( वारंट वाद संख्या 94-2022 मु0अ0सं0 1379/2017 धारा 307/342 भा0द0वि0 ) को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटी अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है।

## डीएम ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण



**रायबरेली।** ज़िलाधिकारी हर्षीता माथुर पहले ही दिन से लगातार ऐक्टिव मोड में हैं। कल जहां कलेक्ट्रेट और अभिलेखागार का औचक निरीक्षण किया। वहीं शुक्रवार को जनसुनवाई से पहले जिला अस्पताल गईं और वहां उन्होंने मरीज़ों और कर्मचारियों से सीधे बातचीत कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायाजा लिया साथ ही टेलीमेडिसिन और इमरजेंसी को और बेहतर बनाने का निर्देश दिये। इस दौरान काफी पहले से बन कर तैयार एसटीपी के चालू न होने पर चिंता जताते हुए उसे जल्द से जल्द शुरू कराये जाने की बात कही। जिला अस्पताल में उन्नाव से आये मरीज़ को यहां भर्ती देखकर इसे रायबरेली के लिए उपलब्धि बताया। जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल में सीटी स्कैन और अल्ट्रासाऊंड शुरू करने की भी जानकारी ली। इस मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट, सीएमएस महेंद्र कुमार मौर्य उपस्थित रहे।

## अपना दल संगठन पदाधिकारी की सूची जारी

**रायबरेली।** अपना दल रायबरेली के जिला अध्यक्ष कुमार सत्येंद्र पटेल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विधानसभा के पदाधिकारी की सूची जारी की। पार्टी के सम्मानित पदाधिकारी की सूची में जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार जिला उपाध्यक्ष अभय सोनकर जिला महासचिव राम बहादुर यादव सचिन अंकुर चौधरी कोषाध्यक्ष हरि नारायण सिंह जिला अध्यक्ष किसान मंच अरविंद जायसवाल जिला अध्यक्ष श्रमिक मंच राम जी जिला अध्यक्ष पंचायत मंच रामपाल विधानसभा अध्यक्ष सदर नजरुल इस्लाम विधानसभा अध्यक्ष ऊंचाहार अरुण कुमार विधानसभा अध्यक्ष बछरावां धर्मपाल को बनाया गया।

## शिविर लगाकर किया नेत्र परीक्षण

**सीतापुर।** कमलापुर के इंटर कॉलेज कमलापुर में नेत्र परीक्षण शिविर लगाया गया। शिविर में जिला मुख्यालय के अस्पताल से डॉ आशीष ने नेत्र से संबंधित बीमारियों के लक्षणों व उनके उपचारों के बारे में बताया। इस दौरान नेत्र परीक्षण भी किया गया। लोगों को नेत्रों के रोग बताए गए। वहीं नेत्र को बचाने के लिए क्या करें, क्या न करें इसकी जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में जितेंद्र कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, साकिब जमाल अंसारी, अतेन्द्र कुमार सिंह, अनुराग पटेल, शैलेश सचान, उमेश वर्मा, अपर्णा अवस्थी, ज्योति सिंह , ज्योति वर्मा, निशा जैन, राघवेंद्र अवस्थी, नीरज वमा, बादाम सिंह आदि मौजूद रहे।

# गांजा तस्करों पर कोतवाल की प्रभावी कार्रवाई से हड़कंप

**तस्करों के संरक्षण दाता अपना रहे तरह-तरह के हथकंडे**

**अवधनामा संवाददाता**

> **मामले में क्या कहते हैं, कोतवाल बालेंदु गौतम**
>
> कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि क्षेत्र में अवैध कारोबार करने व कराने वालों को बख्शा नहीं जाएगा लोगों से अपील है, कि इस प्रकार की गतिविधियां यदि उनके क्षेत्र में संचालित हो रही हैं तो उन्हें सूचना दे सूचना गोपनीय रखते हुए कार्रवाई की जाएगी अवैध कारोबारियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

**महराजगंज, रायबरेली।** लंबे समय से कोतवाली क्षेत्र में चल रहे नशे के अवैध कारोबार पर महराजगंज कोतवाल बालेंदु गौतम व उनकी टीम तेजी से प्रहार कर इन दिनों ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है, उसका नतीजा है, कि एक महीने के अंदर करीब आधा दर्जन गांजा व पोस्ता छिलका तस्करों को पुलिस जेल भेज चुकी है, और लगातार गांजा तस्करों की धर पकड़ जारी है, उसी कड़ी में अवैध कारोबारियों को संरक्षण प्रदान करने वाले आकाओं में खलबली भी मची है, और जनप्रतिनिधि के भेष में संरक्षण दाता की भूमिका में बैठे लोग पहले तो पुलिस को प्रलोभन देकर तस्करों को छुड़ाने का प्रयास कर रहे हैं, परंतु कोतवाल की अडिग कार्यशैली के आगे सब फेल हो जा रहा है, जिससे आजिज उल्टे पुलिस पर आकाओं द्वारा अनर्गल प्रलाप शुरू हो गए हैं, बता दें कि महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर लंबे समय से अवैध गांजा तस्करी का काला कारोबार फल फूल रहा था जिस पर कोतवाल बालेंदु गौतम व उनकी टीम ने प्रभावी कार्रवाई करनी शुरू कर दी है, और उसी का नतीजा है कि एक महीने में करीब आधा दर्जन आरोपियों के पास से गांजा और पोस्ता छिलका बरामद करते हुए पुलिस जेल भेज चुकी है,अब तक हलोर तकिया मऊ चौकी मऊ चौराहा दुसौती नहर पुल जैसी जगहों से अवैध धंधे बाज गिरफ्तार हो चुके हैं, उसी कड़ी में बीते मंगलवार की रात भी पुलिस ने सूचना के आधार पर दुसौती नहर पुल पर से दुसौती गांव के रहने वाले आरोपी अजय कुमार सिंह को अवैध ग्यारह सौ ग्राम गांजा के साथ दबोचा गया है, लगातार अवैध गांजा तस्करों पर पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई से तस्करों के संरक्षण दाताओं में खलबली मची है, और पुलिस पर दबाव बनाने के लिए तरह तरह के हथकंडे अपना रहे हैं।

# दहेज हत्या के वांछित 3 गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**

**रायबरेली।** अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अन्तर्गत 22 सितम्बर को थाना शिवगढ पुलिस टीम द्वारा मुखबिरखास की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-392/2022 धारा-498ए/304बी/ भादवि व धारा- ङ दहेज प्रतिषेध अधि0 के वांछित 03 अभियुक्तगण 01-आलोक कुमार उर्फ रोहित पुत्र रामगुलाम 02-रामगुलाम पुत्र माताप्रसाद तथा 03-निर्मला देवी पत्नी रामगुलाम निवासीगण ग्राम रायपुर मूर्तिमाता मजरे भवानीगढ़ थाना शिवगढ़ रायबरेली को थाना क्षेत्र से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है । जिनके विरूद्ध थाना स्थानीय पर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। नाम पता अभियुत,आलोक कुमार उर्फ रोहित पुत्र रामगुलाम निवासी ग्राम रायपुर मूर्तिमाता मजरे भवानीगढ़ थाना शिवगढ़ रायबरेली ,रामगुलाम पुत्र माताप्रसाद निवासी ग्राम रायपुर मूर्तिमाता मजरे भवानीगढ़ थाना शिवगढ़ रायबरेली ,निर्मला देवी पत्नी रामगुलाम निवासी ग्राम रायपुर मूर्तिमाता मजरे भवानीगढ़ थाना शिवगढ़ रायबरेली ,गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम,उप-निरीक्षक अरशद नदीम थाना शिवगढ जनपद रायबरेली,आरक्षी सुधीर कुमार थाना शिवगढ जनपद रायबरेली।

# नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से कर रहा विकास: अचिन मेहरोत्रा

**मेरी माटी, मेरा देश के तहत - घर-घर एकत्र की माटी**

**अवधनामा संवाददाता**



**सीतापुर।** भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने भारतीय जनता पार्टी के मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत कार्यकर्ताओं के साथ गांव-गांव भ्रमण किया और घर-घर जाकर अमृत कलश में माटी एकत्र की। भाजपा के निर्वतमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने सीतापुर नगर 1 मंडल के नैपालापुर शक्ति केंद्र की ग्रामसभा टेडवा चिलौला में भ्रमण किया।

उन्होंने टेड़वा गांव में जाकर घर- घर कलश में मिट्टी चावल एकत्रित करने का काम किया। अचिन मेहरोत्रा ने घर घर पहुंचकर मिट्टी संग्रह करने के साथ साथ ग्रामवासियों को पंच प्रण की शपथ दिलाई। इसके साथ ही घर घर मिट्टी एकत्रित कर कलश में संग्रहित की है। श्री मेहरोत्रा ने कहा कि देश के यश्वशी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृव में निरंतर देश एक के बाद एक नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा। साथ यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृव में प्रदेश विकास के सर्वोच्च स्थान को प्राप्त कर रहा है। उन्होंने कहा कि कलश में मिट्टी संग्रह करने के बाद यह मिट्टी दिल्ली जाएगी। वहां अमृत महोत्सव के तहत बन रही अमृत वाटिका के कर्तव्य पथ में शामिल की जाएगी। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख जिला कोषाध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, शक्ति केंद्र संयोजक प्रधान अवधेश कटियार, संदीप, युवा मोर्चा जिला महामंत्री अनूप विश्वकर्मा, मंडल महामंत्री मुकेश मिश्रा, अनूप पाण्डेय, कौशल त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा अभिषेक मिश्रा, अविरल अवस्थी, अम्बुज पांडेय, सत्येंद्र सिंह, विवेक विश्वकर्मा, संजय अवस्थी आदि मौजूद रहे।

# 03 से 31 अक्टूबर तक संचालित होगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

**अवधनामा संवाददाता**

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में 03 से 31 अक्टूबर 2023 तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 16 से 31 अक्टूबर 2023 के मध्य दस्तक अभियान को लेकर अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए पूरी तैयारी समयबद्ध ढंग से किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संचारी व विषाणु जनित रोगों के दृष्टिगत किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, डायरिया आदि संचारी रोगों से जुड़े मामलों की आशंका को देखते हुए जनपद में अन्तर्विभागीय समन्वय से युद्धस्तर पर अभियान को आगे बढ़ाया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान जनपद में 03 से 31 अक्टूबर 2023 तक संचालित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी 03 अक्टूबर से पहले संचारी रोग नियंत्रण के सम्बन्ध में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें। तालाबों, नालों व नालियों में एण्टी लार्वा का छिड़काव तथा कूड़े का निस्तारण ठीक ढंग से किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि निगरानी समितियां डोर-टू-डोर सर्वे करें और यदि कोई बच्चा बुखार आदि से ग्रसित है, तो उसे मेडिसिन किट उपलब्ध कराएं साथ ही महिलाओं तथा कुपोषित बच्चों को पुष्टाहार उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि बेहतर ड्रेनेज व्यवस्था तथा शुद्ध पेयजल के दृष्टिगत शहर व ग्रामीण क्षेत्र में व्यापक स्तर पर कार्य किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत व निकायों द्वारा स्वच्छता, सैनिटाइजेशन, फॉगिंग व शुद्ध पेयजल के लिए लगातार कार्य किया जाए। ग्रामीण स्तर पर संचारी रोगों के नियंत्रण हेतु तालाबों/नालों व नालियों की साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों से संचारी रोगों के नियंत्रण व रोकथाम के सम्बन्ध में किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की। साथ ही उन्होंने चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, नगर विकास, पंचायती राज, आईसीडीएस, ग्राम्य विकास, चिकित्सा शिक्षा, शिक्षा, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, कृषि, पशुपालन को स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाकर संचारी रोगों की रोकथाम व नियंत्रण की कार्यवाही में और तेजी लाए जाने के निर्देश दिए।

# डीएम की अध्यक्षता में नि:शुल्क दाखिलों की समीक्षा बैठक संपन्न

**कुछ स्कूलों द्वारा दाखिले ना लेने पर जिलाधिकारी ने की नाराजगी व्यक्त, स्कूल मान्यता निरस्त कराने के लिए भी दिये आदेश**

**अवधनामा संवाददाता**



> जिलाधिकारी ने कहा कि आरटीई के तहत एससी/एसटी के विद्यार्थियों का दाखिले न करने वाले स्कूलों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जाये। आवेदकों द्वारा यदि फर्जी दस्तावेज जमा कराये गये हैं तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जाये और फर्जी दस्तावेज जारीकर्ता अधिकारी/तहसीलदार के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाये। आगे से कोई भी आवेदक अपने वार्ड के स्कूल का नाम ही भरे वार्ड से बाहर के स्कूल का नाम ना भरे।

**गाजियाबाद।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में आरटीई के तहत होने वाले निःशुल्क दाखिलों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी के समक्ष प्रेषित रिर्पोट में कहा गया कि स्कूलों द्वारा अभिभावकों को तरह–तरह प्रताड़ित किया जाता है। जिसके तहत स्कूलों द्वारा क्रास वैरिफिकेशन, रहन–सहन और घर के सामान की जांच, आय प्रमाण पत्र सन्देह करना, प्रारम्भिक शिक्षा ग्रहण करने पर लाभार्थियों का दाखिला ना करना, अन्य वार्ड का निवासी बताना, एन्ट्री लेवल पर ही दाखिले लेना, अनावश्यक कागजों की मांग करना सहित कागजात पूरे होने पर भी दाखिला नहीं लेना। अभिभावकों का कहना है कि स्कूलों की मंशा आरटीआई के तहत दाखिले लेना नही हैं। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि जिलाधिकारी महोदय के निर्देशानुसार एडीएम सिटी गम्भीर सिंह के आदेश पर कुछ स्कूलों तहसीलदार व खण्ड शिक्षा अधिकारियों को आरटीई के तहत बच्चों के दाखिले करवाने के लिए भेजा गया किन्तु स्कूलों द्वारा दाखिले नहीं लिये गये। कुछ स्कूलों को शिक्षा विभाग द्वारा नोटिस भी भेजे गये किन्तु उसके उपरांत भी दाखिले नहीं करवाये गये। स्कूल प्रबंधकों का कहना है कि हम आरटीई अधिनियम के अनुसार ही जो विद्यार्थी शत–प्रतिशत सटीक बैठता होगा उसी का दाखिला लिया जायेगा। हम सिर्फ एन्ट्री क्लास में भी दाखिले लेंगे और वार्ड के बाहर के विद्यार्थियों का दाखिला नहीं लेंगें। कुछ स्कूलों के प्रबंधकों का कहना था कि जितना लक्ष्य है हम उससे ज्यादा के विद्यार्थियों के दाखिले नहीं लेंगें। जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान डीपीएस मेरठ रोड़, सेठ आनन्द राम जयपुरिया स्कूल वसुन्धरा के प्रबंधक/प्रधानाचार्य एवं दाखिले लेने के लिए समर्थ अधिकारी के ना आने पर उनके प्रतिनिधियों को वापस भेज दिया, एडीएम सिटी और बेसिक शिक्षा अधिकारी को आदेश दिया की उक्त स्कूलों को जवाबदेही नोटिस भेजा जाये। ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल गोविन्दपुरम गाजियाबाद द्वारा 5 में से एक भी दाखिला ना करने पर आदेश दिये कि सीबीएसई बोर्ड को उक्त स्कूल मान्यता निरस्त करने के लिए पत्र भेजा जाए।

# उ.प्र. अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला इण्डिया एक्सपो सेन्टर एण्ड मार्ट का हुआ आयोजन

**मुख्य विकास अधिकारी ने बस को हरी झडी दिखाकर किया रवाना**

**अवधनामा संवाददाता**




**गाजियाबाद।** उप कृषि निदेशक, रामजतन मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया है कि उत्तर प्रदेश अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला इण्डिया एक्सपो सेन्टर एण्ड मार्ट नोएडा गौतमबुद्धनगर में आयोजन दिनांक 21.09.2023 से 25.09.2023 तक किया जा रहा है। अपर मुख्य सचिव (कृषि) उ0प्र0 शासन द्वारा निर्देशित किया है कि उक्त मेले में कृषकों को भी प्रतिभाग कराया जायें, के क्रम में जनपद गाजियाबाद से दिनांक 22.09.2023 को 50 कृषकों को बस द्वारा मेले में प्रतिभाग करने हेतु उत्तर प्रदेश पुनरोद्धार कार्यक्रम अन्तर्गत मुख्य विकास अधिकारी महोदय गाजियाबाद द्वारा बस को हरी झडी दिखाकर रवाना किया गया। बस द्वारा प्रमोद कुमार ग्राम बयाना, गुफरान ग्राम कुशलिया, कान्ति प्रसाद ग्राम मोरटी, सतीश कुमार ग्राम कनौजा, अनुज कुमार ग्राम भिकन्नपुर, गंगा शरण ग्राम नगला फिरोजमोहनपुर तथा धर्मदत्त त्यागी ग्राम बसन्तपुर सैतली आदि कृषकों को दुर्गा शंकर मिश्र बी0टी0एम0 एवं मोहित कुमार ए0टी0एम0 मेले में प्रतिभाग कराने हेतु बस से रवाना हुयें।

# मोतीचक में सर्वाधिक 30 शिक्षक बीएसओ के हाथों हुए सम्मानित



अवधनामा संवाददाता

**राष्ट्रीय आय एवं योग्यता पर आधारित परीक्षा में सफल छात्रों के शिक्षक हुए सम्मानित**

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कुशीनगर पर जिले में आयोजित राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में सफल छात्रों के शिक्षक सम्मानित किए गए। इस परीक्षा में पूरे जिले में मोतीचक ब्लॉक से सर्वाधिक 30 छात्र चयनित हुए थे जिनके मेंटर डायट कुशीनगर पर आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किए गए।

सम्मानित होने वाले शिक्षकों में मोलई प्रसाद प्रजापति, हारून रशीद, राहुल कुमार, श्रीमती सोनू गुप्ता, शब्बीर अहमद, नागेंद्र सिंह, दिवाकर मणि, प्रवीन कुमार मल, रामबीर सिंह, मिथिलेश सिंह, पंकज कुमार श्रीवास्तव, रणधीर सिंह, आनंद सिंह व एआरपी चंद्रहास मिश्र को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राम जियावन मौर्य ने प्रशस्ति पत्र व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। शिक्षको के सम्मानित होने पर जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह, रामगोपाल सिंह, श्रीधर पांडेय, राधे श्याम वर्मा, मार्कण्डेय नाथ, शंभू कुशवाहा, मुन्ना सिंह, बृजेश कुमार, मुनीब गुप्त, ओमप्रकाश सिंह, प्रदीप श्रीवास्तव, आलोक शाही, अभय सिंह आदि शिक्षको ने बधाई दी। इस परीक्षा में सफल छात्रों को सरकार के तरफ से कक्षा 9 में नामांकन लेने के बाद 12वीं तक एक हजार रुपए मासिक छात्रवृत्ति दी जाती है।

## सरकार ने परिषदीय स्कूलों की दिशा व दशा बदली: जेपी मौर्य

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** मोतीचक ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय मोहम्मद जमीन सिकटिया में शुक्रवार को मासिक शैक्षिक चौपाल का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी जयप्रकाश मौर्य रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों की दिशा एवं दशा बदल गई है। सरकार परिषदीय विद्यालयों को भौतिक संसाधनों से परिपूर्ण कर दिया है। शिक्षा का अच्छा माहौल है। अभिभावक अपने बच्चों का नाम प्राथमिक विद्यालयों में करा रहे है। विद्यालय की सुरक्षा व संरक्षा की जिम्मेदारी आप सभी लोगों की है। सरकार द्वारा छात्रों को अनेक प्रकार की सुविधाएं दी जा रही है। वक्ताओं द्वारा अपने संबोधन में यह बताया गया कि प्रशासन द्वारा छात्रों के शैक्षिक उत्थान के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। जैसे विद्या ज्ञान योजना, राष्ट्रीय आय एवम योग्यता आधारित परीक्षा, नवोदय विद्यालय परीक्षा आदि। अभिभावकों को जागरूक किया गया कि वे इन परीक्षाओं में अपने पाल्यों को सम्मिलित कराने हेतु परीक्षा का फॉर्म भरवाए। कार्यक्रम को दिनेश कुमार सिंह, रामगोपाल सिंह, मोलई प्रसाद प्रजापति, संजय जयसवाल, बिपिन सिंह, मार्कण्डेय नाथ त्रिपाठी, परशुराम चौरसिया ने संबोधित किया।

# डेंगू लक्षण वाले मरीजों की संख्या में इजाफा

अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** डेंगू के लक्षण वाले मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा दर्ज किया जा रहा है। एक खास तरह के मच्छरों से फैलने वाली इस बीमारी को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड में है। स्वास्थ्य महकमे की मानें तो इस बीमारी से निपटने के पूरे बंदोबस्त किए जा चुके हैं। वहीं डेंगू के लक्षण वाले मरीजों की संख्या प्रतिदिन बढ़ती हुई नजर आ रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0देश दीपक पाल ने बताया कि अब तक हमारी लैब में 80 मरीज पॉजिटिव आ चुके हैं, जिनमें से अभी भी कुछ मरीज अस्पताल में भर्ती हैं और उनका इलाज चल रहा है। डेंगू के बुखार को हड्डी तोड़ बुखार के नाम से भी जाना जाता है। जो कि स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक होता है। मच्छर द्वारा संचारित होने वाला यह बुखार कभी-कभी घातक भी सिद्ध होता है। इसके तीव्र लक्षण कभी-कभी कुछ समय बाद देखे या महसूस किए जाते हैं। हालांकि यदि इनकी समय पर पहचान कर ली जाए, तब इससे बचाव या उपचार करने में मदद भी मिल सकती है। डेंगू के बढ़ते मरीजों को देख मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने बेडों की संख्या बढ़ा दी है। वर्तमान समय में बेडों की संख्या 24 हो गई है। साथ ही पुराने ओपीडी कक्षों को भी वार्ड में परिवर्तित कर दिया गया है। महर्षि विश्वामित्र स्वशासी मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में लगातार वायरल बुखार, मियादी बुखार और डेंगू से पीड़ित मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। ऐसे में विभिन्न वार्डों में वायरल और मियादी बुखार के मरीजों के भर्ती किए जाने से स्थितियां यह हो जा रही है कि दूसरे बीमारी से पीड़ित मरीजों को भर्ती करने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। चिकित्सक ने बताया कि अपने रहने की जगह और उसके आस पास के इलाकों में सम्पूर्ण स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए। अपने आसपास की जगहों को साफ करके रखने से आप मच्छरों को सरलता से दूर रख सकते हैं।

# शत-प्रतिशत ग्राम पंचायतों में अमृत कलश यात्रा का आयोजन हो: डीएम



**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने 'मेरी माटी-मेरा देश' अभियान के अंतर्गत आयोजित 'अमृत कलश यात्रा' कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आयोजित समीक्षा बैठक में खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में अभी तक अमृत कलश यात्रा का आयोजन नहीं हुआ है, तत्काल जन-प्रतिनिधियों, समाज सेवियों, ग्राम पंचायत के गणमान्य नागरिकों, शहीदों के परिजनों, सैनिकों, सेवानिवृत अधिकारियों, कर्मचारियों, युवक, महिला मंगल दल, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, लेखपाल, कानूनगो सहित समस्त ग्राम स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों की सहभागिता सुनिश्चित कराते हुये समारोह पूर्वक कार्यक्रम आयोजित कराये जाएं, सुनिश्चित किया जाए कि शत-प्रतिशत ग्राम पंचायतों में 'अमृत कलश यात्रा' का आयोजन हो, आयोजित कलश यात्रा के दौरान कार्यक्रमों, गतिविधियों के फोटोग्राफ्स सुरक्षित रखे जाएं, कार्यक्रम को अधिक भव्यता, अधिक से अधिक जन सहभागिता के साथ आयोजित करने वाले खंड विकास अधिकारियों को पुरस्कृत किया जाएगा। श्री सिंह ने कहा कि दि. 01 से 12 अक्टूबर तक ग्राम पंचायत से संबंधित विकास खंडों तक अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा, यात्रा सुविधा के अनुसार एक ग्राम पंचायत से दूसरे ग्राम पंचायत होते हुए विकास खंड मुख्यालय पहुंचेगी, आबादी क्षेत्र में कलश यात्रा पैदल एवं शेष भाग में वाहन द्वारा की जाएगी।

# फसल अवशेष, परली जलाना अपराध

अवधनामा संवाददाता




**मिट्टी की सेहत सुधारने, पर्यावरण प्रदूषण में कमी लाने के लिए कृषक जैविक खाद का प्रयोग करे: अविनाश**

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने कृषि विभाग की संचालित इन-सीटू, सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजना एन.एफ.एस.एम, एन.एम.ई.ओ.-ओ.एस. योजना पं. दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना, खेत-तालाब एवं स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली योजना, प्रधानमंत्री प्रणाम योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की बिंदुवार समीक्षा के दौरान उपस्थित किसानों का आह्वान करते हुए कहा कि फसल अवशेष किसी भी दशा में खेतों में न जलाएं, फसल अवशेष जलाने से जहां एक और मिट्टी की सेहत पर विपरीत प्रभाव पड़ता है वहीं दूसरी ओर पर्यावरण प्रदूषण में बढ़ोतरी होती है, एन.जी.टी. ने फसल अवशेष जलने पर कठोर कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया है, 02 एकड़ में फसल अवशेष जलाने पर रू. 2500, 02 एकड़ से 05 एकड़ तक रू. 05 हजार एवं 05 एकड़ से अधिक के क्षेत्रफल में फसल अवशेष जलाने पर रु.10 हजार प्रति घटना जुर्माने का प्राविधान किया गया है वहीं एक से अधिक बार पराली जलाने की घटना में शामिल कृषकों को शासन की किसी भी जन-कल्याणकारी योजना में लाभान्वित न किए जाने का भी प्राविधान है। उन्होने कृषक बन्धुओं से कहा कि सभी लोग सहयोग करें, किसी भी दशा में ऐसा कृत्य न करें जिससे मजबूरन किसानों के विरूद्ध कार्यवाही करने पर मजबूर होना पड़े। उन्होने कहा कि पराली को समीपवर्ती गौशाला को दान करें, गौशाला तक लाने, ले जाने का व्यय भार पंचायत वहन करेगी। श्री सिंह ने समीक्षा के दौरान पाया कि गत वर्ष जनपद में फसल अवशेष, पराली जलाने की 45 घटनाएं संज्ञान में आयी थीं, जिसमें से अधिकांश प्रकरण तहसील करहल, भोगांव, किशनी में पाये गये थे। उन्होने विशेषतौर पर तहसील करहल, भोगांव, किशनी के कृषकों से कहा कि इस बार फसल अवशेष जलाने की घटना की पुनरावृत्ति न करें, सैटेलाइट के माध्यम से फसल अवशेष जलाने की घटना पर नजर रखी जा रही है यदि कोई कृषक फसल जलाने की घटना में संलिप्त पाया गया तो उसके विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराकर जुर्माना वसूला जायेगा। उन्होने कहा कि कृषि क्षेत्र में असंतुलित मात्रा में रसायनिक उर्वरकों का उपयोग किये जाने के कारण मृदा स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

## जल भराव का खामियाजा भुगत रहे नौनिहाल

अवधनामा संवाददाता

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** विकास खंड राजेपुर क्षेत्र के गांव मुझहा में अधिकारियों व ग्राम प्रधान की लापरवाही का खामियाजा मासूम बच्चे भुगत रहे हैं। गली पानी से जलमग्न है। मासूम बच्चे गली में भरे कीचड़ से गुजरने को मजबूर है। स्कूल जाने वाले बच्चों को पानी में घुसकर निकलना पड़ रहा है। गलियों में पानी भरा होने के कारण नौनिहाल बच्चे पढ़ने के लिए पानी में घुसकर विद्यालय जाने को मजबूर है। स्कूल के अध्यापकों ने बताया है कि उनके द्वारा एडीओ पंचायत को इस समस्या से अवगत कराया गया है। उसके बावजूद भी अभी तक समस्या का निदान नहीं किया गया है। अध्यापकों का कहना हैं कि यह समस्या लगभग 1 वर्ष से बनी हुई है। अधिक पानी भर जाने के कारण बच्चे स्कूल नहीं आ पाते हैं। जिसके कारण पढ़ाई में बाधा उत्पन्न होती है। हमारे द्वारा ग्राम प्रधान को जानकारी दी गई। उसके बावजूद भी ग्राम प्रधान को इससे कोई लेना देना नहीं है।

# दो लाख से अधिक किसानों को मिलेगा फसल बीमा का लाभ

अवधनामा संवाददाता



**बांदा।** चित्रकूटधाम मंडलायुक्त आरपी सिंह ने सभागार में विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की मासिक समीक्षा की। इसके पूर्व आयुक्त ने नवनिर्मित मण्डायुक्त कार्यालय सभागार का फीता काटकर उद्घाटन किया। समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि शासन द्वारा मण्डल एवं जनपद स्तर पर अब सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से ही विभिन्न कार्यों की समीक्षा की जायेगी। इसलिए अधिकारी सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर अपने विभाग की उपलब्धि को बढ़ाने के लिए विभागीय कार्यों को समय से कराएं।

उन्होंने बैठक में पंडित दीनदयाल उपाध्याय सोलर स्ट्रीट लाइट योजना एवं बीकेएस ग्राम उन्नति योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए सोलर स्ट्रीट लाइट संयत्रों की स्थापना के कार्य को शीघ्र पूर्ण किये जाने के निर्देश अतिरिक्त ऊर्जा विभाग (नेडा) के अधिकारी को दिये। उन्होंने कृषि रक्षा रसायन एवं पीएम कुशुम योजना में किसानों को अनुदान दिये जाने की समीक्षा की। कुशुम योजना में किसानों को समय से सोलर पम्प का अनुदान दिये जाने के निर्देश दिये। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिन किसानों ने अपने फसलों का बीमा कराया है, ऐसे दो लाख चौबीस हजार दौ सौ किसानों को आगमी अक्टूबर माह में फसल बीमा का लाभ दिया जायेगा। उन्होंने धान खरीद के सम्बन्ध में धान खरीद के केन्द्रों के संचालन के सम्बन्ध में उप निदेशक मण्डी को निर्देश दिये कि क्षेत्रीय खाद्य नियंत्रक अधिकारी एवं मण्डल के जिलाधिकारियों से समन्वय कर 61 खरीद केन्द्रों को समय से संचालित कराने की तैयारी कर रिपोर्ट बनाकर प्रस्तुत करें। उन्होंने निराश्रित गौवंशों का शत-प्रतिशत टीकाकरण कराए जाने तथा जनपद महोबा में टीकाकरण एवं कृतिम गर्भाधान के कार्य में तेजी लाये जाने के निर्देश दिये।

## आंधी पानी से 300 गांव की बिजली हुई गुल

अवधनामा संवाददाता

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** गुरुवार रात मे आई आंधी पानी मे 300 गावों की बिजली गुल होने से ग्रामीणों को अंधेरे में रहने को मजबूर हुए शुक्रवार को गर्मी और उमस से गांव के लोग परेशान रहे। ग्रामीणों का कहना है कि तेज आंधी पानी से विद्युत लाइन जगह जगह छतिग्रस्त हो गई थी। जिससे तहसील के चारो फीडर अमृतपुर प्रथम, अमृतपुर द्वितीय, राजेपुर, सलेमपुर पूरी तरह बंद हो गए थे। सुबह से अवर अभियंता होरीलाल ने लाइनमैनो के साथ पूरे क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर छतिग्रस्त लाइन की मरम्मत कराने में जुटे रहे। ग्रामीणों का कहना है कि 12 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी लाइन चालू नहीं हो पाई। गर्मी और उमस से लोग परेशान रहे। खबर लिखे जाने तक आपूर्ति चालू नहीं हो पाई है।

# डीएम ने उरई नगर की सफाई व्यवस्था का लिया जायजा



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** शुक्रवार की सुबह जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने नगर उरई का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था को देखा। वह लगभग 07:25 बजे से राजेंद्र नगर वार्ड नंबर 22, तुलसी नगर वार्ड नंबर 21, वार्ड नंबर 3 शहर के विभिन्न वार्डो की साफ-सफाई की व्यवस्था का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान नाला, नालियों पर अतिक्रमण और गंदगी देख नाराजगी जाहिर करते हुए अधिशाषी अधिकारी को निर्देश दिए कि साफ सफाई व्यवस्था में पूरा ध्यान दें, जहां भी नाल, नालियों पर अतिक्रमण है उन्हें हटाया जाए, साथ ही नालियों में सिल्ट जमा न होने दें नालियों की निरंतर साफ सफाई सुनिश्चित कराई जाए। वार्ड नंबर 3 में सफाई व्यवस्था का अभाव मिलने पर सफाई नायक का वेतन रोकने के निर्देश दिए। अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया सफाई नायकों की निरंतर मॉनिटरिंग कर समस्त वार्डो की समुचित साफ-सफाई कराई जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत बृहद अभियान चलाकर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। शहर में कूड़ा प्रबंधन तथा सफाई व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने लोगों से नालियों पर अतिक्रमण व सफाई व्यवस्था में व्यवधान न करने की नसीहत दी, उन्होंने ऐसे लोगों को चिन्हित करके उनके खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# अनुशासन समिति के सदस्य बने प्रशांत, हुआ सम्मान

अवधनामा संवाददाता




**फतेहपुर।** सिविल बार हाल में बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश द्वारा प्रशांत कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट को राज्य विधिक परिषद की अनुशासन समिति का सदस्य चुने जाने पर साथी अधिवक्ताओं ने 51 किलो की माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम आयोजक विनीत श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि अपने जिस साथी से मंच में बोलने का हुनर उन्होने सीखा है आज उसका सम्मान करते हुए वह स्वयं को अत्यंत गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि प्रशांत को अनुशासन समिति का सदस्य मनोनीत किया जाना राज्य विधिक परिषद द्वारा लिया गया एक उत्तम निर्णय है। मुलायम सिंह यादव ने कहा कि अब हमारे जनपद के अधिवक्ताओं को छोटे-छोटे कार्य के लिए बार कौंसिल नहीं जाना पड़ेगा। प्रशांत द्वारा ही समस्या का निराकरण हो जाया करेगा। प्रशांत श्रीवास्तव ने कहा कि अपने जनपद व जनपद के अधिवक्ताओं पर गर्व है। जिस विश्वास के साथ उन्हें जिम्मेदारी सौंपी गई है उस पर वह खरा उतरने का काम करेंगे। अधिवक्ताओं की समस्याओं का समाधान करवाने का प्रयास किया जायेगा। इस मौके पर अधिवक्ताओं में बलिराज उमराव, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश वर्मा, महामंत्री बचानी लाल, शफीकुल गफ्फार खां, हितेंद्र बहादुर सिंह, आशीष गौड़, संतोष कुमारी शुक्ला, जितेंद्र सिंह, उमेश मौर्य, मनीष दुबे, अमित रस्तोगी, रवि प्रकाश त्रिवेदी, सलीम अहमद, विवेक उमराव, विकास श्रीवास्तव, अभिषेक त्रिपाठी, सुनील गुप्ता, अभिषेक रायजादा, अंकित रायजादा के अलावा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अलीक खां भी मौजूद रहे। संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता सत्येंद्र श्रीवास्तव ने किया।

## जल निगम ठेकेदार उड़ा रहे धज्जियां

अवधनामा संवाददाता

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** विकास खंड राजेपुर की ग्राम पंचायत चाचूपुर जटपुरा के मजरा शांति नगर के सही सड़को पर जल निगम के ठेकेदारों ने 2 फीट गहरे गड्ढे खोद डाले हैं जिसमें ग्रामीणों का कहना हैं कि ये जल निगम के ठेकेदार और उनके कर्मचारी साफ स्वच्छ सड़कों को खोदने में लगे हुए हैं। जिससे हो रही लगातार बारिश उन गड्ढे में पानी भर जाने से जानवर ब छोटे-छोटे बच्चे गढ़ों में गिर जाते हैं। इससे किसी न किसी दिन बड़ी घटना हो सकती है जल निगम के ठेकेदार अपनी आदत से बाज नहीं जा रहे हैं। ग्रामीण जय देवी अनीता सुखदेवी ममता मोहिनी आदि लोगों ने बताया कि मेरे छोटे-छोटे बच्चे सुबह-शाम घर के आसपास खेलते हैं और जल निगम द्वारा को दी गई खाई में गिर जाते हैं कई बार मेरे जानवर भी इसी गहरी खाई में जा गिरते है जिसको कड़ी मशक्कत से हम लोगों ने जानवरों को बाहर निकला जिससे मेरे जानवर चोटिल हो गए हैं।

## ग्राम पंचायत सिसहनिया घोपालपुर में गंदगी की अंबार, जिम्मेदार मौन

**बलरामपुर अवधनामा संवाददाता।** बलरामपुर पचपेड़वा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिसहनिया घोपालपुर पिछड़ी वर्गी के लोग रहते हैं अनुसूच जाति के लोग रहते हैं वहां पर टूट चुका है जल भराव नालियों में गंदगी इस संबंध में ग्रामीण बताया कि मैंने कई बार ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम प्रधान मोहम्मद शब्बीर हसन प्रधान प्रतिनिधि जुबेर को इस संबंध में जानकारी दी लेकिन किसी प्रकार की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई जब हमारे संवाददाता द्वारा ग्राम प्रधान के दूरभाष नंबर पर संपर्क किया गया तो उनका नंबर स्विच ऑफ था और पंचायत सेक्रेटरी सौरभ श्रीवास्तव कई बार फोन करने के बाद फोन उठाया और उन्होंने बताया की समस्या निस्तारण होने 20/22 दिन लग सकता है समस्या से निजात मिल जाएगा अधिकारियों के मनमानी और उनका झूठा वादे पर क्या विश्वास किया जाए जहां एक तरफ हमारी सरकार सबको साथ सबका विकास का नर देती और स्वच्छ भारत मिशन जैसी योजना चल रही है वहीं दूसरी तरफ यह इस तरह से परेशान होते रहेंगे यह लोग को इससे निजात मिलेगी वास्तव में कई बार कई पेपर में खबर प्रकाशित होने के बाद यह मनचले अधिकारी इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं।



## गांव में बन रहे मानक विहीन सीसी रोड



**बलरामपुर अवधनामा संवाददाता।** जनपद के विकासखंड पचपेड़वा अंतर्गत ग्राम पंचायत नवाडीह में विगत दिनों से बन रहा सीसी रोड पूरी तरह से मानक विहीन है गांव वालों ने उक्त निर्माण को लेकर विरोध भी किया है इसके बावजूद भी निर्माण कार्य जारी है ग्रामीणों ने मांग की घटिया निर्माण को तत्काल प्रभाव से रोकवाया जाये एवं किये गये निर्माण का भौतिक सत्यापन कराया जाये।

## सौम्या सिंह बनीं प्रदेश अध्यक्ष



**फतेहपुर अवधनामा संवाददाता।** समाजसेविका सौम्या सिंह पटेल के समाजसेवा के कार्यों को देखते हुए अनुसूचित जाति कल्याण महासमिति का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। सौम्या सिंह के प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी। बताते चलें कि शहर के आवास-विकास मुहल्ला निवासी समाजसेविका सौम्या सिंह पटेल निरंतर छह वर्षों से वंचित व आभावग्रस्त समुदाय के बीच अपनी मदद एवं सेवाएं दे रही हैं। जिसमें डेरेवासी अशिक्षित बच्चों के बीच बस्ती की निःशुल्क पाठशाला संचालित करना शामिल है। जिसके लिए सौम्या की प्रशंसा हर जगह होती है। सौम्या ने बातचीत के दौरान बताया कि महासमिति के माध्यम से वे अपनी सेवा क्षेत्र और बढ़ा पाएंगी। उन्होंने बताया कि सेवा सदैव ही उनका ध्येय रहा है। उन्होंने अपने इंटरमीडिएट के बाद से ही झुग्गी झोपड़ी में रहने वालों के सर्वांगीण विकास के लिए सेवा कार्य किया और आगे भी करती रहेंगी। इसके साथ-साथ सौम्या ग्रामीण क्षेत्र में एक अस्पताल भी संचालित करती है। साथ ही राम कथा वाचन करके भी समाज को संस्कारी बनाने में लगी हुई हैं।

## ट्रेन की चपेट में आकर होमगार्ड की मौत

**फतेहपुर अवधनामा संवाददाता।** औंग थाना क्षेत्र के शादीपुर गांव के समीप रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आकर होमगार्ड की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार औंग थाना क्षेत्र के रियारी गाँव निवासी स्व. रामपाल का 55 वर्षीय पुत्र दिनेश यादव कानपुर जनपद के फज़लगंज थाने में होमगार्ड के पद पर तैनात था। रोज की भांति वह ड्यूटी पर जाते समय अपनी साइकिल एनएच 2 पर किसी परचित के यहां खड़ी किया करता था। और वापस आने पर साइकिल से घर जाता था। गुरुवार की शाम ड्यूटी से वापस घर जाते समय वह शादीपुर गाँव के समीप रेलवे लाइन पार कर रहा था। तभी ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई।

# व्यक्तिगत शौचालयों का शीघ्र पूरा करायें निर्माण कार्य

## चयनित 61 माडल व गंगा ग्रामों में शेष कार्यों को जल्द पूरा कराने की डीएम ने दी हिदायत

अवधनामा संवाददाता



**फतेहपुर।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण वर्ष 2022-23 में चयनित माडल गांव एवं गंगा ग्राम की भौतिक प्रगति एवं वित्तीय प्रगति, माडल गांव घोषित किए जाने, वर्ष 2023-24 चयनित ग्रामों को माडल किए जाने हेतु अनुमोदन, गोवर्धन योजना के अंतर्गत बायो गैस प्लांट निर्माण, व्यक्तिगत शौचालय की रेट्रोफिटिंग, आय व्यय का विवरण आदि बिन्दुओं की विस्तार से समीक्षा की। बैठक को संबोधित करते हुए डीएम ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस-2 में चयनित होने वाले व्यक्तिगत शौचालय का शत प्रतिशत सत्यापन कराते हुए निर्माण कार्य पूरा करा लिया जाये। व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए दी गई धनराशि प्रथम किश्त व द्वितीय किश्त की रिपोर्ट से अवगत कराएं। साथ ही जिन व्यक्तिगत शौचालयों की जियो टैगिंग अवशेष है उसको शत प्रतिशत पूरा कराएं।

व्यक्तिगत शौचालय के निर्माण की निगरानी पूरी संवेदनशीलता के साथ करें। वर्ष 2022-23 में चयनित 61 माडल गांव एवं गंगा ग्रामों में जो एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, यू टाइप नाली निर्माण, ई-रिक्शा, सामुदायिक खाद गड्ढा, सामुदायिक कचरा पात्र, हैंडपंप, सोक पिट, भूमिगत नाली निर्माण, सामुदायिक प्लास्टिक बैंक, सिल्ट कैचर, सामुदायिक संस्था हेतु सोक पिट, सामुदायिक इंसिनेटर, सामुदायिक व्यक्तिगत नाडेफ, सामुदायिक वर्मी कंपोस्ट, व्यक्तिगत सोक पिट आदि में जो कार्य चयनित ग्रामों में शेष रह गए हैं उनको जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश खंड विकास अधिकारियों को दिए।

साथ ही जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि 15 दिन में किए गए कार्य की समीक्षा करें और रिपोर्ट से अवगत कराएं। वर्ष 2023-24 में चयनित 434 ग्राम पंचायतों को माडल के रूप में बनाने के लिए समिति द्वारा अनुमोदन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि नियमानुसार कार्यवाही करते हुए चयनित ग्रामों को माडल बनाने के लिए निर्धारित मानक के अनुसार कार्यों को पूरा कराया जाये। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही व शिथिलता क्षम्य नही होगी। गोवर्धन योजना अंतर्गत बायो गैस प्लांट से उत्पन्न होने वाली विद्युत के उपयोग की रिपोर्ट से अवगत कराएं। व्यक्तिगत शौचालयों की रेट्रोफिटिंग के लिए जो शौचालय चयनित किए गए है उसके सापेक्ष जिनका कार्य अवशेष है शत प्रतिशत पूरा कराएं। उन्होंने कहा कि जो सामुदायिक नैडेफबन गए हैं किसानों की पराली को जलाने से बचाने के लिए सामुदायिक नाडेफ़ में डालकर खाद बनाई जाये। इसके लिए कृषि विभाग से समन्वय बनाकर खाद बनाने का कार्य कराया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, परियोजना निदेशक डीआरडीए शेषमणि सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी उपेन्द्र राज सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी साहब यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी अवनीश यादव, एसीएमओ डा. इश्तियाक के अलावा समस्त खंड विकास अधिकारी सहित एडीओ पंचायत उपस्थित रहे।

## अयोध्या के लिए परिवहन मंत्री से मांगी रोडवेज बस



**फतेहपुर अवधनामा संवाददाता।** गंगा बचाओ सेवा समिति एवं नमामि गंगे के संयुक्त बैनर तले समिति के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र शरन सिंपल ने पदाधिकारियों के साथ मथुरा में आयोजित एक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह को ज्ञापन दिया। जिसमें धार्मिक स्थल मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या के लिए फतेहपुर जनपद से रोडवेज बस सेवा शुरू किए जाने की मांग की। समिति के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र शरन सिंपल ने बताया कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी की जन्मस्थली हिंदू समाज के लिए गौरवशाली है। जनपद से अयोध्या की दूरी लगभग 250 किलोमीटर है। जिले से काफी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए जाते हैं। जिले से कोई रोडवेज बस सेवा न होने से अयोध्या जाने में भक्तों को दिक्कत होती है। उन्होंने कहा कि जनपद से रोडवेज सेवा शुरू होने से श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी। परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने अयोध्या के लिए बस सेवा शुरू किए जाने का आश्वासन दिया।

# पैसा लेकर स्टाफ नर्स ने किया मरीजों को डिस्चार्ज



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** योगी सरकार द्वारा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें इसके लिए शासन द्वारा कई तरह की योजनाएं चलाई जा रही हैं, लेकिन जिला चिकित्सालय अयोध्या आने वाले मरीजों से डिस्चार्ज के नाम पर की जा रही है अवैध वसूली। आपको बता दें कि योगी सरकार द्वारा सभी सरकारी चिकित्सालय सभी तरह की सुविधा निशुल्क हैं जिसका बकायदे जिला चिकित्सालय के अंदर बोर्ड लगाया गया है जिस पर लिखा गया है । भर्ती मरीज की दवा से लेकर सभी तरह की सुविधा निशुल्क फिर भी जिला चिकित्सालय में इमरजेंसी वार्ड में तैनात स्टाफ नर्स भर्ती मरीजों को डिस्चार्ज करने के नाम पर सौ दो सौ की वसूली कर रही है। आपको बताते चले की शुक्रवार को इमरजेंसी वार्ड में तीन नंबर बेड पर भर्ती ओमकार वर्मा बुखार से पीड़ित था जिसे शुक्रवार को डिस्चार्ज किया गया और उसे डिस्चार्ज के नाम पर 100 ले लिया गया वहीं हैदरगंज खपराडीह पांडेय का पुरवा निवासी अनिल कुमार पांडेय जो की बेड नंबर 30 पर भर्ती थे उनसे 200 डिस्चार्ज करने के नाम पर लिया गया। जिला चिकित्सालय में मरीज से किसी न किसी तरीके से रुपए ऐठनें का कारोबार दलालों के माध्यम से चल रहा है जिस पर जिला प्रशासन लगाम नहीं लग पा रहा।

# कांग्रेस ने जड़ा आरोप, हजारों मतदाताओं का नाम कटवाने में जुटी भाजपा

अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** देश के हर गरीब, मेहनतकश, मजदूर, किसान बेरोजगार बेसहारा की राहुल गांधी बुलन्द आवाज है। राजधानी दिल्ली के आनन्द विहार स्टेशन पर अपने कुली मित्रो से मिलकर उनकी परेशानियो से अवगत होकर उन्होने साबित कर दिया है कि इस देश के हर जरूरतमंद की जरूरत पूरी करने की तमन्ना राहुल गांधी के दिल में है। देश की 80 प्रतिशत आवाम जो मजबूरी, बेहाली, परेशानी में अपना जीवन यापन कर रही है। उक्त बाते पूर्व सांसद डा0 पीएल पुनिया ने आज आपने ओबरी आवास पर विधनसभा बाराबंकी की समीक्षा बैठक में कांग्रेसजनो के बीच कही। अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मो0 मोहसिन ने व संचालन नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजन्द्र वर्मा फोटोवाला ने किया। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता तनुज पुनिया ने समीक्षा के दौरान कहा कि भाजपा की सरकार में आम आदमी का जीना मुश्किल हो गया है सरकार बढती हुयी महंगाई पर अंकुश लगाने में नाकाम है। रोजगार के अवसर घट रहे है नौजवान डिग्री लेकर सडक पर बेरोजगार घूम रहा है और आस भरी निगाहो से कांग्रेस पार्टी को देख रहा है। तनुज पुनिया ने कहा कि बूथ अध्यक्ष सहित समस्त कांग्रेसजनो की नैतिक जिम्मेदारी है कि वह भाजपा की हर कारगुजारी पर नजर रखे भाजपा एक साजिश के तहत हर विधानसभा में 15 से 20 हजार मतदाता का नाम कटवाने के मुहिम में जुटी है जिस पर हर हाल में नजर रखकर अपने नामो को मतदाता सूची में बढवाना है और फर्जी मतदान न हो इसके लिये गलत नामो को मतदाता सूची से कटवाना है। कांग्रेस अध्यक्ष मो0 मोहसिन ने विधानसभा क्षेत्र बाराबंकी के न्याय पंचायत अध्यक्षो से बूथवार समीक्षा की। समीक्षा बैठक को मो0 इजहार, जिला पंचायत सदस्य शिवबहादुर वर्मा, केसी श्रीवास्तव, सना शेख, अखिलेश वर्मा, फरीद अहमद आदि उपस्थित रहे।



# कूड़ा डम्पिंग को लेकर महिलाओं ने जताया विरोध



अवधनामा संवाददाता

**नौतनवा, (महराजगंज)।** सौनौली नगर पंचायत के अन्दर आने वाले गांव महुवा के पास नगर पंचायत से निकलने वाले कूड़े हेतु कूड़ा डम्पिंग मैदान बनाया गया है। जिसके कारण अगल- बगल के गांव में दुर्गन्ध फैलता है तथा इससे बीमारी फैलने का भी खतरा रहता है। जिसको लेकर महुवा की महिलाओं ने बांस बल्ली लगा कर मैदान की तरफ जाने वाले रास्ते को रोक दिया व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार दो दिन पहले उक्त गांव के लोगों ने कूड़ा डम्पिंग करने वाले लोगों से वहां कूड़ा न गिराने को कहा था, तब नगर पंचायत या तहसील प्रशासन ने उस पर ध्यान नहीं दिया। इसीलिए महिलाओं ने बांस बल्ली लगाकर रास्ता रोक दिया। महिलाओं का कहना था कि प्रशासन कूड़ा डम्पिंग मैदान गांव से दूर ले जाकर बनाए। उन्होंने कहा कि अब जब तक यहां पर कोई सक्षम अधिकारी आकर हमारे समस्या को नहीं सुलझाते हम यहां कूड़ा नहीं डम्पी करने देंगे। प्रदर्शन में चांदमती सहानी, आरती चौधरी, पूनम,सरोज सहित बड़ी संख्या में महिलाएं सम्मिलित थीं। समाचार लिखे जाने तक कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा था।

## विकास कार्यों को लेकर सर्किट हाउस सभागार में हुई बैठक

**अयोध्या।** प्रदेश में योगी सरकार बनने के बाद अयोध्या के विकास कार्यो में काफी तेजी आई इसी क्रम में उत्तर प्रदेश विधानसभा की प्राक्कलन समिति वर्ष 2022-23 की द्वितीय उप समिति की बैठक सर्किट हाउस सभागार में आहूत की गयी। बैठक की अध्यक्षता सभापति लोकेंद्र प्रताप सिंह ने की बैठक में राजस्व विभाग, पंचायती राज विभाग, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग, पर्यटन विभाग, गृह विभाग, नगर विकास विभाग व ग्राम्य विकास विभाग के कार्यो की विभागवार एवं योजनावार समीक्षा की। सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त समस्याओं को शीघ्र ठीक कराने हेतु समिति ने निर्देशित किया। बैठक में जिलाधिकारी नितीश कुमार ने समिति को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा अयोध्या को एक विश्व स्तरीय सांस्कृतिक नगरी के रूप में स्थापित करने हेतु जनपद में संचालित विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर संक्षिप्त प्रकाश डाला।

# दुकानों का बकाया किराया दूकानदार अविलंब जमा करें

अवधनामा संवाददाता



**फरेन्दा (महराजगंज)।** उप जिलाधिकारी फरेंदा रमेश कुमार ने शुक्रवार को नवीन कृषि मंडी आनंदनगर का निरीक्षण किया। जिसमें मंडी में नीलाम हुई दुकानो की जानकारी ली तथा मंडी कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका व मंडी के आय व्यय समेत विभिन्न अभिलेखों की जांच पड़ताल की। उपजिलाधिकारी ने कृषि मंडी के दुकान स्वामियों से अविलंब बकाया किराया जमा करने की हिदायत दी। मंडी परिसर में आवंटित दुकानो में हो रहे विद्युत उपयोग की जानकारी ली । जिन दुकानदारों ने विद्युत् कनेक्शन नहीं लिया गया हैं वह तत्काल कनेक्शन लें अन्यथा दूकान के निलंबन क़ी कार्यवाही करने की बात कही। परिसर में साफ सफाई हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। साथ ही लक्ष्य के अनुसार वसूली तथा शमन शुल्क को अधिक से अधिक प्राप्त करने हेतु प्रवर्तन क़ी कार्यवाही में तेज़ी लाये जाने के निर्देश दिया गए। 1 नवबर से धान खरीद शुरू होना सुनिश्चित है इसके लिए राइस मीलों के स्टॉक की समुचित व्यवस्था करने के लिए संबंधित को निर्देश दिया गया। नेपाल क़ी सीमा पर अवैध रूप से कार्य करने वाले व्यापारियों के अभिलेखों के निरीक्षण के दौरान मंडी सचिव ने बताया क़ी हाल ही में शारदा ट्रेडिंग कंपनी बभनी का मंडी लाइसेंस निरस्त किया गया हैं। निरीक्षण के दौरान प्रभारी सचिव दीपक गुप्ता और सफाई ठेकेदार सिब्बन सिंह और अन्य मंडी कर्मी उपस्थित रहें।

## अवध विवि में हिन्दी पखवाड़ा के अन्तर्गत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के दिशा निर्देशन में हिन्दी भाषा एवं प्रयोजन मूलक एवं क्षेत्रीय भाषा केन्द्र तथा सेंट्रल बैक ऑफ इण्डिया के संयुक्त तत्वावधान में हिन्दी पखवाड़ा के अन्तर्गत परिसर के प्रचेता भवन में शुक्रवार को वैश्विक परिवेश में हिन्दी की भूमिका विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में आवासीय परिसर के विभिन्न विभागों के 72 छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ कर हिस्सा लिया। मौके पर हिन्दी भाषा एवं प्रयोजन मूलक एवं क्षेत्रीय भाषा केन्द्र के समन्वयक डॉ0 सुरेन्द्र मिश्र, राजभाषा अधिकारी सुरेन्द्र कुमार यादव, विश्वविद्यालय सेंट्रल बैक ऑफ इण्डिया के मैनेजर आशीष कुमार ने छात्रों का उत्साह वर्धन किया। समन्वयक डॉ0 सुरेन्द्र मिश्र ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय व सांत्वना पुरस्कार रखा गया है।

# एएसपी ने निरीक्षण कर पुलिसकर्मियों की लगवाई दौड़

अवधनामा संवाददाता



**महराजगंज।** पुलिस लाइंस में शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। जिसमें पुलिस कर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने हेतु पुलिस कर्मियों की दौड़ लगवाई तथा आगे भी शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने हेतु नियमित रूप से परेड, व्यायाम करने हेतु निर्देशित किया गया।

श्री सिंह ने परेड पुलिस लाइन का भ्रमण किया तथा मनोरंजन हाल, डायल 112, डीसीआर, रेडियो शाखा, फील्ड यूनिट, जिम्नेजियम हाल, बैडमिंटन हॉल, कैंटीन, टाइप 2 टाइप 3 आवासों की साफ सफाई व स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था का जायजा आदि का निरीक्षण कर प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मेस निरीक्षण के दौरान गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने तथा समुचित साफ सफाई रखने के लिए निर्देश दिये इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त थानों पर प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों द्वारा भी शुक्रवार की परेड करायी गयी। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिस कर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल भी करवाया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### मोबाईल चुराते हुए चोर कैमरे में हुए कैद

**बृजमनगंज (महराजगंज)।** स्थानीय थानाक्षेत्र के सोनाबन्दी चौराहे पर चाय की दुकान में मोबाइल चोरी करने वाला चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। सीसी टीवी का फुटेज देखकर पुलिस कार्यवाही में जुट गई हैं। जानकारी के अनुसार वृहस्पतिवार को शाम में मनोज की चाय के दुकान पर आए एक व्यक्ति ने गल्ले की बगल में रखी एंड्राइड मोबाइल चोरी कर लिया और फरार हो गया। मनोज अपनी दुकान पर गल्ले के बगल में मोबाइल रख कर पैसा वापस करने में लग गया। इसी दौरान चोर ने उनका मोबाइल चोरी कर लिया। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी की घटना कैद हुई है। मनोज ने पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। इस मामले में थाना प्रभारी ताड़केश्वर वर्मा ने बताया की तहरीर और सीसीटीवी फुटेज मिला है। पुलिस आगे की कार्यवाही में लगी हुई है।

### हादसे में घायल वृद्धा की अस्पताल में मौत

**बाराबंकी।** रामसनेहीघाट थाना क्षेत्र में अज्ञात कार की टक्कर से घायल वृद्ध महिला की अस्पताल में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम काशीपुर की रहने वाली शिवकला साहू 70 पत्नी स्व. रामसागर गुरुवार की शाम किसी काम से गाँव से बाहर गई थी। उसी दौरान अज्ञात स्कार्पियो कार ने महिला को मार दी। घायल अवस्था मे महिला को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई। मृतका का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### दुर्लभ प्रजाति का कछुआ मिला लोगों में कौतूहल




**मसौली बाराबंकी।** थाना व कस्बा मसौली के मोहल्ला भूलीगंज में दुर्लभ प्रजाति का कछुआ मिलने से कस्बे में कौतूहल बन गया। लोगो की तरह-तरह की चर्चा के अनुसार लोग श्रद्धा की ओर झुक गये। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम से पूर्व ग्रामीणों ने कछुवे को बगल मे ही स्थित तालाब मे छोड़ दिया। वन रेंजर शिवकुमार के अनुसार कछुवा भारतीय प्रजाति का है का पड़ोसी देश नेपाल मे भी पाया जाता है। मौक़े पर पहुंचे वन रेंजर शिवकुमार एव वन दरोगा दीपक कुमार ने कछुवे का फोटो देखते हुए बताया कि कछुवा इंडियन टेंट टार्टल प्रजापति का है जो भारत और नेपाल देश में पाया जाता है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि ऐसी प्रजाति का कछुवा दिखाई देने पर वन विभाग को सूचना जरुर दे। जिसकी जांच पड़ताल की जायेगी।

### कोटेदार ने खाया जहरीला पदार्थ इलाज से पहले मौत

**फतेहपुर बाराबंकी।** घुंघटेर थाना क्षेत्र में एक कोटेदार ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल लाया जा रहा था पर रास्ते मे ही उसने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के धौरहरा निवासी गुड्डू रावत 40 पुत्र स्व. दामोदर गांव का कोटेदार है। गुरुवार की शाम किसी बात को लेकर गुड्डू ने घर मे रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे तड़पते देख आनन फानन में परिजन पीएचसी लेकर गए जहां हालत बिगड़ने पर डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल जा ही रहे थे कि गुड्डू ने रास्ते मे ही दम तोड़ दिया। गुड्डू ने जहर क्यो खाया इसका पता नही चल सका। हालांकि घरेलू विवाद बताया जा रहा है। मृतक के दो पुत्री व दो पुत्र हैं। इस घटना के बाद घर मे रोना पिटना मचा हुआ है।

### गांव में लगी चौपाल ग्रामीणों ने रखी अपनी समस्या



**मसौली बाराबंकी।** गांवो की समस्याओ को गांव मे ही निस्तारण के लिए गांवो मे आयोजित होने वाली चौपालो के क्रम मे शुक्रवार को ग्राम पंचायत गुरेला मे सहायक विकास अधिकारी कृषि देवेंद्र कुमार की अध्यक्षता मे सम्पन हुई। जिसमे तीन शिकायतें आयी। ग्राम पंचायत गुरेला के मजरे सिसवारा निवासी अवधराम ने प्राथमिक विद्यालय सिसवारा से गांव तक खंडजा निर्माण एव बारात घर निर्माण की मांग की वही गुरेला निवासी राम किशोर मिश्रा ने गांव मे गौशाला निर्माण की मांग की। सहायक विकास अधिकारी कृषि ने शासन की ओर से संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी। ग्रामीणों से संवाद करते हुए सहायक विकास अधिकारी ने कहा कि हमारा संकल्प है कि पंक्ति के आखिरी सीढ़ी पर खड़े व्यक्ति को योजना का लाभ मिलना चाहिए। इस मौक़े पर ग्राम प्रधान पूजा वर्मा, सचिव सौम्या सिंह प्रधान प्रतिनिधि सुरेंद्र कुमार वर्मा रोजगार सेवक विनोद राव पंचायत सहायक कोमल पाल सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

### बाईक चोरी कर भागते चोर को दबोचा

**सहारनपुर।** थाना मण्डी पुलिस ने मोटर साईकिल चोरी करके भाग रहे 01 अभियुक्त को मौके पर ही चोरी की मोटर साईकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया। थाना मण्डी पुलिस ने मण्डी समिति परिसर से चोरी करके भागने का प्रयास कर रहे अभियुक्त अबुल हसन पुत्र मतलूब निवासी नन्दा कालोनी थाना फ़रकपुर जिला यमुनानगर हरियाणा को चोरी की मोटर साईकिल के साथ मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया जाएगा। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सुनील वर्मा, कांस्टेबल शुभम सिंह शामिल रहे।

### शारदा नगर ओवरब्रिज के नीचे की सड़क का निर्माण कार्य आरम्भ

**सहारनपुर।** स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत आज शारदा नगर ओवरब्रिज के नीचे की सड़क के निर्माण कार्य का आज नगर विधायक राजीव गुम्बर, महापौर डॉ.अजय सिंह एवं महानगर अध्यक्ष पुनीत त्यागी ने संयुक्त रूप से आरम्भ किया।

# शिकायतों का समय से गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने निर्देश दिए कि शिकायत के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता से फीडबैक भी लिया जाए। साथ ही शिकायत के निस्तारण के समय संबंधित स्थल का जिओ टैग फोटो, गवाहों के हस्ताक्षर के उपरान्त की आख्या पोर्टल पर अपलोड की जाए। उन्होने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जन शिकायतों एवं समस्याओं के निस्तारण के प्रति गंभीर एवं संवेदनशील हैं। समय से शिकायतों, समस्याओं का निस्तारण न कर आप शासन के निर्देशों का सीधे तौर पर उल्लंघन कर रहे हैं, जोकि किसी भी स्थिति में क्षम्य नहीं। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशों का उल्लंघन करने पर लापरवाह व दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक ले रहे थे। डॉ.दिनेश चन्द्र ने कहा कि आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण ससमय गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। अगले माह में जनपद की बेहतर रैंकिंग आए इसके लिए सभी अधिकारी हर संभव प्रयास करें। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों से कहा कि जिस स्तर पर शिकायत लंबित है या शिकायतकर्ता असंतुष्ट है, तो उसका कारण जानकर शीघ्र समाधान कराना सुनिश्चित करें।

# आठ अक्टूबर को अयोध्या में होगा भारत के आल्हा सम्राट का चयन

- विजेता टीम को दिया जाएगा 1 लाख का चेक
- तारून ब्लॉक में ग्राम मैहर कबीरपुर में होगा आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** तारून ब्लॉक में ग्राम मैहर कबीरपुर के मलावन की बाग में 8 अक्टूबर को अयोध्या में भारत के आल्हा सम्राट का चयन होगा इसको लेकर चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है जिसमे भारत का सर्वश्रेष्ठ आल्हा का चयन किया जाएगा। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी के लिए कार्यक्रम संयोजक व अपना दल के प्रांतीय सचिव प्रमोद सिंह ने सिविल लाइन स्थित होटल में शुक्रवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया की आल्हा सम्राट चैंपियनशिप हमारे पिता स्वर्गीय पृथ्वी सिंह की याद में किया जा रहा है हर साल यह आयोजन जिले स्तर पर होता था अबकी कार्यक्रम में बदलाव करते हुए इसे बृहद रूप देते हुए भारत आल्हा सम्राट के चयन के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

यह आयोजन केवल आयोजन नहीं होगा बल्कि भारत में कौन आल्हा सर्वश्रेष्ठ है इसके चयन के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें भारत के हर राज्य व उत्तर प्रदेश के हर जनपद से आल्हा की टीम प्रतिभाग करेगी। जिसमें कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल के अलावा विशिष्ट अतिथि महंत राजकुमार दास, सांसद अंबेडकरनगर रितेश पांडे,और पूर्व मंत्री सदर विधायक सुल्तानपुर विनोद सिंह, अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, जलालपुर विधायक राकेश पांडे, गोसाईगंज विधायक अभय सिंह, विधायक खलीलाबाद अंकुर राज तिवारी, अवधेश द्विवेदी सहित अन्य उपस्थित रहेंगे। आयोजन में विजेता को मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल के हाथों 100000 रुपए का चेक, उपविजेता को 51000 रुपए का चेक, व अन्य का पुरुस्कार दिया जाएगा।

## धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप

**बीकापुर- अयोध्या।** कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर गांव निवासी भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष भरत श्रीवास्तव ने हिंदू धर्म की धार्मिक भावनाओ को आहत करने का आरोप लगाते हुए बीकापुर कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। शिकायत पत्र में भरत जी श्रीवास्तव ने बताया कि मुंबई निवासी उल्हास कामटे का फेसबुक पर चिकन लेग पीस के नाम से एक पेज क्रिएट है। जिस पर एक वीडियो अपलोड है जिसमें हिंदू धर्म के प्रमुख न्याय के देवता भगवान चित्रगुप्त को अनौपचारिक स्थिति में दिखाया गया है जिसे देखने से हिंदू धर्म की भावना आहत होती है। वीडियो को डीवीडी के माध्यम से साक्ष्य के रूप में तहरीर के साथ दिया गया है। तहरीर देने वालों में भरत जी श्रीवास्तव के साथ आदित्य पांडेय, अभिषेक गुप्ता,अरुण निषाद, सूरज विश्वकर्मा मौजूद रहे।

# महिला दीवान पर जानलेवा हमले के आरोपियों से एसटीएफ की हुई मुठभेड़

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** अयोध्या मेला चौकसी के दौरान मनकापुर से वापस प्रयागराज जा रही सरयू एक्सप्रेस में महिला दीवान के साथ हुई जानलेवा हमले की वारदात में गुरुवार की रात एसटीएफ की अलग-अलग टीमों से आरोपियों की मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ में एक आरोपी की मौत हुई है, जबकि दो घायल हुए हैं घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।30 अगस्त को हनुमानगढ़ मेला ड्यूटी पर आ रही मूल रूप से प्रयागराज निवासी और सुल्तानपुर के नगर कोतवाली में तैनात महिला मुख्य आरक्षी सुमित्रा पटेल भोर में सरयू एक्सप्रेस की तीसरी बोगी में सीट के नीचे अर्धनग्न और अर्ध बेहोशी की हालत में मिली थी। हाई कोर्ट इलाहाबाद की ओर से मामले का खुद से संज्ञान लिए जाने के बाद शासन ने घटना के अनावरण के लिए एसटीएफ तथा शीर्ष सुरक्षा एजेंसियों को लगाया था।कुछ दिन पूर्वी एसटीएफ की ओर से दो संदिग्धों के सीसीटीवी फुटेज जारी किए गए थे और हमलावरों का सुराग देने वालों को 100000 रुपए का इनाम दिए जाने घोषणा की गई थी। मामले की छानबीन में जुटी एसटीएफ को गुरुवार की रात वारदात में शामिल लोगों के मूवमेंट की जानकारी मिली तो एसटीएफ की अलग-अलग टीमों ने घेराबंदी की।इनायत नगर क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में पुलिस ने पड़ोसी जनपद सुल्तानपुर के कूरेभार थाना क्षेत्र स्थित पिपरी साइनाथ छोटका दुबे का पुरवा निवासी 49 वर्षीय विशंभर दयाल दुबे को गिरफ्तार किया है वही पूरा कलंदर थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में हैदरगंज थाना क्षेत्र के दसलावन निवासी एक आरोपी अनीस की जवाबी फायरिंग में मौत हो गई, जबकि इसी के गांव का रहने वाला 40 वर्षीय आजाद खान घायल हो गया। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है पूरा अस्पताल परिसर छावनी में तब्दील कर दिया गया है। मुठभेड़ में कुछ पुलिसकर्मियों के घायल होने की सूचना है।



# दो मीट दुकानदारों पर लगा जुर्माना

अवधनामा संवाददाता



**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा आज शहर में अनेक मीट दुकानों की साफ सफाई व लाइसेंस सम्बंधी जांच की गयी। पुल जोगियान के निकट दो दुकानें बिना लाइसेंस के चलती पायी गयी। दोनों दुकानों पर दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। सभी मीट दुकान संचालकों को दुकानों पर पूरी तरह साफ सफाई रखने और अतिक्रमण न करने की भी चेतावनी दी गयी। नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज के निर्देश पर आज पुल जोगियान सहित विभिन्न क्षेत्रों में चल रही मीट की दुकानों की साफ सफाई व निगम के लाइसेंस की दृष्टि से जांच की गयी। मीट दुकानदारों को चेतावनी दी गयी कि वे अपनी दुकानों पर पूरी तरह से साफ सफाई रखें। निगम के पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा ने कहा कि शहर में अनेक संक्रामक रोगों का प्रकोप है, ऐसी स्थिति में जरुरी है कि मीट की दुकानों और उनके आस पास विशेष साफ सफाई रखी जाए। निगम अधिकारियों द्वारा पुल जोगियान की तीन मीट दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दो दुकानदारों के पास नगर निगम सहारनपुर द्वारा निर्गत व्यवसायिक लाइसेंस नहीं था। इस पर इन दोनों मीट दुकानदारों पर दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा उपर्युक्त दुकानदारों को नोटिस देने के भी निर्देश दिए गए। कार्रवाई के दौरान निगम के पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा के अलावा प्रवर्तन दल के प्यार सिंह, रणदीप सिंह, व नवाबुद्दीन आदि मौजूद रहे।

# अवैध संबंध के चलते पत्नी ने करायी थी पति की हत्या

- हत्यारोपी पत्नी, प्रेमी व उसका एक अन्य साथी गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**सहारनपुर।** थाना गागलहेडी पुलिस ने खेत में मिले अज्ञात व्यक्ति के शव की हत्या का खुलासा करते हुए हत्यारोपी पत्नी, प्रेमी व उसके एक मित्र को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल बरामद की है। पुलिस लाईन के सभागार में एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक ने पत्रकारों के समक्ष घटना का खुलासा करते हुए बताया कि 29 मई 2023 को विकास कुमार ने सूचना दी कि खेत ग्राम चौरादेव में अज्ञात शव पड़ा है, जिस पर थाना गागलहेड़ी पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। एसपी सिटी ने बताया कि शव की शिनाख्त सन्नी पुत्र जनेश्वर निवासी रविदास मन्दिर के पास थाना गागलहेडी के रूप मे हुई। 21 सितम्बर को थाना गागलहेडी पुलिस ने मृतक सन्नी की हत्या की घटना का खुलासा करते हुए हत्यारोपी तीन अभियुक्त अजय पुत्र रामपाल निवासी झरौली बहलोलपुर थाना सरसावा, स्वराज पुत्र परसादा निवासी उपरोक्त को हत्या में प्रयुक्त मोटर साईकिल सहित नवादा अड्डा से गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा अभियुक्ता मंजू पत्नी स्व. सन्नी निवासी रविदास मन्दिर के पास थाना गागलहेड़ी को राणा स्टील तिराहे से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अभियुक्त अजय ने बताया कि मंजू अक्सर हमारे गाँव में आती जाती रहती थी। इसी दौरान हम दोनो एक दूसरे से प्यार करने लगे। लगभग 10 साल पहले मंजु की शादी सन्नी से हुई थी। सन्नी को हमारे सम्बंधो के बारे मे जानकारी हो गई थी। मंजू का पति सन्नी नशे का आदी था। 28 मई 2023 को मंजू ने उसे फोन से बताया कि सन्नी ने आज बहुत नशा कर रखा है, आज अच्छा मौका है। इसके बाद वह अपने गाँव से अपने दोस्त स्वराज पुत्र परसादा को मोटर साईकिल पर लेकर मंजु के घर आया, जहाँ से मंजू ने अपने पति सन्नी को मोटर साइकिल पर बैठा दिया। फिर हम दोनो सन्नी को बीच में बैठाकर भगवानपुर रोड पर एक अज्ञात सुनसान जगह ले गये, जहाँ सन्नी द्वारा पहनी चमड़े की बैल्ट निकालकर उसका गला घोटकर सन्नी की हत्या कर दी और उसके शव को खेत मे फेंक दिया। जो मोटर साईकिल बरामद हुई है, इसी पर बैठाकर सन्नी को ले गये थे। हत्यारोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में क्षेत्राधिकारी अभितेष सिंह, प्रभारी निरीक्षक गागलहेड़ी सुनील नागर, वरिष्ठ उपनिरीक्षक अनिल तेवतिया, उपनिरीक्षक सुरेन्द्र पाल सिंह, हैड कांस्टेबल जोगिन्द्र सिंह, मोहित शर्मा, महिला कांस्टेबल प्रियंका व चंचल शर्मा शामिल रही।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर बैठक

**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान तथा संचारी रोगो एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण एवं क्षय रोग के संबध में शुक्रवार को जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बी.के. अग्रवाल, प्राचार्य मेडिकल कालेज डा ए.के. झा, की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने संबंधित समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप तृतीय चरण संचारी रोग नियंत्रण अभियान दिनांक 3 से 31 अक्टूबर तथा दस्तक अभियान 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक आयोजित किया जाये। प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर



जाकर इन बीमारियों के बचाव तथा उपचार के संबध में लोगो को जानकारी देगें। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारी को निर्देश दिया कि फ्रंटलाइन वर्कर्स आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्री दिमागी बुखार, क्षय रोग, कुष्ठ रोग, फाइलेरिया एवं कालाजार रोगों के लक्षणयुक्त व्यक्तियों का नाम, पता एवं मोबाइल नम्बर सहित सम्पूर्ण विवरण ई-कवच पोर्टल पर अपलोड करायें। दस्तक अभियान तथा संचारी रोग नियंत्रण अभियान में आशा एवं आंगनवाड़ी की पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत को निर्देश दिया कि नगरीय क्षेत्रों में अभियान चलाकर साफ-सफाई कराये तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई कराने हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया गया। जल जमाव न होने पाये। शौचालय का उपयोग करने हेतु लोगो को जागरूक करे। नालियों में दवाओं का छिड़काव कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को संचारी रोग से बचाव के बारे में पोस्टर प्रतियोगिता, वाद-

**स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर इन बीमारियों से बचाव तथा उपचार के संबध में दें जानकारी**

विवाद प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता आदि आयोजित कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा को निर्देश दिया कि सुअर पालको को चिन्हित कर ले कि सुअर खुले में न घूमे। कृषि विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों में गोष्ठी आयोजित कर लोगो को जागरूक करने हेतु निर्देश दिया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया गया कि संचारी रोग हेतु नामित नोडल अध्यापक को प्रशिक्षण दिया जाये जिससे बच्चों को जागरूक करे। विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान तथा संचारी रोगो एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण एवं क्षय रोग के संबध में लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाये।

## नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष ने संगठन को मज़बूती के लिये मेहनत शुरू कर दी

**अवधनामा संवाददाता**



**अम्बेडकरनगर।** नवनियुक्त जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने अपना दायित्व संभालते ही संगठन को मजबूत बनाने के लिए जी तोड़ मेहनत शुरू कर दिया है। जिसके लिए वह जनपद की 23 मंडलों पर प्रवास कर संगठन की मजबूती से संबंधित एक एक बिंदु पर मण्डलवार पदाधिकारियों से विचार विमर्श कर रहे हैं।दायित्व संभालने के बाद से लगातार बैठकें करने के क्रम में शुक्रवार को खजुरी मण्डल के अध्यक्ष दिलीप तिवारी की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी शामिल हुए। भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी के खजुरी मण्डल की संगठनात्मक बैठक में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया।बैठक को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने कहा कि भाजपा संगठन के कार्यकर्ताओं और देश वासियों को अपना परिवार समझती है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी देश को सम्बोधित करते हुए परिवार जनों कह कर सम्बोधित करते हैं। उन्होंने खजुरी मण्डल में संगठन द्वारा चलाए जा रहे अभियानों पर चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की देशहित और जनहित की लगातार किए जा रहे कार्यो से देश की दिशा और दशा बदल गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवम मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ जी के सरकार की जनहित के योजनाओं का लाभ सीधे जन सामान्य को मिल रहा है। उन्होंने रविवार को प्रधानमंत्री मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को लाइव सुनने, स्वास्थ्य केंद्रों पर गोल्डन कार्ड (आयुष्मान कार्ड) वितरण, 25 सितम्बर को प्रत्येक बूथ पर पण्डित दीन दयाल उपाध्याय जी की जयंती मानने सहित अन्य अभियानों पर विस्तृत चर्चा कर उसे सफल बनाने का आवाहन कार्यकर्ताओं से किया।

## हापुड़ घटना के विरोध में वकील कार्य से रहे विरत



**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में बार एसोसिएशन जलालपुर के अधिवक्ताओ ने कार्य से विरत रहकर तहसील प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। विगत गुरुवार शाम को यूपी बार एसोसिएशन के हड़ताल वापस लेने की सूचना पर शुक्रवार को उपजिलाधिकारी के साथ ही अन्य कोर्ट में कामकाज शुरु कर दिया गया। अर्दली द्वारा मुकदमे में नाम पुकारते ही अधिवक्ता आक्रोशित हो गए और बार अध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में पहुंचे दर्जनों अधिवक्ताओं ने उप जिला मजिस्ट्रेट कोर्ट के बाहर जमकर नारेबाजी शुरू कर दिया। नारेबाजी देख मजिस्ट्रेट अपने अपने चैंबर में वापस चले गए और अदालत का कामकाज पुनः बंद हो गया। प्रदर्शन में गिरिजेश श्रीवास्तव, सुनील सिंह, कुंवर बहादुर यादव, पंकज मिश्रा, राजू पांडेय, जगदीश यादव समेत अन्य सभी मौजूद रहे।

## पति ने दूसरी पत्नी को उतारा मौत के घाट



**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** टाण्डा कोतवाली क्षेत्र के खेतापुर गाँव में शुक्रवार की सुबह एक महिला की हत्या की सूचना से हड़कंप मच गया। मौके पर सीओ टाण्डा व टाण्डा कोतवाली निरीक्षक सहित भारी संख्या में पुलिस बल पहुंच गया। शव को कब्जे में लेकर पुलिस हत्यारोपी पति की तलाश में जुट गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार टाण्डा-अकबरपुर मार्ग पर संचालित महामाया मेडिकल कालेज के पास स्थित खेतापुर गाँव निवासी परशुराम ने अपनी दूसरी पत्नी सुनीता देवी की हत्या कर फरार हो गया है। आरोपी पति परशुराम अपनी पहली पत्नी की मौत के मामले में जेल भी जा चुका है। मज़दूरी करने वाले परशुराम ने अपनी दूसरी पत्नी की भी हत्या कर दिया। मौके पर पहुंचे टाण्डा पुलिस क्षेत्राधिकारी संजय तिवारी ने घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण करते हुए टाण्डा कोतवाल को कई दिशा निर्देश दिया। टाण्डा कोतवाली निरीक्षक अमित प्रताप सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## 29 को फिजियोथेरेपी कॉन्फ्रेंस का आयोजन

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** पूर्वांचल का शहर गोरखपुर में आगामी 29 अक्टूबर को एक दिवसीय पूर्वांचल



फिजियोथेरेपिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में प्रथम नेशनल कांफ्रेंस का आयोजन किया गया है। जिसमें जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के अलग-अलग जगहों से फिजियोथेरेपिस्ट भाग लेंगे। उक्त जानकारी देते हुए रिलैक्स फिजियोथेरेपिक क्लीनिक डुमरियागंज के डॉ. अवनीश वर्मा ने बताया कि इस कांफ्रेंस में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अजय फौजदार सर, डॉ. वत्सल खेतान, डॉ. एमडी शर्मा, डॉ. दिव्या गौड़, डॉ. सौरभ कुमार व डॉ. चिराग वर्मा आदि लोग उपस्थित रहेंगे। जिसमें उक्त लोग अलग-अलग टॉपिक पर व्याख्यान देंगे। उक्त कार्यक्रम गोरखपुर के प्रगति इन होटल में आयोजित की गई है। इस कॉन्फ्रेंस के ऑर्गेनाइजर/ चेयरमैन डॉ. राकेश कुमार हैं।

## एसडीएम प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में राजस्व निरीक्षकों व लेखपालों की साप्ताहिक समीक्षा



**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** एसडीएम प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को तहसील सभागार कक्ष में राजस्व निरीक्षकों व लेखपालों की सप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान लंबित प्रार्थना पत्रों एवं आय,जाति, निवास प्रमाण पत्र को गुणवत्तापर्ण ढंग से एक सप्ताह के अंदर अवश्य निस्तारण करा दिया करे। साथ ही साथ जल जीवन मिशन, जिगनिहवां चेतिया मार्ग की चौडीकरण हेतु पैमाइश आदि तमाम तहसील के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई।तहसीलदार राहुल सिंह ने बताया कि बैठक में राजस्व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि आईजीआर एस तथा तहसील संपूर्ण समाधान दिवस एवं थाना संपूर्ण समाधान दिवस में आई हुई शिकायतों का एक सप्ताह के अंदर गुणवत्ता पूर्ण ढंग से अवश्य निस्तारण समय के अंदर करा दिया करें, अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें। इस मौके पर नायब तहसीलदार राघवेंद्र पान्डेय, अमित सिंह, पूर्ति निरिक्षक अर्चना सिंह, सुधा यादव, राजस्व निरीक्षक शिवपूजन प्रभूदयाल यादव, कन्हैया लाल, रामशंकर दुवे आर के राम ललित, सुभद्र यादव, बिनोद गौतम, भानूप्रताप, हरीशचंद्र, शैलेश, प्रभात सैनी, ओंकार, प्रियंका दिवेद्वी, सुधा यादव, निधी वर्मा, श्वाति यादव, सोनाली यादव, हीरा अंसारी सहित बांसी तहसील के समस्त स्टाप मौजूद रहे।

# बांसी कैम्प कार्यालय पर शिक्षक संघ राष्ट्रीय अध्यक्ष के निधन पर शोक

**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** शुक्रवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की एक आवश्यक बैठक बांसी स्थित कैंप कार्यालय पर जिला संरक्षक सतीश चंद्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में की गई द्य इस बैठक में अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय रामपाल सिंह के निधन पर दुख व्यक्त किया गया।

अपने संबोधन में जिला अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि रामपाल सिंह हम लोगों के ही नहीं अपित पूरे भारत देश के शिक्षकों के नेता थे। शिक्षकों की समस्याओं के लिए बहुत ही संघर्षशील थे। उनके अगुवाई में हम सभी पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन छेड़े हुए थे। ऐसे समय में उनके निधन से हम सब बहुत ही दुखी हैं। बैठक की अध्यक्षता कर रहे संरक्षक सतीश



चंद्र त्रिपाठी ने श्री रामपाल सिंह को शिक्षकों का मसीहा बताया श्री रामपाल सिंह जब से शिक्षा विभाग में आए शिक्षकों की समस्याओं को लड़ते रहे शिक्षक संगठन में तमाम पदों पर रहते हुए वर्तमान समय में अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में शिक्षकों के लिए काफी कार्य किया। शिक्षक उनकी सेवाओं को कभी भूल नहीं सकते उनके जैसा प्राथमिक शिक्षकों का नेता मिलना अब बहुत ही कठिन है। बैठक को जिला मंत्री अतुल कुमार मिश्र, प्रकाश नाथ त्रिपाठी,अभय कुमार पांडे, कोषाध्यक्ष मिर्जा महबूब हसन, नंदीश्वर यादव विजेंद्र मिश्रा वीरेंद्र मौर्य हरि नारायण शुक्ला ने भी अपने संबोधन में शोक व्यक्त किया। इस बैठक में विद्याभूषण, राम अभिलाष त्रिपाठी, रमेश चंद्र शुक्ला, अज्ञेय कुमार गौतम, धर्मेंद्र कुमार, शाहाब मजरूह, अनिल मिश्रा, इफ्तेखारुन निशा, शबाना बेगम, सुनील कुमार गौतम आदि शिक्षक नेता उपस्थित रहे ।

## राकसंप प्रतिनिधिमण्डल ने की नवागत डीएम से औपचारिक मुलाकात



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का प्रतिनिधि मण्डल नवागत जिलाधिकारी पवन कुमार अग्रवाल से औपचारिक मुलाकात कर जनपद के कर्मचारियों के तरफ से स्वागत किया। जिलाधिकारी ने सभी से अपेक्षा की ससमय शासन के मंशा के अनुरूप कार्य करें, आप के भी समस्याओं का समाधन होगा। प्रतिनिधि मण्डल में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष सुजीत कुमार जायसवाल, जिला मंत्री राजेश कुमार मिश्रा, कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामकरन गुप्ता, सहायक विकास अधिकारी पंचायत संघ के जिलाध्यक्ष आशुतोष मिश्रा, ग्राम विकास अधिकारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश कुमार, राजस्व संग्रह अमीन संघ के मंडल अध्यक्ष महेश्वर प्रसाद मिश्र, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के मंडल मंत्री कलीमुज्जफर उपाध्यक्ष विमलकांत आदि कर्मचारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## परिषदीय विद्यालय के बच्चों को साफ सफाई के लिए व अभिभावकों को किया जागरूक



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** डुमरियागंज विकासखंड के परिषदीय विद्यालयों में शुक्रवार को जल जीवन मिशन एवं आनंद वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों व अभिभावकों को साफ सफाई के बारे में जानकारी दी गई। मिली जानकारी के मुताबिक डुमरियागंज विकासखंड के ग्राम पंचायत अरनी, जाखौली, बभनी माफी, रेहरा, परसपुर, तिलगडिया, जबजौआ आदि परिषदीय विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत अरनी में जल जीवन मिशन के सुपरवाइजर मनीष तिवारी ने बच्चों को जल का उपयोग व साफ सफाई के बारे में बताया उन्होंने कहा कि खाना खाने से पहले और खाना खाने के बाद अच्छी तरह बच्चे हाथ धुले और खुले सामानों का प्रयोग ना करें। उन्होंने भी बताया कि अगर हम स्वच्छ जल नहीं पीते हैं तो हमारे अंदर तमाम बीमारियां उत्पन्न हो जाती हैं। इसलिए स्वच्छ जल का ही प्रयोग करें या पानी उबाल कर पिए तथा मच्छरदानी का प्रयोग अवश्य करें। इस मौके पर सुनील कुमार सिंह, अनुराग प्रताप सिंह, मोहम्मद अखलाक सिद्दीकी, राजू चौधरी, हरिप्रसाद, भानमती, चिनका, शीला आदि लोग मौजूद रहे।

# नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का फूल मालाओं से किया स्वागत, लिया संकल्प

**अवधनामा संवाददाता**

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** बढ़नी ब्लॉक क्षेत्र के घरुआर स्थित अपने आवास पर भारतीय जनता पार्टी की पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती साधना चौधरी और भाजपा के युवा नेता सिद्धार्थ चौधरी ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान को फूल मालाओं से सुशोभित कर जोरदार स्वागत करते हुए संगठन को मजबूत करने में कदम से कदम मिलाकर चलने का संकल्प लिया।

भाजपा की वरिष्ठ नेत्री व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती साधना चौधरी ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने हमारे जिले को कन्हैया पासवान जैसे एक कर्मठ, संघर्षशील और होनहार व्यक्तित्व के धनी होने के साथ ही पार्टी के प्रति निष्ठा रखने वाले सिपाही को जिले के नेतृत्व का दायित्व सौंपकर कर हम सभी को गौरांवित किया है जिसके लिए मैं पार्टी



के शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद ज्ञापित करती हूं। कहा कि भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में संगठन को और मजबूती मिलेगी तथा हम सभी उनके नेतृत्व में कदम से कदम मिलाकर आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी को और सशक्त बनाने का संकल्प लेते हैं। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यकारिणी सदस्य सिद्धार्थ चौधरी ने कहा कि तेज तर्रार नव नियुक्त जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान के बनने से भाजपा कार्यकर्ताओं के रूप में युवाओं की जिले में एक लम्बी फौज खड़ी होगी जिससे संगठन को मजबूती मिलेगी जो आगामी लोकसभा में पार्टी के लिए मील का पत्थर साबित होगा। कहा कि नवनियुक्त जिलाध्यक्ष के संघर्षशील कार्यशैली से भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है जिसका बखान करने के लिए मेरे पास शब्द ही कम पड़ जायेंगे। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता त्रियुगीनाथ अग्रहरि, चेयरमैन सुनील अग्रहरि, राजुशाही, मुन्नू यादव, रामराज कन्नौजिया समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**जलालपुर (अंबेडकरनगर)।** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन जलालपुर कस्बे से सटे ग्राम मंगुराडिला में उपजिलाधिकारी सुनील कुमार के नेतृत्व में किया गया। इस कार्यक्रम में मिट्टी के कलश का पूजन कर रैली निकाली गयी जिसमें गांव के प्रत्येक घर से मिट्टी और अक्षत इकठ्ठा किया गया।

इस कार्यक्रम के आयोजन में उप जिलाधिकारी सुनील कुमार के नेतृत्व में पूरा प्रशासनिक अमला गांव में मौजूद रहा जिससे स्थानीय ग्रामीणों में मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम को लेकर गजब का उत्साह देखने को मिला। इस कार्यक्रम के आयोजन को सफल बनाने में आशा बहू, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, ग्राम प्रधान व ग्राम मंगुराडिला के ग्रामीणों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## डीएम ने किया प्रा. वि. जगदीशपुर खुर्द का निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर खुर्द विकास खण्ड नौगढ़ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी कक्षाओं में जाकर बच्चों से पढ़ाई तथा शिक्षको की उपस्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी द्वारा बच्चों से कविता सुनी गयी। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय को निर्देश दिया कि विद्यालय परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था, शौचालय की साफ-सफाई तथा बच्चों के लिए पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करायें। जिलाधिकारी ने शिक्षकों को समय से उपस्थित होकर बेहतर शिक्षण प्रदान करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षक व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चौपाल लगा सुनी ग्रामीणों की समस्या



**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** गांव की समस्या गांव में समाधान के तहत विकास खण्ड लोटन के जुनियर माध्यमिक विद्यालय कौलपुर ग्रान्ट में एडीओ पंचायत सदानंद वर्मा व ग्राम विकास अधिकारी रविन्द्र कुमार जाटव की अध्यक्षता मे चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया।

ग्राम विकास अधिकारी रविन्द्र कुमार जाटव ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान कराने के उद्देश्य से यह चौपाल लगाया जाता है लोगों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेना चाहिए सरकार की मंशा है की सभी पत्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिल सके उन्होंने कहा की बृध्दा, विधवा, पेंशन व जन्म मृत्यु के लिए आनलाइन कराने के लिए कहा गया अवास सौचालय से सम्बंधित जानकारी भी दी।निजाम जिलानी ने बताया कि बैंकिंग पर बहुत फाड है कभी भी कोई व्यक्ति ओटीपी मागे तो नही देना चाहिए।

किसी व्यक्ति के साथ फाड हो जाये तो जारी नम्बर पर सुचना जरुर दे।सप्लाई इंस्पेक्टर राजेश्वर प्रसाद ने राशनकार्ड के बारे ग्रामीणों को विस्तृत जानकारी दिया।ग्राम प्रधान वसीर मोहम्मद ने ग्रामीणों से कहा की अपने ग्राम वासियों के लिए हर सम्भव प्रयास रहेगा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा चाहे सौचालय, अवास या शादी अनुदान का लाभ या विधवा पेंशन का भी लाभ दिलाया जायेगा ।ताकी हमारे ग्राम पंचायत मे पात्र व्यक्तियों को लाभ मिले। इस दौरान टीए नित्यानंद श्रीवास्तव, लघु सिंचाई से अब्दुल्लाह, कृषि विभाग नीरज कुमार गुप्ता,विनय कुमार वर्मा, रोजगार सेवक राज देव प्रसाद, पंचायत सहायक जमशेद अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

## नगर सहित ग्रामीण अंचलों में भी मची है गणेश पूजा समारोह की धूम



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय आदर्श नगर पंचायत सहित गांवों में इन दिनों श्री गणेश पूजा समारोह धूमधाम से मनाया जा रहा है। मंदिरों के अलावा निजी घरों में भी भगवान गणेश की आकर्षक झांकी सजायी गई है। जहां शाम होते ही पूजा पण्डालों में गणपति बप्पा मोरया के जयघोष होने लगते हैं। जिससे पूरा माहौल भक्तिमय है। क्षेत्र में चल रहे गणेश पूजा समारोह में भगवान श्री गणेश के प्रतिमाओं का गुरूवार की रात पूजन-अर्चन के साथ भगवान गणेश की आरती संपन्न हुआ। गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से पूरा पंडाल गूंज उठा। धनुवाडीह उर्फ हजिरवा गांव में दिलीप यादव द्वारा आयोजित गणेश पूजा समारोह में विध्नहर्ता सिद्ध विनायक का यज्ञोपवीत संस्कार कराया गया। जिसमें प्रधान संघ अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय, अमरनाथ पाण्डेय, विनोद दूबे, राजेश पाण्डेय व शिव कुमार पाण्डेय शामिल हुए। पंडित जनार्दन द्विवेदी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्रक्रिया को संपन्न कराया। उन्होंने बताया कि विघ्नहर्ता की पूजा करने से व्यक्ति को हर तरह के संकटों से छुटकारा मिल जाता है और सुख-संपदा की प्राप्ति होती है। जिसके बाद सामूहिक आरती व भजन कीर्तन का कार्यक्रम भी हुआ। इस दौरान पूर्व प्रधान राम अचल यादव, पाण्डेय, मुख्य आयोजक दिलीप यादव, बजरंगी दूबे वेदई दूबे, रक्षाराम, विजय, जग्गू गुप्ता, श्रीराम यादव आदि मौजूद रहे।

## दो दिवसीय कार्यशाला का होगा महोत्सव

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश के क्रम में तीन दिवसीय अंबेडकर नगर महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 27 तथा 28 सितंबर 2023 को हवाई पट्टी अकबरपुर अंबेडकरनगर पर आयोजित होने वाले अंबेडकर नगर महोत्सव कार्यक्रम में ही दो दिवसीय जनपद स्तरीय मिलेट्स (श्री अन्न) कार्यशाला कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें जनप्रतिनिधि भी प्रतिभाग करेंगे।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पूर्व में शहबाज़ था जिस नाम को हमने बदलकर शहबाज़ हुसैन कर लिया है अतः वर्तमान में अब मुझको इसी नाम से जाना पहचाना जाये।

**प्रार्थी**
**शहबाज़ हुसैन पुत्र श्री जिल्ले हसन**
**निवासी ग्राम व पोस्ट अरसावां थाना**
**इब्राहिमपुर तहसील टांडा**
**जनपद अम्बेडकरनगर**

## गांव चलो अभियान में बसपा सरकार में किये गये कामों को बताये: शमीम अहमद

**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** बहुजन समाज पार्टी द्वारा प्रायोजित गांव चलो अभियान के तहत एक दिवसीय कैडर कैम्प का आयोजन बाँसी नगर के राप्तीनगर सोनारी में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि शमीम अहमद ने कहा कि बसपा शासन में हर वर्ग के लोगों का समुचित विकास हुआ था, चुस्त प्रशासन के चलते कमजोर लाचार व मजलूम सभी लोगों को भयमुक्त जीवन जीने की आज़ादी थी, सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय के नारे का चरितार्थ दिख रहा था बसपा के शासन काल में तमाम चलाये गयी योजना हर व्यक्ति तक पहुँचती थी। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रखते हुए बसपा कार्यकर्ता गांव चलो अभियान मे बसपा सरकार में किये गये कामों को घर घर जाकर बताये और बहन मायावती को देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए अपने अपने बूथ को मजबूत करने का काम करें। बैठक का संचालन जिला सचिव महताब अहमद व अध्यक्षता सेक्टर अध्यक्ष सतीस गौतम ने किया। बैठक में मुख्य रूप से विधानसभा प्रभारी विनोद कुमार राव असीस गौतम विधानसभा उपाध्यक्ष मोहम्मद कैफ राजू बाबा रामनाथ गौतम सूरज गौतम अलगू प्रसाद माधुरी गौतम रामजतन सोनू गौतम विजय कुमार अर्जुन परमात्मा सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## एसपी के आदेश पर पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक के आदेश के बाद पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति सास ससुर समेत कुल पांच के विरुद्ध दहेज अधिनियम आदि की धारा में मुकदमा दर्ज किया।प्रकरण मालीपुर थाना के सैरपुर निवासिनी बबिता पांडेय का है।बबिता पांडेय द्वारा की गई शिकायत में लिखा है कि उसका विवाह 19 जून 2010 को कटका थाना के अजमालपुर गांव निवासी संजय शुक्ल के साथ हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार हुआ था। पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार एक लाख रुपये नगद, घड़ी, अंगूठी, सीकड़, फ्रिज, टीवी कूलर समेत अन्य सामान दिया था। बावजूद इसके पीड़िता जब ससुराल पहुंची तो ससुरालीजन उससे दो लाख रूपये दहेज में मांगने लगे। मांग न पूरी होने पर मारपीट व अन्य तरीके से प्रताड़ित करने लगे। शिकायत पर पुलिस ने पति संजय शुक्ला, ससुर संभू शुक्ला, सास सरस्वती देवी,अजय शुक्ला व देवर धनञ्जय शुक्ल के विरुद्ध दहेज अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।

## कनाडा में खालिस्तान

खालिस्तान समर्थक उग्रवादियों की पैरोकारी करते हुए कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो ने भारत पर जो बेहद गंभीर आरोप चस्पा किया है, उससे न केवल राजनयिक टकराव पैदा हुआ है, बल्कि भारतीय छात्रों और अनिवासी भारतीयों पर खतरे मंडराने लगे हैं। कनाडा ने हमारे एक वरिष्ठ राजनयिक को देश छोडने का आदेश दिया है, तो हमारे विदेश मंत्रालय ने भी कनाडाई राजनयिक को 'देशनिकाला' दे दिया है। यह लोकतांत्रिक और सहयोगी देशों के लिए सुखद स्थितियां नहीं हैं। भारत सरकार को अपने नागरिकों के लिए सतर्कता का परामर्श जारी करना पड़ा है। कनाडा भारतीयों, खासकर पंजाबियों के लिए, दूसरा घर रहा है, लेकिन अब खालिस्तानियों की निश्चित पनाहगाह भी बन गया है। कनाडा नाटो और यूरोपीय संघ का सदस्य-देश है, तो जी-20 समूह में भारत के साथ भी शामिल है। शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने द्विपक्षीय संवाद किया था, जिसके दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय दूतावासों और मंदिरों पर खालिस्तानी उग्रवादियों के हमलों का मुद्दा उठाया था। कनाडाई प्रधानमंत्री को सचेत किया गया था कि भारत इन हरकतों को बर्दाश्त नहीं करेगा। उसके बावजूद प्रधानमंत्री ट्रूडो ने अपनी संसद में संगीन आरोप लगाए कि कनाडा के नागरिक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या भारतीय एजेंसियों ने कराई थी। उन्हें यह भी कहना पड़ा कि कनाडा भारत को उकसाना नहीं चाहता, लेकिन वह गंभीरता से इस पर सोचे। यदि प्रधानमंत्री ट्रूडो की सोच खालिस्तान समर्थक नहीं थी, तो उन्होंने यह आरोप किन साक्ष्यों के आधार पर चस्पा किया? उन्होंने भारतीय राजनयिक को 'देशनिकाला' क्यों दिया? उनके देश में खालिस्तान समर्थक उग्रवादी सरेआम सक्रिय क्यों हैं? क्या कनाडा ही खालिस्तान बन गया है?

भारतीय हिंदू छात्रों और अनिवासी भारतीयों को कनाडा छोड़ कर चले जाने की धमकियां क्यों दी जा रही हैं? क्या खालिस्तानी गुरपतवंत पन्नू अब तय करेगा कि कनाडा में कौन बसेगा और किसे देश छोड़ देना चाहिए? ट्रूडो बताएं कि ऐसा क्यों है? क्या 2.30 लाख छात्रों और करीब 7 लाख अनिवासी भारतीयों के प्रति कनाडाई प्रधानमंत्री की कोई जवाबदेही और जिम्मेदारी नहीं है? यदि प्रधानमंत्री ट्रूडो के आरोपों में जरा-सा भी तथ्य होता, तो अमरीका समेत यूरोपीय देश उनके आरोप का समर्थन करते और भारत पर दबाव बनाते। हालांकि पश्चिमी देश छोटे-मोटे मुद्दों पर ही भारत का पांव दबाने लगते हैं, लेकिन कारोबार, बाजार और रणनीतिक साझेदारी के मद्देनजर भारत के ही मुखापेक्षी रहे हैं। बहरहाल कनाडा के वरिष्ठ पत्रकार और भारतवंशी लोग लगातार आग्रह कर रहे हैं कि प्रधानमंत्री ट्रूडो को साक्ष्यों के आधार पर बात करनी चाहिए। अमरीका समेत कुछ देश भी तथ्यों के आधार पर जांच की मुखर मांग करने लगे हैं। यदि ट्रूडो खालिस्तान के इतने वैचारिक, सामाजिक, राजनीतिक हमदर्द हैं, तो कनाडा में ही 'खालिस्तान' बसा सकते हैं। कनाडा में व्यापक भूभाग हैं, जहां खालिस्तान बसाया जा सकता है। कनाडा में सिख, हिंदू और मिश्रित भारतीयों की आबादी खूब है।

कनाडा की अर्थव्यवस्था के आधार ही भारतीय हैं। भारत के साथ हजारों करोड़ रुपए का कनाडा व्यापार करता है, लेकिन ट्रूडो ध्यान रखें कि खालिस्तान की पैरोकारी 'आत्मघाती' साबित हो सकती है, क्योंकि यह उग्रवाद और अलगाववाद, अंततः आतंकवाद ही है और कनाडाई प्रधानमंत्री ने वैश्विक संगठनों के घोषणा पत्रों पर हस्ताक्षर भी किए हैं, जिनमें आतंकवाद का मुद्दा भी शामिल रहा है। सवाल यह भी है कि क्या प्रधानमंत्री ट्रूडो को अपनी 'अल्पमत सत्ता' बचाने को खालिस्तानियों की पैरोकारी करनी पड़ रही है? दरअसल उन्हें खालिस्तान समर्थक राजनीतिक दल के 24 सांसदों का समर्थन हासिल है, जिसके आधार पर उनकी सरकार का बहुमत बनता है और वह कनाडा के प्रधानमंत्री बने हुए हैं। यह भी गौरतलब है कि भारत ने कभी भी, किसी भी देश की, संप्रभुता में न तो हस्तक्षेप किया और न ही पहला हमला किया। यदि भारत देशद्रोहियों, दुश्मनों और आतंकियों के खिलाफ सख्ती करता है अथवा उनकी हत्या भी कर देता है, तो ऐसी कार्रवाई में गलत क्या है? क्या अमरीका, चीन, रूस और इजरायल ने अपने देश के दुश्मनों को, अपनी सीमाओं के बाहर जाकर, नहीं मारा? चीन ने कनाडा में ही अपने आलोचकों की हत्या की है, तब ट्रूडो की जुबान क्यों चिपक कर रह गई? ध्यान रहे कि भारत किसी भी देश में अपने खिलाफ हिंसक हरकतों को कभी बर्दाश्त नहीं करेगा।

## मेजर आशीष धोनैक का बलिदान युवाओं को देश प्रेम के लिए कर गया प्रेरित

हरियाणा के बारे में एक कहावत है कि

'जित दूध-दही का खाना, वो मेरा हरियाणा'



डॉ उमेश प्रताप वत्स

यद्यपि हरियाणा बांके युवाओं , मुछैल-लठैत चौधरियों के बारे में जाना जाता है किंतु देश में मुगल काल से आज तक हरियाणा के युवाओं ने सदा ही अपनी धरती व देश के लिए बलिदान होने में भी तनिक जान की परवाह नहीं की और इतिहास के स्वर्णिम पृष्ठों पर अपना नाम अमर कर दिया। अभी हाल ही में देश के मुकुट कहे जाने वाले जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में बुधवार 13 सितंबर को आतंकियों से मुठभेड़ में शहीद हुए सेना के कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धोनैक और जम्मू कश्मीर पुलिस के डीएसपी हुमायूं मुजम्मिल भट्ट की शहादत में हरियाणा के पानीपत जिले के रहने वाले मेजर आशीष धोनैक देश के दुश्मन पाकिस्तानी आंतकियों से लड़ते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान कर हरियाणा के बलिदानी इतिहास में अपना नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित करा अमर हो गए। पानीपत के मेजर आशीष धौंचक अनंतनाग में टीम के साथ मिशन पर थे। घने जंगलों के बीच आतंकियों से मुठभेड़ चल रही थी। इसी बीच उनकी जांघ में गोली लग गई। आर्मी की मेडिकल टीम आई और उन्हें इलाज के लिए ले जाना चाहा। मेजर आशीष ने कहा- मैं आतंकियों को मारकर ही जाऊंगा। वे घायल हालत में ही आतंकियों से भिड़ते रहे। करीब 10 घंटे तक उनके पैर से खून बहता रहा। इससे हालत बिगड़ती चली गई। लड़ते-लड़ते उनकी हालत नाजुक हो गई और वे शहीद हो गए।

हरियाणा की बलिदानी परम्परा का इतिहास बहुत पुराना है । भारत में अनेक राज्यों की भाँति हरियाणा भी वीरों का प्रदेश रहा है । राजा हेमचन्द्र उपाख्य हेमू विक्रमादित्य ने दिल्ली के तख्त पर बैठकर मुगलों को भारतीय ताकत की अनुभूति कराई थी। समय की अपनी चाल होती है, यदि अकबर के साथ युद्ध में लड़ते हुए सेनापति बैरमखाँ का तीर हेमू विक्रमादित्य की आँख में न लगता और उसके बाद हेमू की सेना में भगदड़ न मचती तो इतिहास कुछ ओर ही होना था। होनी बड़ी बलवान है, होता वही है जो विधाता ने रच रखा है। प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में भी राजा राव तुला राम ने हरियाणा का नाम सम्मानित अक्षरों में अंकित करा रखा है ।कहा जाता है कि यह स्वतंत्रता संग्राम राजा राव तुलाराम व नारनौल क्षेत्र के गांव नसीबपुर में हुई लड़ाई के जिक्र के बिना अधूरा है। 16 नवम्बर 1857 को भारतीय वीरों व अंग्रेजों के बीच हुई। इस लड़ाई की तैयारी राजा राव तुला राम ने की।

इस लड़ाई में सैंकड़ों भारतीय योद्धा वीरगति को प्राप्त हुए जबकि अंग्रेज सेना के कर्नल आई. जी. गेरार्ड सहित अंग्रेजी सेना के 70 से अधिक सैनिक व अधिकारी मारे गए थे। नसीबपुर की लड़ाई में कम संसाधनों के बावजूद भारतीय वीरों के बलिदान व जज्बे से स्वतंत्रता संग्राम को मजबूती मिली जिससे भविष्य में देश की आजादी का मार्ग प्रशस्त हुआ। शहीदों की गौरव गाथाएं आने वाली पीढ़ी को सदैव अपनी समृद्ध विरासत की याद दिलाएंगी, इसी भाव को ध्यान में रखते हुए हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस मातृभूमि के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों को याद करते हुए उनके बलिदान को युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत बनाने हेतु मनाया जाता है। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में हरियाणा के अमर शहीद वीर राव तुला राम की महत्वपूर्ण भूमिका को स्मरण करते हुए 23 सिंतबर 1863 को उनके बलिदान दिवस के अवसर पर ही हरियाणा शहीदी दिवस के रूप में मनाया जाता है।


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**


इस कोष ने मैन्यूफैक्चरिंग, सेवाओं एवं कृषि से संबंधित उद्योगों सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े अन्य पिछड़ा वर्ग के उद्यमियों के स्वामित्व वाली 29 कंपनियों को 106 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। इस वित्तीय सहायता ने अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय के बीच विकास एवं समावेशिता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्ष 2021 में, 'सिल्वर इकोनॉमी' के रूप में जाने जाने वाले वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण एवं भलाई के लिए अटल वयो अभ्युदय योजना (एवीवीएवाई) के तहत 'सेज' (सीनियर एजिंग ग्रोथ इंजन) नाम की पहल शुरू की गई थी।


# सामाजिक परिवर्तन के लिए उद्यमिता को प्रोत्साह

सामाजिक परिवर्तन के एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में उद्यमिता की मान्यता पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। उद्यमिता न केवल आर्थिक मूल्य सृजित करती है, बल्कि यह लोगों को अपने अधिकारों का प्रयोग करने तथा पारंपरिक मानदंडों से मुक्त होने के लिए सशक्त भी बनाती है। स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के साथ एकीकृत करने की दृष्टि से, सरकार ने हाशिए पर रहने वाले एवं कमजोर समुदाय के लोगों के भीतर उद्यमिता को प्रोत्साहित करने हेतु कई सक्रिय कदम उठाए हैं। उद्यमिता के प्रोत्साहन का यह दृष्टिकोण उस समावेशी विकास के इर्द-गिर्द घूमता है, जहां कोई भी पीछे नहीं छूटे और सभी नागरिकों, चाहे उनकी पृष्ठभूमि या सामाजिक हैसियत कुछ भी हो, को अवसर समान रूप से सुलभ हों। विभिन्न रणनीतिक पहलों एवं अभिनव कार्यक्रमों के माध्यम से, सरकार का उद्देश्य हाशिए पर रहने वाले समुदायों को सशक्त बनाते और उनकी क्षमता को सामने लाते हुए देश को व्यापक विकास की ओर ले जाना है।



सौरभ गर्ग

वर्ष 2015 में, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने रियायती वित्त प्रदान करके अनुसूचित जातियों के बीच उद्यमिता को बढ़ावा देने हेतु अनुसूचित जातियों के लिए उद्यम पूंजी कोष (वेंचर कैपिटल फंड) की स्थापना की। लगभग 726 करोड़ रुपये की मौजूदा निधि के साथ, इस कोष ने सभी उद्योगों में ग्रीन-फील्ड एवं विस्तार परियोजनाओं के लिए 10 लाख रुपये से लेकर 15 करोड़ रुपये तक की फंडिंग की पेशकश करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस वित्तीय सहायता ने उन उभरते उद्यमियों के लिए एक जीवन-रेखा के रूप में काम किया है, जिनके लिए शायद फंडिंग के पारंपरिक मार्गों तक पहुंचना संभव नहीं होता। इस कोष के सबसे उल्लेखनीय पहलुओं में से एक चार प्रतिशत प्रति वर्ष की रियायती ब्याज दर है, जिसे महिला उद्यमियों एवं अनुसूचित जाति वर्ग के दिव्यांग उद्यमियों के लिए घटाकर 3.75 प्रतिशत प्रति वर्ष कर दिया गया है। ब्याज दरों में यह उल्लेखनीय कमी यह सुनिश्चित करती है कि हाशिए की पृष्ठभूमि से उभरने वाले उद्यमी अपेक्षाकृत अधिक विशेषाधिकार प्राप्त पृष्ठभूमि से संबंध रखने वाले अपने समकक्षों के साथ समान धरातल पर प्रतिस्पर्धा कर सकें। अंबेडकर सोशल इनोवेशन इनक्यूबेशन मिशन (एएसआईआईएम) सामाजिक परिवर्तन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। उद्यम पूंजी (वेंचर कैपिटल) से जुड़ी पहल के हिस्से के रूप में, अनुसूचित जाति समुदाय के युवाओं के भीतर अभिनव विचारों के विकास एवं प्रसार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एएसआईआईएम का 2020 में शुभारंभ किया गया था। कुल 30 लाख रुपये तक की फंडिंग के माध्यम से, एएसआईआईएम ने अनुसूचित जाति समुदाय के छात्रों एवं शोधकर्ताओं द्वारा शुरू की गई प्रौद्योगिकी-उन्मुख परियोजनाओं व स्टार्ट-अप का समर्थन किया है।



इस पहल ने उद्यमिता के मोर्चे पर सरकार की ओर से डाले जाने वाले प्रभाव में एक और गतिशील एवं अभिनव आयाम जोड़ा है।

इन पहलों का प्रभाव गहरा रहा है। कुल मिलाकर 20 राज्यों में अनुसूचित जाति के उद्यमियों के स्वामित्व वाले 200 उद्यमों को समर्थन देने के लिए 483 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए। ये उद्यम विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े हुए हैं और क्षेत्रीय विकास एवं राष्ट्र-निर्माण के व्यापक प्रयास में अहम योगदान दे रहे हैं। इसके अलावा, अनुसूचित जाति समुदाय के पहली पीढ़ी के उद्यमियों को महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करके उनकी सफलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मार्गदर्शन सत्र की पेशकश करने वाले प्लेटफॉर्म aye-mentor.in की स्थापना की गई है।

अन्य पिछड़ा वर्ग के उद्यमियों की असीम क्षमताओं को पहचानते हुए, सरकार ने 2019 में पिछड़े वर्ग के लिए उद्यम पूंजी कोष (वेंचर कैपिटल फंड) की स्थापना की। कुल 143 करोड़ रुपये की मौजूदा निधि के साथ, यह कोष पिछड़े वर्ग के उद्यमियों को रियायती वित्तपोषण प्रदान करता है। इससे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र में पिछड़े वर्ग के उद्यमियों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहन मिला है। सभी उद्योगों में ग्रीन-फील्ड एवं विस्तार परियोजनाओं के लिए 20 लाख रुपये से लेकर 15 करोड़ रुपये तक की फंडिंग की पेशकश करके, हम आर्थिक समावेशिता को बढ़ावा दे रहे हैं।

इस कोष ने मैन्यूफैक्चरिंग, सेवाओं एवं कृषि से संबंधित उद्योगों सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े अन्य पिछड़ा वर्ग के उद्यमियों के स्वामित्व वाली 29 कंपनियों को 106 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। इस वित्तीय सहायता ने अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय के बीच विकास एवं समावेशिता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्ष 2021 में, 'सिल्वर इकोनॉमी' के रूप में जाने जाने वाले वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण एवं भलाई के लिए अटल वयो अभ्युदय योजना (एवीवीएवाई) के तहत 'सेज' (सीनियर एजिंग ग्रोथ इंजन) नाम की पहल शुरू की गई थी। कुल 21.50 करोड़ रुपये की वर्तमान निधि और 106 करोड़ रुपये की इच्छित निधि के साथ, सेज उद्यम कोष (वेंचर फंड) इस क्षेत्र में उद्यमिता को बढ़ावा देते हुए बुजुर्गों की बेहतरी के लिए नवीन समाधान पेश करने वाले स्टार्ट-अप का समर्थन करता है।

ये पहल हाशिए पर रहने वाले समुदायों की क्षमताओं को सामने लाने और उन्हें अपनी नियति का निर्धारण करने के कार्य में सक्षम बनाने में समर्थ रहे हैं। उद्यम पूंजी कोष (वेंचर कैपिटल फंड) के माध्यम से वित्तीय सहायता के प्रावधान के परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था में 700 करोड़ से अधिक मूल्य की परिसंपत्तिओं का निर्माण हुआ है और इससे 3000 से अधिक व्यक्तियों के लिए रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। हाशिए पर रहने वाले एवं कमजोर समुदायों के 400 से अधिक उद्यमियों ने अपनी उद्यमशीलता संबंधी आकांक्षाओं को सफलतापूर्वक साकार किया है। ये उद्यमी अब मेक इन इंडिया पहल में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं और इस प्रकार भारत की आर्थिक विकास एवं समृद्धि को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय हाशिए पर रहने वाले समुदायों को सशक्त बनाने तथा सामाजिक सशक्तिकरण एवं राष्ट्र-निर्माण के वाहक के रूप में उद्यमिता को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग है। अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्गों के लिए उद्यम पूंजी कोष (वेंचर कैपिटल फंड) के साथ-साथ सेज उद्यम कोष (वेंचर फंड) जैसी रणनीतिक पहलों के माध्यम से सरकार ने सभी लोगों, चाहे उनकी पृष्ठभूमि या सामाजिक हैसियत कुछ भी हो, के लिए अवसर सृजित करने का काम जारी रखा है। समावेशी प्रगति का दृष्टिकोण महज एक सपना भर नहीं है, बल्कि यह परिवर्तनकारी पहलों के माध्यम से तैयार की गई एक ऐसी वास्तविकता है जो लोगों को सशक्त बनाती है, नवाचार को बढ़ावा देती है और राष्ट्र को व्यापक विकास के मार्ग पर अग्रसर करती है। अपेक्षाकृत अधिक समावेशी एवं समृद्ध भारत के निर्माण के लिए, इस तरह के प्रयास प्रत्येक नागरिक की अप्रयुक्त क्षमताओं का दोहन करते हुए सार्थक परिणाम देते रहेंगे।

# खालिस्तानी उग्रवादियों का पैरोकार कनाडा

भारत सरकार को अपने नागरिकों के लिए सतर्कता का परामर्श जारी करना पड़ा है। कनाडा भारतीयों, खासकर पंजाबियों के लिए, दूसरा घर रहा है, लेकिन अब खालिस्तानियों की निश्चित पनाहगाह भी बन गया है। कनाडा नाटो और यूरोपीय संघ का सदस्य-देश है, तो जी-20 समूह में भारत के साथ भी शामिल है।

खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत पर आरोप लगाने वाले कनाडा का कहना है कि उसने भारतीय डिप्लोमैट्स की सर्विलांसिंग की थी। उसका कहना है कि कनाडा में भारतीय राजनयिकों की सर्विलांसिंग के बाद यह जानकारी सामने आई कि वे निज्जर की हत्या में शामिल थे। यही नहीं कनाडा के एक अधिकारी ने न्यूज एजेंसी एपी से कहा कि एक मित्र देश से भी उन्हें इंटेलिजेंस मिला था, जिसके बाद ये आरोप लगाए गए। बता दें कि कनाडा श्फाइव आइजश् नाम के संगठन में शामिल है। इसमें अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और ब्रिटेन भी शामिल हैं। ये पांचों देश आपस में खुफिया जानकारी भी साझा करते हैं।



रोहित माहेश्वरी

अधिकारी ने यह नहीं बताया कि कनाडा को किस सहयोगी देश से इंटेलिजेंस मिली थी और उसमें क्या बात थी। बता दें कि भारत ने निज्जर की हत्या में शामिल होने के आरोपों से साफ इंकार किया है। इसके अलावा कनाडा की ओर से लगाए आरोपों पर सबूत की भी मांग की है, जिन्हें अब तक देने में जस्टिन ट्रूडो सरकार असफल रही है। हालांकि जस्टिन ट्रूडो ने एक बार फिर से अपनी जिद को दोहराते हुए कहा है कि भारत की इस मामले में संलिप्तता थी। उन्होंने गुरुवार को फिर से कहा कि यह मानने के पर्याप्त कारण मौजूद हैं कि निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंट्स का हाथ था और ये लोग राजनयिकों के संपर्क में थे। हरदीप सिंह निज्जर कुछ साल पहले ही एक प्लंबर के तौर पर कनाडा पहुंचा था। फिर धीरे-धीरे वह खालिस्तानी चेहरा बन गया और कई धार्मिक स्थलों पर कब्जा जमा लिया था। कहा जाता है कि यहां चढ़ने वाली रकम से वह जस्टिन ट्रूडों की पार्टी को फंडिंग तक करता था। कांग्रेस के सांसद रवनीत सिंह बिट्टू ने भी गुरुवार को ऐसे आरोप लगाए थे। सोमवार को ट्रूडो ने संसद में आरोप लगाया था कि निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंसियों का हाथ है। उसके बाद कनाडा ने एक भारतीय राजनयिक को बाहर कर दिया था और फिर भारत ने भी कठोर निर्णय लिया है।

बीते दिनों कनाडा में एक और खालिस्तानी समर्थक की हत्या कर दी गई है। कनाडा में रहने वाले आतंकी सुखदूल सिंह की अज्ञात लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी है। गैंगस्टर गोल्डी बराड़ और लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने बंबीहा गैंग के गैंगस्टर सुक्खा दुनोके (सुखदूल) के कत्ल की जिम्मेदारी ली है। जिन लोगों ने सुखदूल को गोली मारी उनकी पहचान नहीं की जा सकी है। खालिस्तान समर्थक उग्रवादियों की पैरोकारी करते हुए कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो ने भारत पर जो बेहद गंभीर आरोप चस्पा किया है, उससे न केवल राजनयिक टकराव पैदा हुआ है, बल्कि भारतीय छात्रों और अनिवासी भारतीयों पर खतरे मंडराने लगे हैं। कनाडा ने हमारे एक वरिष्ठ राजनयिक को देश छोडने का आदेश दिया है, तो हमारे विदेश मंत्रालय ने भी कनाडाई राजनयिक को



'देशनिकाला' दे दिया है। यह लोकतांत्रिक और सहयोगी देशों के लिए सुखद स्थितियां नहीं हैं।

भारत सरकार को अपने नागरिकों के लिए सतर्कता का परामर्श जारी करना पड़ा है। कनाडा भारतीयों, खासकर पंजाबियों के लिए, दूसरा घर रहा है, लेकिन अब खालिस्तानियों की निश्चित पनाहगाह भी बन गया है। कनाडा नाटो और यूरोपीय संघ का सदस्य-देश है, तो जी-20 समूह में भारत के साथ भी शामिल है। शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने द्विपक्षीय संवाद किया था, जिसके दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय दूतावासों और मंदिरों पर खालिस्तानी उग्रवादियों के हमलों का मुद्दा उठाया था। कनाडाई प्रधानमंत्री को सचेत किया गया था कि भारत इन हरकतों को बर्दाश्त नहीं करेगा। उसके बावजूद प्रधानमंत्री ट्रूडो ने अपनी संसद में संगीन आरोप लगाए कि कनाडा के नागरिक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या भारतीय एजेंसियों ने कराई थी। उन्हें यह भी कहना पड़ा कि कनाडा भारत को उकसाना नहीं चाहता, लेकिन वह गंभीरता से इस पर सोचे। यदि प्रधानमंत्री ट्रूडो की सोच खालिस्तान समर्थक नहीं थी, तो उन्होंने यह आरोप किन साक्ष्यों के आधार पर चस्पा किया? उन्होंने भारतीय राजनयिक को 'देशनिकाला' क्यों दिया? उनके देश में खालिस्तान समर्थक उग्रवादी सरेआम सक्रिय क्यों हैं? क्या कनाडा ही खालिस्तान बन गया है?

भारतीय हिंदू छात्रों और अनिवासी भारतीयों को कनाडा छोड़ कर चले जाने की धमकियां क्यों दी जा रही हैं? क्या खालिस्तानी गुरपतवंत पन्नू अब तय करेगा कि कनाडा में कौन बसेगा और किसे देश छोड़ देना चाहिए? ट्रूडो बताएं कि ऐसा क्यों है? क्या 2.30 लाख छात्रों और करीब 7 लाख अनिवासी भारतीयों के प्रति कनाडाई प्रधानमंत्री की कोई जवाबदेही और जिम्मेदारी नहीं है? यदि प्रधानमंत्री ट्रूडो के आरोपों में जरा-सा भी तथ्य होता, तो अमरीका समेत यूरोपीय देश उनके आरोप का समर्थन करते और भारत पर दबाव बनाते। हालांकि पश्चिमी देश छोटे-मोटे मुद्दों पर ही भारत का पांव दबाने लगते हैं, लेकिन कारोबार, बाजार और रणनीतिक साझेदारी के मद्देनजर भारत के ही मुखापेक्षी रहे हैं।

बहरहाल कनाडा के वरिष्ठ पत्रकार और भारतवंशी लोग लगातार आग्रह कर रहे हैं कि प्रधानमंत्री ट्रूडो को साक्ष्यों के आधार पर बात करनी चाहिए। अमरीका समेत कुछ देश भी तथ्यों के आधार पर जांच की मुखर मांग करने लगे हैं। यदि ट्रूडो खालिस्तान के इतने वैचारिक, सामाजिक, राजनीतिक हमदर्द हैं, तो कनाडा में ही 'खालिस्तान' बसा सकते हैं। कनाडा में व्यापक भूभाग हैं, जहां खालिस्तान बसाया जा सकता है। कनाडा में सिख, हिंदू और मिश्रित भारतीयों की आबादी खूब है। कनाडा की अर्थव्यवस्था के आधार ही भारतीय हैं। भारत के साथ हजारों करोड़ रुपए का कनाडा व्यापार करता है, लेकिन ट्रूडो ध्यान रखें कि खालिस्तान की पैरोकारी 'आत्मघाती' साबित हो सकती है, क्योंकि यह उग्रवाद और अलगाववाद, अंततरू, आतंकवाद ही है और कनाडाई प्रधानमंत्री ने वैश्विक संगठनों के घोषणा पत्रों पर हस्ताक्षर भी किए हैं, जिनमें आतंकवाद का मुद्दा भी शामिल रहा है। सवाल यह भी है कि क्या प्रधानमंत्री ट्रूडो को अपनी 'अल्पमत सत्ता' बचाने को खालिस्तानियों की पैरोकारी करनी पड़ रही है? दरअसल, कनाडा के प्रधानमंत्री की अल्पमत सरकार को उन तत्वों का समर्थन है, जो भारत विरोधी अलगाववादियों की पीठ पर हाथ रखते हैं। ट्रूडो अपनी सरकार सुरक्षित रखने के लिये इन भारत विरोधी तत्वों के हाथ की कठपुतली बनते जा रहे हैं। दरअसल, जी-20 सम्मेलन के दौरान भी ट्रूडो का गैरजिम्मेदार रवैया सामने आया। तभी लगा था कि वे खालिस्तान समर्थक तत्वों की हरकतों को गंभीरता से नहीं लेते। लेकिन वे कनाडा पहुंचकर ऐसा कदम उठाएंगे, ऐसी उम्मीद किसी को नहीं थी। दरअसल, अलगाववादियों की आवाज उन्हें अपने नागरिकों की अभिव्यक्ति की आजादी नजर आती है। इसे विडंबना ही कहा जायेगा कि भारत की संप्रभुता और एकता-अखंडता के गंभीर मुद्दे की तुलना वे अपनी राजनीतिक मजबूरियों के मामले से कर रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें अतंर्राष्ट्रीय संबंधों की गरिमा का ख्याल रखना चाहिए।

# बढ़ता ई-कचरा स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिये खतरा

यूनाइटेड नेशंस यूनिवर्सिटी की ओर से जारी 'ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनिटर 2020 रिपोर्ट के मुताबिक साल 2019 में दुनिया में 5.36 करोड़ मीट्रिक टन ई-कचरा पैदा हुआ था।

लगातार बढ़ रहा ई-कचरा न केवल भारत के लिये बल्कि समूची दुनिया के बड़ा पर्यावरण, प्रकृति एवं स्वास्थ्य खतरा है। ई-कचरा से तात्पर्य उन सभी इलेक्ट्रानिक और इलेक्ट्रिकल उपकरणों (ईईई) तथा उनके पार्ट्स से है, जो उपभोगकर्ता द्वारा दोबारा इस्तेमाल में नहीं लाया जाता। ग्लोबल ई-वेस्ट मानिटर-2020 के मुताबिक चीन और अमेरिका के बाद भारत दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा ई-वेस्ट उत्पादक है। चूंकि इलेक्ट्रिक्ल और इलेक्ट्रानिक उपकरणों को बनाने में खतरनाक पदार्थों (शीशा, पारा, कैडमियम आदि) का इस्तेमाल होता है, जिसका मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर दुष्प्रभाव पड़ता है। दुनियाभर में इस तरह से उत्पन्न हो रहा ई-कचरा एक ज्वलंत समस्या के रूप में सामने आ रहा है। पारा, कैडमियम, सीसा, पॉलीब्रोमिनेटेड फ्लेम रिटार्डेंट्स, बेरियम, लिथियम आदि ई-कचरे के जहरीले अवशेष मानव स्वास्थ्य के लिए बहुत खतरनाक होते हैं इन विषाक्त पदार्थों के संपर्क में आने पर मनुष्य के हृदय, यकृत, मस्तिष्क, गुर्दे और कंकाल प्रणाली की क्षति होती है। इसके अलावा, यह ई-वेस्ट मिट्टी और भूजल को भी दूषित करता है। ई-उत्पादों की अंधी दौड़ ने एक अन्तहीन समस्या को जन्म दिया है। शुद्ध साध्य के लिये शुद्ध साधन अपनाने की बात इसीलिये जरूरी है कि प्राप्त ई-साधनों का प्रयोग सही दिशा में सही लक्ष्य के साथ किया जाये, पदार्थ संयम के साथ इच्छा संयम हो। आज दुनिया के सामने कई तरह की चुनौतियां हैं, जिसमें से ई-वेस्ट एक नई उभरती विकराल एवं विध्वंसक समस्या भी है। दुनिया में हर साल 3 से 5 करोड़ टन ई-वेस्ट पैदा हो रहा है। ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनिटर के मुताबिक भारत सालाना करीब 20 लाख टन ई-वेस्ट पैदा करता है और अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी के बाद ई-वेस्ट उत्पादक देशों में 5वें स्थान पर है। ई-वेस्ट के निपटारे में भारत काफी पीछे है, जहां केवल 0.003 मीट्रिक टन का निपटारा ही किया जाता है। यूएन के मुताबिक, दुनिया के हर व्यक्ति ने साल 2021 में 7.6 किलो ई-वेस्ट डंप किया। भारत में हर साल लगभग 25 करोड़ मोबाइल ई-वेस्ट हो रहे हैं। ये आंकड़ा हर किसी को चौंकाता है एवं चिंता का बड़ा कारण बन रहा है, क्योंकि इनसे कैंसर और डीएनए डैमेज जैसी बीमारियों के साथ कृषि उत्पाद एवं पर्यावरण के सम्मुख गंभीर खतरा भी बढ़ रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, ई-कचरे से निकलने वाले जहरीले पदार्थों के सीधे संपर्क से स्वास्थ्य जोखिम हो सकता है।



ललित गर्ग

दुनिया भर में इलेक्ट्रॉनिक कचरे के बढ़ने की सबसे बड़ी वजह इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की तेजी से बढ़ती खपत है। आज हम जिन इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों को अपनाते जा रहे हैं उनका जीवन काल छोटा होता है। इस वजह से इन्हें जल्द फेंक दिया जाता है। जैसे ही कोई नई टेक्नोलॉजी आती है, पुराने को फेंक दिया जाता है। इसके साथ ही कई देशों में इन उत्पादों के मरम्मत और रिसायक्लिंग



की सीमित व्यवस्था है या बहुत महंगी है। ऐसे में जैसे ही कोई उत्पाद खराब होता है लोग उसे ठीक कराने की जगह बदलना ज्यादा पसंद करते हैं। साल 2021 में डेफ्ट यूनिवर्सिटी आफ टेक्नोलाजी द्वारा किए गए सर्वेक्षण में फोन बदलने का सबसे बड़ा कारण साफ्टवेयर का धीमा होना और बैटरी में गिरावट रहा। दूसरा बड़ा कारण, नये फोन के प्रति आकर्षण था। कंपनियों की मार्केटिंग और दोस्तों द्वारा हर साल फोन बदलने की आदतों से भी प्रभावित होकर भी लोग नया फोन ले लेते हैं, जबकि इसकी जरूरत नहीं होती। इस वजह से भी ई-कचरे में इजाफा हो रहा है। एक अन्य आंकड़े के मुताबिक अगर साल 2019 में उत्पादित कुल इलेक्ट्रॉनिक कचरे को रिसायकल कर लिया गया होता वो करीब 425,833 करोड़ रुपए का फायदा देता। यह आंकड़ा दुनिया के कई देशों के जीडीपी से भी ज्यादा है।

यूनाइटेड नेशंस यूनिवर्सिटी की ओर से जारी 'ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनिटर 2020 रिपोर्ट के मुताबिक साल 2019 में दुनिया में 5.36 करोड़ मीट्रिक टन ई-कचरा पैदा हुआ था। अनुमान है कि साल 2030 तक इस वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक कचरे में तकरीबन 38 प्रतिशत तक वृद्धि हो जाएगी। अब आप अंदाजा लगा सकते हैं कि यह समस्या कितनी बड़ी है और आने वाले समय में यह और कितना बढ़ने वाली है। बात अगर दिल्ली की करें तो यहां हर साल 2 लाख टन ई-कचरा पैदा होता है। हालांकि, इसे वैज्ञानिक और सुरक्षित तरीके से हैंडल नहीं किया जा रहा है। इससे आग लगने जैसी कई जानलेवा घटनाएं हो चुकी हैं, जो दिल्ली के निवासियों और कूड़ा उठाने वालों के स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं। इसी क्रम में अभी हाल ही में दिल्ली सरकार ने घोषणा की है कि दिल्ली में भारत का पहला ई-कचरा इको-पार्क खोला जायेगा। 20 एकड़ में बनने वाले इस पार्क में बैटरी, इलेक्ट्रॉनिक सामान, लैपटॉप, चार्जर, मोबाइल और पीसी से अनूठे एवं दर्शनीय चीजों को निर्मित किया जायेगा। इसी कड़ी में कानपुर में ई-वेस्ट प्रबंधन का एक बेहतरीन मॉडल सामने आया है। यहां जयपुर के एक कलाकार ने ई-वेस्ट से 10 फीट लंबी मूर्ति बनाई है। इसे बनाने में 250 डेस्कटॉप और 200 मदरबोर्ड, केबल और ऐसी अनेक खराब इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का इस्तेमाल किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट का जिक्र किया था। उन्होंने लोगों से आह्वान किया था कि पर्यावरण को बचाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक-कचरे का प्रभावी प्रबंधन करना होगा। गौरतलब है कि भारत में साल 2011 से ही इलेक्ट्रॉनिक कचरे के प्रबंधन से जुड़ा नियम लागू है। बाद में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा ई-कचरा (प्रबंधन) नियम, 2016 लागू किया गया था। इस नियम के तहत पहली बार इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के निर्माताओं को विस्तारित निर्माता जिम्मेदारी के दायरे में लाया गया। नियम के अंतर्गत उत्पादकों को ई-कचरे के संग्रहण तथा आदान-प्रदान के लिये उत्तरदायी बनाया गया है और उल्लंघन की स्थिति में दंड का प्रावधान भी किया गया है। अगर आप चाहते हैं कि ई-वेस्ट को कम किया जाए, तो इसके लिए जरूरी है कि चीजों की रिसाइक्लिंग की जाए। किसी पुराने मोबाइल या कंप्यूटर आदि को रिसाइकल किया जाए और इनका फिर से इस्तेमाल हो। कई लोग या कंपनियां अपने पुराने लैपटॉप, कंप्यूटर या मोबाइल को वेस्ट कर देते हैं, जो ई-वेस्ट के रूप में सामने आते हैं। लेकिन आप ऐसे में इसे किसी जरूरतमंद को दे सकते हैं। इसके लिये लायंस क्लब इन्टरनेशनल-डिस्ट्रिक-321-ए ने अनूठी एवं अनुकरणीय पहल करते हुए ई-अवशेषों एवं वेस्ट को एकत्र कर रही है। अन्य जनसेवी संस्थाएं भी ऐसे सराहनीय उपक्रम कर रही है, आप ऐसे किसी एनजीओ या किसी छोटी कंपनी आदि को पुराने मोबाइल, लैपटॉप आदि दे सकते हैं। जरूरत तो इस बात की है कि आपको अपने पुराने मोबाइल, लैपटॉप, कंप्यूटर आदि को तब तक इस्तेमाल करना चाहिए, जब तक यह संभव हो सके। भारत सरकार ई-कचरे के निपटारे के लिए प्रबंधन नीति लाई थी, लेकिन वह कारगर नहीं साबित हुई और अब रिसाइकल इंसेंटिव के साथ नई नीति ला रही है।

# किशोरों और युवाओं तक पहुँच बनाना व सोच में बदलाव लाना जरूरी : डॉ. पिंकी

अवधनामा संवाददाता



## शहरी कमजोर वर्ग को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ मुहैया कराने पर 'मंत्रणा'

लखनऊ। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, स्वास्थ्य निदेशालय और पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल (पीएसआई) इण्डिया के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को स्थानीय एक होटल में 'मंत्रणा' कार्यशाला आयोजित की गयी। पीएसआई के द चौलेन्ज इनिशिएटिव (टीसीआई) कार्यक्रम के तहत आयोजित कार्यशाला में शहरी कमजोर वर्ग को गुणवत्तापूर्ण परिवार नियोजन और बेहतर किशोर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने पर मंत्रणा हुई।

इस मौके पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन-उत्तर प्रदेश की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवेल ने कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को गुणवत्तापूर्ण और सभी के लिए सुलभ बनाना सरकार की पहली प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने किशोरों और युवाओं तक पहुँच बढ़ाने और उनकी सोच में बदलाव लाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किशोर और किशोरियों में शारीरिक बदलाव समान तरीके से होते हैं, ऐसे में उनकी जिज्ञासाएं तरह-तरह की होती हैं। उनकी जिज्ञासाओं को शांत करना बहुत जरूरी होता है हालाँकि आज सोशल मीडिया से वह जानकारी तो बहुत जुटा लेते हैं लेकिन सही और गलत का निर्णय लेने में वह अक्षम होते हैं। इसलिए उनको इसी उम्र में सही जानकारी मिल जाए तो वह देश के निर्माण में सहायक बन सकते हैं। परिवार नियोजन कार्यक्रम में पुरुष भागीदारी बढ़ाने पर भी उन्होंने जोर दिया। मिशन निदेशक ने कहा कि देश तेजी के साथ विकास की ओर अग्रसर है, जिस कारण से प्रवासी कामगार भी बढ़े हैं, जिन्हें स्वास्थ्य सुविधाएँ मुहैया कराना ही बड़ी चुनौती के रूप में है। इसमें सहयोगी संस्थाएं बड़ी मददगार साबित हो सकती हैं।

इस मौके पर महानिदेशक परिवार कल्याण डॉ. बृजेश राठौर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को घर-घर तक पहुँचाने के लिए आशा कार्यकर्ताओं की बड़ी फ़ौज तैनात है लेकिन अभी शहरी क्षेत्र में ऐसा नहीं है। नगरीय स्वास्थ्य केन्द्रों के जरिये जरूर घर के करीब स्वास्थ्य सुविधाएँ मुहैया करायी जा रहीं हैं। पीएसआई इण्डिया के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर मुकेश कुमार शर्मा ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने शहरी कमजोर वर्ग में प्रजनन और किशोर स्वास्थ्य सेवाओं की चुनौतियों और संभावनाओं पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, ऐसे में आज हमें विचार करने की सख्त जरूरत है कि जब देश आजादी के 100 साल पूरे करने को हो तो स्वास्थ्य के मामले में भारत कैसा दिखना चाहिए।

# एनएमसी के निर्देश पर पेशेंट सेफ्टी वीक में हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

लखनऊ। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की ओर से राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग-एनएमसी के निर्देशानुसार पेशेंट सेफ्टी वीक प्रोग्राम के तहत संगोष्ठी, कोड ब्लू एवम् कोड येलो आदि का मेडिकल ड्रिल, मेडिकल सेफ्टी को लेकर लासा ड्रग प्रतियोगिता, डब्ल्यूएचओ हैंड हाईजीन टेक्निक की ट्रेनिंग एवम् अंतर्राष्ट्रीय मरीज सुरक्षा लक्ष्य की थीम पर पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिताएं हुई। पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिताओं में मेडिकल के छात्र-छात्राओं ने अपने हुनर दिखाया। इन प्रतियोगिताओं में करीब 150-150 स्टुडेंट्स ने प्रतिभाग किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को ट्राफी और सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिताओं में मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. एनके सिंह, हेल्थ साइंसेज के डीन प्रो. एसके जैन, एएमएस प्रो. वीके सिंह, डॉ. मनप्रीत कौर, डॉ. रूपा सिंह, डॉ. आरके कौल आदि जज की भूमिका में रहे।

# एबीसी सेंटर संचालित करने के लिए संस्थाओं को दिया जायेगा प्रशिक्षण

अवधनामा संवाददाता

ए.बी.सी. सेंटर संचालित करने के लिए ए.डब्ल्यू.बी.आई. भारत सरकार की संस्था तथा नगर विकास विभाग के साथ हुआ अनुबंध



लखनऊ। नगर विकास विभाग के विशेष सचिव डा राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में बापू भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को ए.बी.सी. सेंटर को संचालित करने के लिए संस्थाओं को प्रशिक्षण दिये जाने हेतु नगर विकास विभाग के सचिव, एनिमल वेलफेयर ऑफ इण्डिया (ए.डब्ल्यू.बी.आई.) भारत सरकार श्री सुजीत कुमार दत्ता तथा नगर निगम लखनऊ के मध्य अनुबंध किया गया। इस अनुबंध के माध्यम से जरहरा ए.बी.सी. सेंटर लखनऊ को स्टेट ऑफ द आर्ट के रूप में पूरे भारत के लिए मॉडल के रूप में बनाने का निर्णय लिया गया है। उप्र पूरे भारत का पहला प्रदेश है, जहां की राज्य सरकार द्वारा भारत सरकार के सहयोग से ऐसे उच्च स्तरीय प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना की जा रही है।

विशेष सचिव ने बताया कि इसके अलावा उप्र, भारत के उन चुनिंदा राज्यों में है, जहां कि 17 नगर निगमों में ए.बी.सी. सेंटर के निर्माण की कार्ययोजना प्रक्रियाधीन है। इससे पूर्व माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा डॉग मैनुअल का विमोचन भी किया जा चुका है। वर्तमान में श्वान-मानव संघर्ष की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए पशु चिकित्सालयों के माध्यम से जीव दया के भारतीय सिद्धान्त के आधार पर सर्वे और स्टडी करवाने की तैयारी भी की जा रही है।

बैठक में नगर आयुक्त श्री इन्द्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त डा अरविन्द कुमार राव, अपर निदेशक डा असलम अंसारी, सदस्य पीपुल फॉर एनिमल सुश्री गौरी मौलेखी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# इंग्लैण्ड के चार विश्वविद्यालयों में सीएमएस छात्रा चयनित

अवधनामा संवाददाता



लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) की छात्रा मलाइका रिजवी को इंग्लैण्ड के चार प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों ने उच्चशिक्षा हेतु आमन्त्रित किया है, जिनमें द यूनिवर्सिटी ऑफलॉ, यूनिवर्सिटी ऑफवेस्ट इंग्लैण्ड, आक्सफोर्ड ब्रुक्स यूनिवर्सिटी एवं यूनिवर्सिटी ऑफलिंकन शामिल हैं। इस प्रकार, सी.एम.एस. की एक और प्रतिभाशाली छात्रा ने अपनी शैक्षणिक प्रतिभा से लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। मलाइका ने इस सफलता का श्रेय सी.एम.एस. के अपने शिक्षकों व शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने इस मेधावी छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने है। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है। प्रतिवर्ष भारी संख्या में सी.एम.एस. छात्र विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में उच्चशिक्षा हेतु चयनित होते हैं। इस वर्ष अभी तक सी.एम.एस. के 110 से अधिक छात्रों ने अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया आदि में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का नाम रोशन किया है।

# 15वीं रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा रवाना

## 'रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा' के 1 वर्ष पूर्ण, विधायक बोले- वृद्धजनों का आशीर्वाद ही मेरा सामर्थ्य

अवधनामा संवाददाता



### 'रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा' निःशुल्क बस सेवा से अब तक 1,500 से अधिक श्रद्धालुओं ने की तीर्थयात्रा

लखनऊ। सरोजनीनगर के समग्र विकास के लिए दृढ़ संकल्पित सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की अनूठी पहल रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा पिछले एक वर्ष से वृद्धजनों के तीर्थयात्रा के सपने को पूरा कर रही है। डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा शुरू की गई इस अभिनव पहल और विशेष यात्रा का पहली बार संचालन 27 सितंबर 2022 को जैतीखेड़ा से हुआ था। तब से निरंतर जारी इस निःशुल्क बस सेवा के माध्यम से अब तक 1,500 श्रद्धालु अयोध्या में श्रीराम लला, नैमिषारण्य धाम यात्रा तथा अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन कर चुके हैं। विभिन्न गांवों से यह बस वृद्धजनों को ले जाकर तीर्थयात्रा करवाती है, इस दौरान उनके खाने-पीने से लेकर हर प्रकार की उचित व्यवस्था रहती है। इस पूरी यात्रा का व्यय डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा किया जाता है। इस यात्रा के प्रति क्षेत्र के वृद्धजन उत्साहित रहते हैं और विधायक की इस पहल की प्रशंसा करते नहीं थकते हैं।

नियमित तौर पर संचालित रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा के अंतर्गत शुक्रवार को 15वीं रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा को ग्राम गोड़वा से रवाना किया गया। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए खाने-पीने की व्यवस्था से लेकर आवश्यक सुविधाओं का प्रबंध भी किया गया। अयोध्या पहुंच श्रद्धालुओं ने रामलला के दिव्य स्वरूप के दर्शन किए। यात्रा के अंत में श्रद्धालुओं को रामचरितमानस की प्रति भेंट की गई। पूरे सफर में वालंटियर्स ने वृद्धजनों को यात्रा के दौरान किसी प्रकार की समस्या नहीं होने दी। अयोध्या यात्रा कर बुजुर्ग बेहद खुश और संतुष्ट दिखे। उन्होंने अपने विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की इस विशेष पहल की सराहना की तथा उनका आभार व्यक्त किया।

बता दें कि रामरथ-श्रवण अयोध्या यात्रा के लिए चलने वाली बसें नियमित अंतराल पर सरोजनीनगर के वृद्धजनों व महिलाओं को निःशुल्क अयोध्या दर्शन करवाती है, जिसका पूर्णतया व्यय विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा किया जाता है। इससे पहले रामरथ के माध्यम से जैती खेड़ा, पिपरसंड, हाइडल चौराहा वृद्धाश्रम, कृष्णा लोक कॉलोनी, हसनपुर खेवली, खुर्रमपुर, नानमऊ, खटोला, बेंती, नटकुर, खांडेदेव, हिंदू खेड़ा और बरकताबाद से श्रद्धालुओं को ले जाकर अयोध्या दर्शन करवाया जा चुका है। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान वृद्धाश्रम के वृद्धजनों को नैमिषारण्य तीर्थ के दर्शन करवाए गये हैं। इस बारे में डॉ. राजेश्वर सिंह कहना है कि वृद्धजनों को तीर्थ यात्रा करवाना मेरा सौभाग्य है। तीर्थयात्रा के दौरान वरिष्ठजनों के चेहरे की खुशी और संतुष्टि देखना सुखद है, उनका आशीर्वाद ही मेरी सामर्थ्य है।

# भारत अमेरिकी कंपनियों के लिए बड़ी निर्यात शक्ति बनकर उभर रहा

अवधनामा संवाददाता

### बीसीजी की रिपोर्ट

लखनऊ। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) की एक रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अमेरिका चीन से अपने आयात में भारी कटौती करना चाह रही है, और भारत इस संदर्भ में अमेरिकी कंपनियों के लिए भविष्य की उभरती निर्यात शक्तियों में से एक है। भारत, मैक्सिको और दक्षिण पूर्व एशिया बहुत तेजी से निर्यात विनिर्माण के पावरहाउस बनकर उभर रहे हैं। ये तीनों ही प्रतिस्पर्धी लागत संरचनाएं, श्रम की व्यापक उपलब्धता और विविध उद्योगों में बढ़ती हुई स्केल और क्षमताएं प्रदान करते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के पास संभावित रूप से एक विशाल घरेलू बाजार होने का अतिरिक्त लाभ भी है। बीसीजी का कहना है कि भारत तेजी से इंजन और टर्बाइन निर्माता के रूप में विकसित हो रहा है और उसके पास एक विशाल घरेलू बाजार होने का अतिरिक्त लाभ भी है। यह रिपोर्ट बताती है कि असेंबल करने की कुछ ऊंची लागतें और श्रम संबंधी रुकावटें अमेरिका में निरंतर चिंता का कारण रहती हैं। रिपोर्ट कहती है, ऐसे में एक विकल्प जो पहले से बेहतर मज़बूती के साथ तेज लीड टाइम को जोड़ता है, वह होगा कि फाइनल असेंबली और सिस्टम्स को मैक्सिको में और पुर्जो को जर्मनी में स्थानांतरित कर दिया जाए। दूसरा विकल्प, जो लागत घटाने पर केंद्रित है, वह होगा कि असेंबली और खरीद को भारत में स्थानांतरित कर दिया जाए। हालांकि मेक्सिको-जर्मनी वाले विकल्प या मौजूदा स्थिति की तुलना में इसमें बाजार तक पहुंचने का समय धीमा होगा, लेकिन इसमें संभावित लागत बचत 25 प्रतिशत से 40 प्रतिशत तक होगी। रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि, भारत बहुत लागत प्रतिस्पर्धी है और इसने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया और संयुक्त अरब अमीरात के साथ व्यापार समझौते किए हैं।

# उन्नत कृषि तकनीकी एवं मशीनों का प्रयोग कम हो पा रहा : डॉ शान्तनु

अवधनामा संवाददाता



### मधुमक्खी पालन पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

लखनऊ। भाकृअनुप-भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ में मधुमक्खी पालन पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन दिनाँक 21 से 22 सितम्बर को कृषि विज्ञान केंद्र, लखनऊ एवं लघु कृषक कृषि व्यवसाय संघ द्वारा किया गया। संगोष्ठी में सीतापुर, लखनऊ, बस्ती, हरदोई, देवरिया, सिद्धार्थनगर, कानपुर तथा उन्नाव जिलों से आए 450 मधु मक्खीपालक महिला/पुरुष किसानो/उद्यमिओ ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन डा शान्तनु कुमार दुबे, निदेशक, भाकृअनुप अटारी, कानपुर नें दीप प्रज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि महोदय ने फारमर्स प्रोडूसर्स आरगेनाइजेशन (एफ.पी.ओ.), की आवश्यकता एवं गठन पर प्रकाश डालते हुये बताया कि हमारे देश एवं प्रदेश में घटती हुई जोत के कारण उन्नत कृषि तकनीकी एवं मशीनों का प्रयोग कम हो पा रहा है तथा किसानों के समूह में न होने के कारण खेती मे उत्पादन से लेकर बिक्री तक बहुत सी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। एफ.पी.ओ. के गठन से किसानों की जोखिम लेने की शक्ति बढ़ेगी, जिससे वे मधुमक्खी पालन व अन्य कृषि आधारित ब्यावसाय से अच्छा उत्पादन प्राप्त कर सकेंगे तथा उत्पाद को अच्छे दामों पर बाजार में बेच पायेंगे जिससे उनकी आमदनी बढ़ेगी। उन्होने शहद की ब्रांडिंग, पैकेजिंग एवं प्रमाणीकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। गोष्ठी में विशिष्ट अतिथियों, डा. धन्नजय एम. बाखले, पूर्व राष्ट्रीय सलाहकार, मधुमक्खी पालन एवं विपणन (एफ.पी.ओ.); डॉ. के लक्ष्मी राव (सेवानिवृत) सहा. निदेशक, केन्द्रीय मधुमक्खी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, पुणे, महाराष्ट्र; ने मधुमक्खी पराग अन्य मूल्य वर्धित उत्पाद के उपयोग के बारे मे बिस्तार से किसानों को बताया।

# मीटर रीडिंग बैक व मीटर में चिप लगाने वाले गैंग से बड़ा खुलासा

अवधनामा संवाददाता

### कनेक्शन देने के लिए मीटर नहीं और गैंग के पास नए मीटर का अंबार

लखनऊ। भले ही उत्तर प्रदेश में मीटर की कमी से प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को नया कनेक्शन नहीं मिल पाता लेकिन दो दिन पहले अयोध्या में 20 सितंबर को विद्युत मीटर रीडिंग बैक करने एवं विद्युत मीटरों की चिप बदलने लगाने वाले एक बडे गैंग का खुलासा हुआ जिसमें अब जो रिपोर्ट निकल कर सामने आ रही है उसमें उस गैंग के पास लगभग 600 मीटर पुरान मिले और वहीं लगभग 230 मीटर नए पाए गए जो की बिजली कंपनियों में निरंतर सप्लाई करने वाली मीटर निर्माता कंपनियां के मीटर है और जिसमें सभी बिजली कंपनियों का नाम अंकित है इसका मतलब यह हुआ कि गिरोह पूरे उत्तर प्रदेश में फैला हुआ है सबसे चौंकाने वाला मामला यह है की गैंग के पास लगभग 800 प्लास्टिक सील पाई गई जिसमे बडी संख्या में बिजली कंपनियों के नाम अंकित थे अलग से केवल से कटे हुए विभिन्न बिजली कंपनियों के मीटर जिसमें मध्यांचल पूर्वांचल व दक्षिणांचल लिखे हुए पाए गए। वहां 400 चिप पाई गई बडी संख्या में रिमोट पाए गए कुछ डुप्लीकेट सील पाए गए और कुछ पेपर सील भी पाई गई और सबसे बडा चौंकाने वाला मामला यह है गिरोह के सरगना के मोबाइल नंबर में बिजली कंपनियों के कसर्मचारियो संविदा कोमियो व मीटर लगाने वाली एजेंसियों की बडी संख्या में मोबाइल नंबर पाए गए इस प्रकार के अनेकों गैंग पहले भी पकडे गए लेकिन कोई बडी कार्रवाई नहीं हुई इसलिए उपभोक्ता परिषद चाहता है कि पावर कॉरपोरेशन इस पूरे मामले पर बहुत ही गंभीरता से जांच कर कठोर से कठोर कार्रवाई कराए वह भी एक निश्चित समयविध में।

# अपोलोमेडिक्स के डॉक्टरों ने बच्चे के भोजन नली का निर्माण कर दिया नया जीवन

अवधनामा संवाददाता



लखनऊ। अपोलोगेडियम हॉस्पिटल लखनऊ के पीडियाट्रिक सर्जरी डिपार्टमेंट के डॉक्टरों ने एक बेहद चुनौतीपूर्ण और जटिल सर्जरी को अंजाम देते हुए 8 महीने के एक बच्चे की पूरी भोजन नली का निर्माण किया है। बच्चा नेपाल का रहने वाला है और जन्म से ही उसके शरीर में भोजन नली का निर्माण नहीं हुआ था।लगभग छह घंटे लंबे चले ऑपरेशन में डॉक्टरों ने भोजन नली का निर्माण करने के लिए उसके पेट का उपयोग किया। यह भोजन नली बच्चे के उम्र के साथ बढ़ती जाएगी। लड़का (नाम) नेपाल का मूल निवासी है और जन्म के तुरंत बाद उसे मेडिक्स लखनऊ के डॉक्टरों के पास भेजा गया था।डॉक्टरों ने बताया कि बच्चे को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी और उसका रंग नीला पड़ गया था। बच्चे की माँ ने उसे भी दूध पिलाया वह भोजन नली के अभाव में मुंह और नाक से बाहर आ गया था। चिकित्सीय भाषा में, इस स्थिति को प्योर एसोफेजियल एसिया÷ कहा जाता है।पीडियाट्रिक सर्जरी डिपार्टमेंट के सीनियर कंसल्टेंट डॉ दीपक कांडपाल के नेतृत्व में विशेषज्ञों की एक टीम ने चरणबद्ध सर्जरी की। पहले चरण में, बच्चे को दूध पिलाने के लिए सीधे पेट में एक ट्यूब लगाई गई और लार निकालने के लिए गर्दन में एक छेद बनाया गया।जब (नाम) की मां ने उसे पहली बार दूध पिलाने की कोशिश की थी तो बच्चा उसे निगल नहीं सका। प्रारंभिक जांच से पता चला कि बच्चे का जन्म बिना भोजन नली के पैदा हुआ था।आमतौर पर, प्रत्येक 3,500 शिशुओं में से एक को भोजन नली में समस्या होती है। लेकिन यह एक बेहद गंभीर मामला या क्योंकि पूरी भोजन नली जन्म से ही मौजूद नहीं थी। इसलिए, डॉक्टरों को एक नई भोजन नली का निर्माण गर्दन से लेकर पेट तक करना पड़ा। बच्चे का दूसरा ऑपरेशन किया गया, जिसे गैस्ट्रिक ट्रांसपोज़िशन कहा जाता है। बच्चे की उम्र जब आठ महीने की हो गई और उसका वजन जब बढ गया तो इस ऑपरेशन को हाल ही में अस्पताल में किया गया था।

# मनरेगा में सामग्री मद के भुगतान के लिए 150 करोड़ की धनराशि आवंटित

लखनऊ। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के अनुमोदनोंपरान्त मनरेगा योजना के अंतर्गत सामग्री मद के भुगतान हेतु राज्यांश की धनराशि रू0 150 करोड़ की स्वीकृति उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदान की गयी है। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश उत्तर प्रदेश शासन ग्राम्य विकास विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि स्वीकृत की गयी धनराशि से सामग्री आदि के क्रय हेतु, सामग्री क्रय सम्बन्धी संगत शासनादेशो में निर्धारित क्रय प्रक्रिया, व्यवस्थाओं का अनुसरण करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जारी शासनादेश में सम्बंधित को निर्देशित किया गया है कि धनराशि के आहरण व व्यय के सम्बन्ध में मितव्ययिता सम्बन्धी समय-समय पर निर्गत शासनादेशो एवं वित्तीय नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

# दो दिवसीय साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। यूपी राज्य सड़क परिवहन निगम के अधिकारियों हेतु दो दिवसीय साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आज समापन हुआ। जीएम आई टी ने बताया कि इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य परिवहन निगम के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को आज के युग मे बढ़ते हुये साइबर खतरो से परिचित कराते हुए उनसे बचाव के सुरक्षित तरीको की जानकारी दिया जाय। उन्होने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन से परिवहन निगम के कर्मचारियों, अधिकारियों को साइबर सुरक्षा की दिशा में जागरूक बनाये जाने की पहल की गयी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राहुल मिश्रा साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट द्वारा अनेकों रियल लाइफ के साइबर अपराधो से भी प्रतिभागियों को अवगत कराते हुये इन खतरो से बचाव के विभिन्न उपाय बताये गये। साइबर सुरक्षा के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को समस्त प्रतिभागियो द्वारा भरपूर सराहा गया तथा ऐसे और अधिक कार्यक्रमों को आयोजित किये जाने का फीडबैक प्रतिभागियों की ओर से प्राप्त हुआ है, जिसे स्वीकार करते हुए नये-नये साइबर खतरो के दृष्टिगत निकट भविष्य में इस तरह के और भी कार्यक्रम आयोजित कराये जाने की घोषणा के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ।



### परिवहन निगम ने वसूला 32 लाख 85 हजार 80 रूपये प्रशमन शुल्क

लखनऊ। परिवहन निगम द्वारा संचालित बसों की प्रवर्तन दलों द्वारा नियमित जांच की जाती है। अगस्त, 2023 में प्रवर्तन दलों द्वारा यूपीएसआरटीसी द्वारा संचालित बसों की कुल 124242 बार जांच की गयी। जांच दल द्वारा इस दौरान कुल 32 लाख 85 हजार 80 रूपये का प्रशमन शुल्क वसूला गया। यह जानकारी प्रधान प्रबंधक प्रवर्तन श्री अशोक कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि परिवहन मंत्री एवं प्रबंध निदेशक के निर्देशों के अनुपालन में जांच दल द्वारा यूपीएसआरटीसी की संचालित बसों की जांच की जाती है। इसमें बिना टिकट यात्री, बिना बुक भार वहन, चालक/परिचालक की अल्कोहल टेस्ट इत्यादि की जांच की जाती है।

# 'बूथ स्तर पर विजय की रणनीति बनाकर काम करें'

अवधनामा संवाददाता



### बूथ स्तर पर माइक्रोमैनेजमेंट तथा टीमवर्क हमें लक्ष्य की प्राप्ति में सहायक होगा

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी की लोकसभा प्रवास योजना बैठक शुक्रवार को राजधानी लखनऊ में संपन्न हुई। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी की अध्यक्षता तथा राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल व प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह की उपस्थिति में आयोजित बैठक में प्रदेश के मैनपुरी, श्रावस्ती, लालगंज, अम्बेडकरनगर तथा रायबरेली संसदीय क्षेत्रों की लोकसभा प्रवास योजना के तहत समीक्षा तथा आगामी कार्ययोजना पर चर्चा हुई। बैठक में मैनपुरी, श्रावस्ती, लालगंज, अम्बेडकरनगर तथा रायबरेली संसदीय क्षेत्रो के लोकसभा संयोजक, लोकसभा प्रभारी, लोकसभा विस्तारकों सहित लोकसभा प्रवास योजना की प्रदेश टोली के सदस्य सम्मिलित हुए।

राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने बैठक में कहा कि विगत लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को उत्तर प्रदेश में जिन लोकसभा सीटों पर सफलता नहीं मिल सकी, ऐसी सीटों पर विशेष कार्ययोजना तैयार करते हुए काम करना है। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर विजय की रणनीति बनाकर काम करना है। प्रत्येक विधानसभा में अधिक से अधिक लोगों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से जुड़ने के लिए प्रेरित करना है तथा आयुष्मान कार्ड बनाने में लोगों का सहयोग करना है। बूथ स्तर पर युवा, किसान, महिलाओं तथा लाभार्थियों से सम्पर्क व संवाद स्थापित कर सरकार की योजनाएं तथा नीतियां पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर माइक्रोमैनेजमेंट तथा टीमवर्क हमें लक्ष्य की प्राप्ति में सहायक होगा। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ संवाद तथा प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए कार्य तथा कार्यक्रम का निर्धारण हमारी योजना का हिस्सा होना चाहिए। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतने का लक्ष्य और उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कठिन परिश्रम के साथ हम सभी को मिलकर काम करना होगा।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष के एक साथ लामबंद होने के बावजूद उत्तर प्रदेश में भाजपा को 50 फीसदी से ज्यादा वोट प्राप्त हुए थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश का वातावरण भाजपा के अनुकूल है। 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकारों के कार्य, कार्यकर्ताओं का परिश्रम, सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास की नीति से भाजपा प्रदेश में 80 सीटें जीतने का लक्ष्य पूर्ण करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पार्टी के परिश्रमी कार्यकर्ता अपने परिश्रम से प्रत्येक कार्यक्रम व अभियान को सफल बनाकर फिर एक बार मोदी सरकार के संकल्प को पूर्ण करने में जुटे हुए है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की केन्द्र सरकार तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की प्रदेश भाजपा सरकार ने संकल्प पत्र के सभी संकल्पों को पूर्ण किया है। आज देश में यह सोच विकसित हुई है कि भाजपा जो कहती है वह करती है और यही सोच भाजपा को सर्वव्यापी बनाती है।

# शिक्षा चौपाल का हुआ आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** जनपद में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सामाजिक सहयोग को बढ़ाने एवं बेसिक शिक्षा विभाग में चल रही योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचने के लिए शिक्षा चौपाल का आयोजन किया जा रहा है।

इसी श्रंखला में बढ़पुरा विकास खंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय कल्याण पुर के प्रांगण में शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए स्टेट रिसोर्स पर्सन राम जन्म सिंह ने कहा कि निजी स्कूलों के झांसे में न आएं और अपने बच्चों का दाखिला सरकारी स्कूलों में कराएं। निजी



स्कूलों में न इतने प्रशिक्षित अध्यापक है न गुणवत्ता पूर्ण पुस्तकें न बाल मैत्रिक इमारत है न अन्य सरकारी सुविधाएं अतःसरकारी विद्यालयों में अपने बच्चों को पढ़ा कर वह धन बचाया जा सकता है जो परिवार के विकास के कार्यों में लगे। डाइट मेंटर गायत्री वर्मा ने अभिभावकों को डी बी टी की धनराशि का उपयोग, तथा निपुण लक्ष्य के विषय में जानकारी दी। ए आर पी राकेश पांडेय ने जन समुदाय से आग्रह किया की वे विद्यालय की प्रगति में योगदान दे। सुनील चतुर्वेदी तथा अजय दीक्षित ने भी अपने विचार साझा किए। संचालन प्रताप वर्मा तथा सपना चौधरी ने किया। इस अवसर पर मनीष चौधरी, मंजू, अपर्णा, अनिल कुमार तथा ग्राम प्रधान सहित बड़ी संख्या में ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# मेरी माटी मेरा देश: छात्र-छात्राओं ने निकाली प्रभात फेरी

**मथुरा।** सर्वोदय इण्टर कॉलेज चौमुहाँ (मथुरा) में आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश का महोत्सव आयोजित किया गया। जिसमें वीरों तथा वीरांगनाओं को नमन किया गया। इसी क्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा चौमुहाँ नगर में प्रभात फेरी निकाली गई। सभी महापुरुषों के चित्रों सहित, छात्रों द्वारा राष्ट्रपिता-महात्मा गांधी, डॉ भीमराव अंबेडकर, चंद्रशेखर आजाद आदि का रूप धारण किया तथा छात्राओं द्वारा रानी लक्ष्मीबाई, सावित्रीबाई फुले,झलकारी बाई व भारत माता का रूप धारण कर प्रतिभाग किया। इसमें सभी छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय ध्वज, बैनर, झंडी व पोस्टरों के साथ जय घोष व नारों के साथ बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य - रूमा कुमारी के निर्देशन में सभी शिक्षक व कर्मचारी प्रभात-फेरी में उपस्थित रहे। प्रवक्ता छोटेलाल और अजय कुमार द्वारा रैली का संचालन किया गया। बृजेश कुमार, रोशन सिंह, कृष्ण पाल सिंह, अखिलेश कुमार सिंघल, हरिओम सिंह, यतेंद्र कुमार, जयंत कुमार, श्यामलाल, सुभाष चंद्र मौर्य, अवधेश कुमार पटेल, सुरेंद्र सिंह,मनोज कुमार गिरीश शर्मा, श्रीकांत शर्मा, विवेक कुमार शर्मा, राहुल शर्मा, खेमचंद शर्मा, अभिभावक गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# कैलाश यादव को शिक्षा के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान देने के लिए किया सम्मानित

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** आर्य समाज उदयपुर के तत्वावधान में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह सम्मान समारोह श्री मेधावृत आर्य एवं श्री धर्मेंद्र कुमार ने अपने माता-पिता श्री चंद्र प्रकाश एवं शांति देवी की स्मृति में आयोजित किया। सर्वप्रथम हवन एवं यज्ञ का आयोजन किया गया उसके पश्चात समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को पता पहना करके, पुस्तक देकर के एवं प्रमाण पत्र देकर के सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक डॉक्टर कैलाश चंद्र यादव को शिक्षा के क्षेत्र में



बहुमूल्य योगदान देने के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मेधावृत जी ने कहा कि डॉक्टर कैलाश यादव छात्र-छात्राओं को संस्कारवान शिक्षा प्रदान कर रहे हैं साथ ही उनके द्वारा पढ़ाए हुए छात्र-छात्राएं समाज में विभिन्न पदों पर आसीन होकर सामाजिक कार्यो को भी कर रहे हैं तथा अपनी आजीविका एवं व्यापार भी अच्छे तरीके से कर रहे हैं। डॉक्टर कैलाश चंद्र यादव ने मेधावृत जी का धन्यबाद ज्ञापित किया एवं अपने संकल्प को दोहराते हुए कहा कि वह पूर्ण मनोयोग से शिक्षण कार्य में लगे हुए हैं तथा यह चाहते हैं कि समाज का हर बच्चा शिक्षित होकर के राष्ट्र निर्माण में अपनी माहिती भूमिका निभाएं।

# पोषण माह: कुपोषण के खिलाफ संकल्प, किया जागरूक

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** पोषण माह के अंतर्गत आज पोषण के प्रति जन- जागरूकता के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों /गतिविधियों का आयोजन किया गया।आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पोषण रंगोली का आयोजन किया गया कार्यकर्ताओं ने अपने केन्द्रों पर श्री अन्न,स्थानीय स्तर पर उपलब्ध अनाज,फल, सूखे मेवे एवं सब्जियों से आकर्षक रंगोली बनायी।पोषण रंगोली का उद्देश्यमहिलाओं, पुरुषों, किशोरियों और बच्चों को सब्जियों, अनाजों के पौष्टिक तत्वों के बारे में बताना और उन्हें अपने भोज्य पदार्थो में शामिल करने के प्रति जागरूक करना था। पोषण रंगोली बनाने में ऐसे खाद्य पदार्थो,सब्जियों और फलों का इस्तेमाल किया गया जो स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभदायक हैं।प्रत्येक अनाज,फल और सब्ज़ी के पौष्टिक तत्व के बारे में उपस्थित महिलाओं को जानकारी दी गई और किस प्रकार बच्चों के भोजन में इनका प्रयोग बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आवश्यक हैं इसके बारे में जानकारी दी गई।केंद्रों पर आज स्वच्छता शपथ का भी आयोजन किया गया।कुपोषण और स्वच्छता में घनिष्ठ संबंध है जहाँ साफ़ सफ़ाई और स्वच्छता का अभाव होता है वहीं पर बीमारियाँ पनपती है और बीमारियों के कारण ही शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है। इससे बच्चा जल्दी जल्दी बीमार पड़ता है फलस्वरूप उसका वज़न कम हो जाता है और वह कुपोषण का शिकार हो जाता है।इस समय स्वच्छता पखवाड़ा भी जनपद ने मनाया जा रहा है। इसी के दृष्टिगत आंगनबाड़ी केन्द्रों पर स्वच्छता शपथ का आयोजन किया गया।

## सीडीओ की टिप्पणी को लेकर किसानों में आक्रोश

**मथुरा।** समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ महानगर मथुरा वृंदावन के अध्यक्ष रमेश सैनी एवं लुकेश कुमार राही समता फाउंडेशन अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से मथुरा जनपद के मुख्य विकास अधिकारी मथुरा द्वारा मथुरा जनपद के किसानों को ही नहीं भारत के किसान मजदूर खेत खल्यानों की बात करने वाले भारतीय किसान यूनियन के समस्त नेताओं की कार्यशैली को तानाशाही एवं गुंडागर्दी वाली बताकर भारत के किसानों मजदूरों गरीबों का अपमान किया है। इसके खिलाफ जिलाधिकारी मथुरा को ज्ञापन सौंप कर उपरोक्त अधिकारी के द्वारा की गई गाली गलौज कथित टिप्पणी की निंदा की साथ ही रमेश सैनी ने अपने बयान में कहा कि अगर सीडीओ मथुरा द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी लोकतंत्र एवं भारत के नागरिकों के मान सम्मान को आहत करने वाली है। जिसको किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# इकदिल में श्री गणेश महोत्सव की धूम प्रतिदिन हो रही है सुबह-शाम आरती

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा, इकदिल।** नगर में भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमाएँ स्थापित की गयीं हैं नगर में गणेश महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। गणेश पंडालो में प्रतिदिन सुबह-शाम पूजा अर्चना एवं आरती की जा रही है। माई बेस्ट फ्रेंड गणेशा कमेटी इकदिल द्वारा हनुमान मन्दिर के पास सहकारी संघ परिसर में गणेश महोत्सव चल रहा है। महोत्सव में प्रमुख समाजसेवी एवं पत्रकार डॉ.सुशील सम्राट (प्रदेश अध्यक्ष परशुराम सेवा समिति) शाम के समय भगवान गणेश जी की आरती कर पूजा अर्चना की। इस मौके पर कमेटी के पदाधिकारियों ने डॉ.सम्राट का पट्टिका पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष पंकज राजपूत, सुमित राजपूत, विनय



तिवारी, बंटू जैन, हसन बाबू, मनोज गुप्ता, गणेश राजपूत, अशोक राजपूत, सुभाष राठौर, चंद्र शेखर आदि उपस्थित रहे। संचालन राजू राजपूत ने किया। इसी प्रकार श्री विघ्नहर्ता श्री गणेश युवा कमेटी इकदिल द्वारा मैन मार्केट इकदिल में भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की गयी है। महोत्सव में थाना प्रभारी दीपक कुमार, प्रमुख समाजसेवी डॉ.सुशील सम्राट व एसआई संजय सिंह ने भगवान श्री गणेश जी की आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रदीप गुप्ता, सुमन सविता, मनीष गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, आदित्य गुप्ता, शिवा सविता, अंकित गुप्ता, शिवम गोयल, विशाल गोयल, आकर्षित गुप्ता आदि भक्त गण उपस्थित थे।

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने परेड की सलामी ली

- डायल 112 के वाहनों व पुलिस लाइन का किया मुआयना

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** शुक्रवार को परेड के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड पर परेड की सलामी ली सलामी ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने टोली बार परेड ड्रिल का निरीक्षण करते हुए आरक्षियों को परेड ड्रिल के संबंध में जानकारी दी गई। यूपी 112 पीआरवी वाहनों तथा परेड में सम्मिलित समस्त थाना प्रभारियों/थानाध्यक्षों की गाडियों का निरीक्षण कर उनमें एंटी राइट इक्विपमेंट, मेडिकल किट एवं बॉडी प्रोटेक्टर आदि की उपलब्धता के बारे में



जानकारी करते हुए उन्होंने संबंधित को पीआरवी के मानक के अनुसार समस्त आवश्यक उपकरणों को अपने पास रखने व उनके सुव्यवस्थित रखरखाव के लिए निर्देशित किया।

इसके बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाइन स्थित अतिथि गृह, जीडी कार्यालय, डायल-112 कार्यालय, पुलिस कंट्रोल रूम, शस्त्रागार, डीसीआर कार्यालय, बैरक, आटा चक्की व तेल कोल्हू एवं पुलिस भोजनालय का निरीक्षण कर संबंधित को साफ सफाई हेतु निर्देशित किया। साथ ही सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# एमबीबीएस प्रथम वर्ष बैच 2023-24 का हुआ शुभारम्भ

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** मथुरा नगरी में स्थित एस.के.एस मेडिकल कॉलेज एण्ड रिसर्च सेंटर में एम0बी0बी0एस के प्रथम वर्ष बैच 2023-24 के छात्र/छात्राओं का ओरिएंटेशन कार्यक्रम दिनांक 22 सितम्बर को शुभारम्भ किया गया। संस्थान के चेयरमैन एस.के.शर्मा ने माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारम्भ किया । साथ ही संस्था के चेयरमैन ने जानकारी देते हुए बताया कि एन0एम0सी0 (नेशनल मेडिकल कमीशन) द्वारा संस्थान एस.के.एस मेडिकल कॉलेज को शिक्षण सत् 2023-24 हेतु 150 सीटों का मान्यता पत्र प्रदान किया गया। देश के विभिन्न राज्यों से छात्रों




ने अपना प्रवेश एस0 के0 एस0 मेडीकल कॉलेज संस्थान में लेना सुनिश्चित किया है। चेयरमेन सर ने छात्रों को बताया कि सदैव अपना कार्य ईमानदारी और दृढ संकल्प से करें, यदि आपको जीवन में सफलता प्राप्त करनी हैं तो आपका दृढ निश्चय और आपकी मेहनत ही आपको सफलता प्राप्त करा सकती हैं । उन्होने यह भी बताया कि परमात्मा के बाद डॉ0 ही दूसरे स्थान पर पूज्यनीय है क्योंकि किसी भी स्वास्थ्य संबधी परिस्थिति में मनुष्य सदैव डॉ0 पर ही आश्रित होता है । अंत में उन्होने सभी को एक सफल डॉ0 बनने का शुभकामनाएं देते हुये सभी का अभिनंदन किया। संस्थान के प्राचार्य डॉ राजेन्द्र सिंह चना (भूतपूर्व प्रोफेसर ए0एम0यू0) ने छात्रों को मेडिकल शिक्षा के महत्व के विषय में जानकारी दी और कहा कि जीवन में मेहनत ही सफलता की कुंजी है। इस कार्यक्रम के अतिथि के रूप में यू0के0 मित्तल मौजूद रहे उन्होनें नवांगतुकों को अपने उवल भविष्य के लिए शुभकामनाऐं दी और अपने जीवन में सफलता हासिल करने के लिए कुछ महत्वपूर्ण बातों को छात्रों के समक्ष व्यक्त किया और इस कार्यक्रम में मौजूद अतिथि के रूप में डॉ0 गौरव भारद्वाज (डायरेक्टर सिटी हॉस्पीटल, मथुरा) ने छात्रों को एक अच्छा एवं जिम्मेदार डॉक्टर बनने की महत्वता को समझाते हुए कहा कि देश में जितने ज्यादा से ज्यादा अच्छे डॉक्टरों का निर्माण होगा यह देश उतनी ही तेज गति से चिकित्सा के क्षेत्र में तरक्की करेगा तथा स्वास्थ्य एवं स्वाभिलाम्बी देश का निर्माण होगा। तदोपरांत संस्था के सचिव मयंक गौतम ने अपने संस्थान में आये सभी छात्रों का ह्रदय से स्वागत किया और कॉलेज एवं अस्पताल की सुविधाओं और उपलब्धियों का विवरण साझा किया और उन्होंने आने वाले वर्षो में चिकित्सा क्षेत्र में एक बेहतर चिकित्सा सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उत्कर्ष गौतम (एम0डी0 एस.के.एस. हॉस्पीटल) ने भी नवागंतुक एम0बी0बी0एस0 के छात्रों का स्वागत किया और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाऐं दी ।

# संस्कृति विवि में स्थापित गणपति की धूमधाम से हो रही पूजा-अर्चना

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय के मैदान में गणेश चतुर्थी के अवसर पर विधि-विधान से स्थापित गणेशजी की प्रतिमा के समक्ष प्रतिदिन विद्यार्थी और शिक्षक पूजा-अर्चना में जुटे हैं। पूर्ण श्रद्धा और उत्तरोत्तर प्रगति की कामना के साथ गणेशजी की अराधना की जा रही है। बहुत से विद्यार्थी उपवास भी रखे हुए हैं। विद्यार्थियों ने स्थापना के अवसर पर बड़े जोश के साथ गणेशजी की आरती और गणेश वंदना पर ढोल नगाड़ों के साथ नृत्य कर पूरे परिसर को गूंजायमान कर दिया। गणपति पूजन के दौरान विश्वविद्यालय के चांसलर



डा. सचिन गुप्ता ने विश्वविद्याल, विद्यार्थियों और विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारियों के उवल, सुखद और प्रगतिशील भविष्य की कामना की। गणेशजी की पूजा में डा. सचिन गुप्ता, सीईओ मीनाक्षी शर्मा, कुलपति डा. एमबी चेट्टी, डाइरेक्टर जनरल जेपी शर्मा के अलावा डा. रजनीश आदि ने भी की। चांसलर डा. सचिन गुप्ता ने कहा कि आज गणेश चतुर्थी तो है ही साथ ही आपके सत्र की शुरुआत हो रही है। ऐसे में आपको यह संकल्प लेना चाहिए कि आप पूरे ध्यान से और लगन से विद्याध्ययन करेंगे और उसका उपयोग अपने देश और परिवार के विकास में करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे देवी, देवता और भगवान हमारे सद् कार्यों में सदा हमारे साथ होते हैं। आप इस अनादिकाल से चली आ रही भारतीय संस्कृति के संवाहक हैं।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता मे हुई विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की बैठक

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** आज जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता मे विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की बैठक हुई। उन्होंने कहा कि संचारी रोगों से निपटने के लिए 03 अक्टूबर 2023 से संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान का आयोजन किया जाएगा। अभियान के तहत आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रत्येक घर पर जाकर क्षय रोग, कुष्ठ रोग, फाइलेरिया व कालाजार समेत विभिन्न रोगियों की जानकारी लेंगी। 03 अक्टूबर 2023 से 31 अक्टूबर तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त नगर विकास, पंचायती राज एवं ग्राम विकास,शिक्षा विभाग, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग, कृषि एवं सिंचाई विभाग,सूचना विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग आदि को जिम्मेदारी दी गई हैं। उन्होंने बताया कि 03 अक्टूबर माह में संचालित होने वाले अभियान में आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रत्येक घर पर जाकर क्षय रोग, कुष्ठ रोग समेत संचारी रोगों से पीड़ित लोगों के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। प्रत्येक विभागों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई हैं । जनपद में सघन वेक्टर नियंत्रण व साफ पानी की उपलब्धता पर जोर दिया जाएगा। मलेरिया विभाग के कर्मचारियों को क्षेत्रवार योजना बनाते हुए विगत वर्ष के मच्छर जनित रोगों के आंकड़ों के आधार पर चिहिंत किए हाई रिस्क क्षेत्रों में वेक्टर घनत्व का आंकलन भी करेंगे। मलेरिया विभाग के कर्मियों के सर्वे में वेक्टर घनत्व के विभिन्न सूचकांकों यथा हाउस इंडेक्स, ब्रेटयू इंडेक्स, कंटेनर इंडेक्स आदि का आंकलन लिया जाएगा। जिन क्षेत्रों में यह सूचकांक सामान्य से अधिक पाए जाएंगे वहां विभिन्न विभागों के सहयोग से निरोधात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## सेवा से संतृप्तिकरण अभियान में आयोजित हुआ कन्या जन्मोत्सव

**बहराइच।** विकास खण्ड महसी अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय बैकुण्ठा में वृहस्पतिवार का आयोजित सेवा से संतृप्तिकरण शिविर के दौरान महिला कल्याण विकास विभाग द्वारा ''बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ'' अभियान के तहत कन्या जन्मोत्सव मनाया गया। विधायक महसी सुरेश्वर सिंह ने केक काटकर कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इसके उपरान्त उन्होंने 25 नवजात कन्याओं को ड्रेस, हिमालय बेबी किट, मच्छरदानी, मिष्ठान व अन्य उपहार का वितरण किया। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रमाकर पाण्डेय, विधायक प्रतिनिधि अखण्ड प्रताप सिंह ''गोलू भईया'', मुख्य राजस्व अधिकारी अवधेश कुमार मिश्र, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार पाण्डेय, डीपीओ राज कपूर, बीडीओ महसी हेमन्त यादव व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# मरीजों पर निजी पैथोलाजी में जाँच करवाने का बनाते हैं दबाव

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** सुल्तानपुर जिला चिकित्सालय को मेडिकल कालेज का नाम भले ही मिल गया है,लेकिन हालात बद से बदतर हैं।यहां जिले भर से गाँव गिराव के वही गरीब तबके के मरीज इलाज के लिये आते हैं, जो ज्यादातर गरीब होते है।इस आस में कि प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य विभाग में वो सारी सुविधाएं उपलब्ध करा रखा हैं, जिसके उपचार से उन्हें आराम मिल सकता है।किंतु वास्तविकता इससे एकदम उलट है।अगर देखा जाय तो सही भी है, प्रदेश सरकार ने लोगो को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिये, प्रत्येक हॉस्पिटल को पूरी सुविधाओं से लैस भी कर रखा है। किन्तु वही पर जनता की सुविधाओं के लिये प्रदेश सरकार प्रतिमाह करोडो रूपये वेतन भत्ते के नाम पर डॉक्टरों पर पानी की तरह महज इसलिए बहा रही है, कि लोगो को अच्छी से अच्छी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दे सके। किंतु वही जिला अस्पताल के ज्यादातर डॉक्टर्स को देखा जा रहा हैं कि डॉक्टर्स वेतन भले ही सरकार का ले रहे हो, लेकिन काम पूरी तरह से प्राइवेट सिर्फ स्वहित के लिये कर रहे हैं। सूचना पर लगभग 2 बजे दोपहर शुक्रवार को मीडिया द्वारा कमरा नम्बर 5 में पहुंचकर देखा गया तो ओपीडी में एक गरीब महिला मरीज को देखने के बाद डॉक्टर राम धीरेन्द्र फिजिशियन ने सरकारी पर्चे पर कुछ ब्लड व अन्य जाँच लिखकर अपने प्राइवेट रखे गये, कम्पाउंडर को दिया।उसने डॉक्टर की दराज से एस के पैथोलोजी का एक पर्चा उस पर्चे के साथ लगाकर मरीज को देते हुए कहा कि यही जाँच करवाकर लाओगी तभी सही इलाज होगा, नहीं तो तुम जानना, किसी और डॉक्टर को दिखा लेना।जबकि महिला मरीज बार बार कह रही थी, साहब हम बहुत गरीब हैं, मेरी जाँच यही करवा दो। जिसपर डॉक्टर व उनके कम्पाउंडर ने उस महिला को बड़ी ही अभद्रता के साथ कमरे से बाहर निकलने को कहते हुए खुद डॉक्टर राम धीरेन्द्र कमरे से बाहर चले गये।महिला काफ़ी देर तक वही खड़ी अपनी गरीबी को कोसती रही, फिर उलटे पांव वापस अपने घर चली गई।यही है जिला अस्पताल आज के मेडिकल कालेज की तस्वीर,यहां इसी तरह मरीजों का इलाज किया जा रहा है।

## मतवाले हाथी की तरह धनुष भंग करने पहुंचे श्री राम: रमेश भाई शुक्ला

**सुल्तानपुर।** अखिल भारतीय श्री राम नाम जागरण मंच के तत्वाधान में आयोजित हो रहे श्रीराम कथा के पांचवें दिवस महराज श्री रमेश भाई शुक्ला ने भगवान श्रीराम के विवाह की कथा श्रवण कराते हुए कहा पुष्प वाटिका में जैसे ही भगवान राम सीता मैया को देखा तो उनके सुन्दर रूप का मनमोहक वर्णन किया। श्री राम ने भाई लक्ष्मण से अपनी लालसा ब्यक्त किया।

पांचवें दिवस 11 दिवसीय श्री राम कथा के अमृत महोत्सव में राम विवाह कथा श्रवण कराने के पूर्व महराज श्री रमेश भाई शुक्ला ने व्यास पूजन कराया और कथा में सीता विवाह का मनमोहक सुंदर प्रसंग प्रस्तुत किया। गौरी पूजन करने सखियों के साथ फुलवारी में सीता मैया पहुंचती है। सीता माता को सखियों ने राम के रूप, रंग, सुकुमार दोनों भाई के पास लेकर चलने के लिए चली तो पुष्प की लताओं में छिपे दोनों भाई को देख तुलसीदास कहते है लता अवट थे प्रकट भय राम लखन दोउ भाई। थके नयन रघुपति पद देखे, लोचन मग रमहि उर आनी, के भाव सहित सीता मैया राम को अपने उर में बसाकर दोबारा मन्दिर की तरफ भागी,, और गौरी माता से बिनती किया जय जय गिरवर राज किशोरी, जय महेश मुख चन्द्र चकोरी।

सेवक तोहि सुलभ फल चारी, देवि पूज पद कमल तुम्हारे, सुर नर मुनि सब होय सुखारे, एमजीएस मैदान स्थित पंडाल में बह रही भक्तिभाव की रसधार में राम विवाह की कथा में भक्तों ने डुबकी लगाई। महाराजा जनक द्वारा लिए गए प्रण की सभा को जानकारी देते हुए असमर्थता जाहिर किया। महाराज की चिंता को दूर करने के लिए भगवान श्री राम विश्वामित्र की आज्ञा लेकर धनुष भंग किया और सीता का विवाह संपन्न हुआ।

## केडीसी में 24 को आयोजित होगा सहायक उपकरण वितरण शिविर

**बहराइच।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के एडिप/राष्ट्रीय वयोश्री योजनान्तर्गत स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में 24 सितम्बर 2023 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया है। डीएम ने बताया कि एडिप योजना तथा राष्ट्रीय वयोश्री योजनान्तर्गत पूर्व में चिन्हित दिव्यांगजन एवं वृद्धजनों को समेकित क्षेत्रीय कौशल विकास, पुनर्वास एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण केन्द्र (सी.आर.सी.) लखनऊ द्वारा सहायक उपकरण का वितरण किया जाना है।

# राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ ने चार सौ भूखों को मुफ़्त खाना बांटा

- भूखें जरूरतमन्दों की आवाज सुन कर सामाजिक कार्यकर्ता दंग रहे आंखे नम हो गयी: निज़ाम खान

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** निःस्वार्थ सेवा-भाव को मूर्ति रूप देने और सामाजिक सरोकारों को बखूबी से अंजाम देने के लिए तत्पर है। जिले की अग्रणी सामाजिक संगठन के कार्यकर्ताओं ने इंसानियत की मिसाल पेश कर रहे है। मानवता को जीवंत करने का प्रयास निश्चित रूप से अनुकरणीय है।

राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के वैनर तले स्वाशाषी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एव जिला चिकित्सालय और जिला महिला अस्पताल में उपचार करा रहे मरीजो और उनके तीमारदारों के लिए सप्ताह के प्रत्येक बृहस्पतिवार को निःशुल्क भोजन वितरण का कार्य अनवरत सन्चालित किया जा रहा है। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष मेराज अहमद खान के संयोजन में देर शाम 400 जरूरतमन्दों को मुफ़्त खाना बांटा गया।जिसमें मेडिकल कालेज में 350 और रेलवे स्टेशन परिसर में लगभग 50 यात्रियों और घुमन्तु जरुतमन्दों बेसहारा भूखे लोगो को भोजन कराया गया।मुफ्त भोजन पा कर लोगो के चेहरे खिल उठे। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के मार्गदर्शक निज़ाम खान ने बताते है कि अक्सर आप लोग देखते होंगे रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म वेटिंग रूम में इधर उधर



कोने में बहुत से घुमंतू शरण लेने आते है कारण आर्थिक तंगी होती है असहाय बेसहारा लाचार ऐसे लोग भूखें पेट एक चिथड़ा ओढ़ कर पड़े रहते है। बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के सामाजिक कार्यकर्ता जब भोजन खिलाने पहुँचे तो कईयों ने रूहांसी आंखों से अपने बच्चों के सिर हाथ सहलाते हुए कहते मिले की देखा बेटा ऊपर वाले के घर देर भले है अंधेर नही है यह देखो ऊपर वाले ने तुम्हारे लिए फरिश्तों के हाथ खाना भेज दिया है। इस आवाज को सुनने के बाद एक बार तो ठिठुर कर खड़ा हो गया आंखे नम हो गयी कि ऐसे न जाने कितने लोग बेसहारा भूखे प्यासे होंगे जिनको एक वक्त की रोटी मिलना मुश्किल है।जब उनको मुफ़्त खाना की थाली दी गयी तो उस चेहरे की चमक देखने लायक थी खाना वितरण करने वाले के मुंह से एक सुर में एक ही आवाज निकली हे ईश्वर तूने हम सबकों ऐसे जरुतमन्दों के पास न भेजा होता तो आज ये भूखे सोते लेकिन ऊपर वाला जिसको पैदा किया उसके खाने का इन्तिजाम भी किया है किसी न किसी रूप में उस तक मदद पहुचा ही देता है हर जरूरत की वस्तु हो या भोजन जरुतमन्दों तक पहुचाने का काम किसी न किसी को सौप ही देता है।इसी तरह बहुत से यात्री भी है जिनके पास पैसे का अभाव होता है ।वह किसी तरह मजबूरी में सफर तो कर लेते है लेकिन इतना पैसा नही होता कि दो रोटी खरीद कर भूख मिटा सकें। राष्ट्रीय समाजिक सेवा संघ की यह पहल निश्चित रूप से सराहनीय है जिला अस्पताल में मरीजो और उनके देख रेख कर तीमारदारों को मुफ़्त खाना बांटने के बाद रेलवे स्टेशन पर जा कर असहायों जरुतमन्दों का हाल पूछा उनको भी स्वादिष्ट गुणवत्तापूर्ण अरहर की दाल सब्जी रोटी चावल की थाली देकर अपने मानवीय मूल्यों की नैतिक जिम्मेदारी का बखूबी निर्वाह किया जा रहा है।इस पुनीत कार्य की चर्चा समाज के लिए अच्छा संदेश है।

# Rozi's Paradise

## THE FASHION DESTINATION

BRAND AVAILABLE

GulAhmed | AmnaIsmail
Zeb Ayesha | AEISHA VARSEY
zahra ahmad | ASIM JOFA | MARIA.B.
SANA SAFINAZ | firdous
Deeba | alkaram | and many more...

**Call: 9369847771**

42/11, Saket Palli, Near Zoo Gate, Lucknow

**LOWEST RATES IN CITY**

# भाजपा के असली इरादे उजागर

## सारी कवायद थके हुए प्रधानमंत्री के लिए चुनावी मुद्दा बनाने की थी: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** महिला आरक्षण विधेयक को संसद द्वारा मंजूरी दे दी गई है। जिसके एक दिन बाद कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा के असली इरादे उजागर हो गए हैं क्योंकि परिसीमन और जनगणना टालने के बहाने हैं और यह पूरी कवायद थके हुए प्रधानमंत्री के लिए चुनावी मुद्दा बनाने की थी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कांग्रेस पार्टी ने कल रात राज्यसभा में महिला आरक्षण विधेयक में संशोधन पेश किया। पेश किए गए

**संशोधन**

**कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कांग्रेस पार्टी ने कल रात राज्यसभा में महिला आरक्षण विधेयक में संशोधन पेश किया।**




इन संशोधनों के साथ, आरक्षण 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले ही लागू हो जाना चाहिए। इसके साथ ही अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए आरक्षण के साथ-साथ ओबीसी की महिलाओं के लिए भी आरक्षण शामिल है। सरकार की आलोचना करते हुए रमेश ने कहा, इनमें से कोई भी संशोधन संभव है। लेकिन दोनों को खारिज कर दिया गया। उन्होंने कहा, भाजपा अपने असली इरादों से बेनकाब हो गई है। परिसीमन और जनगणना स्थगित करने के घटिया बहाने हैं। यह पूरी कवायद वास्तव में इसे लागू किए बिना एक थके हुए और लगभग मुरझाए प्रधानमंत्री के लिए एक चुनावी मुद्दा बनाने के लिए थी। लोकसभा में विधेयक पारित होने के एक दिन बाद गुरुवार को राज्यसभा ने भी 11 घंटे की बहस के बाद महिला आरक्षण विधेयक को सर्वसम्मति से पारित कर दिया। अब लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण कानून बन जाएगा और जनगणना और परिसीमन के बाद लागू किया जाएगा।

## इंफाल के कई हिस्सों में तनावपूर्ण स्थिति बरकरार, पूर्वी और पश्चिमी जिलों में अब भी लगा कर्फ्यू

**इंफाल।** इंफाल के पूर्व और पश्चिम जिलों में शुक्रवार को स्थिति तनावपूर्ण रही, लेकिन वहां माहौल शांत था। दरअसल, एक दिन पहले यहां कर्फ्यू लगाया गया था। दरअसल, गुरुवार को कुछ प्रदर्शनकारियों ने पांच युवकों की रिहाई की मांग करते हुए पुलिस स्टेशनों पर धावा बोल दिया। इस स्थिति को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने वहां पर कर्फ्यू लगा दिया। मिली जानकारी के मुताबिक, पांचों युवकों को अत्याधुनिक हथियार रखने और सेना की वर्दी जैसी छद्म वर्दी पहनने के आरोप में गिरफ्तार किया गया



था।इंफाल पूर्वी जिले के पोरोम्पैट और हिंगांग और इंफाल पश्चिम जिले के सिंगजामेई और क्वाकीथेल में पुलिस स्टेशनों पर हमला करने की कोशिश करने के बाद 30 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें अधिकतर महिलाएं शामिल थीं। इस स्थिति को काबू करने के लिए आरएएफ कर्मियों सहित सुरक्षा बलों को कई राउंड आंसू गैस के गोले दागने पड़े। इम्फाल पूर्व और इम्फाल पश्चिम जिले के अधिकारियों ने नगर पालिका, बिजली, स्वास्थ्य, पीएचईडी, मीडियाकर्मियों और हवाई अड्डे जाने वाले यात्रियों और अधिकारियों को कर्फ्यू के दायरे से छूट दी है। हालांकि, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर जिलों सहित इंफाल घाटी के कई हिस्सों में कर्फ्यू में ढील दी गई है, ताकि आम जनता दवाओं और खाद्य पदार्थों के साथ अन्य आवश्यक वस्तुएं खरीद सके।

## कर्नाटक के पूर्व मंत्री 2006 में आवंटित जी-श्रेणी की साइट रख सकेंगे बरकरार, कर्नाटक हाईकोर्ट ने सुनाया फैसला

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व वन मंत्री सी एच विजयशंकर को 2006 में बैंगलोर विकास प्राधिकरण द्वारा उन्हें आवंटित 40 फीट × 60 फीट की साइट ÷जी श्रेणी÷ के तहत रखने को मिलेगी। इसे लेकर कर्नाटक उच्च न्यायालय के एक फैसले के अनुसार ये जानकारी मिली है।

हालांकि उच्च न्यायालय ने 2012 में घोषित किया था कि क्ष्ठ द्वारा %जी श्रेणी% के तहत आवंटित साइटें अवैध थीं, राज्य सरकार ने 2022 में नियमों में संशोधन किया और 2005 से किए गए सभी आवंटनों को वैध बना दिया। इस पर विचार करते हुए, एचसी ने विजयशंकर की याचिका को स्वीकार कर लिया और आवंटन रद्द करने वाले जांच आदेश को रद्द कर दिया। 2022 में पूर्व मंत्री द्वारा दायर याचिका न्यायमूर्ति जी नरेंद्र और न्यायमूर्ति विजयकुमार ए पाटिल की खंडपीठ के सामने आई। इस महीने की शुरुआत में अपने फैसले में पीठ ने याचिका स्वीकार कर ली। विजयशंकर को 9 अक्टूबर,




2006 को ॥स्क्र सेक्टर 3, बेंगलुरु में सर्वेक्षण संख्या 89बी वाली साइट आवंटित की गई थी। उनका दावा है कि उन्होंने क्ष्ठ को पूरी बिक्री राशि का भुगतान कर दिया है। पट्टा-सह-विक्रय विलेख 24 जनवरी 2007 को निष्पादित किया गया था। 2010 में उच्च न्यायालय में दायर एक याचिका में विभिन्न व्यक्तियों को जी श्रेणी के तहत आवारा स्थलों को आवंटित करने में राज्य सरकार और बीडीए की कार्रवाई को चुनौती दी गई थी। 25 अगस्त 2012 के एक आदेश में, उच्च न्यायालय ने घोषित किया कि बीडीए द्वारा जी श्रेणी के तहत आवंटित साइटें अवैध थीं।

॥ष्ट के आदेश के आधार पर, जी श्रेणी के तहत किए गए सभी आवेदनों पर विचार करने के लिए एक समिति का गठन किया गया था। समिति ने विजयशंकर को सुनवाई का मौका देने के बाद घोषणा की कि वह आवंटन के लिए पात्र नहीं थे और क्ष्ठ को इसे रद्द करने और साइट पर कब्जा करने की सिफारिश की।

हालाँकि, 13 अप्रैल, 2022 को, राज्य सरकार ने बैंगलोर विकास प्राधिकरण (साइटों का आवंटन) नियमों के नियम 10 में संशोधन करते हुए एक अधिसूचना जारी की। यह आदेश 14 दिसंबर, 2005 से पूर्वव्यापी रूप से लागू हुआ। इस आदेश के आधार पर, विजयशंकर को किया गया आवंटन वैध हो गया। इसके आधार पर, विजयशंकर ने एचसी से संपर्क किया।

## बिगड़े बोल पर चौतरफा घिरे सांसद रमेश बिधूड़ी, भाजपा ने जारी किया कारण बताओ नोटिस

**नई दिल्ली।**भाजपा ने बसपा सांसद दानिश अली के खिलाफ असंसदीय भाषा के इस्तेमाल के लिए पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश पर पार्टी सांसद रमेश बिधूड़ी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसकी जानकारी सूत्रों के हवाले से सामने आई है। संसद के विशेष सत्र में विभिन्न चर्चाओं के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्षी सांसदों के बीच जमकर बहस हुई। इस बीच बीते दिन लोकसभा में चंद्रयान-3 की सफलता पर जब चर्चा हो रही थी तो भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने बसपा सांसद दानिश अली पर आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिस पर हंगामा मच गया। रमेश बिधूड़ी ने अपना भाषण

**सत्ता**

**संसद के विशेष सत्र में विभिन्न चर्चाओं के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्षी सांसदों के बीच जमकर बहस हुई।**



देते समय कहा कि पीएम को क्रेडिट देना ही होगा, क्योंकि उन्होंने काम किया है। इस बीच सांसद दानिश की आवाज सुनते ही बिधूड़ी भड़क गए और उन्हें उग्रवादी और आतंकवादी के साथ-साथ कई आपत्तिजनक शब्द बोले। संसद के विशेष सत्र के दौरान भारतीय जनता पार्टी के सांसद रमेश बिधूड़ी ने बसपा सांसद दानिश अली को अपशब्द कहे थे। जिसके बाद इस बयान को लेकर बवाल मच गया है। बसपा सांसद दानिश अली ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखकर मामले को विशेषाधिकार समिति को भेजने का अनुरोध किया है। बसपा सांसद दानिश अली ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर कहा- मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि इस मामले को जांच और रिपोर्ट के लिए लोकसभा की प्रक्रिया और कामकाज के संचालन के नियमों के नियम 227 के तहत विशेषाधिकार समिति को भेजा जाए।

## कर्नाटक पुलिस ने श्री राम सेना के संस्थापक के खिलाफ केस दर्ज किया, हेट स्पीच से जुड़ा है मामला

**हुबली।** कर्नाटक पुलिस ने दूसरे धर्मों के लोगों के खिलाफ नफरत फैलाने वाले भाषण के लिए श्री राम सेना के संस्थापक प्रमोद मुथालिक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने शुक्रवार (22 सितंबर) को बताया कि यह मामला हेट स्पीच से जुड़ा है।

प्रमोद मुथालिक के खिलाफ धर्म, जाति के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने के लिए केस दर्ज किया गया है। इसमें आईपीसी की धारा 153 (ए) और धार्मिक भावनाओं को अपमानित करने के इरादे से जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कृत्यों के लिए 295 (ए) के तहत हुबली उपनगर पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया था।

हेट स्पीच को लेकर नगर निगम के सहायक आयुक्त चन्द्रशेखर गौड़ा ने शिकायत दर्ज करवाई है। बता दें कि प्रमोद मुथालिक ने



गणेश प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान ईदगाह मैदान में नफरती भाषण दिया था।

इससे पहले, हुबली ईदगाह मैदान में गणेश उत्सव मनाने को लेकर कोर्ट में धार्मिक संस्था अंजुमन-ए-इस्लाम ने विरोध किया था। हालांकि, कोर्ट ने अंजुमन-ए-इस्लाम की याचिका रद्द कर दी थी। दरअसल, हुबली नगर निकाय ने ईदगाह मैदान में तीन दिनों तक गणेश उत्सव मनाने की अनुमति दी थी। मीडिया से बात करते हुए प्रमोद मुथालिक ने कहा था, जो लोग गणेश उत्सव का विरोध करते हैं, वे देशद्रोही हैं। अंजुमन संस्था की बदनीयती खुलकर सामने आ गई है। उन्होंने देश के बंटवारे की साजिश रची। हिंदू समुदाय मस्जिदों में गणेश प्रतिमा स्थापित करने की क्षमता रखता है। यहां तक कि उनकी प्रार्थना में भी खलल पड़ सकता है। हम रानी चन्नम्मा ईदगाह मैदान में नमाज की अनुमति नहीं देने के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। यह पाकिस्तान या निजी संपत्ति नहीं है। इस बीच ईदगाह मैदान में गणेश उत्सव मनाया गया। मैदान में गणेश प्रतिमा को 19 सितंबर को धूमधाम से स्थापित किया गया था

### पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू को नहीं मिली राहत, ACB कोर्ट ने बढ़ाई दो दिन की हिरासत

**नई दिल्ली।** विजयवाड़ा में ACB कोर्ट ने आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम और टीडीपी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू की रिमांड दो दिनों के लिए बढ़ा दी है। बता दें कि चंद्रबाबू नायडू को कथित 350 करोड़ रुपये के राज्य कौशल विकास निगम घोटाले को लेकर की गई थी। जिसके बाद उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। मिली जानकारी के अनुसार, पूर्व मुख्यमंत्री पर आरोप लगे हैं कि उनके शासन के दौरान यानी साल 2014 से लेकर 2019 के बीच आंध्र प्रदेश राज्य कौशल विकास निगम में घोटाले हुए हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम के सोर्स कोड के स्वतंत्र ऑडिट की मांग वाली जनहित याचिका की खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को चुनाव आयोग द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली EVM मशीनों के सॉफ्टवेयर के ऑडिट की मांग वाली जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि उनके समक्ष ऐसी कोई कार्रवाई योग्य सामग्री नहीं रखी गई है जिससे पता चले कि चुनाव आयोग ने चुनाव कराने में संवैधानिक आदेश का उल्लंघन किया है। पीठ ने कहा, चुनाव आयोग को चुनावों पर नियंत्रण सौंपा गया है। वर्तमान में, याचिकाकर्ता ने यह दिखाने के लिए इस अदालत के समक्ष कोई कार्रवाई योग्य सामग्री नहीं रखी है कि चुनाव आयोग ने अपने संवैधानिक जनादेश का उल्लंघन किया है।

## अपने बिछाए जाल में फंस रहे ट्रूडो, निज्जर मामले में सबूतों के दावे के बावजूद पेश करने में विफल कनाडा सरकार

**कनाडा।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो खालिस्तानी कार्यकर्ता हरदीप निज्जर की मौत में भारत की संलिप्तता पर अपने आरोपों को साबित करने में विफल रही है। कनाडा सरकार के पास ऐसा कोई सबूत नहीं है, जिसमें आरोपों की पुष्टि की जा सके। इसके बावजूद, कनाडा स्थित समाचार मंच सीबीसी (कैनेडियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन) ने दावा किया है कि कनाडा ने जांच में मानव और सिग्नल खुफिया जानकारी इकट्ठा की है। सीबीसी ने सूत्रों के हवाले से दावा किया कि कनाडाई सरकार की ओर से जुटाई गई खुफिया जानकारी में कनाडा में भारतीय राजनयिकों के साथ बातचीत भी शामिल है। साथ ही दावा किया गया है कि कुछ भारतीय अधिकारियों ने निजी तौर पर खुफिया जानकारों के होने का दावा भी किया है। दरअसल, हाल

**एजेंट**

**ट्रूडो ने कहा, यह मानने के कई विश्वसनीय कारण हैं कि कनाडा की धरती पर एक कनाडाई की हत्या में भारत सरकार के एजेंट शामिल थे।**



ही में कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने आरोप लगाया है कि खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के पीछे भारत का हाथ है। नई दिल्ली ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है और उन्हें बेतुका बताया है।

हालांकि, गुरुवार को न्यूयॉर्क में अपने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कनाडाई प्रधानमंत्री अपने दावों के समर्थन में एक भी सबूत पेश नहीं कर पाए हैं। ट्रूडो से आरोपों को लेकर कई बार अलग-अलग सवाल पूछे गए, लेकिन उन्होंने सिर्फ एक बात दोहराई है कि इसमें भारत निज्जर की मौत से जुड़ा था। ट्रूडो ने कहा, यह मानने के कई विश्वसनीय कारण हैं कि कनाडा की धरती पर एक कनाडाई की हत्या में भारत सरकार के एजेंट शामिल थे। ट्रूडो ने कहा, हम भारत सरकार से इस मामले को गंभीरता से लेने और पूर्ण पारदर्शिता लाने और इस मामले में जवाबदेही और न्याय सुनिश्चित करने के लिए हमारे साथ काम करने का आह्वान करते हैं। कनाडाई सरकार ने निज्जर की मौत की एक महीने तक चली जांच में मानव और सिग्नल दोनों तरह की खुफिया जानकारी इकट्ठा की है। उस खुफिया जानकारी में कनाडा में मौजूद भारतीय राजनयिकों से जुड़े संचार भी शामिल हैं। खुफिया जानकारी केवल कनाडा से नहीं आई थी और कुछ फाइव आइज खुफिया अलायंस (यूएस, यूके, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और कनाडा) में एक अज्ञात सहयोगी की ओर से भी दी गई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि मामले के संबंध में, कई कनाडाई अधिकारी हरदीप सिंह निज्जर की मौत की जांच में सहयोग मांगने के लिए भारत गए हैं। कनाडा के राष्ट्रीय सुरक्षा और खुफिया सलाहकार जोडी थॉमस अगस्त में चार दिनों से भी ज्यादा समय के लिए भारत आए थे और दोबारा उसी महीने उनका पांच दिनों का एक और दौरा हुआ था। वह आखिरी यात्रा प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच बैठक के साथ ओवरलैप हुई थी। हालांकि, विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि निज्जर की हत्या के संबंध में कनाडा की ओर से कोई जानकारी साझा नहीं की गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने एक ब्रीफिंग के दौरान कहा, हम हमें प्रदान की गई किसी भी विशिष्ट जानकारी पर गौर करने को तैयार हैं।

### न्यूयॉर्क में 40 छात्रों को ले जा रही बस दुर्घटनाग्रस्त, दो की मौत, कई स्टूडेंट घायल

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में हुए एक बस दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई और कई छात्र घायल हो गए। सीएनएन ने न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल के हवाले से बताया कि बस जब छात्रों को लेकर जा रही तभी न्यू ऑरेंज काउंटी में बस 50 फुट गहरी खाई में गिर गई। कैथी होचुल ने कहा कि अधिकारियों ने गुरुवार दोपहर स्थानीय समय के अनुसार करीब 1÷12 बजे दुर्घटना के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि सबसे पहले बचावकर्मियों की मदद से छात्रों को बस से निकाला गया और उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया। उन्होंने कहा कि इस दर्दनाक दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों के लिए शहर शोक में डूबा हुआ है।

## भारत के एक्शन के बाद होश में आया कनाडा, हिंदुओं की धमकी मामले में कनाडाई मंत्री ने पन्नू को चेताया

**ओटावा।** भारत और कनाडा के रिश्तों में इस समय तनाव देखने को मिल रहा है। यह तनाव खालिस्तानी चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद हुआ है। इसी बीच, हिंदुओं को धमकी देते हुए एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें उनसे देश छोड़ने को कहा गया है। वीडियो की कनाडा के सुरक्षा मंत्री डोमिनिक लेब्लांक ने निंदा की है।

मिली जानकारी के मुताबिक, इस वीडियो को खालिस्तान समर्थक संगठन सिख फॉर जस्टिस ने जारी किया है। इस वीडियो में भारतीय मूल के हिंदुओं से देश छोड़ने को कहा गया है। वीडियो दो दिन पुराना बताया जा रहा है। कनाडा के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री डोमिनिक ली ब्लॉक ने कहा कि सभी कनाडाई अपने समुदायों में सुरक्षित महसूस करने के पात्र है। हिंदू कनाडाई लोगों को लक्षित करने वाला वीडियो कनाडा के मूल्यों के विपरीत है। यहां आक्रामकता, नफरत, धमकी या डर का माहौल बनाने वाले कृत्यों के लिए कोई जगह नहीं है।



कनाडा के एक अन्य मंत्री हरजीत सज्जन ने कहा कि हिंदुओं को देश छोड़ने के लिए कहना स्वतंत्रता और दयालुता के मूल्यों का प्रतीक नहीं है। कैनेडियन हिंदूज फॉर हार्मनी संगठन ने वीडियो जारी करने वाले लोगों के खिलाफ कनाडा सरकार से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने सरकार से पूछा कि आप अपराधी पर घृणा अपराध के तहत आरोप क्यों नहीं लगा रहे हैं। दरअसल, एसएफजे के कानूनी सलाहकार गुरपतवंत पन्नू का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में उसने कहा था- भारतीय मूल के हिंदू कनाडा छोड़ दें। आप भारत में जाओ। आप न केवल भारत का समर्थन करते हैं, बल्कि आप खालिस्तान समर्थक सिखों के भाषण और अभिव्यक्ति के दमन का भी समर्थन कर रहे हैं। आप निज्जर की हत्या का जश्न मनाकर हिंसा को भी बढ़ावा दे रहे हैं। पन्नू ने 18 जून को हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का जिक्र करते हुए यह बात कही। उसे भारत में आतंकवादी घोषित किया गया है।

## इमरान खान की बढ़ सकती हैं मुश्किलें, बुशरा बीबी के साथ निकाह मामले में कोर्ट ने भेजा समन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को इस्लामाबाद की एक अदालत ने गुरुवार को समन भेजा है। यह समन बुशरा बीबी के साथ उनके कथित गैर-इस्लामिक निकाह से संबंधित मामले में भेजा गया है। सिविल जज कुदरतुल्लाह ने अटक जेल के अधीक्षक को एक आदेश जारी किया है। इसमें यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि इमरान खान को अदालत के सामने पेश किया जाए। गौरतलब है कि इमरान खान पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के प्रमुख हैं। उन्हें तोशाखाना मामले में पांच अगस्त को लाहौर में उनके जमान पार्क आवास से गिरफ्तार किया गया था। बाद में, कोर्ट से दोषी ठहराए जाने के बाद उन्हें जेल में डाल दिया गया। इमरान खान पर अपनी पत्नी की इद्दत के दौरान कथित तौर पर तीसरी शादी करने का आरोप है। इद्दत एक इस्लामिक शब्दावली है। जब कोई महिला किसी शख्स से तलाक लेती है या



अपने पति की मौत के बाद किसी और से निकाह करना चाहती है तो इसके लिए उसे एक निश्चित समय तक इंतजार करना होता है। इसे ही इद्दत कहते हैं।

इमरान खान ने जुलाई में ट्रायल कोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी। कोर्ट ने इमरान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के खिलाफ इद्दत अवधि के दौरान हुए पहले निकाह के बाद साथ रहने के लिए उन पर कार्यवाही करने की मांग करने वाली याचिका को मंजूर कर लिया था।

इस्लामाबाद के एक न्यायिक मजिस्ट्रेट कुदरतुल्ला ने 18 जुलाई को नौ पन्नों का आदेश जारी किया था। इस आदेश में उन्होंने कहा कि इमरान के खिलाफ उनकी अवैध शादी को लेकर दायर याचिका स्वीकार्य थी। जज ने इमरान और उनकी पत्नी को भी अदालत में पेश होने का निर्देश दिया था।

अपनी याचिका में इमरान खान ने कहा कि निजी शिकायत में उल्लिखित आरोप पाकिस्तान दंड संहिता पीपीसी की धारा 496 के तहत अपराध नहीं है। इसलिए इस प्रकार मुकदमे को जारी रखने से कानून का दुरुपयोग होगा।

## भारत और जापान समेत चार देशों ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार पर दिया जोर, कहा- हम अपने प्रयासों को और तेज करेंगे

**नई दिल्ली।** जी-4 देशों के विदेश मंत्रियों ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र के दौरान 21 सितंबर को मुलाकात की। इस दौरान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार को लेकर चर्चा हुई है।

जी-4 के जिन नेताओं ने आपस में मुलाकात की, उनमें ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा, जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक, जापान के विदेश मंत्री योको कामिकावा और भारतीय विदेश मंत्रालय के उप मंत्री संजय वर्मा शामिल हैं।

चारों मंत्रियों ने इस बात पर जोर दिया कि कई जटिल संकटों के कारण बहुपक्षवाद महत्वपूर्ण दबाव की स्थिति में है। इसके अलावा, उन्होंने सहमति व्यक्त की, कि स्ह्ष्ट की समकालीन वैश्विक चुनौतियों को प्रभावी ढंग से और समय पर हल करने में असमर्थता इसके व्यापक सुधार की तत्काल आवश्यकता पर जोर देता है, ताकि यह समसामयिक भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित कर

**दबाव**

**चारों मंत्रियों ने इस बात पर जोर दिया कि कई जटिल संकटों के कारण बहुपक्षवाद महत्वपूर्ण दबाव की स्थिति में है।**

सके। जी-4 मंत्रियों ने संयुक्त बयान में ह्स्ष्ट के विस्तार पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सदस्यता की स्थायी और गैर-स्थायी दोनों श्रेणियों में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का विस्तार निकाय को अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण, वैध, प्रभावी और कुशल बनाने के लिए जरूरी है। सदस्य देशों की रिकॉर्ड संख्या को ध्यान में रखते हुए, जिन्होंने ह्स्ष्ट में सुधार की आवश्यकता को स्वीकार किया है, मंत्रियों ने इस महत्वपूर्ण और जरूरी मुद्दे पर चर्चा को आगे




बढ़ाने के लिए तेज गति से प्रयास करने पर जोर दिया। दूसरी तरफ, भविष्य की तैयारी मंत्रिस्तरीय बैठक के शिखर सम्मेलन में भारत ने कहा कि हमारी अध्यक्षता ने यह सुनिश्चित किया है कि ग्लोबल साउथ की चिंताओं को त्20 एजेंडा में रखा गया है। नई दिल्ली घोषणा पत्र में भविष्य के शिखर सम्मेलन के दायरे के लिए पहचाने गए पांच प्रमुख अध्यायों को शामिल किया गया है। भारत ने कहा कि यह घोषणा पत्र अंतराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा पर सभी राज्यों से अंतरराष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों को बनाए रखने का आह्वान करता है, जिसमें एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य की भावना में क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का सम्मान शामिल है। भारत ने कहा कि हमें विश्वास है कि त्20 नेताओं की घोषणा को SOTF द्वारा आगे बढ़ाया जाएगा।

### कनाडा में नफरत के लिए कोई जगह नहीं है हिंदुओं को मिल रही धमकियों पर बोला सुरक्षा विभाग

**टोरंटो।** भारत और कनाडा के बीच कूटनीतिक संबंधों में तनाव जारी है। इस बीच एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें हिंदुओं को धमकियां दी जा रही हैं और उनसे देश छोड़ने को कहा जा रहा है। इस वीडियो पर कनाडा ने कहा कि देश में आक्रामकता, नफरत, धमकी या डर का माहौल बनाने वाली गतिविधियों के लिए कोई जगह नहीं है। वायरल हो रहे वीडियो पर कनाडा के सुरक्षा विभाग ने कहा कि यह आक्रामक और घृणास्पद है। विभाग ने कहा कि कनाडा में नफरत के लिए कोई जगह नहीं है। विभाग ने एक्स पर कहा कि आक्रामकता, नफरत, डराने-धमकाने या डर पैदा करने वाले कृत्यों का कनाडा में कोई स्थान नहीं है। ये केवल हमें बांटने का काम करते हैं।

# पूरे बघेला में जन चौपाल का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में विकासखंड सिकरारा के ग्राम पंचायत पूरे बघेला में जन चौपाल का आयोजन किया गया। जन चौपाल में स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग सहित विभिन्न विभागों के द्वारा कैंप लगाया गया जहां पर ग्रामीणों से आवेदन लेते हुए संबंधित विभाग के द्वारा पात्रों को लाभ दिलाया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। गांव में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के 227 पंजीकृत लाभार्थी पाये गये, जिनमे से 203 को लाभ मिल रहा है, 15 का ई-केवाईसी नहीं हुआ है और 09 का भूमि सत्यापन नहीं हो पाया है जिनका अभिलेख आज ले लिया गया और जल्द ही त्रुटियों को दूर कर उन्हें भी योजना का लाभ दिया जाएगा।

चिकित्सा अधिकारी के द्वारा बताया गया कि गांव में कुल 97 लोगों का गोल्डन कार्ड बना था जिन में से 6 का मिस मैच की वजह से नहीं बन पाया है जल्द ही उन्हें भी सही कर बना दिया जाएगा। ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि गांव में राशन का वितरण मानक के अनुसार किया जाता है। विद्युत सम्बन्धित कोई समस्या गांव में नहीं है। गांव में जल जीवन मिशन का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। ग्रामीणों के द्वारा गांव में पशु सेवा केंद्र बनाए जाने की मांग की गयी। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि सुनिश्चित करें कि सुलभ एवं सामुदायिक शौचालय संचालित हो रहे है। सचिव को निर्देश दिया गया कि राशन कार्ड, शौचालय व अन्य योजनाओं से संबंधित आवेदन पत्र लेकर संबंधित विभाग के द्वारा पात्र व्यक्ति को लाभ दिलाया जाए। इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा मिलेट्स की खेती कर रहे किसान रामदुलार सिंह से मोटे अनाज के संबंध में जानकारी ली और किसान सुरेंद्र के खेत में जाकर मोटे अनाज का निरीक्षण भी किया। उन्होंने किसानों से अपील किया कि वे अधिक से अधिक मिलेट्स की खेती करना शुरू करें। इस दौरान जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पौधरोपण किया गया। उपजिलाधिकारी सदर ऋषभ देशराज पुण्डरिक, खण्ड विकास अधिकारी सर्वेश मौर्या, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संगोष्ठी के माध्यम से सरकार को घेरने की कोशिश करेंगे दिग्गज

**प्रयागराज।** लोकसभा चुनाव 2024 से पहले महा गठबंधन में शामिल कई पार्टी के बड़े नेता प्रयागराज में 24 सितंबर को हमारा संविधान एवं मूल अधिकार विषयक संगोष्ठी में शामिल होंगे। प्रयागराज के ईडन गार्डेन लॉन, नूर उल्लाह रोड में आयोजित संगोष्ठी में हमारा संविधान एवं मूल अधिकार विषय पर अपने- अपने विचार रखेंगे। इस संगोष्ठी में शामिल होने वाले नेताओं में कांग्रेस पार्टी के सलमान खुशीद पूर्व केन्द्रीय मंत्री, डा. अजीज कुरैशी पूर्व राज्यपाल, डा. शफीक रहमान वर्क सासंद, मो अदीब पूर्व सांसद, के.सी. त्यागी महासचिव जदयु, अतुल अंजान महासचिव सीपीआई, कुंदानिश अली सांसद, नसीम सिद्दीकी अल्पसंख्यक आयोग, महाराष्ट्र, प्रो. बी. पाण्डेय पूर्व कुलपति राष्ट्रीय अध्यक्ष सपा शिक्षक सभा, पूर्व महासचिव युवा कांग्रेस, शहर अध्यक्ष कांग्रेस प्रदीप मिश्रा अंशुमन बबन दुबे शामिल होंगे।

# डॉ. वनिता सिंह ने संभाला प्रभारी विभागाध्यक्ष का पदभार

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने दत्तोपंत ठेंगड़ी विधि संस्थान में डॉ.वनिता सिंह को प्रभारी विभागाध्यक्ष के पद पर नामित किया है। शुक्रवार को डॉ.वनिता सिंह को विधि संस्थान के निदेशक प्रो. देवराज सिंह ने कार्यभार ग्रहण कराया। डॉ.वनिता सिंह विभाग की वरिष्ठ शिक्षक हैं और आपके कई शोध पत्र राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशित हैं। इस अवसर पर डॉ.वनिता सिंह ने कहा कि छात्रों की नियमित कक्षाओं का संचालन व छात्र समस्याओं का त्वरित निस्तारण मेरी प्राथमिकता होगी। छात्रों एवं क्षेत्रीय लोगों की मांग पर एल. एल. एम खोले



जाने का प्रस्ताव विभाग द्वारा तैयार किया जा रहा है, कुलपति के निर्देश पर प्रस्ताव शीघ्र सक्षम प्राधिकारियों तक भेजा जाएगा। मेरी कोशिश होगी कि विधि संस्थान में एल. एल. एम पाठ्यक्रम भी चलने लगे। मुझे भरोसा है कि हमारे विभाग के सभी शिक्षक मेरे इस कार्य में पूरा सहयोग प्रदान करेंगे। मेरी कोशिश होगी कि विभाग को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकूँ। विभागाध्यक्ष बनने प्रोफेसर देवराज सिंह,प्रो.अजय द्विवेदी, प्रो.मानस पांडेय, प्रो.नूपुर गोयल, प्रो.अविनाश पाथर्डीकर, डॉ.गिरधर मिश्र, डॉ मनोज मिश्र, डॉ दिग्विजय सिंह, डॉ.श्याम कन्हैया, डॉ.झांसी मिश्रा, डॉ.जाह्नवी श्रीवास्तव , डॉ सुनील कुमार,डॉ पूजा सक्सेना, मंगला प्रसाद यादव, डॉ अनुराग मिश्र, डॉ प्रियंका कुमारी, श्री प्रकाश यादव, डॉ राजित राम सोनकर, डॉ.अंकित कुमार, डॉ.दिनेश कुमार सिंह, डॉ प्रमोद कुमार, डॉ राहुल कुमार राय,डॉ इंद्रजीत सिंह आदि ने अपनी बधाई प्रेषित की।

# राजा जौनपुर का जन्म दिवस मनाया गया

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जौनपुर रियासत के बारहवें नरेश राजा अवनीन्द्र दत्त दूबे का 76वाँ जन्म दिवस हिन्दी माह भाद्रपद के शुक्ल पक्ष राघा अष्टमी के दिन पूर्व की भाँति वैदिक परम्परानुसार धूमधाम से मनाया गया। राजा हवेली स्थित मंदिर ठाकुर द्वारा में राज पुरोहित पंडित जनार्दन मिश्र अपने सहयोगियों के साथ वैदिक मंत्रो एवं रीति रिवाज से हवन-पूजन कर राजा साहब को रक्षासूत्र बाधा। तत्पश्चात् दरबार हवेली में शहर के गणमान्य वुद्धजीवियों, व्यापारियों, वकील व पत्रकार जनों ने राजा साहब से शुभेच्छा भेंट की। बधाई दिया व आर्शीवाद प्राप्त किया। इस अवसर राजा श्री कृष्ण दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं राजा श्री कृष्ण दत्त इण्टर कालेज के प्राचार्य/प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक गण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारीयों ने राजा साहब को माल्यार्पण कर व पुष्पगुच्छ देकर उनके शतायु होने की मंगल कामना की। इस अवसर पर पूर्व प्रमुख सुरेन्द्र प्रताप सिंह, संत प्रसाद राय, रामाश्रय द्विवेदी, डॉ0 देवेन्द्र प्रताप उपाध्याय (पूर्व प्रबन्धक) प्रो0 शम्भूराम प्राचार्य, प्रो0 अखिलेश्वर शुक्ल पूर्व प्राचार्य, डा ओम प्रकाश शाही, डा सुबास चन्द सिंह, ऋषिकेश द्विवेदी, संजय अस्थाना पत्रकार , डॉ0 अशोक मिश्र, डॉ0 विश्वनाथ यादव, डॉ0 रमेशचन्द्र, श्री अशोक कुमार तिवारी, रवि प्रकाश सिंह, सुधाकर मौर्य लेखाकार, प्रो0 मयानन्द उपाध्याय, प्रो0 अवधेश द्विवेदी, डॉ0 देवमणि दूबे, डॉ0 मनोज पाठक, डॉ0 मनोज वत्स, संदीप, डा आशीष कुमार शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

# 24 सितंबर को ऐतिहासिक भादो छठ मेला की तैयारी जोरों पर

- सूरजकुंड में स्नान करने से सारे चर्म रोग खत्म हो जाते है
- यह सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र के सराय ख्वाजा बाजार में लगता है



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (करंजाकला)** सरायख्वाजा का ऐतिहासिक परंपरागत भादों छठ मेला रविवार को लगेगा पहले से दुकान लगाना शुरू कर दिए गए इस मेले में किसानों व घरेलू उपयोग के लकड़ी के बने सामानों के जगह-जगह स्टॉल लगाते हैं और मेला परिसर में साफ-सफाई का पूरा इंतजाम ग्राम प्रधान करवा दिए है। भादों छठ मेले की परंपरा काफी पुरानी है। सरायख्वाजा बाजार के बगल एक सूरजकुंड तालाब है जिसमें लोगों का मानना है कि इस तालाब में नहाने से लोगों को दाद, खाज, खुजली, सफेद दाग जैसे रोगों से मुक्ति मिलती है। मेले में पूर्वांचल क्षेत्र के ही नही बल्कि अन्य प्रांतों से भी लोग आते हैं। एक सप्ताह पहले से ही तीन किलोमीटर की दुरी शाहगंज-जौनपुर मार्ग पर लकड़ी से बने सामान हल, मेज, कुर्सी, स्टूल, चौका, बेलन एवं किसानों के लिए खुरपी, हंसिया, कुदाल, फरसा आदि की दुकानें लगने लगी है जिला कृषि विभाग द्वारा मेला क्षेत्र में विभिन्न कंपनियों के ट्रैक्टर, चार पहिया वाहन, बाइक, जनरेटर के स्टाल भी लगाए जाते हैं। इसमें क्षेत्रीय कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं। मेले को भव्य बनाने के लिए ग्राम प्रधान पति संतोष सिंह ने पहले से ही साफ-सफाई करवा दिए इस मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई थानों की पुलिस फोर्स लगाई जाती हैं।

# कालेज के प्रबंधक का निधन शोक में स्कूल कॉलेज बाजार बंद

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** पूर्व विधायक स्वर्गीय राजबहादुर यादव के पुत्र व पूर्व सांसद स्वर्गीय अर्जुन सिंह यादव के छोटे अनुज समाजसेवी सुभाषचंद्र यादव का हृदयाघात के चलते शुक्रवार की भोर मे निधन हो गया। निधन की खबर लगते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई । शोक संवेदना प्रकट करने वालों का ताता लग गया। इस दौरान वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय समेत क्षेत्र के सभी डिग्री इंटर जूनियर प्राइवेट कॉलेज में शोकसभा कर बंद कर दिया गया। बता दें कि प्रबंधक समाजसेवी 67 वर्षीय सुभाषचंद्र यादव की रात शुक्रवार की भोर में अचानक तबीयत खराब हुई और 2 बजे के करीब हृदयाघात के चलते उनका निधन हो गया। निधन की खबर लगते ही पूर्व राज्यमंत्री शैलेंद्र सिंह यादव ललई, विधायक रागनी सोनकर, पूर्व एमएलसी लल्लन प्रसाद यादव, पूर्व विधायक श्रद्धा यादव , पूर्व अध्यक्ष राजबहादुर यादव ,प्रदेश सचिव राकेश , नीतिश सिंह छोटू सिंह दिलीप प्रजापति समेत हजारो लोग घर पहुंच कर उनके पुत्र विवेक यादव, डॉ आलोक यादव ,भाई लालचंद यादव लाले ,डॉ जितेंद्र यादव से शोक संवेदना जताई । इसके बाद रामघाट पर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी और अन्तिम संस्कार किया । उनके निधन पर पीयू कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नन्दकिशोर सिंह, महामंत्री रमेशचंद्र यादव के नेतृत्व मे पूर्वांचल विश्वविद्यालय में शोकसभा का आयोजन कर विश्वविद्यालय को बंद किया कर दिया गया।

# ऊंट पर निकली सवारी, प्लास्टिक को मिली अनोखी की विदाई

- प्लास्टिक रूपी दानव को विदा करते वक्त लोगों ने की जूते-चप्पलों से पिटाई
- उ.प्र. के प्रयागराज में निकाली गई प्लास्टिक की व्यंग्यात्मक विदाई यात्रा

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** कहते हैं... हथौड़ा इतना वजनदार चलाओ कि चोट असरदार हो, जो लोहे का भी आकार बदल सके। जागरूकता अभियान तो बहुत चलाए जाते हैं पर उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में जो हुआ, ऐसा जुलूस शायद ही कभी कहीं निकाला गया हो। यहां खुशरू बाग लीडर रोड पर जल कल विभाग नगर निगम प्रयागराज की ओर से एक निराली विदाई यात्रा निकाली गई। यह थी %प्लास्टिक की विदाई यात्रा%, जो कि स्वच्छता पखवाड़ा - स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत निकाली गई थी। लोगों तक प्लास्टिक की विदाई करने के लिए प्रेरित करने का यह अंदाज भले ही व्यंग्य से भरपूर रहा, मगर मामला बहुत गंभीर और उद्देश्य बेहद नेक था। व्यंग्य में दिया गया संदेश ज्यादा से ज्यादा लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचता है, बस यही वजह रही कि प्रयागराज नगर निगम ने यह तरीका अपनाया।

अब मन में सवाल आएगा कि प्लास्टिक की विदाई यात्रा में खास क्या है, तो भैया विदाई यात्राएं तो तमाम तरह की निकलती हैं, राजनीतिक रैलियों में तो कई बार विरोध स्वरूप किसी जिंदा आदमी की शव यात्रा तक निकाल दी जाती



है। खैर, अभी तक तो आपने प्लास्टिक के बैन होने, उसके खिलाफ एक्शन और रिकवरी होने, बैन हो चुकी प्लास्टिक के इस्तेमाल पर चालान या %सिंगल यूज प्लास्टिक को ना% कहने के लिए प्रेरित करने वाले जागरूकता अभियान के बारे में ही देखा या सुना होगा। पर, सभी मामलों में प्लास्टिक निर्जीव होती है, कहने का मतलब जिंदा नहीं होती। सुनकर भले ही हैरानी हो, मगर प्रयागराज में जो विदाई यात्रा निकाली गई उसमें प्लास्टिक जिंदा नजर आई। इस अनोखी विदाई यात्रा में कई बातें निराली थीं, क्योंकि यहां प्लास्टिक जिंदा ही नहीं, बल्कि काफी भयानक और हिंसक प्रवृत्ति की दिखाई दी, जिसके हाथ में तलवार भी थी।

दरअसल इस विदाई यात्रा में प्लास्टिक रूपी दानव दिखाया गया, तो तलवार लेकर मजाकिया अंदाज में ही सही लोगों की जान लेने को तैयार बैठा था। बाकायदा एक बग्गी के आगे प्लास्टिक की विदाई यात्रा का बैनर लेकर निगमकर्मी चल रहे थे। किसी बारात की तरह ढोल नगाड़े बजाए गए और दूल्हे की तरह प्लास्टिक के वेश में एक व्यक्ति ऊंट पर बैठा हुआ था। अच्छी खासी संख्या में बाराती, या कहें क्षेत्रीय लोग, निगम अधिकारी और कर्मचारी इस विदाई यात्रा में शामिल हुए। भले ही विदाई यात्रा निकल रही थी, पर सजे-धजे ऊंट पर सवार प्लास्टिक रूपी दानव मस्ती से झूमता और नाचता दिखाई दिया। एक अन्य ऊंट पर प्लास्टिक को अलविदा कहने के लिए उसके विकल्प सुझाते हुए संदेश दिए गए। प्लास्टिक के खिलाफ नारेबाजी हो रही थी, पर इस विदाई यात्रा में आए बाराती दुखी नहीं थे, बल्कि प्लास्टिक की विदाई पर नाचते हुए नारे लगा रहे थे।

## बदलो -बदलो साथी हिन्दी की तकदीर को

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र प्रयागराज द्वारा हिन्दी पखवाड़ा के के अंतर्गत शुक्रवार को कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन में देश- विदेश के मंचों पर छाए रहने वाले कवियों ने रचना पाठ किया। सांस्कृतिक केन्द्र परिसर में आयोजित कवि सम्मेलन में ओज, वीर रस, श्रृंगार रस से ओत-प्रोत रचनाओं के माध्यम से कवियों ने हिन्दी के प्रति प्रेम का संदेश दिया। कवि सम्मेलन का संचालन प्रख्यात कवि शैलेन्द्र मधुर ने किया। इसके बाद युवा कवि जयकृष्ण राय तुषार ने अपनी रचना से हिन्दी की माहिमा को बताते हुए कहा कि हरेक बागे अदब में बहार है हिन्दी, कहीं गुलाब कहीं हरसिंगार है हिन्दी। ओज कवि डॉ. श्लेष गौतम का मंच पर आते ही दर्शकों ने उनका जोरदार स्वागत किया उन्होंने नारी शक्ति को वंदन करते हुए अपनी रचना की प्रस्तुति दी।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रयागराज की मंडलीय महिला वॉलीबाल टीम घोषित



**प्रयागराज।** स्थानीय मदन मोहन मालवीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में गत दिनांक 21 व 22 सितंबर 2023 को मंडल स्तरीय महिला वॉलीबाल चयन प्रतियोगिता संपन्न हुई। डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन (डीवीए) प्रयागराज के महासचिव आर.पी. शुक्ला के अनुसार खिलाड़ियों का चयन ट्रायल के माध्यम से श्रेष्ठ प्रदर्शन और मेरिट के आधार पर किया गया। प्रयागराज मंडल की महिला वॉलीबाल टीम में चयनित खिलाड़ियों के नाम निम्नानुसार है- चांदनी (कप्तान), पूजा कुमारी, रितिका यादव, दीपा पाल, महिमा जायसवाल, दामिनी गौतम, रिंकी कुशवाहा, उपासना यादव, ईशा चौधरी, पल्लवी यादव, मीनू कुमारी व अंशु विश्वकर्मा है। आरक्षित खिलाड़ी - वैष्णवी कुमारी, साक्षी शुक्ला व स्वाति है। उपरोक्त सभी चयनित खिलाड़ी खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश सरकार के तत्वावधान में आगामी 26 से 28 सितंबर 2023 तक मिर्जापुर जिले में संपन्न होने वाली राज्य स्तरीय महिला वॉलीबाल प्रतियोगिता में प्रयागराज मंडल की वॉलीबाल टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी।

### आईएस-227 अतीक गैंग के मेंबरों की सूची फिर हो रही तैयार: चंद्रशेखर द्विवेदी

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद के इंटर स्टेट गैंग आईएस -227 को लेकर नए सिरे से कवायद शुरू हो गई है। गैंग के सक्रिय सदस्यों की सूची तैयार हो रही है। उमेश पाल हत्याकांड के बाद दर्जनों नए नाम सामने आए हैं। गैंग के दो टॉप लीडर अतीक और अशरफ मारे जा चुके हैं। पुराने गैंग चार्ट में 121 लोगों के नाम हैं। अब नया गैंग चार्ट तैयार हो रहा है। अतीक, अशरफ समेत कई नामों को हटाकर नए नाम जुड़ने हैं। लखनऊ जेल में बंद अतीक के बड़े बेटे उमर और नैनी सेंट्रल सेंट्रल जेल में बंद दूसरे नंबर के बेटे अली पर कई मुकदमे दर्ज होने के बाद अब उन्हें भी आईएस-227 में सूचीबद्ध किया जाना है। ऐसे में पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज गैंग की सूची के 121 मेंबरों की कुंडली तैयार कराई जा रही है। माफिया अतीक का आईएस-227 गैंग करीब 20 सालों से प्रयागराज और आसपास के जिलों में टॉप रहा। माफिया सूची, भू-माफिया, टॉप टेन अपराधी, बालू खनन, गो तस्करी, अवैध कब्जा, फिरौती-रंगदारी के अपराध में अतीक गैंग के मेंबरों के नाम शामिल हैं।

# हो रहा हम से रुखसत माहे ग़म माहे अज़ा

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** माहे ग़म माहे अज़ा में अब दो दिन ही रह गए हैं। दो माह और छै दिन अज़ादारी का सिलसिला चलते हुए अब रविवार को अय्यामे अज़ा का आखरी चुप ताज़िया जुलूस निकालने के साथ अज़ादारी का दौर खत्म हो जाएगा।



इसी क्रम में बख्शी बाज़ार स्थित मस्जिद क़ाज़ी साहब में गुड्डू भाई की ओर से मजलिस हुई। कौशाम्बी मंझनपूर के मौलाना हुज्जतुल इस्लाम वल मुस्लेमीन जनाब अलमदार साहब क़िब्ला ने मजलिस को खिताब करते हुए करबला के शहीदों का तज़केरा किया। मंज़रुल हिन्दी ने मर्सिया पढ़ा तो अन्जुमन ग़ुन्चा ए क़ासिमया बख्शी बाज़ार के नौहाख्वानो ने पुरदर्द नौहा पढ़ा। ताशू व ईशान की ओर से मजलिस में शिरकत करने वालों का शुक्रिया अदा किया गया। वहीं माहे रबीउल अव्वल की छठवीं पर दरियाबाद में सफदर साहब मरहूम का क़ायम किया क़दीमी जुलूस भी निकाला गया जो नौहों और मातम की सदा बुलन्द करते हुए देर रात हज़रत अब्बास की दरगाह पर पहुंच कर सम्पन्न हुआ।

जुलूस में अन्जुमन ग़ुन्चा ए क़ासिमया बख्शी बाज़ार, अन्जुमन नक़विया दरियाबाद, अन्जुमन मज़लूमिया रानीमंडी ने शिरकत करते हुए सिलसिलेवार नौहा पढ़ते हुए अलम ताबूत व ज़ुलजनाह की शबीह के साथ जुलूस में शिरकत की। हाजी हसन नक़वी, रौनक़ सफीपुरी, नजीब इलाहाबादी, शफक़त अब्बास पाशा, मिर्ज़ा अज़ादार हुसैन, सैय्यद मोहम्मद अस्करी, शबी हसन, नजमुल हुसैन, ज़ैग़म अब्बास, हसन टाईगर, हैदर अली, पार्षद फसाहत हुसैन, ज़ामिन हसन आदि शामिल रहे।

चक ज़ीरो रोड पर अरशद नक़वी की ओर से मजलिस हुई जिसे मौलाना आमिरुर रिज़वी ने खिताब किया तो अन्जुमन शब्बीरिया रानीमंडी के मिर्ज़ा मुर्तजा हुसैन (सिकन्दर) ने नौहा पढ़ा।

## नारी सुरक्षा को लेकर छात्रों को किया गया जागरूक

**प्रयागराज।** शुक्रवार को कमला स्मारक इंटर कॉलेज बलापुर में घूरपुर थाना प्रभारी संजीव कुमार चौबे के नेतृत्व में नारी मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत सब इंस्पेक्टर शिवकुमारी महिला आरक्षित कीर्ति गुप्ता के द्वारा विद्यालय की छात्राओं को नारी सुरक्षा नारी सम्मान नई स्वालंबन के तहत जागरूक किया गया। इस अवसर पर बताया गया कि सरकार द्वारा नारी सुरक्षा के लिए महिलाओं और बालिकाओं को विवेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112,-100, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 स्वास्थ्य सेवा 102, एंबुलेंस सेवा 108, राष्ट्रीय महिला आयोग 7827170170, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग 14433, आदि हेल्पलाइन नंबर सरकार द्वारा जारी किए गए हैं।

# कांग्रेस अध्यक्ष में पेश हुए, पार्टीजनों ने किया स्वागत

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय आज अपराह्न 12.30 बजे चतुर्थ तल स्थित कक्ष संख्या 23 में एडीजे तृतीय विष्णु कुमार मिश्रा की अदालत में पेश हुए। माफिया मुख्तार अंसारी द्वारा वाराणसी में हमले के मामले में उनका बयान होना था जो गवाह के अभाव में नहीं हो सका। मामले की अगली सुनवाई अक्टूबर की प्रथम तिथि को यद्यपि उन्हें निजी पेशी से छूट दे दी गई है। अदालत से सैकड़ों समर्थकों के साथ निकलने के बाद वे सड़क मार्ग से सीधे लखनऊ रवाना हुए। इसके पहले वाराणसी से यहाँ पहुंचने पर उनका स्वागत करने वालों में जिलाध्यक्ष द्वय सुरेश यादव व अरूण



तिवारी, शहर अध्यक्ष प्रदीप अंशुमन , प्रभारी महासचिव राघवेंद्र सिंह, पूर्व विधायक विजय प्रकाश, किशोर वार्ष्णेय, फुज़ैल हाशमी, मुकुंद तिवारी, हरिकेश त्रिपाठी, सुधाकर तिवारी , विवेकानंद पाठक, संजय तिवारी, परवेज़ सिद्दीकी, रघुनाथ द्विवेदी, राजेश राकेश, बजिंद मिश्रा, भोले सिंह, हसीब अहमद, अरशद अली, मनोज पासी, राकेश पटेल, विजय यादव, निशांत रस्तोगी, अजेंद्र गौढ़, बृजेश सिंह, एहतेशाम अहमद आदि थे।

# योगी सरकार के सख्त निर्देश पर प्रशासनिक अमला सक्रिय

- लंपी वायरस के संक्रमण में आई कमी
- प्रयागराज में पहुंची 4 लाख 72 हजार लंपी की वैक्सीन
- जिले में 1 लाख 76 हजार गोवंश का टीकाकरण हुआ पूरा

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरफ से पशुओं में लंपी वायरस को रोकने के लिए दिए गए सख्त निर्देश के बाद प्रशासनिक अमला सक्रिय हुआ है। जिसके बाद उठाए गए कदमों से बीमारी के संक्रमण में भारी कमी आई है। प्रदेश के जिन जिलों में इस वायरस का संक्रमण तेजी से हुआ था उसमे प्रयागराज जनपद भी शामिल है। प्रयागराज में इस वायरस के संक्रमण में भारी कमी आई है। इधर प्रशासन की तरफ से गोवंश के टीकाकरण का अभियान भी युद्ध स्तर पर चल रहा है। योगी सरकार द्वारा सूबे में पशुओं में फैले लंपी के संक्रमण को रोकने के लिए दिए गए निर्देशों के बाद प्रशासनिक अमला एक्शन मोड में आ चुका है। प्रयागराज में इसके प्रसार को रोकने के लिए पशुपालन विभाग पूरी तरह मिशन मोड में काम कर रहा है। प्रयागराज के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार के मुताबिक जिले में सरकार की तरफ से अब तक चार लाख 72 हजार लंपी की वैक्सीन पहुंच चुकी है। जनपद में 1 लाख 76 हजार गोवंश को लंपी का टीका भी लगाया जा चुका है। हालात पूरी तरह सामान्य हो रहे हैं। गौरतलब है कि प्रयागराज में 5 लाख 60 हजार 567 गोवंश मौजूद हैं। जिले के 160 गांव में इस वायरस का संक्रमण हुआ था जिसे तेजी से कम किया गया है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी का कहना है कि वर्तमान में जिले में केवल 158 गोवंश में लंपी का संक्रमण है। अभी तक केवल 6 गोवंश की इस वायरस के संक्रमण से मृत्यु हुई है।

जिले में लंपी वायरस का संक्रमण रोकने के लिए वैक्सीनेशन का अभियान तेजी से चल रहा है। जिला पशु चिकित्सा अधिकारी बताते हैं कि जनपद में इस वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए आवश्यक वैक्सीन उपलब्ध होने के बाद इसके वैक्सीनेशन के लिए 80 टीमें बनाई गई हैं। लगातार ब्लॉक स्तर पर भी विभाग के कर्मचारी शिविर लगाकर पशुओं का वैक्सीनेशन कर रहे हैं। पशुपालन विभाग की तरफ से लगातार पशुपालकों को इस बीमारी के लक्षण और इसके बचाव को लेकर जागरूक करने के लिए 25 टीम भी सक्रिय है जो गांव-गांव जाकर लोगों को उसकी जानकारी दे रही हैं।

### पशुओं के अंतर्जनपदीय परिवहन पर लगी है रोक

**प्रयागराज।** लंपी वायरस के संक्रमण को प्रभावी रूप से कम करने के लिए जिला प्रशासन की तरफ से जनपद में बाहर से पशुओं के आने और जनपद से पशुओं के बाहर जाने पर सख्ती बरती जा रही है । अंतर्जनपदीय परिवहन पर पूरी तरह रोक लगा दिया गया है। वायरस से संक्रमित पशुओं को अन्य पशुओं से पूरी तरह अलग कर दिया गया है ताकि इसका संक्रमण आगे न बढ़ने पाए। जनपद के सभी 126 गोआश्रय स्थलों में सघन टीकाकरण अभियान चलाकर सभी मवेशियों का वैक्सीनेशन किया जा चुका है।

# हिंदी कवियों की कविताओं का सस्वर-पाठ प्रतियोगिता का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** राजर्षि टंडन महिला महाविद्यालय प्रयागराज में राजभाषा हिंदी पखवाड़ा के अन्तर्गत चलने वाली विभिन्न अंतर महाविद्यालयीय प्रतियोगिताओं के क्रम में आज हिंदी कवियों की कविताओं का सस्वर-पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसमें प्रतिभागियों ने स्वरुचि के अनुसार कवियों का चयन किया। उक्त प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में डॉ दीनानाथ, एसोसिएट प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, हिंदी विभाग, सीएमपी डिग्री कॉलेज थे। उन्होंने प्रतियोगिता



परिणाम की घोषणा करने से पूर्व प्रतिभागियों को कविताओं के चयन तथा उसके सस्वर पाठ करने की बारीकियों से भी अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में कविता का बहुत महत्त्व होता है इसलिए उसी कविता का चयन करें जो श्रोताओं को आनन्दित और अभिभूत कर सके। कविता को बिना देखे पढ़ें। आज के कार्यक्रम का संचालन डॉ नीलिमा सिंह, एसो. प्रो. राजनीति शास्त्र तथा राजभाषा हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम की संयोजिका ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्या प्रो रंजना त्रिपाठी ने किया। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि हम हिंदी को लेकर आगे बढ़ रहे हैं इस बात का हमें गर्व होना चाहिए।

## कमजोर मानसून और कच्चे तेल की कीमतों का नहीं पड़ेगा GDP पर असर, विकास दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय का मानना है कि कमजोर मानसून और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बावजूद चालू वित्त वर्ष यानी 2023-24 की विकास दर



प्रभावित नहीं होगी और अर्थव्यवस्था की विकास दर 6.5 प्रतिशत रहेगी। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में विकास दर 7.8 प्रतिशत थी। शुक्रवार को जारी वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक आर्थिक गतिविधियों की रफ्तार में कमी नहीं आई है और दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में अर्थव्यवस्था सही आकार ले रही है। जुलाई की खुदरा महंगाई दर सात प्रतिशत से ऊपर चली गई थी जो अब नीचे आ रही है और सप्लाई चेन के दुरुस्त होने से खुदरा महंगाई दर और कम होगी। मंत्रालय का कहना है कि अगस्त में बारिश में कमी से खरीफ और रबी दोनों फसल प्रभावित होने की आशंका पैदा हो गई है, लेकिन सितंबर में हुई अच्छी बारिश से इस आशंका में कमी आ सकती है। हालांकि अभी इसका मूल्यांकन किया जाना बाकी है।

कच्चे तेल की बढ़ती कीमत चिंता का विषय तो है लेकिन यह कीमत अभी बर्दाश्त से बाहर की स्थिति में नहीं है। कच्चे तेल की कीमत 95 डालर प्रति बैरल तक चली गई थी जो गिरकर 92 डालर प्रति बैरल के पास आ गई है।

मंत्रालय का मानना है कि स्टाक मार्केट में गिरावट और भू-राजनैतिक वजहों से वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में निवेश के माहौल पर विपरीत असर दिख सकता है, लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसका कोई गहरा प्रभाव नहीं होगा। वित्त मंत्रालय के मुताबिक एडवांस कारपोरेट टैक्स में बढ़ोतरी को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि निजी सेक्टर की वित्तीय सेहत अच्छी है।

## एसबीआई की इस स्कीम में निवेश का आखिरी मौका! 30 सितंबर है लास्ट डेट

**नई दिल्ली।** देश का सबसे बड़ा सरकारी बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के पास रेगुलर फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) के अलावा कुछ



स्पेशल एफडी की भी पेशकश करता है। इन्हीं स्पेशल एफडी में से एक एसबीआई We Care स्कीम है जो सीनियर सिटीजन को टारगेट करता है। यह योजना 60 साल के उपर वाले सीनियर सिटीजन को 5 साल से 10 साल के बीच की अवधि पर उच्च ब्याज दर प्रदान करती है। एसबीआई ने एफडी पर उच्च ब्याज की पेशकश करके वरिष्ठ नागरिकों की आय को सुरक्षित करने के लिए 2022 में एसबीआई वेकेयर÷ विशेष एफडी योजना की शुरुआत की थी। आज हम इस एफडी के बारे में इसलिए बात कर रहे हैं क्योंकि इस एफडी में निवेश करने की आखिरी तिथि नजदीक आ रही है। इस एफडी में निवेश करने की आखिरी तिथि 30 सितंबर 2023 है। यह योजना नई जमा और परिपक्व जमा के नवीनीकरण के लिए उपलब्ध है। इस योजना में केवल वरिष्ठ नागरिक ही निवेश कर सकते हैं। इस योजना के तहत, वरिष्ठ नागरिक अन्य अवधियों पर उन्हें दिए जाने वाले 50 बीपीएस प्रीमियम के अलावा 50 बीपीएस अतिरिक्त ब्याज दर का लाभ उठा सकते हैं।

## जेपी-मॉर्गन इंडेक्स में भारत के बॉन्ड भी होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** जेपी-मॉर्गन ने आज एक बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने बताया कि वह अगल वर्ष 2024 से अपने सरकारी बॉन्ड को इंडेक्स-इमर्जिंग मार्केट्स (जीबीआई-ईएम) को भारतीय सरकारी बॉन्ड में शामिल करेगा। इस तरह का समावेशन अभी तक पहली बार हुआ है। इस समावेशन के बाद सरकारी डेट में अरबों डॉलर का प्रवाह हो सकता है।

ऐसे में भारतीय करेंसी रुपया को भी समर्थन मिल सकता है। भारत सरकार 2013 से ही वैश्विक इंडेक्स में अपने एक्सचेंज को शामिल करने के लिए चर्चा कर रही है। विदेशी निवेशकों ने अभी तक इस पर प्रतिबंध लगा दिया है। वर्ष 2020 में भारतीय रिजर्व बैंक ने एक प्रतिभूतियों का समूह पेश किया। इस प्रतिभूती को एफएआर कहा जाता है। यह प्रतिभूती विदेशी निवेश प्रतिबंध से मुक्त होता है। आरबीआई द्वारा पेश किये गए प्रतिभूती वैश्विक इंडेक्स में शामिल होने योग्य है। जेपी मॉर्गन की जानकारी के अनुसार आज के समय में 330 अरब डॉलर के संयुक्त मूल्य वाले 23 भारतीय सरकारी बांड (आईजीबी) इस इंडेक्स के योग्य नहीं है। इसी के साथ लगभग 73 फीसदी निवेशकों ने भारतीय बेंचमार्क को शामिल करने के पक्ष में मतदान किया। जेपी मॉर्गन ने




कहा कि भारतीय बांड इंडेक्स का 10 फीसदी का भार रखेंगे। वहीं, अगले वर्ष के जून से इस इंडेक्स के भार में से 1 फीसदी की बढ़त देखने को मिलेगी। इस समावेशन के बाद विश्लेषकों का अनुमान है कि आने वाले 10 महीनों में लगभग 24 अरब डॉलर का प्रवाह हो सकता है। यह विदेशी निवेशकों द्वारा भारतीय डेट में किए गए 3.5 बिलियन डॉलर के निवेश से काफी ज्यादा है। वर्तमान में इस बांड में विदेशी हिस्सेदारी 1.7 फीसदी है जो अप्रैल-मई 2025 तक 3.4 फीसदी तक बढ़ने की उम्मीद है। 31 मार्च, 2024 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष में भारत का जीडीपी 5.9 फीसदी बने रहने की उम्मीद है।

इसके लिए सरकार को वैश्विक बाजार से 15 ट्रिलियन रुपये यानी लगभग 181 बिलियन डॉलर उधार लेना होगा। वर्तमान में बैंक, इंश्योरेंस कंपनी र म्यूचुअल फंड सरकारी डेट के सबसे बड़े खरीदार रहे हैं। बांड के पैदावार होने से सरकार की उधार लागत को सीमित करने में भी सहायता मिलगी। कई व्यापारियों ने यह अनुमान लगाया है कि आने वाले कुछ महीनों में बेंचमार्क बॉन्ड यील्ड 10-15 आधार अंक गिरकर तक 7 फीसदी तक पहुंच सकती है। इस गिरावट से कॉर्पोरेट उधारकर्ताओं को सबसे ज्यादा लाभ होगा।

## रीजेंसी हॉस्पिटल ने आयोजित की एक्स्ट्राकोरपोरियल में ब्रेन ऑक्सीजेनेशन (ईसीएमओ)और रीनल रिप्लेसमेंट थेरेपी पर महत्वपूर्ण कार्यशाला

**कानपुर।** कानपुर के अग्रणी हेल्थकेयर संस्थान रीजेंसी हॉस्पिटल ने 22 सितंबर को इंडियन सोसाइटी ऑफ एनेस्थ `शियोलॉजिस्ट्स (आईएसए) के साथ मिलकर एक्स्ट्राकोरपोरियल मेंब्रेन ऑक्सीजेनेशन (ईसीएमओ) और



रीनल रिप्लेसमेंट थेरेपी पर ज्ञानवर्द्धक कार्यशाला का आयोजन किया। इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में उत्तर प्रदेश के विभिन्न स्थानों से अनेक प्रतिष्ठित इंटेसिविस्ट्स, फिजिशयन और हेल्थकेयर प्रोफेशनल एक मंच पर एकत्र हुए। यहां प्राप्त आधुनिक मेडिकल प्रक्रियाओं की जानकारी का लाभ पूरे राज्य में मरीजों की बेहतर देखभाल और स्वास्थ्य केंद्रों पर बेहतर परिणामों के रूप में सामने आएगा। रीजेंसी हॉस्पिटल लिमिटेड, कानपुर के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. अतुल कपूर का कहना है, हमारे मेडिकल साधनों में नियमित रूप से प्रयोग की जाने वाली हमारी ईसीएमओ और सीआरआरटी मशीनें आधुनिक क्रिटिकल केयर प्रदान करने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।÷

डॉ आदित्य नाथ शुक्ला (इंटेशिविस्ट रीजेंसी हॉस्पिटल) हाल के वर्षों में, मेडिकल तकनीक में हुई उन्नति ने क्रिटिकल केयर को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डेंगू, वायरल निमोनिया या सेप्सिस जैसी बीमारियों से मल्टीऑर्गन फेल्योर जैसी समस्याएं हो सकती हैं और शरीर के महत्वपूर्ण अंग, जैसे - दिल, फेफड़े और किडनी काम करना बंद कर सकते हैं। पूर्व में इस प्रकार की नाजुक स्थितियों से जूझने वाले मरीजों के ठीक होने की संभावना बहुत कम होती थी। लेकिन आधुनिक तकनीक के विकास से, हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स की पहुंच एक्स्ट्राकोरपोरियल लाइफ सपोर्ट (ईसीएलएस) सिस्टम्स और मशीनों तक हो सकी है। ये आधुनिक तरीके, दिल की बीमारियों या सांस की समस्याओं से गंभीर रूप से जूझने वाले मरीजों के इलाज में बहुत महत्वपूर्ण साबित हुए हैं। ये उनकी रिकवरी में लाइफलाइन की तरह काम करते हैं या उन्हें आगे के इलाज के लिए तैयार कर देते हैं।

डॉ शिखा सचान (इंटेशिविस्ट रीजेंसी हॉस्पिटल) ने आगे बताया कि ईसीएमओ यानी एक्स्ट्रा कोरपोरियल मेंब्रेन ऑक्सीजेनेशन, विशेष प्रकार का लाइफ सपोर्ट है। इसका प्रयोग उस समय किया जाता है, जब फेफड़े और दिल, अपेक्षित रूप से काम नहीं कर पाते। अपनी कार्यप्रणाली के अंतर्गत, यह शरीर से रक्त लेकर मशीन तक पहुंचाता है, जहां इसमें ऑक्सीजन मिलाई जाती है और कार्बन डाई ऑक्साइड बाहर निकलती है।

## निरमा ने करीब 7500 करोड़ रुपये के एंटरप्राइज वैल्यू पर ग्लेनमार्क लाइफ साइंसेज में 75 प्रतिशत

**मुंबई।** एक सफल बोली में निरमा ग्रुप ने ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड से लगभग 7500 करोड़ रुपये के



एंटरप्राइज वैल्यू पर ग्लेनमार्क लाइफ साइंसेज लिमिटेड की 75 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए एक निश्चित समझौता किया है। ये करार क्लोजिंग एडजस्टमेंट्स (समापन समायोजन) के तहत है। निरमा सेबी विनियमों के अनुसार एक अनिवार्य ओपन ऑफर करेगी। यह अधिग्रहण कस्टमरी रेगुलेट्री अनुमतियों के तहत है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर श्री हिरेन पटेल प्रबंध निदेशक निरमा लिमिटेड ने कहा कि ÷निरमा 2006 से फार्मास्युटिकल क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्यरत है। हम इस सौदे को लेकर उत्साहित हैं और हमारा पूर्ण विश्वास के साथ मानना है कि यह हमारे फार्मास्युटिकल बिजनेस की ग्रोथ को अगले चरण में आगे बढ़ाने के लिए एक बेहतरीन प्लेटफॉर्म प्रदान करेगा। हमारा मिशन हमेशा किफायती कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाले स्वास्थ्य देखभाल उत्पाद उपलब्ध कराने पर केन्द्रित रहा है। हमारा हालिया निवेश फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री के प्रति हमारे अटूट समर्पण का प्रमाण है। इस अधिग्रहण के साथ निरमा ग्रुप एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएंट (एपीआई प्लेटफॉर्म में प्रवेश कर रहा है और इंजेक्शन पैरेंटल और आई केयर उत्पादों सहित फार्मास्यूटिकल्स पोर्टफोलियो में अपनी मौजूदा उपस्थिति का विस्तार कर रहा है। यह ट्रांजेक्शन मार्च 2023 में समूह द्वारा स्टेरिकॉन फार्मा प्राइवेट लिमिटेड के अधिग्रहण के बाद इस साल दूसरा अधिग्रहण है। ग्लेनमार्क लाइफ साइंसेज लिमिटेड मुख्य रूप से एपीआई के डेवलपमेंट, निर्माण और मार्केटिंग के बिजनेस में कार्यरत है। कंपनी के उत्पाद पोर्टफोलियो में विभिन्न थेराप्यूटिक सेग्मेंट्स शामिल हैं जिनमें कार्डियोवैस्कुलर सीवीएस रोग सेंट्रल नर्वस सिस्टम सीएनएस डिसऑर्डर्स मधुमेह गैस्ट्रो इंटेस्टाइनल हेल्थ ऑन्कोलॉजी दर्द प्रबंधन और एंटी-इंफैक्टिव्स शामिल हैं। कंपनी की विनिर्माण सुविधाएं भारत में अंकलेश्वर दहेज मोहोल और कुरकुंभ में स्थित हैं और रिसर्च एंड डेवलपमेंट सुविधाएं महापे अंकलेश्वर और दहेज में स्थित हैं। कंपनी चिंचोली सोलापुर में एक एपीआई मैन्युफैक्चरिंग सुविधा स्थापित करने की प्रक्रिया में भी है।इसके अलावा उन्होंने कहा कि ÷ग्लेनमार्क लाइफ साइंसेज का अधिग्रहण हमारी कंपनी के रणनीतिक लक्ष्यों के अनुरूप है और निरमा को भारत में टॉप पांच इंडीपेंडेंट एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडेंट (एपीआई कंपनियों में से एक के रूप में स्थापित करता है। यह रणनीतिक कदम हमें स्वदेशी रिसर्च एंड डेवलपमेंट पर पूंजी लगाने में सक्षम बनाता है जिससे भारत सरकार द्वारा शुरू की गई मेक इन इंडिया पहल में महत्वपूर्ण योगदान मिलता है। निरमा समूह की एडवाइजरी टीम में खेतान एंड कंपनी, केपीएमजी, बीसीजी, एशमैन और डीएएम कैपिटल शामिल थे।

## ग्राहक चेतना ट्रस्ट के साथ मिलकर पुलिस अधिकारियों ने सूरत, कानपुर और बेंगलुरु में प्रतिबंधित सिगरेट बरामद किए

**कानपुर।** ग्राहक चेतना ट्रस्ट द्वारा दी गई खुफिया जानकारी की मदद से स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने एक संयुक्त अभियान चलाकर सूरत, कानपुर और बेंगलुरु में प्रतिबंधित सिगरेट की तस्करी का खुलासा किया। पुलिस अधिकारियों ने सूरत के गोडादरा में जीके ट्रेडर्स; यशोदानगर, कानपुर में चौरसिया पान स्टोर, शिव जर्दा एवं जनरल स्टोर, माँ दुर्गा जर्दा एवं जनरल स्टोर; और एचएसआर लेआउट, बेंगलुरु में केजीएफ पान से बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित सिगरेट बरामद किए। ज़ब्त किए गए सिगरेट ब्रांडों में शामिल हैं- एस्से लाइट, एस्से गोल्ड, जेरम ब्लैक, मोंड, मोंड डुअल बर्स्ट, एस्से डबल शॉट, एस्से स्पेशल गोल्ड, बी एंड एच ब्लू गोल्ड, मार्लबोरो, मार्लबोरो गोल्ड, डनहिल स्विच, गुडांग गरम और पेरिस। पूरे देश से आयी कुछ रिपोर्टों के मुताबिक़ इन सिगरेट को बांग्लादेश और कंबोडिया से तस्करी करके भारत लाया जाता है। मुख्य संदिग्धों के खिलाफ आगे की कार्रवाई के लिए एफआईआर दर्ज कर ली गई है। इन घटनाओं के बारे में ग्राहक चेतना ट्रस्ट के प्रिंसिपल ट्रस्टी, श्री सुरेश कौशिक ने कहा, ''हम कानून प्रवर्तन एजेंसी की सराहना करते हैं, जिन्होंने हमारी खुफिया जानकारी के आधार पर इन मामलों में कार्रवाई की। सिगरेट के गैरकानूनी व्यापार को रोका जाना और कठोर कदम उठाकर इस खतरे को दूर किया जाना बहुत जरूरी है। हम भारत में जाली/प्रतिबंधित सामान के बारे में ग्राहकों की जागरुकता और शिक्षा बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सिगरेट का गैरकानूनी व्यापार जन स्वास्थ्य और समाज के लिए एक गंभीर और लगातार बढ़ता हुआ खतरा है। इससे सरकार को राजस्व का नुकसान होता है, वैधानिक व्यवसायों को नुकसान पहुँचता है, और उपभोक्ता ऐसे उत्पादों के संपर्क में आते हैं, जो किसी नियम के दायरे में नहीं।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने इंडिया शुगर एंड बायो-एनर्जी कॉन्फ्रेंस 2023 विद्युतीकृत फ्लेक्स ईंधन वाहनों का प्रदर्शन किया

**नई दिल्ली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने 21-22 सितंबर 2023 के दौरान दिल्ली में आयोजित पहले ×स39;द इंडिया शुगर एंड बायो-एनर्जी कॉन्फ्रेंस 2023×स39; में भाग लिया। इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन (आईएसएमए), इंटरनेशनल शुगर ऑर्गनाइजेशन (आईएसओ) और भारत सरकार ने मिलकर यह आयोजन किया था। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने इसमें अपने विद्युतीकृत फ्लेक्स ईंधन वाहनों (दो मॉडलों) का प्रदर्शन किया। इस उन्नत हरित वाहन प्रौद्योगिकी के माध्यम से, कंपनी ने जीवाश्म ईंधन की खपत से दूर व्यवधान मुक्त ऊर्जा संक्रमण सुनिश्चित करने की दिशा में जैव ईंधन के महत्व पर जोर दिया, ताकि इससे कार्बन तटस्थता भी हासिल की जा सके।

इस कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी प्रतिनिधियों, उद्योग विशेषज्ञों, चीनी मिल मालिकों, शिक्षाविदों, उद्योग निकायों, मीडिया और अन्य गणमान्य व्यक्तियों सहित लगभग 500 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। आगे, दो दिनों के दौरान सम्मेलन में प्रतिष्ठित वैश्विक और भारतीय विचारकों की भागीदारी देखी गई, जो चीनी की मजबूत अर्थव्यवस्था और विश्व स्तर पर इसके व्यापार पर अपने विशेष ज्ञान और जैव-ईंधन क्षेत्र में समावेशी विकास के लिए नवीन प्रौद्योगिकियों को साझा करेंगे। इससे चीनी और जैव-ऊर्जा उद्योग के विचार साझा करने के साथ भविष्य के दृष्टिकोण को और सुविधाजनक बनाया जाएगा। इस साल की शुरुआत (फरवरी 2023 में), टीकेएम ने भारत में ऑटोमोटिव उद्योग के लिए स्वच्छ, स्वदेशी, अक्षय और स्थायी ऊर्जा स्रोत के रूप में इथेनॉल के उपयोग को लोकप्रिय बनाने के लिए आईएसएमए के साथ एक समझौता ज्ञापन का आदान- प्रदान किया था।

वैश्विक स्तर पर निरंतरता के चैंपियन के रूप में, टोयोटा वाहन जीवन-चक्र के आधार पर 2050 तक कार्बन तटस्थता प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है और 2035 तक विनिर्माण कार्यों में नेट जीरो कार्बन की स्थिति हासिल करने का लक्ष्य रखता है। टोयोटा अधिक दक्षता के साथ हरित गतिशीलता समाधानों को पेश और समर्थन करके आगे बढ़ा रहा है। कई स्वच्छ प्रौद्योगिकियां जो प्रत्येक बाजार की अनूठी आवश्यकताओं के साथ सबसे अच्छी तरह ताल मेल में हैं, जिसमें उसका ऊर्जा मिश्रण, उपभोक्ता स्वीकृति, बुनियादी ढांचे की तैयारी और प्रत्येक देश के राष्ट्रीय उद्देश्यों को पूरा करना शामिल है। ऊर्जा क्षेत्र में 2047 तक आत्मनिर्भर बनने, 2070 तक कार्बन तटस्थता प्राप्त करने के साथ-साथ स्थानीय

विनिर्माण में वृद्धि के लिए भारत के लक्ष्यों में योगदान करने के लिए हम पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं जो देश के द्रुत आर्थिक विकास में योगदान करता है। हाल ही में, टीकेएम ने अपने प्रसिद्ध इनोवा हाइक्रॉस पर निर्मित विश्व के पहले बीएस 6 (स्टेज द्धद्ध) विद्युतीकृत फ्लेक्स ईंधन वाहन के प्रोटोटाइप का अनावरण किया। यह प्रोटोटाइप आईएसबीईसी के दौरान टोयोटा-ब्राजील निर्मित कोरोला फ्लेक्स-फ्यूल स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन (अक्टूबर 2022 के दौरान भारत में टोयोटा की अपनी तरह की पहली पायलट परियोजना के रूप में प्रदर्शित) के साथ प्रदर्शित किया गया था।

कहने की जरूरत नहीं है कि, इथेनॉल-आधारित वाहन गतिशीलता के बारे में जागरूकता पैदा करने की दिशा में टोयोटा के प्रयास से, स्वदेशी और स्थायी ईंधन का उपयोग करके विकसित एक उन्नत तकनीक, जी20 के दौरान ग्लोबल बायोफ्यूल अलायंस के हालिया लॉन्च के साथ अच्छी तरह से तालमेल में है, जिसकी घोषणा हमारे माननीय प्रधान मंत्री,नरेंद्र मोदी जी ने जी20 शिखर सम्मेलन में की थी।

## दो बार के ओलंपिक चैंपियन एश्टन ईटन वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन 2023 के अंतर्राष्ट्रीय इवेंट एंबेसडर हैं

**लखनऊ।** दो बार के ओलंपिक चैंपियन और डिकैथलॉन इवेंट में दो बार 9,000 अंक से अधिक अंक हासिल करने वाले एकमात्र खिलाड़ी एश्टन ईटन, अगले महीने के वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन 2023 में अंतर्राष्ट्रीय इवेंट एंबेसडर होंगे, रेस प्रमोटर प्रोकैम इंटरनेशनल आज घोषणा की गई. अमेरिकी ने लगातार ओलंपिक (2012 और 2016) में डेकाथलॉन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते। उन्होंने डेकाथलॉन स्पर्धा में दो विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण (2013 और 2015) और 2011 विश्व चैंपियनशिप में एक रजत पदक भी जीता है। इसके अलावा, उन्होंने हेप्टाथलॉन इवेंट में भी अपनी काबिलियत साबित की है। ईटन ने 2012 में द्धस्न वर्ल्ड इंडोर चैंपियनशिप में 6,645 अंकों के स्कोर के साथ अपना हेप्टाथलॉन विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। उन्हें हेप्टाथलॉन इवेंट में तीन विश्व इंडोर चैंपियनशिप गोल्ड (2012, 2014 और 2016) का भी श्रेय दिया जाता है। 2012 के लंदन ओलंपिक खेलों में, ईटन ने डिकैथलॉन में एक और विश्व रिकॉर्ड दर्ज किया और फ्रांस के केविन मेयर द्वारा इसे तोड़ने तक छह साल तक यह रिकॉर्ड कायम



रखा। उन्हें 2015 में द्धस्न एथलीट ऑफ द ईयर भी नामित किया गया था। उच्चतम स्तर पर अपनी उपलब्धियों से पहले, ईटन ने एक कॉलेजिएट ट्रैक-एंड-फील्ड एथलीट के रूप में दुनिया में तहलका मचा दिया था। उन्होंने पांच राष्ट्रीय कॉलेजिएट एथलेटिक एसोसिएशन (एनसीएए) चैंपियनशिप जीतीं - तीन डिकैथलॉन में और दो हेप्टाथलॉन स्पर्धाओं में। इनडोर हेप्टाथलॉन स्पर्धा में एनसीएए खिताब जीतने के बाद उन्हें 2010 बोवरमैन पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया, जहां उन्होंने 6,499 अंकों का विश्व रिकॉर्ड स्कोर बनाया।

÷मैं अनुभव से जानता हूं कि दौड़ में प्रेरणा देने की क्षमता होती है, यही कारण है कि मैं वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन का समर्थन करने के लिए उत्साहित हूं। लगभग दो दशकों से, इस अविश्वसनीय घटना ने ऐतिहासिक एथलीटों का समर्थन देखा है और लोगों को स्वास्थ्य और समुदाय के लिए एक साथ लाया है, ÷एश्टन ईटन ने कहा।

÷मैं देख रहा हूं कि भारत का मेरे खेल पर कैसा प्रभाव पड़ रहा है और एथलेटिक्स में इस देश के लिए बहुत अधिक संभावनाएं हैं। मैं भारत के लोगों से इस आंदोलन में शामिल होने का आग्रह करता हूं, मैं आपका उत्साहवर्धन करूंगा!÷ उसने जोड़ा।

## अपोलोमेडिक्स के डॉक्टरों ने नेपाल से आए बच्चे के शरीर में भोजन नली का निर्माण कर दिया नया जीवन

**लखनऊ।** अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल लखनऊ के पीडियाट्रिक सर्जरी डिपार्टमेंट के डॉक्टरों ने एक बेहद चुनौतीपूर्ण और जटिल सर्जरी को अंजाम देते हुए 8 महीने के एक बच्चे



की पूरी भोजन नली का निर्माण किया है। बच्चा नेपाल का रहने वाला है और जन्म से ही उसके शरीर में भोजन नली का निर्माण नहीं हुआ था। लगभग छह घंटे लंबे चले ऑपरेशन में, डॉक्टरों ने भोजन नली का निर्माण करने के लिए उसके पेट का उपयोग किया। यह भोजन नली बच्चे के उम्र के साथ बढ़ती जाएगी। लड़का (नाम) नेपाल का मूल निवासी है और जन्म के तुरंत बाद उसे अपोलोमेडिक्स लखनऊ के डॉक्टरों के पास भेजा गया था। डॉक्टरों ने बताया कि बच्चे को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी और उसका रंग नीला पड़ गया था। बच्चे की मां ने उसे जो भी दूध पिलाया वह भोजन नली के अभाव में मुंह और नाक से बाहर आ गया था। चिकित्सीय भाषा में, इस स्थिति को ÷प्योर एसोफेजियल एट्रेसिया÷ कहा जाता है। पीडियाट्रिक सर्जरी डिपार्टमेंट के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. दीपक कांडपाल के नेतृत्व में विशेषज्ञों की एक टीम ने चरणबद्ध सर्जरी की। पहले चरण में, बच्चे को दूध पिलाने के लिए सीधे पेट में एक ट्यूब लगाई गई और लार निकालने के लिए गर्दन में एक छेद बनाया गया। जब (नाम) की मां ने उसे पहली बार दूध पिलाने की कोशिश की थी तो बच्चा उसे निगल नहीं सका। प्रारंभिक जांच से पता चला कि बच्चे का जन्म बिना भोजन नली के पैदा हुआ था।

आमतौर पर, प्रत्येक 3,500 शिशुओं में से एक को भोजन नली में समस्या होती है। लेकिन यह एक बेहद गंभीर मामला था क्योंकि पूरी भोजन नली जन्म से ही मौजूद नहीं थी। इसलिए, डॉक्टरों को एक नई भोजन नली का निर्माण गर्दन से लेकर पेट तक करना पड़ा। बच्चे का दूसरा ऑपरेशन किया गया, जिसे गैस्ट्रिक ट्रांसपोज़िशन कहा जाता है। बच्चे की उम्र जब आठ महीने की हो गई और उसका वजन जब बढ़ गया तो इस ऑपरेशन को हाल ही में अस्पताल में किया गया था। पीडियाट्रिक सर्जरी डिपार्टमेंट, अपोलोमेडिक्स अस्पताल लखनऊ के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. दीपक कांडपाल ने बताया, इस ऑपरेशन में हमारी टीम ने गर्दन से लेकर पेट तक भोजन नली का निर्माण किया।

## गेहूं की कीमतों को कम करने के लिए सरकार ने शुरू किया ई-नीलामी, 21 सितंबर तक बेचा 18.09 लाख टन गेहूं

**नई दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को कहा कि उसने खुले बाजार बिक्री योजना के तहत 13 ई-नीलामी में थोक उपयोगकर्ताओं को 18.09 लाख टन गेहूं बेचा है। यह ई-नीलामी के जरिये गेहूं बेचने से आटे की कीमतों को कम करने में मदद मिली है। पिछले महीने 9 अगस्त को सरकार ने घोषणा की थी कि वह थोक उपयोगकर्ताओं को ओएमएसएस के तहत



अतिरिक्त 50 लाख टन गेहूं और 25 लाख टन चावल बेचेगी। यह बिक्री ई-नीलामी के जरिये हुई है। यह ई-नीलामी साप्ताहिक होती थी। इसमें गेहूं 2,125 रुपये प्रति क्विंटल के आरक्षित मूल्य पर बेचा जा रहा है। यह मौजूदा न्यूनतम समर्थन मूल्य के बराबर है। खाद्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ओएमएसएस नीति के सफल कार्यान्वयन ने यह सुनिश्चित किया है कि खुले बाजार में गेहूं की कीमत नियंत्रण में रहें। वित्त वर्ष 2023-24 की शेष अवधि के लिए ओएमएसएस नीति को जारी रखने के लिए केंद्रीय पूल में गेहूं का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। खाद्य मंत्रालय ने बताया कि 21 सितंबर 2023 तक कुल 13 ई-नीलामी आयोजित की गई हैं। इसमें 18.09 लाख टन गेहूं बेचा गया है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान देश भर में 480 से अधिक डिपो बनाए गए है।

## मोबिल 1TM पावरिंग द्वारा पहली बार MotoGPTM भारत का जश्न मना रहा है रेडबुल केटीएम फैक्ट्री रेसिंग टीम

**नई दिल्ली।** 22 से 24 सितंबर, 2023 तक भारत के 2023 ग्रैंडप्रिक्स के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में डेब्यू करते हुए MotoGPTM भारत के उद्घाटन में MobilTM भारत में रेडबुल केटीएम फैक्ट्री रेसिंग टीम को टर्बो-पावर करर हा है। एक्सॉन मोबिल और रेडबुल केटीएम फैक्ट्री रेसिंग टीम केबीच वैश्विक साझेदारी का जश्न मनाते हुए, दो सवारों - ऑस्ट्रेलियाई जैकमिलर और दक्षिण अफ्रीकी ब्रैड बाइंडर द्वारा एड्रेनालाईन - पंपिंग प्रदर्शन, जिनके लिए जीतना एक स्वभाव है, जिन्होंने वैश्विक सर्किट स्तर पर अपनी क्षमता और कौशल का प्रदर्शन किया है, इनकी KTM RC16 बाइक्स के पूर्ण - दमदार प्रदर्शन का गवाह बनेगा। दोनों राइडर्स अपनी ग्रांड प्रिक्स बाइक्स को मोबिलTM द्वारा सुनिश्चित प्रदर्शन और आत्मविश्वास से संचालित करेंगे । उन्होंने हाल ही में जेपी ग्रीन्स में आयोजित मोबिल कार्यक्रम में प्रशंसकों के साथ अपना उत्साह साझा किया, जहाँ जैक मिलर ने मोबिल सुपर मोटोझ 10W-30 को लॉन्च किया था। सिद्ध इंजन सुरक्षा, लंबा इंजन जीवन और बेहतर ईंधन किफायत के साथ, मोबिल सुपर मोटोझ 10W-30 बिल्कुल वही है जो देश भर में रोजमर्रा के सवारों को चाहिए।



इसके अलावा, उत्पाद पैकेजिंग में अब इसके लेबल पर रेडबुल केटीएम फैक्ट्री रेसिंग टीम का लोगो होगा। मोबिल ब्रांड को बाइक, राइडर ओवर ऑल, गैराज और टीम किट पर भी प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा। एक्सॉन मोबिल ल्यूब्रिकेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ, विपिन राणा ने कहाः हम रेडबुल परिवार के साथ मोटर स्पोर्ट्स की दुनिया में अपनी उपस्थिति का और विस्तार कर रहे हैं। फॉर्मूला 1 में ओरेकल रेडबुल रेसिंग टीम के साथ हमारी वर्तमान सफल साझेदारी के अलावा, हमने रेडबुल केटीएम रेसिंग टीम के साथ बहु-वर्षीय समझौते के माध्यम से मोटो जीपी में भी प्रवेश किया है। हम केटीएम के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए अपने अत्याधुनिक मोबिल ल्यूब्रिकेंट्स और ईंधन की आपूर्ति के माध्यम से टीम की सफलता का हिस्सा बनने के लिए तत्पर हैं। रेसिंग मोबिल को मोटर साइकिल ल्यूब्रिकेंट्स प्रौद्योगिकी में सुधार करने के लिए अंतिम परीक्षण मैदान प्रदान करती है।

# स्वास्थ्य केंद्रों से लाभार्थी तक सुनिश्चित की जा रही है टीकों की गुणवत्ता



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** बच्चों को तेरह प्रकार की जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए पांच वर्ष की आयु तक सात बार नियमित टीकाकरण आवश्यक है। इन सभी प्रमुख टीकों की उपलब्धता स्वास्थ्य केंद्रों से लाभार्थी तक गुणवत्तापूर्ण तरीके से सुनिश्चित की जा रही है। टीके की आपूर्ति के सभी स्तरों पर कोल्ड चेन के कारण भी सरकारी अस्पताल का टीका अपेक्षाकृत अधिक सुरक्षित और असरकारक होता है।

इस संबंध में जिले के 84 कोल्ड चेन हैंडलर्स को तकनीकी जानकारियां देकर उनका क्षमता संवर्धन किया गया है। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष कुमार दूबे ने दी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ नंदलाल कुशवाहा के पर्यवेक्षण में क्षमता संवर्धन कार्यक्रम चलाया गया और सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया है। कोल्ड चेन हैंडलर्स की भूमिका टीके की गुणवत्ता बनाये रखने में अहम होती है। यह लोग सुनिश्चित करते हैं कि स्वास्थ्य केंद्र पर बने कोल्ड चेन में टीके को दो से आठ डिग्री तापमान के बीच बरकरार रखा जाए। अवकाश के दिनों में भी कोल्ड चेन के तापमान पर नजर रखी जाती है। हैंडलर्स को दिशा निर्देश है कि वह वैक्सीन का स्टॉक ऑनलाइन अपडेट रखें। साथ ही जहां किसी प्रकार के टीके की कमी है वहां आसपास के कोल्ड चेन से भी टीके उपलब्ध कराए जाते हैं। डॉ दूबे ने बताया कि कोल्ड चेन हैंडलर्स को यूनिसेफ के डीएमसी डॉ हसन फहीम और यूएनडीपी संस्था के प्रतिनिधि राजीव रंजन व पवन कुमार सिंह की मदद से तकनीकी जानकारियां दिलवाई गई हैं। उन्हें खासतौर पर बताया गया कि मुख्य स्टोर से स्वास्थ्य केंद्र और वहां से सत्र स्थल तक टीका ले जाने में तापमान को बनाये रखना है। कोल्ड चेन पर लॉगबुक को हमेशा मेंटेन रखना है और समय समय पर अपने केंद्र के उच्चाधिकारी से कोल्ड चेन का पर्यवेक्षण भी करवाना है । इस अवसर पर गौरव राय, देवेंद्र सिंह, विशाल सिंह और शिव धनी प्रसाद प्रमुख तौर पर मौजूद रहे। **कोल्ड चेन पर रखना है ध्यान:** चरगांवा ब्लॉक की कोल्ड चेन हैंडलर प्रतिभा ने बताया कि प्रशिक्षण में इस बात पर जोर दिया गया कि कोल्ड चेन पर अगर कोई टीका खुलने के कारण खराब हो चुका है तो उसे अलग रखा जाए। उसे कोल्ड चेन सिस्टम से बाहर कर दिया जाए ताकि वह गलती से भी सत्र पर न जा सके । टीकाकरण में ओपेन वायल का प्राथमिकता के आधार पर इस्तेमाल करना है ताकि वह बर्बाद न हो। प्रयास होना चाहिए कि टीके का कोल्ड चेन कभी टूटने न पाए। अगर कोई तकनीकी बाधा आती है तो कोल्ड चेन बाक्स या आवश्यकता पड़ने पर टीकों का ट्रांसफर कर उनकी गुणवत्ता बनाए रखना है।

# बीएएमएस की सभी सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर द्वारा संचालित गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) मे बीएएमएस सत्र 2023-24 के लिए नीट परीक्षा उतीर्ण करके आयुष कॉउंसलिंग मे प्रतिभाग करके आये विद्यार्थियों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन एवं प्रवेश शुक्रवार को संपन्न हुआ। आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉ मंजूनाथ एनएस ने बताया कि गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज की सभी 100 सीटेंआयुष कॉउंसलिंग के प्रथम चरण मे ही आवंटित हो गई थीं। ये आयुर्वेद कॉलेज बीएएमएस के विद्यार्थियों की प्रथम पसंद बन चुका है। डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन एवं प्रवेश की प्रक्रिया 18 सितंबर से ही प्रारंभ हो गयी थी आज वेरिफिकेशन का अंतिम दिवस रहा। शुक्रवार सायं 5 बजे तक यूपी कॉउंसलिंग के पोर्टल पर प्रवेश लिए विद्यार्थियों की जानकारी उपलब्ध करा दी गई है। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ अतुल वाजपेयी के नेतृत्व में प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ सुचारू रूप से संपन्न करायी गयी।

## महायोगी गोरखनाथ विवि में स्वच्छता की दिलाई शपथ



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना की महायोगी संतोषनाथ इकाई के तत्वावधान में महंत अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज के विभागाध्यक्ष रोहित कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में स्वच्छता शपथ एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेविका मोहिनी चौहान व खुशी चौधरी ने अपने सहपाठियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। सबने शपथ ली कि वे प्रति वर्ष 100 घंटे स्वच्छता कार्य के लिए निकालेंगे व अपने आस पास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करेंगे। आयोजन में कार्यक्रम अधिकार सुप्रिया गुप्ता समेत पैरामेडिकल के समस्त शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता रही।

## मलखम्भ प्रतियोगिता का हुआ शुभारम्भ



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** नगर स्थित रिजर्व पुलिस लाइन्स अमेठी में 10वीं अन्तर्जनपदीय मलखम्भ प्रतियोगिता लखनऊ जोन का 03 दिवसीय आयोजन प्रारम्भ हुआ। जिसमें पुलिस अधीक्षक डा इला मारन जी द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। लखनऊ जोन के विभिन्न जनपदों की प्रतिभाग करने वाली टीमों व बैन्ड टीम द्वारा मार्च पास्ट कर पुलिस अधीक्षक को सलामी दी गई। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर उत्साहवर्धन किया गया । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी हरेन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज/लाइन्स मयंक द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी अमेठी लल्लन सिंह, प्रतिसार निरीक्षक राजेन्द्र कुमार व अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तीन अक्टूबर से



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने शुक्रवार कलेक्ट्रेट सभागार में 03 से 31 अक्टूबर तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 16 से 31 अक्टूबर के मध्य दस्तक अभियान को लेकर अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए पूरी तैयारी समयबद्ध ढंग से किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संचारी व विषाणु जनित रोगों के दृष्टिगत किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, डायरिया आदि संचारी रोगों से जुड़े मामलों की आशंका को देखते हुए जनपद में अन्तर्विभागीय समन्वय से युद्धस्तर पर अभियान को आगे बढ़ाया जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान जनपद में 03 से 31 अक्टूबर तक संचालित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी 03 अक्टूबर से पहले संचारी रोग नियंत्रण के सम्बन्ध में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें। तालाबों, नालों व नालियों में एण्टी लार्वा का छिड़काव तथा कूड़े का निस्तारण ठीक ढंग से किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि निगरानी समितियां डोर-टू-डोर सर्वे करें और यदि कोई बच्चा बुखार आदि से ग्रसित है, तो उसे मेडिसिन किट उपलब्ध कराएं।

# प्रधानमंत्री टीबीमुक्त भारत अभियान के तहत छात्रों को किया जागरूक



अवधनामा संवाददाता

**हाटा, कुशीनगर।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत शुक्रवार को स्थानीय नगरपालिका परिषद में स्थित एक इंटर कालेज में छात्र एवं छात्राओं को टीबी रोग के प्रति टीबी यूनिट के क्षयरोग पर्यवेक्षक द्वारा जागरूक किया गया।

स्कूली बच्चों को सम्बोधित करते हुए एसटीएस राजीव राय ने कहा कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान के तहत 2025 तक टीबी मुक्त भारत के सपने को साकार करने के लिए सभी की भागीदारी जरूरी है। वरिष्ठ क्षयरोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक आशुतोष मिश्र ने टीबी के लक्षणों को विस्तारपूर्वक बताते हुए कहा कि जिनको भी दो हफ्ते से ज्यादा की खांसी, बलगम, वजन कम होना, शाम को बुखार होना आदि लक्षण दिखे उन्हें अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर भेज कर जांच अवश्य कराए। जांच एवं उपचार निःशुल्क है। उन्होंने ने कहा कि आप सभी के सहयोग से 2025 तक टीबी मुक्त भारत के संकल्प को पूर्ण किया जा सकता है। कार्यक्रम में टीबी बीमारी पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कुल 14 छात्राओं ने प्रतिभाग किया जिसमें से प्रथम स्थान पर कृति गुप्ता, द्वितीय स्थान पर सोनी गुप्ता एवं तृतीय स्थान के लिए संजना कुशवाहा का चयन निर्णायक मंडल द्वारा किया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान वालों को पुरस्कृत भी किया गया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उद्योग बंधु की बैठक आयोजित



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित समाधान करने तथा जनपद में औद्योगिक माहौल बेहतर करने के लिए जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में देर सायं जिला स्तरीय उद्योग बंधु एवं कानून सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करते हुए देवरिया को इन्वेस्टर फ्रेंडली जनपद के रूप में विकसित किया जाएगा। उपायुक्त उद्योग खुशबू सिंह ने बताया कि उद्यमी रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट (यूआरसी) पोर्टल के माध्यम से कुल लक्ष्य 7500 के सापेक्ष 4,656 उद्यमियों का पंजीकरण हुआ है, जिस पर डीएम ने जनपद के सभी उद्यमियों एवं व्यापारियों का पंजीकरण कराने के लिए जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। डीएम ने बताया कि उद्यम रजिस्ट्रेशन के कई लाभ हैं जिसमें पंजीकृत व्यक्ति को पांच लाख रुपये तक दुर्घटना बीमा योजना की सुविधा, शासकीय खरीद में एमएसएमई का कोटा आरक्षित होगा। उन्होंने बताया कि एमएसएमई उद्यमियों को विभिन्न टेंडरों में सीएमडी अनुभव एवं टर्नओवर में छूट बैंक द्वारा विभिन्न योजनाओं में एमएसएमई को वरीयता एवं सीजीएसटीएमएसई योजना के अंतर्गत बिना कोलेटरल सिक्योरिटी के लोन की सुविधा आदि मिलेगी।

## तीन से चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

**देवरिया।** जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दृष्टिगत जनपद स्तरीय अंतर विभागीय समिति की बैठक सीएमओ कार्यालय स्थित धनवन्तरि सभागार में आयोजित हुई। बैठक में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और घर घर दस्तक अभियान की सफलता के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि 3 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक जनपद में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 16 से 31 अक्टूबर तक घर-घर पर दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में 14 विभाग समेकित प्रयास करके संचारी रोगों को नियंत्रित करेंगे। विद्यालयों में जागरूकतापरक निबंध लेखन, कविता पाठ एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित होंगे। जिलाधिकारी ने नगर निकाय एवं पंचायत राज विभाग को नियमित फॉगिंग एवं नालियों की साफ-सफाई करने का निर्देश दिया। जलभराव वाले स्थलों पर एंटी लार्वा दवा का छिड़काव किया जाए।

# सेवा पखवाड़ा में भाजपाई लगायेंगे स्वास्थ्य परीक्षण शिविर



अवधनामा संवाददाता

- अध्यक्ष बनाकर पार्टी ने किया कार्यकर्ताओं का सम्मानः भूपेंद्र
- नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अतिगम्भीर एवं सर्वगुण संपन्नः विधायक सदर

**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी देवरिया देहात मण्डल के पदाधिकारियों, शक्ति केन्द्र संयोजको, बूथ अध्यक्षों की बैठक इन्दिरा मैरेज हाल कतरारी में हुयी। जिसमें प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर चल रहे सेवा पखवाड़ा के तहत होने वाले आगामी कार्यक्रमों की योजना बनी तथा नवनियुक्त जिलाध्यक्ष भाजपा भूपेंद्र सिंह का देहात मण्डल के कार्यकर्ताओं द्वारा अभिनन्दन किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुये जिलाध्यक्ष भाजपा भूपेंद्र सिंह ने कहा कि मेरे जैसे साधारण कार्यकर्ता को जो केवल भाजपा में संभव है पार्टी ने सम्मान दिया और आपने जिस तरह से मेरा अभिनंदन किया उसके लिये शीर्ष नेतृत्व एवं आप सभी का आभार ज्ञापित करता हूँ।

पार्टी द्वारा चलाये जा रहे सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत कल 23 तथा 24 सितम्बर को जनपद के सभी वेलनेस सेंटरों, सीएचसी तथा पीएचसी पर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, निःशुल्क दवा वितरण तथा आयुष्मान कार्ड बनवाने व वितरण करने का कार्यक्रम होना है। 24 सितम्बर को प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात सुबह 11 बजे से सभी बूथों पर सुनना है तथा 25 सितम्बर को सभी शक्तिकेंद्रों पर पण्डित दीनदयाल उपाध्याय की 108 वी जयन्ती मनानी है। इसलिये इसमें आप सभी कार्यकर्ता पूरे मन से लगे तथा सफल बनायें। इन सभी कार्यक्रमो की फ़ोटो सरल ऐप पर अवश्य डाले, अगर किसी ने नही डाला तो ये माना जायेगा कि उनके बूथ,शक्ति केन्द्र, सीएचसी तथा पीएचसी पर कोई कार्यक्रम नही हुआ है। सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि अपने विधानसभा के देवरिया देहात मण्डल में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का कार्यकर्ताओ की तरफ से स्वागत करता हूँ। पार्टी ने एक अति गंभीर, सर्वगुण सम्पन्न, संघर्षशील कार्यकर्ता को जिलाध्यक्ष बनाया है।हम सभी इनके नेतृत्व में पहले से और ज्यादा बेहतर काम करके पार्टी को मजबूत और तीसरी बार नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनायेंगे। अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष अरविन्द चौहान ने तथा संचालन अजित तिवारी ने किया। इस दौरान राजेश कुमार मिश्रा, गंगा सिंह कुशवाहा, अम्बिकेश पाण्डेय, राजन यादव, रामदास मिश्रा, अजय पाण्डेय, अंकुर राय, रत्नेश्वर गर्ग, विपिन यादव, रवि मिश्रा, शिवकांत मिश्रा, राकेश सिंह, श्रीनिवास दूबे, नवीन तिवारी, राजन सोनकर, रामप्यारे प्रसाद, भरत सिंह, आदित्यनाथ मिश्रा, मनमोहन सिंह, विजय पंडित, गोविन्द चौरसिया, रामअग्रेस सिंह, चन्दन चौहान, हरिशंकर पाण्डेय, पंजाब मिश्रा आदि रहे।

# नुक्कड़ नाटक व मानचित्र बनाकर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया



स्वच्छता के तहत बनाए गए मानचित्र का निरीक्षण करते यूनिसेफ धर्मेंद्र

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन व नमामि गंगे ग्रामीण जल आपूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश के तत्वाधान व विकासखंड सेवरही के विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित हुआ। इसके तहत पेयजल स्वच्छता संबंधित नुक्कड़ नाटक, मानचित्रण एवं स्वच्छता संबंधित मेला और जल जीवन मिशन हर घर जल विषय पर चलचित्र प्रदर्शनी कर लोगों को जागरूक किया गया। उक्त कार्यक्रम का यूनिसेफ के वरिष्ठ सलाहकार धर्मेंद्र द्वारा निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लोगों को आगाह किया कि स्वच्छता ना रखने से आने वाले समय में भयावह बीमारियों एवं जल जनित रोगों का सामना करना पड़ सकता है। इन सभी समस्याओं से निजात पाने के लिए हमें अपने पेयजल और व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में ध्यान देना जरूरी है। इस दौरान जन जागरूकता टीमें, नुक्कड़ नाटक, स्वच्छता मेला, मानचित्रण व चलचित्र प्रदर्शनी टीम को गांव के लोगों ने खूब सराहा। साथ ही उपस्थित ग्राम प्रधान ने भी जन-जागरूकता कार्यक्रम को भविष्य में गांव के विभिन्न स्थानों पर करवाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर डीपीसी राजिक अली, एडीपीसी अहमद खान, अनुराग ओझा, आजाद खान, राज मंगल सिंह, अरविंद यादव आदि उपस्थित रहे।


# कांग्रेस और सपा का पिछड़ा वर्ग का राग विधवा प्रलापः शकुन्तला चौहान



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** किसी की राजनीतिक दल को चलाने और उसका सरकार बनवाने के लिये कार्यालय, कार्यक्रम, कार्य योजना और कार्यकर्ता का बहुत ही महत्व होता है। ये चारों क जब व्यवस्थित एवं सही ढंग से काम करती है तो कोई भी दल मजबूत होता है और देश-प्रदेश में उसकी सरकार बनती है। इसलिये भाजपा इस चारों बातों पर बहुत ध्यान देती है। उक्त बातें भाजपा की प्रदेश मंत्री शंकुतला चौहान ने औरा चौरी भाजपा कार्यालय का निरीक्षण करने वहा की सारी व्यवस्थाओं की जानकारी करने के बाद उपस्थित कार्यकर्ताओं से कहा। इसके पूर्व भाजपा कार्यकर्ताओं ने कार्यालय पहुंचने पर प्रदेश मंत्री भाजपा का बुके देकर स्वागत किया। इन्ही चार क के बल पर भाजपा की मोदी सरकार केंद्र में और योगी सरकार प्रदेश में है जो लगातार सर्वसमाज विशेष रूप से महिलाओं और पिछड़ों के उत्थान के लिये काम कर रही है।नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली मोदी सरकार ने नये संसद भवन में पहले ही दिन सबका साथ सबका विकास,सबको सम्मान सबको स्थान के मंत्र के साथ महिलाओं के आरक्षण सम्बन्धी नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल को पास कर एक और ऐतिहासिक काम किया है। कांग्रेस और सपा का पिछड़ा वर्ग का राग दरअसल विधवा प्रलाप है। आज़ादी के बाद लगातार कांग्रेस ने इस वर्ग के साथ छल किया है। सबसे पहला छल उसने सरदार वल्लभ भाई पटेल के साथ किया था जिसके कारण वह देश के पहले प्रधानमंत्री नहीं बन सके। वही सपा ने पिछड़ों के नाम पर केवल अपने परिवार को बढ़ाने और उसका भला करने का काम किया। इस दौरान पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सज्जन मणि त्रिपाठी, गंगा कुशवाहा, प्रमोद कुमार शाही, रविन्द्र किशोर कौशल, अरविन्द पाण्डेय बबुना, निर्मला गौतम, अम्बिकेश पाण्डेय, अंकुर राय, सत्यप्रकाश पाण्डेय, श्रीनिवास दूबे, राहुल सिंह, चंदन गिरी, सन्नी शाही, हेमन्त पाण्डेय, बेचन आदि उपस्थित रहे।

# संजय गांधी अस्पताल को लेकर सपाइयों ने दिया ज्ञापन



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** संजय गांधी अस्पताल के बंद होने को लेकर जहां एक तरफ कर्मचारी संगठन और कांग्रेसी आंदोलित हैं। वही शुक्रवार को सपाइयों ने भी अस्पताल को शीघ्र संचालित कराए जाने को लेकर राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन स्थानीय प्रशासन को सौंपा।

पिछले दिनों संजय गाँधी अस्पताल का लाइसेंस निलंबित व सभी सेवाएं बंद होने के खिलाफ व अस्पताल को यथाशीघ्र चालू कराये जाने के लिए सपा नेता जयसिंह प्रताप यादव ने शुक्रवार को दर्जनों साथियो के साथ राज्यपाल व मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक ज्ञापन एसडीएम प्रीति तिवारी को सौंपा।कहा है कि संजय गाँधी अस्पताल बंद होने से अमेठी सहित आस पास के अन्य जनपदो के हजारों मरीजों को इलाज के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, अस्पताल एक ऐसी संस्था है जो जाती-धर्म,भेद-भाव से ऊपर उठकर बेहतर स्वास्थ्य के लिए मरीजों का इलाज कर सेवा करती है। यह अस्पताल राजनीति का शिकार हुआ है।यह अमेठी जिले का मात्र एक ऐसा अस्पताल है जहाँ पर कम खर्चे में लोग इलाज पाते हैं,अस्पताल बंद किया जाना अमेठी व अन्य जिलों के मरीजों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है,हम सब पीड़ित परिवार के साथ हैं, मांग करते हैं कि घटना की उच्च स्तरीय जाँच कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर पीड़ित परिजनों के साथ न्याय हो,अस्पताल बंद होने के नाते जहाँ अमेठी के नागरिको में रोष है तो लोग दुःखी भी हैं।कर्मचारियों व जनहित को देखते हुए अस्पताल को यथा शीघ्र चालू किया जाये। जरुरत पड़ी तो समाजवादी पार्टी आंदोलन के माध्यम से सड़क पे संघर्ष करेगी। इस मौके पर सपा राजेश मिश्रा श्रीनाथ यादव अंकुश कोरी संजीव कश्यप सुधांशु शर्मा सत्यम यादव मो.दानिश विपिन यादव विकास सिंह कमलेश आशीष रोहित इसरार फारुकी मौजूद रहे।

# नेबुआ नौरंगिया व हाटा ब्लॉक के दो बोरिंग टेक्निशियन निलंबित

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** लघु सिंचाई विभाग में तैनात दो बोरिंग टेक्निशियन पर गाज गिरी है। एक बोरिंग टेक्निशियन गंभीर अनियमितता में निलम्बित हुआ हैं तो दुसरे बोरिंग टेक्निशियन को कनिष्ठ सहायक से दुर्व्यवहार करना मंहगा पड़ा है। इसके चलते उच्चाधिकारियों ने तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया। इसकी जांच सहायक अभियंता लघु सिंचाई देवरिया को सौंपी गई है। नेबुआ नौरंगिया विकास खंड में तैनात बीटीए अरविंद गुप्त पर अपने पत्नी के नाम फर्म संचालित कर भुगतान लिए जाने, घटिया श्रेणी के पाइपों से बोरिंग कराए जाने, किसानों से नि- शुल्क बोरिंग योजना में अवैध वसूली किए जाने आदि की शिकायत बैद्यनाथ तिवारी द्वारा खंड विकास अधिकारी से की गई थी। शिकायत के क्रम में बीडीओ ऊषा पाल ने जेईएमआई व जेई आरईडी की टीम गठित कराई गई जिसमें बीटीए अरविंद गुप्त मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना (उथले नलकूप) की जांच में गंभीर अनियमितता उजागर हुई। जांच आख्या को गंभीरता से लेते हुए बीडीओ ने बीटीए गुप्त के विरुद्ध कार्यवाही हेतु जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज कार्यवाही की सिफारिश की गई थी जिस पर अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई खण्ड देवरिया ने बोरिंग टेक्निशियन गुप्त को निलंबित कर कार्यालय सहायक अभियंता लघु सिंचाई से सम्बद्ध कर दिया है। जबकि दुसरे हाटा विकास खंड में तैनात बीटीए अरविंद कुमार राय पर विजय कुमार श्रीवास्तव कनिष्ठ सहायक खंड कार्यालय के पत्र दिनांक 13 सितम्बर 23 में दुर्व्यवहार किए जाने की विभागीय शिकायत की गई थी जिसकी जांच अवर अभियंता हाटा अनिल कुमार से कराए जाने पर बीटीए राय प्रथम दृष्टया दोषी पाए गए। जांच में दोषी पाए जाने पर अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई खंड देवरिया ने उन्हें निलंबित करते हुए उन्हें कार्यालय सहायक अभियंता लघु सिंचाई देवरिया से सम्बद्ध कर बीटीए अरविंद गुप्त नेबुआ नौरंगिया एवं अरविंद राय हाटा के मामले की जांच सहायक अभियंता लघु सिंचाई देवरिया पंकज कुमार राय को जांच अधिकारी नामित कर रिपोर्ट मांगी गई है।

# बारह रविअव्वल पर मुस्लिम समाज डीजे न बजाने का लिया निर्णय



अवधनामा ब्यूरो

- 12 रविअव्वल जुलूस के मद्देनजर बैठक में मुस्लिमों ने लिया निर्णय

**कुशीनगर।** रविन्द्रनगर धूस थाना क्षेत्र के गांव साड़ी खुर्द बंजारा पट्टी में संचालित मदरसा अरबिया अहले सुन्नत गुलशने रजा के प्रांगण में शुक्रवार को आगामी 12 रविअव्वल जुलूस को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए कसया व रविंद्रनगर धूस थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों के इमाम व मुस्लिम सम्भ्रांत लोगों ने एक बैठक आयोजित की।

बैठक में सर्वसम्मति से मुस्लिमों ने निर्णय लिया कि 12 रविअव्वल के जुलूस में डीजे नहीं बजाएंगे तथा अन्य किसी भी पर्व में अब डीजे नहीं बजाया जाएगा। क्योंकि डीजे काफी ध्वनि प्रदूषण होता है, जो बूढ़े, बच्चे, गर्भवती महिलाओं सहित हार्ट के मरीजों को काफी नुकसान पहुंचता है तथा फिजूल खर्ची भी होती है, जो इस्लाम में जायज नहीं है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे ईमाम फकरुद्दीन निजामी ने कहा कि इस्लाम अमन व शांति का पैगाम देता है। हम मानने वाले हैं हमको भी अमन व शांति से ही अपने जुलूस व त्योहार मनाना चाहिए, तो इमसें डीजे की कही से कोई जरूरत ही नहीं है। संचालन कर रहे कारी आफताब ने कहा कि पैगंबर मोहम्मद साहब ने जो अमन और शांति का पैगाम दिया हमें जुलूस में चलते हुए जन-जन तक पहुंचाना चाहिए ताकि लोग पैगंबर साहब के बताएं सदमार्ग पर चलकर कामयाबी हासिल कर सके। बैठक को मौलाना वाजिद अली, हाफिज वकील अंसारी, मौलाना आजम कादरी, मौलाना अब्दुल मजीद, जमालुद्दीन वारसी, सिकन्दर आजम ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मौलाना शाहिद, हदीश, हारून, रियाजुल हक, शमशेर अली, जाहिद जमाल, मुदस्सिर, कुरैस शाह, बेचू, निजामुद्दीन अंसारी, अब्दुल मजीद, समशुल हक, यूसुफ आजाद आदि मौजूद रहे।

# विकास खण्ड स्तरीय कृषक जागरूकता गोष्ठी/प्रदर्शनी का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** जनपद हरदोई में कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम योजना, प्रमोशन आफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फार इनसींटू मैनेजमेन्ट आफ काप रेज्ड्यू योजनान्तर्गत एवं सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजनान्तर्गत विकास खण्ड स्तरीय कृषक जागरूकता गोष्ठी/प्रदर्शनी का आयोजन आज विकास खण्ड मल्लावां मे किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि आशीष कुमार सिंह आशू विधायक, बिलग्राम-मल्लावां द्वारा गोष्ठी का शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्य अतिथि ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्य अतिथि विधायक जी ने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री जी द्वारा किसानों की आमदनी दोगुनी करने के लिए अनेकों योजनायें चलायी जा रही है। उन्होने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत किसानों के खाते प्रतिवर्ष छः हजार रूपये सीधे खाते में भेजने का काम किया है। उन्होने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री जी के द्वारा श्री अन्न फसलों की महत्ता को समझते हुए देश और प्रदेश में श्री अन्न फसलों की खेती को बढ़ावा देकर किसानों की आय एवं लोगों का स्वास्थ्य सुरक्षित करने के लिए कदम उठाया। मुख्य अतिथि ने किसानों से आग्रह किया कि किसान भाई अपनी खेती में विविधिकरण जैसे खेती के साथ पशुपालन, सब्जी, फल, मत्स्य पालन कर अपनी आय बढ़ा सकते है। उन्होंने किसानों से अपील की फसल अवशेष/पराली कदापि न जलाये। फसल अवशेष/ पराली जलाने से पर्यावरण प्रदूषित होता है। अपने खेत के फसल अवशेष/पराली को नजदीकी गौशालाओं में दान देकर वहाँ से अपने खेत के लिए उपयोगी गोबर की खाद प्राप्त करें। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा किसानों को स्प्रेयर मशीन व निःशुल्क तोरिया मिनर्किट बीज एवं गंगाराम पुत्र केदार एवं श्याम सिंह पुत्र भज्जू सिंह को सोलर पम्प के स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किये गये। ब्लाक प्रमुख के प्रतिनिधि अनुराग पटेल जी 1 द्वारा किसानों को विभिन्न विभागों में सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी दी। नन्द किशोर, उप कृषि निदेशक, द्वारा किसानों को किसान सम्मान निधि योजना के बारे बताया तथा सभी किसानों से आग्रह किया कि सभी किसान भाई अपनी ईकेवाई अवश्य करा जिससे उन्हें सूचारू रूप से पीएम किसान योजना का लाभ प्राप्त होता रहे। उन्होंने किसानों को श्री अन्न (मिलेट्स) की फसलों की जानकारी दी तथा बताया कि श्री अन्न की फसलों की खेती मृदा एवं मानव के स्वास्थ्य के लिए सर्वोत्तम है। इसकी खेती में सिंचाई एवं उर्वरक की आवश्यकता भी नहीं पड़ती है। डा0 निधि राठौर, भूमि संरक्षण अधिकारी द्वितीय, हरदोई द्वारा किसान भाइयों को भूमि संरक्षण एवं खेत तालाब की योजना के बारे विस्तृत जानकारी दी गयीं। 30 ए0के0 श्रीवास्तव, पशुचिकित्साधिकारी द्वारा पशुपालन विभाग द्वारा किसानों के लिए चलायी जा रही योजनाओं एवं पशुपालन की जानकारी दी।



इसके साथ ही विकास खण्ड बेंहदर में भी कृषक जागरूकता कार्यक्रम योजना, प्रमोशन आफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फार इनसीटू मैनेजमेन्ट आफ काप रेज्ड्यू योजनान्तर्गत एवं सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजनान्तर्गत विकास खण्ड स्तरीय कृषक जागरूकता गोष्ठी/प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि रामपाल वर्मा जी विधायक, बालामऊ द्वारा गोष्ठी का शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत किसानों के खाते प्रतिवर्ष छः हजार रूपये सीधे खाते में भेजने का काम किया है। इसके अलावा किसानों को यह भी बताया कि सरकार द्वारा चलायी जा रही पीएम कुसुम योजना के अन्तर्गत 60 प्रतिशत अनुदान पर अपने खेत पर सोलर पम्प लगाकर सुनिश्चित सिंचाई की व्यवस्था एवं बिजली की बचत कर सकते है। उन्होने किसानों से अपील की फसल अवशेष/पराली कदापि न जलाये। फसल अवशेष/पराली जलाने से पर्यावरण प्रदूषित होता है। मुख्य अतिथि द्वारा कृषकों को तोरिया मिनीक्टिस बीज निःशुल्क वितरित किया गया है।

# दबंगों ने किया जमीन पर अवैध कब्जा

वृद्ध सुबह से घण्टाघर मैदान पर बैठा अनशन पर

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** तहसील मड़ावरा अंतर्गत थाना सौजना क्षेत्र के ग्राम दिदौली निवासी वृद्ध शुक्रवार को सुबह करीब आठ बजे घरना प्रदर्शन पर बैठ गया। जानकारी करने पर पता चला कि वृद्ध की भूमि गांव सभा एवं चारागाह की भूमि रकवा 6.00 एकड़ से कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है। जिसे हटवाये जाने की विगत एक वर्ष से लगातार मांग करता आ रहा है। लेकिन कार्यवाही न होने से क्षुब्ध वृद्ध घण्टाघर मैदान पर अनशन पर बैठ गये।

पीड़ित वृद्ध ने बताया कि बीते एक साल से वह शासन के जिम्मेदार अधिकारियों को पत्र देते आ रहे हैं। इन पत्रों में पीड़ित वृद्ध द्वारा उसकी गांव सभा की भूमि चारागाह की भूमि 6 एकड़ पर गांव के पिल्लू, अनाई, पप्पू, देवसिंह, श्याम, नरेन्द्र, प्रेमनारायण इत्यादि द्वारा जबरन कब्जा किये जाने की समस्या को उठाया गया। बताया कि सरकार ने वर्ष 2015 में तहसील मड़ावरा बनायी एवं सरकार की मंशा रही है कि पिछड़े वर्ग के लोगों की समस्याओं का हल करने के लिए तहसील महरौनी व जिला मुख्यालय पर नहीं जाना पड़ेगा। लेकिन मड़ावरा तहसील में अधिकारियों के रहते हुये समस्याओं का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। वृद्ध ने बताया कि वह मुख्यमंत्री दरबार में भी चार बार प्रार्थना पत्र दे चुका है, लेकिन सुनवाई नहीं हो सकी है। पीड़ित ने अनशन करते हुये शासन- प्रशासन से कार्यवाही की गुहार लगायी है।

# मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना में मिलेगा 80 हजार का अनुदानः डीएम

अवधनामा संवाददाता

**गोण्डा।** शुक्रवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में नन्द बाबा दुग्ध मिशन के क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण एग्जीक्यूटिव कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उप दुग्धशाला विकास अधिकारी ने बताया कि जनपद में ÷नन्द बाबा दुग्ध मिशन के अन्तर्गत तीन योजनाएं लागू हैं। जनपद में मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना योजना, मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना और प्रारम्भिक दुग्ध सहकारी समितियों के गठन की योजना संचालित है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना के अन्तर्गत अधिकतक 80 हजार का अनुदान दिया जायेगा। प्रथम चरण में यह योजना देवीपाटन मण्डल के गोण्डा जनपद में संचालित की गई है। इसमें अन्य प्रदेश से उन्नत नस्ल की स्वदेशी गायों (गिर साहीवाल थानपारकर, गंगातीरी एवं हरियाणा प्रजाति) के क्रय पर 80 हजार का अनुदान दिया जायेगा। महिला दुग्ध उत्पादकों को 50 प्रतिशत वरीयता दी जायेगी । क्रय की जाने वाली गाय प्रथम द्वितीय एवं तृतीय ब्यांत की होनी चाहिए। मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत प्रदेश में उच्च गुणवत्ता एवं उत्पादकता वाली स्वदेशी नस्ल की गायें को पालन की प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करना। योजना स्वदेशी नस्ल की गाय यथा गिर साहीवाल, हरियाणा, गंगातीरी एवं थारपारकर प्रजातियों पर लागू होगी। एक गाय की उच्च उत्पादकता हेतु उसके जीवनकाल में केवल एक बार इस योजना के अन्तर्गत प्रोत्साहन का लाभ पशुपालक को दिया जायेगा। यह योजना गायों के प्रथम द्वितीय एवं तृतीय ब्यांत के लिए ही लागू होगी। प्रगतिशील पशुपालक का अधिकतम 02 गायों के लिए केवल एक बार इस योजना का लाभ देय होगा। प्रगतिशील पशुपालकों को प्रोत्साहित करने हेतु पशुपालकों को चयनित कर 10 हजार से 15 हजार प्रति गाय की दर से नगद पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा। साहीवाल गाय, गिर गाय एवं थारपारकर गाय हेतु 08 से 12 किग्रा0 तक दस हजार एवं 12 किग्रा से अधिक 15 हजार एवं हरियाणा गाय हेतु 07 से 10 किग्रा तक दस एवं 10 किग्रा से अधिक 15 हजार तथा गंगातीरी हजार गाय हेतु 07 से 08 किग्रा तक दस हजार एवं 8 किग्रा से अधिक 15 हजार प्रोत्साहन राशि दी जायेगी।

# श्री अन्न के गुणों का गुणगान करेंगे शिक्षक, बच्चों की सुधरेगी सेहत

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** कृषि विभाग बहराइच के तत्वावधान में सांवरिया रिसार्ट लखनऊ रोड बहराइच में आयोजित 01 दिवसीय उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्वार कार्यक्रम के अन्तर्गत स्कूल करीकुलम के माध्यम से अध्यन तथा परीक्षण कार्यक्रम का डीएम मोनिका रानी ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

इसके पश्चात् कार्यक्रम स्थल पर स्टैन्डी के माध्यम से लगाये गये ज्वार, बाजरा, कोदो, सांवा के श्रीअन्न (मिलेट्स) की प्रदर्शनी को देखा। कार्यक्रम में उपस्थित इण्टर कालेज के अध्यापको को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि आज हमारे जीवन में श्री अन्न का अत्यन्त महत्व है, इसी लिए इसे सुपरफूड भी कहते है। वर्तमान जीवन शैली में स्वस्थ्य रहने के लिए अपनाना होगा श्री अन्न। उन्होनें उपस्थित अध्यापकों से अपेक्षा किया कि वे श्री अन्न के महत्व को अपने कक्षा के बच्चों को बताए जिससे उनके माध्यम से उनके माता-पिता सुपरफूड श्री अन्न की खेती ज्वार, बाजरा, कोदो, सांवा आदि की खेती की ओर उन्मुख हो सके। उन्होनें बताया कि वर्तमान पीढ़ी धान, गेहूँ, पिज्जा, बर्गर आदि से बने भोजन का उपयोग करते है जिससे वे कई तरह की बीमारियों से ग्रसित हो जाते है। जिससे उनका अच्छा पैसा स्वास्थ्य सेवा पर खर्च करना पड़ रहा है। देश के प्रधानमंत्री आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने वर्ष 2023 को इण्टरनेशनल ईअर आफ मिलेटस घोषित किया है तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मिलेटस के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कई कार्यक्रमों के माध्यम से मिलेटस का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

इसी क्रम में अध्यापक बन्धुओं के साथ मिलेटस का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। डीएम ने इस अवसर पर पराली प्रबन्धन के बारे में बताया कि वर्ष 2020-21 में 115, वर्ष 2021-22 में 60, वर्ष 2022-23 में कुल 23 पराली जलाने की घटनाएं हुई थी। इस वर्ष इसे शून्य पर लाया जाना है। उन्होनें उपस्थित अध्यापक बन्धुओं से अपनी-अपनी कक्षाओं में उपस्थित बच्चों को पराली प्रबन्धन के बारे में जागरूक करने का निर्देश दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही, जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पाण्डेय, भूमि संरक्षण अधिकारी सौरभ वर्मा, जिला कृषि रक्षा अधिकारी प्रियानन्दा, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी सदर उदय शंकर सिंह ने मिलेटस उत्पादन के सम्बंध में अपने-अपने विचार साझा कर अध्यापकों को प्रशिक्षित किया। जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र देव ने मिलेटस की विशेषता के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए इसके व्यापक प्रचार-प्रसार कराने की अपेक्षा की। कृषि विज्ञान केन्द्र नानपारा के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ शैलेन्द्र कुमार सिंह, बहराइच के डॉ पी.के. सिंह, डॉ नन्दन सिंह, डॉ अनिल कुमार राजभर आदि द्वारा उपस्थित अध्यापकों को श्री अन्न की खेती के बारे में प्रशिक्षित किया।



कृषि वैज्ञानिकों/कृषि अधिकारियों ने अध्यापक को किया प्रशिक्षित, डीएम ने दिये टिप्स

इस अवसर पर अध्यापक ओम प्रकाश वर्मा, मनोज कुमार श्रीवास्तव, कमलेश कुमार गुप्ता, रजत पाठक, प्रदीप कुमार त्रिपाठी, देवेन्द्र प्रकाश मिश्र, पवन कुमार गुप्ता, संत कुमार चौबे, मो. तारिक, यतीन्द्र मिश्र, मानवेन्द्र सिंह, नैमिष कुमार गिरी, सूर्य प्रताप पाल, सुशील शुक्ल, देवेन्द्र मिश्रा सहित बड़ी संख्या में सहायक अध्यापक एवं प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे। तथा कई अध्यापकों ने अपने-अपने विचार भी प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप 'ए' पंकज, अरविन्द कुमार, राम प्रकाश मौर्या, कुलदीप वर्मा, सुधाकर शुक्ला, सतीश कुमार जायसवाल, रविराज शर्मा आदि कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री 23 सितंबर को करेंगे अटल विद्यालय का शुभारंभ

**गोण्डा।** उप श्रमायुक्त देवीपाटन मंडल अनुभव वर्मा ने बताया कि आगामी 23 सितंबर को प्रधानमंत्री प्रदेश के श्रमिकों के बच्चों को बड़ी सौगात देने जा रहे हैं। प्रदेश के 18 मंडलों में श्रमिकों के बच्चों के लिए बनाये गये मंडल स्तरीय अटल आवासीय विद्यालय का शुभारंभ प्रधानमंत्री द्वारा 23 सितंबर को किया जाएगा। इसके बाद अटल विद्यालयों में औपचारिक तरीके से पठन-पाठन प्रारंभ हो जाएगा। नवोदय विद्यालय की तर्ज पर बनाए गए अटल आवासीय विद्यालयों में श्रमिकों के बच्चे कक्षा 6 से कक्षा 12 तक पढ़ाई करेंगे। देवीपाटन मंडल में अटल आवासीय विद्यालय का निर्माण तहसील मनकापुर के ग्राम सिसवा में किया गया है। विद्यालय में 80 सीट पर छात्रों का चयन किया गया जिसमें गोंडा के 58, बहराइच के 13, बलरामपुर के सात और श्रावस्ती के दो बच्चे शामिल हैं। इन सभी छात्रों को निशुल्क शैक्षिक आवासीय विद्यालय की सुविधा, अनुभवी अध्यापक, छात्रावास, भोजन, पाठ्य पुस्तक, आवास यूनिफॉर्म तथा खेल की सुविधा प्रदान की जाएगी।

# हत्यारोपियों को पकड़ने गयी पुलिस पर फायरिंग

अवधनामा संवाददाता



पुलिस मुठभेड़ में दो नामजद हत्यारोपियों को पैर में लगी गोली

रात करीब 2 बजे हुयी मुठभेड़, एसपी ने संभाली कमान

**ललितपुर।** नेहरू नगर में गुरूवार को बंद कमरे में युवक की धारदार हथियार से गर्दन पर प्रहार कर हत्या कर दी गयी थी। जांच में जुटी पुलिस पार्टी पर रात करीब 2 बजे बिरधा के पास हाई-वे पर भाग रहे हत्यारोपियों ने फायरिंग कर दी। मौके पर पुलिस ने घेराबंदी करते हुये जबावी फायरिंग की। दो बदमाशों को पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गये। पुलिस ने घायल बदमाशों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया है। वहीं बदमाशों के पास से दो तमंचा व एक मोटर साइकिल भी बरामद की गयी है। पूरे घटनाक्रम की कमान तत्समय पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने संभालते हुये बदमाशों से जानकारी जुटाई। मामले में एसपी मो.मुश्ताक ने सीओ सिटी अभय नारायण राय के नेतृत्व में टीम का गठन कर जल्द खुलासे के निर्देश दिये थे।

बताया जा रहा है कि तीनों ने बुधवार की रात एक युवक की हत्या कर शव को कमरे में बंद कर मृतक की बाइक व मोबाइल लेकर भाग निकले थे। देर हाईवे पर जब पुलिस ने उन्हें रोका तो पुलिस पर फायरिंग कर दोनों हत्यारोपी भागने लगे। हत्यारोपियों के पास से दो तमंचे भी बरामद किए गए हैं।

एसपी मोहम्मद मुश्ताक ने बताया कि थाना जखौरा क्षेत्र के ग्राम सीरोंनकलां निवासी कमल सिंह बुंदेला की मंगलवार रात ग्राम सिपाई निवासी बड़े राजा पुत्र हरवंश उर्फ हरवान सिंह बुन्देला, पंचम राम पुत्र भोले कुशवाहा व रायपुर निवासी रामवती पत्नी बबलू पाल ने मिलकर हत्या कर दी थी और मृतक की बाइक व मोबाइल लेकर भाग निकले थे। पुलिस हत्यारोपियों की तलाश में देर रात हाईवे 44 पर गश्त कर रही थी, तभी बिरधा व भैंसाई के बीच में दोनों हत्यारोपियों महिला के साथ बाइक से जाते देखे, जब पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो दोनों हत्यारोपियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जबाबी फायरिंग में दोनों हत्यारोपियों के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गए। पुलिस ने मौके से हत्यारोपी महिला रामवती को गिरफ्तार कर लिया। घायल हुए दोनों हत्यारोपियों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हत्यारोपियों के पास से दो तमंचे, मृतक की बाइक व मोबाइल बरामद किए हैं। बता दें थाना जखौरा के ग्राम सीरोंनकलां निवासी ऊदल सिंह ने गुरुवार को रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि उसकी भांजी हीरेन्द्र राजा पुत्री लाखन सिंह निवासी लालौन थाना जखौरा की शादी 18 वर्ष पहले हरवंश सिंह पुत्र हरभान सिंह बुन्देला के साथ हुई थी, उनकी तीन संतानें हुई। बड़े राजा बुन्देला उनकी भांजी के साथ शराब के नशे में मारपीट करता था। जिससे उसकी भांजी उसके घर आ गयी थी। जिस पर उन्होंने भांजी को समझाया था। कमल सिंह भांजी को उसकी ससुराल छोड आया था। बड़ेराजा को काफी समझाया था। कुछ दिनों बाद बड़े राजा ने भांजी को फिर से प्रताड़ित किया।

# स्व. राधे रमण मिश्र वैद्य की मनाई गई पुण्यतिथि

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** शहर के कांग्रेस पार्टी के मजबूत नेता व लंबे समय तक कांग्रेस के नगर अध्यक्ष रहे और केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष राधे रमण मिश्र वैद्य की कांग्रेसियों ने जिला कार्यालय पर पुण्यतिथि मनाई। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने राधे रमण वैध जी के कार्यों को याद किया और उनके बारे में जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं को बताते हुए कहा कि स्वर्गीय वैध जी एक संघर्षील और क्रांतिकारी स्वभाव के बहुत ही कर्मठ नेता थे अपने समाजसेवा के कार्य से स्वर्गीय राधे रमण वैध जी पहचाने जाते थे। यूथ के जिला अध्यक्ष वरुण मिश्रा ने स्वर्गीय राधे रमण वैध के बारे में भी बताया, जिला उपाध्यक्ष सिराज भोला ने कहा कि स्वर्गीय वैध जी उन्हें पुत्र की तरह मानते थे,दुर्गापूजा के समय 15 दिन तक शहर वैद्य जी ही चलाते थे,जिले के उच्च प्रशासनिक अधिकारी हमेशा उन्हीं से सहयोग लेते थे। इस कार्यक्रम में प्रदेश सचिव राहुल त्रिपाठी, प्रवक्ता नफीस फारुकी, महेश मिश्रा वैध ,शहर महासचिव अमित सिंह, विजयपाल पीसीसी ,राहुल मिश्रा, मोहित तिवारी ,राजेश पाठक ,दीपक कुमार मिश्रा, सिराज सिद्दीकी अकेला, सुनील सिंह चौहान ,सुब्रत सिंह सन्नी, सिराज भोला ,मानिक श्रीवास्तव, रब्बान हाशमी ,ओपी चौधरी, अवधेश गौतम ,जमीदार यादव, पूर्व अध्यक्ष कृष्णा कुमार मिश्रा, हौसला प्रसाद भीम पीसीसी ,ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ,ब्लॉक अध्यक्ष शक्ति प्रसाद तिवारी ,अमोल बाजपेई ,हरीश त्रिपाठी, हारून अहमद, धर्मराज मिश्रा,आदि लोग मौजूद रहे।



# घण्टाघर से चौराहा तक सड़क मरम्मत की उठी मांग

पर्वो के मद्देनजर पार्षदों ने अधिशाषी अभियंता लोनिवि को सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** पर्वराज पर्यूषण, श्रीगणेश उत्सव एवं जल बिहार पर्वो के मद्देनजर घण्टाघर से वीर सावरकर चौक तक सड़क की मरम्मत कराये जाने की मांग को लेकर शुक्रवार को नगर पालिका परिषद के पार्षदों ने लामबंद होकर लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष व उनके प्रतिनिधि द्वारा भ्रमण के दौरान सड़क मरम्मत को लेकर सम्बन्धितों को निर्देशित किया गया है। बताया कि वर्तमान में पर्यूषण पर्व, श्रीगणेश उत्सव और आगामी 25 सितम्बर को जल बिहार का वृहद कार्यक्रम प्रस्तावित है। पार्षदों ने बताया कि घण्टाघर से वीर सावरकर चौक तक सड़क अत्याधिक क्षतिग्रस्त हालत में हैं। बताया कि उक्त सड़कें लोक निर्माण विभाग के अधीन हैं, जिसकी मरम्मत कराये जाने की आवश्यकता पर पार्षदों ने बल दिया। पार्षदों ने लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता से पर्वो के मद्देनजर सड़कों के गड्ढों की मरम्मत कराये जाने की मांग उठायी। ज्ञापन देते समय पार्षद आलोक जैन मयूर, गिरीश पाठक सोनू, पुष्पा राजा, अफजुल रहमान, मिथलेश करन कुशवाहा, गिरधारी कुशवाहा, कीर्ति अमित नायक, शिवानी अमित कुशवाहा आदि मौजूद रहे।



## महिला सिपाही पर ट्रेन में हुए जानलेवा हमले के आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**सुल्तानपुर,अयोध्या।** सरयू एक्सप्रेस में महिला कांस्टेबल पर जानलेवा हमले में शामिल मुख्य आरोपी पुलिस मुठभेड़ में मारा गया।अयोध्या के पूरा कलंदर में मुख्य आरोपी अनीस को पुलिस मुठभेड़ में मार गिराया गया।थानाध्यक्ष पूराकलंदर भी क्रॉस फायरिंग में घायल हो गए।अनीश के दो अन्य साथी अयोध्या के इनायतनगर से मुठभेड़ के बाद दबोच लिए गए । मारे गए बदमाश अनीश के दो अन्य साथी आजाद और विशंभर दयाल उर्फ लल्लू घायल हो गए।मारा गया अनीस महिला कांस्टेबल से छेड़खानी कर रहा था।

महिला ने बदमाश को पटक दिया तो तीनों बदमाशों ने महिला पर जानलेवा हमला कर दिया।ट्रेन की खिड़की से सिर लड़ाकर महिला सिपाही को घायल कर दिया था।अयोध्या से पहले ट्रेन धीमी हुई तो तीनों बदमाश फरार हो गए थे। यूपी एसटीएफ और अयोध्या पुलिस ने महिला कांस्टेबल पर जानलेवा हमला करने वाले एक बदमाश को मार गिराया,था दो दबोचे गए।

## हाईस्कूल के छात्र का मार्कशीट गुम

बस्ती सन्त कबीर नगर जिला के परसाभारी के छात्र रामकेश का हाई स्कूल का मार्क शीट गुम हो गया है। पिता राम आसरे का बेटा रामकेश ट्यूशन पढ़कर टेंपो से अपने घर जा रहा था। इसी दौरान उसका काले रंग का बैग रास्ते में कहीं गिर गया। बैग में यूपी बोर्ड हाई स्कूल का मार्कशीट सहित अन्य जरूरी कागजात थे। बैग गिरते ही सारे जरूरी कागजात बिखर गए जिसमें रामकेश की हाई स्कूल की मार्कशीट खो गई । मार्कशीट मिलने पर मोबाइल नंबर - - - - पर संपर्क करें।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं देशराज मिश्रा पुत्र रामसजीवन मिश्रा नि.- पूरेछेमी (पूरेनोती) पो.- पूरेनोती तह- लालगंज जिला-प्रतापगढ़।

मेरे सभी अभिलेखों में मेरा नाम देशराज मिश्रा है और सेना के अभिलेखों में मेरा नाम देशराज मिश्र है। दोना नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

अतः मुझे दोनो नामों से जाना व पहचाना जाये।

ग्राम पंचायत- तेजगढ़
वि.खं.-बांसी, सिद्धार्थनगर

अल्पकालीन निविदा

वित्तीय वर्ष 2023-24 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धक (SLWM) केंद्रीय वित्त/वित्त आयोग/मनरेगा/ स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु ई रिक्शा, साइकिल रिक्शा, कूड़ेदान, प्लास्टिक बैग, प्लास्टिक बैंक, सफेद सीमेंट, गिट्टी, प्रथम श्रेणी ईट, रोड़ा, सीमेट, रेट्रोफिटिंग मौरंग बालू, इंटरलॉकिंग, सरिया, लोहे का जाल, ह्यूम पाइप, वॉल पुट्टी, टीन चादर, बजरफुट, बजरी, वॉल पेंटिंग, प्लास्टिक पाइप कलेक्श सेंटर हैण्डपंप मरम्म्त, रीवोर, इलेक्ट्रॉनिक मेटेरियल आदि सामानों की आपूर्ति हेतु इच्छुक व मान्य आपूर्तिकर्ता दिनांक 22.09.2023 से 24.09.2023 तक निविदा कार्यालय में जमा कर सकते हैं। दिनांक 24.09.2023 को सुबह 12 बजे निविदा ग्राम पंचायत कार्यकारिणी के समक्ष खोली जाएंगी प्रतिबंध नियम व शर्तें एवं अन्य विवरण कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

बैजनाथ पांडेय
सचिव
ग्रा.पं. तेजगढ़

इंद्रावती
प्रधान
ग्रा.पं. तेजगढ़

ग्राम पंचायत- गोनहाडीह
वि.खं.-बांसी, सिद्धार्थनगर

अल्पकालीन निविदा

वित्तीय वर्ष 2023-24 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धक (SLWM) केंद्रीय वित्त/वित्त आयोग/मनरेगा/ स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु ई रिक्शा, साइकिल रिक्शा, कूड़ेदान, प्लास्टिक बैग, प्लास्टिक बैंक, सफेद सीमेंट, गिट्टी, प्रथम श्रेणी ईट, रोड़ा, सीमेट, रेट्रोफिटिंग मौरंग बालू, इंटरलॉकिंग, सरिया, लोहे का जाल, ह्यूम पाइप, वॉल पुट्टी, टीन चादर, बजरफुट, बजरी, वॉल पेंटिंग, प्लास्टिक पाइप कलेक्श सेंटर हैण्डपंप मरम्म्त, रीवोर, इलेक्ट्रॉनिक मेटेरियल आदि सामानों की आपूर्ति हेतु इच्छुक व मान्य आपूर्तिकर्ता दिनांक 22.09.2023 से 24.09.2023 तक निविदा कार्यालय में जमा कर सकते हैं। दिनांक 24.09.2023 को सुबह 12 बजे निविदा ग्राम पंचायत कार्यकारिणी के समक्ष खोली जाएंगी प्रतिबंध नियम व शर्तें एवं अन्य विवरण कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

बैजनाथ पांडेय
सचिव
ग्रा.पं. गोनहाडीह

शर्मीला
प्रधान
ग्रा.पं. गोनहाडीह

# कोटेदारों की दुकानों में कैंप लगा कर बनाए जाएंगे गोल्डन कार्ड

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय में आयुष्मान भवः कार्यक्रम के अन्तर्गत गोल्डन कार्ड बनाये जाने के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों एवं एडीओ पंचायत तथा स्वास्थ्य विभाग के समस्त एमओआईसी को निर्देश दिये कि आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाये जाने के लिए राशन कोटेदारों की दुकानों में कैम्प आयोजित कर गोल्डन कार्ड बनाये जायेंगे। उन्होंने बताया कि लाल राशन कार्ड के साथ सफेद राशन कार्डधारकों, जिनके परिवार के सदस्यों की संख्या 6 से अधिक है, ऐसे सभी लाभार्थियों के आयुष्मान भवः के अन्तर्गत 5 लाख तक की धनराशि की चिकित्सा सुविधा हेतु आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाये जायेंगे। उन्होंने बताया कि आयुष्मान ऐप डाउनलोड करें व वेब पोर्टल पर लाभार्थी स्वयं भी अपने मोबाइल से आयुष्मान गोल्डन कार्ड बना सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि अधिक से अधिक प्रतिदिन लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड कैम्प लगाकर बनाये जायें। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी सम्बन्धित अधिकारी अपने-अपने कर्मचारियों को आयुष्मान गोल्डन कार्ड में लगाते हुए प्रतिदिन बनाये जाने वाले कार्डों की समीक्षा व कर्मचारियों की उपस्थित भी सुनिश्चित करायें, यदि फील्ड का कोई कर्मचारी कैम्प में अनुपस्थित पाया जाएगा तो उसके विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि गाँवो के प्रत्येक पात्र लाभार्थी का शत प्रतिशत गोल्डन कार्ड बनाकर वितरण किया जाए तथा आयुष्मान कार्ड बन जाने पर ऐसे गांव आयुष्मान गांव बनाया जायेगा। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिये कि राशन कोटेदारों के द्वारा लाभार्थियों को सूचना देकर एकत्र कराने की व्यवस्था करें तथा ग्राम पंचायत स्तर पर तैनात एडीओ पंचायत, रोजगार सेवक, सचिव, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, राशन कोटेदार, अध्यापक एवं सफाई कर्मियों का सहयोग लेकर अधिक से अधिक लोंगो के कैम्प में राशन कार्ड बनाये जाने का कार्य कल से प्रारंभ करायें।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मेडिकल कैंप लगाए जाएं: नरेन्द्र कश्यप

अवधनामा संवाददाता



- प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की बैठक

**शाहजहांपुर।** राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उ0प्र0प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री ने विभिन्न विभागों के माध्यम से किये गये विकास कार्यों एवं विकास योजनाओं की समीक्षा की। साथ ही उन्होने जनपद की कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुये आवश्यक निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये।

बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री ने बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों की जानकारी ली तथा बाढ़ से हुयी किसानों के फसलों की हानि के विषय में जाना प्रभारी मंत्री ने कृषि विभाग, गन्ना विभाग, सहकारिता, कर एवं करेत्तर राजस्व संग्रह, वन विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशनसिंचाई एवं जल संसाधन, ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम, सामुदायिक विकास (ग्राम्य विकास), निजी लघु सिंचाई, राजकीय लघु सिंचाई, जिला उद्योग, खादी एवं ग्रामोद्योग, सड़क एवं पुल, पर्यावरण, पर्यटन, प्राथमिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, प्राविधिक शिक्षा प्रादेशिक विकास दल, खेलकूद, चिकित्सा, ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम, नगर विकास (नग. पेयजल योजना), पिछड़ा वर्ग कल्याण, सेवायोजन, शिल्पकार प्रशिक्षण (आई0टी0आई0), समाज कल्याण दिव्यांग जन सशक्तिकरण, महिला कल्याण, पुष्टाहार सहित अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुये प्रगति के विषय में जानकारी ली। बैठक के दौरान मा0 प्रभारी मंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि बाढ़ के कारण हुयी किसानों की फसलों की हानि का शतप्रतिशत आंकलन कर सरकार द्वारा दी जाने वाली सहायता उपलब्ध करायी जाये। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मेडिकल कैंप लगाकर आवश्यक चिकित्सा सुविधायें बाढ़ प्रभावितों को दी जाये। कर एवं करेत्तर राजस्व संग्रह में भू-राजस्व एवं वाणिज्य कर में लक्ष्य के सापेक्ष कम उपलब्धि होने पर रिकवरी बढ़ाये जाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। महपौर श्रीमती अर्चना वर्मा द्वारा इन्द्रानगर में बिजली की समस्या का मुद्दा उठाया गया जिस हेतु प्रभारी मंत्री ने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि महानगर, नगर पलिकाओं एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नियमानुसार बिजली उपलब्ध करायी जाये। पीडब्लूडी, एनएचएआई तथा मण्डी परिषद द्वारा सड़कों के निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान एनएचएआई एवं मण्डी परिषद के अधिकारी अनुपस्थित होने पर प्रभारी मंत्री ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुये आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये। उन्होने पीडब्लूडी द्वारा सेतुओं के निर्माण कार्य को निधारित समयान्तर्गत पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। मा0 प्रभारी मंत्री ने सड़कों पर असमय निकलने वाले पशुओं के कारण लगने वाली जाम की समस्या से निपटने के लिये नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा को डेयरी संचालकों के साथ बैठक कर पशुओं के रोड पर निकलने का समय निर्धारित करने हेतु निर्देश दिये।

## गणेश महोत्सव का भक्त ले रहे आनंद



**हमीरपुर अवधनामा संवाददाता।** नगर के गौरा देवी मोहल्ले के वार्ड नंबर 20 में गणेश महोत्सव का भक्त आनंद ले रहे हैं। प्रतिदिन बच्चों द्वारा सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत की जाती हैं और सैकड़ो की संख्या में भक्त आकर आनंद लेते हैं। वही पंकज सिंह भदौरिया द्वारा धार्मिक ग्रंथो से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं उत्तर देने वाले पांच बच्चों को प्रतिदिन पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। कार्यक्रम के व्यवस्थापक पंकज सिंह भदौरिया द्वारा संस्कार तिवारी को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पंकज सिंह भदौरिया एवं उनकी समस्त टीम की सराहना की। इस मौके पर सुरक्षा की दृष्टिगत सदर कोतवाली से चंद्रवीर सिंह मौजूद रहे।

## कम्पोजिट विद्यालय कोड़ार में छाता व स्टेशनरी वितरण



**सोनभद्र/ बीजपुर अवधनामा संवाददाता।** एनटीपीसी रिहंद के नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत म्योरपुर ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय कोड़ार में स्कूल बैग, छाता एवं स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य म्योरपुर ब्लॉक में स्थित विद्यालय के छात्रों को जरूरी राहत प्रदान करना था। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि अध्यक्षा वर्तिका महिला मण्डल समिति श्रीमती माया सिंह ने अन्य सह-अतिथियों के साथ वृक्षारोपण कर किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं सहअतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर एवं स्वागत गीत गाकर किया गया। कंपोजिट स्कूल कोड़ार, 110 छात्रों को शिक्षा प्रदान करता है, जिनमें से अधिकांश स्कूल के आसपास रहने वाले आदिवासी समुदाय से हैं। मुख्य रूप से वर्तिका महिला मण्डल की पदाधिकारी महिलाएं, वरिष्ठ प्रबन्धक (मानव संसाधन-कर्मचारी विकास केंद्र) श्रीमती तनुजा सिंह, कार्यपालक (नैगम सामाजिक दायित्व) सुश्री नर्गिस अंसारी आदि उपस्थित रही।

## मवेशी लेकर गए युवक की तालाब में डूबकर मौत

**बांदा।** मवेशियों को लेकर गए युवक की तालाब में डूबरक मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिसंडा थाना क्षेत्र के बेलदान गांव निवासी तीजा (21) पुत्र रमजा गुरुवार की सुबह अपने घर से मवेशियों को लेकर तालाब पानी पिलाने के लिए गया था। मवेशी तालाब में उतर गए। जब काफी देर तक वह बाहर नहीं निकले तो तीजा मवेशियों को तालाब से बाहर निकालने के लिए तालाब में उतर गया। इस दौरान युवक गहराई में समा गया। उसकी तालाब में डूबकर मौत हो गई। परिजनों को पता चला तो उसकी खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चला। कुछ घंटे के बाद दोपहर बाद युवक का शव पानी में उतराया तो ग्रामीणों की नजर पड़ी। खबर पाकर परिजन भी रोते-बिलखते तालाब पहुंच गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के पिता ने बताया कि तीजा पांच भाइयों में तीसरे नंबर का था।

## भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता संपन्न



**हमीरपुर अवधनामा संवाददाता।** भाजपा कार्यालय में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास होने पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष डॉ आराधना राजपूत ने पत्रकार वार्ता की। उन्होंने कहा हमारी सनातन संस्कृति में नारी शक्ति ने विशेष योगदान दिया है। हमारी संस्कृति में धन की देवी लक्ष्मी, शक्ति की देवी पार्वती, विद्या की देवी सरस्वती है। हम साल में चार बार 9 दिन मातृ शक्ति का बंदन करते हैं। डॉ भीमराव अंबेडकर ने संविधान में सभी के लिए समानता का अधिकार दिया है लेकिन आजादी के 70 साल बाद आज प्रतिनिधित्व में नारी को 33 प्रतिशतआरक्षण का बिल नई संसद भवन में पास हुआ। 27 साल पहले भी संसद भवन में यह बिल आया लेकिन तब की सरकारों ने इसे पारित नहीं होने दिया आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में यह बिल पास किया गया और पारित भी करवाया गया आधी आबादी का महत्व हमारे प्रधानमंत्री जानते हैं। शुरू से ही उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर कार्य किया है। जैसे शौचालय की व्यवस्था कर नारी के आत्म सम्मान की रक्षा की है प्रधानमंत्री आवास में,उज्जवला योजना में गैस चूल्हा देने में वरीयता दी गई। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के द्वारा समाज में जागरूकता की, जनधन खाता के द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाया गया भाजपा ने जनप्रतिनिधियों के रूप में हमीरपुर में विधायक जिला पंचायत अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य ब्लाक प्रमुख अध्यक्ष देकर महिला सशक्तिकरण प्रेस वार्ता में जिला उपाध्यक्ष नीलम बाजपेई, राधा चौरसिया, रेखा चंदेल, प्रभा द्विवेदी, जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव,अर्चना गुप्ता, रेनू वर्मा, पुष्पा धुरिया इत्यादि उपस्थित रहे।

# धान खरीद सेंटर पर गुंडागर्दी बर्दास्त नहीं की जाएगी: डीएम

अवधनामा संवाददाता



- धान खरीद से संबंधित अधिकारियों को तैयारी रिपोर्ट एक अक्तूबर को पेश करने के निर्देश

**शाहजहांपुर।** धान खरीद शुरू होने से पहले प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। डीएम धान खरीद की तैयारी को लेकर अफसरों के साथ बैठक कर दिशा निर्देश दे रहे हैं। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में धान खरीद की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह स्वयं जाकर सभी व्यवस्थाओं का जायजा ले, भंडारण कक्ष में समुचित स्थान न होने पर समीपवर्ती इमारत में धान को शिफ्ट किया जाए। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए हैं कि धान खरीद में फर्जीवाड़ा नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों के बैठने की जगह तथा साफ सफाई इत्यादि की समुचित व्यवस्था कर लें। उन्होंने निर्देश दिया कि क्रय नीति का व्यापक प्रचार प्रसार कराना सुनिश्चित करें, इसके लिए गांव में पंचायत भवानो पर वॉल पेंटिंग करवाई जाए तथा उस पर सभी जरूरी जानकारियां पेंट करवाई जाए, इसके अलावा बैनर, होर्डिंग्स इत्यादि का भी प्रयोग करें। जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि खरीद से संबंधित शिकायतों तथा जरूरी जानकारी के संबंध में कंट्रोल रूम भी सक्रिय हो चुका है, कंट्रोल रूम प्रातः 9 बजे से शाम 6 तक सक्रिय रहेगा इसके अतिरिक्त रविवार व राजपत्रित अवकाशों को छोड़कर अन्य विकास के दिनों में प्रातः 10 से अपरण 1 तक क्रियाशील रहेगा। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से बाँट माप, बोरों की व्यवस्था तथा ट्रैफिक इत्यादि की व्यवस्थाओं के विषय में की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि धान खरीद केंद्रों पर ट्रैफिक इत्यादि की व्यवस्था सुदृढ़। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि धान खरीद केंद्रों पर गुंडागर्दी बिल्कुल भी बर्दाशत नहीं की जाएगी।

## संविदाकर्मियों के लिए लगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



**सोनभद्र/ सिंगरौली अवधनामा संवाददाता।** गुरुवार को नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के ककरी क्षेत्र ने संविदा कर्मियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु वी टी सी, ककरी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर के दौरान उपस्थित सभी लोगों के स्वास्थ्य की जाँच की गयी एवं निःशुल्क दवाइयों का भी वितरण किया गया। इस दौरान कुल 51 लोग लाभान्वित हुए जिसमें 46 पुरुष एवं 5 महिलाएं शामिल थी। इस अवसर पर शिविर में नोडल ऑफिसर वेलफेयर, स्वास्थ्य अधिकारी डा लिनी उन्नीकृष्णन और उनकी टीम एवं सभी हास्पिटल स्टाफ भी उपस्थित रहे।

## बिना ऑपरेशन छाती से निकाला दस रुपये का सिक्का

**सोनभद्र/रेणुकूट अवधनामा संवाददाता।** डॉक्टर को धरती पर भगवान का दर्जा दिया जाता है और कभी- कभी कुछ ऐसे वाकये सामने आते है जब इसकी बानगी देखने को मिलती है। बीते गुरुवार ऐसा एक अनोखा मामला रेणुकूट स्थित हिण्डाल्को अस्पताल में सामने आया जिसे सुन कर हर किसी ने दांतों तले अंगुली दबा ली।



गौरतलब है कि अनपरा के रहने वाले श्री धर्मजीत सिंह आनन- फानन में उस वक्त हिण्डाल्को अस्पताल पहुंचे जब उनके 13 साल के बच्चे अविनाश सिंह ने खेल-खेल में 10 रुपये का सिक्का निगल लिया, जिसकी वजह से बच्चे की गर्दन व छाती में गंभीर दर्द हो रहा था। डॉक्टर शोभित श्रीवास्तव की सूझ-बूझ का ही नतीजा था कि उन्होंने बिना देर किये बच्चे को बेहोश कर सिक्का निकालने का निर्णय लिया। डॉक्टर ने बिना ऑपरेशन के समझदारी के साथ दूरबीन विधि के जरिये सिक्का बाहर निकाल दिया जिससे न केवल बच्चे ने बल्कि उनके परिजनों ने भी चैन की सांस ली। बड़ी बात यह रही कि बच्चे को सकुशल कुछ ही देर में घर भी भेज दिया गया।

## पुराने पेंशन प्राप्ति तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा

**चोपन/ सोनभद्र अवधनामा संवाददाता।** ऑल इंडिया रेलवेमेंस फेडरेशन की कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिए गए निर्णय और पुराने पेंशन प्राप्ति के लिए गठित संयुक्त फोरम के दिशा निर्देशों के तहत प्रत्येक माह के 21 तारीख को पुराने पेंशन के समर्थन में सभी शाखाओं द्वारा आंदोलन, बैठक व प्रदर्शन किया जाना है। इसी मांग के समर्थन में गुरूवार की देर साम चोपन में ईसीआरकेयू के शाखा प्रतिनिधियों तथा सक्रिय सदस्यों के द्वारा चोपन ईसीआरकेयू के शाखा कार्यालय परिसर में इकट्ठा होकर जागरूकता कार्यक्रम करते हुए सैकड़ों कर्मचारियों के द्धारा बाईक रैली आयोजित किया गया। बाईक रैली रेलवे के सभी कॉलोनी से होते हुए रेलवे टिकट काउंटर के सामने समाप्त किया गया। इसमें उपस्थित रेलकर्मियों के बीच नये पेंशन नीति के खामियों और पुराने पेंशन नीति के लाभों पर विस्तृत चर्चा की गई और यह निर्णय लिया गया कि इन तथ्यों और जानकारियों को रेलवे में नवपदस्थापित रेलकर्मियों तक पहुंचाते हुए उन्हें भी पुराने पेंशन प्राप्ति के लिए आल इंडिया रेलवेमेंस फेडरेशन और ईसीआरकेयू के नेतृत्व में चल रहे आंदोलन के साथ आने का आह्वान किया जाएगा।

## यूनियन बैंक में सीबीआई का छापा क्लर्क हिरासत में, पूछताछ जारी

**सोनभद्र अवधनामा ब्यूरो।** जनपद सोनभद्राग मुख्यालय स्थित सिविल लाइन रोड पर शुक्रवार को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया मे सीबीआई लखनऊ ब्रान्च टीम की धमक पांच इंस्पेक्टर दो सिपाही व अन्य कर्मचारियों की रही मौजूद टीम दोपहर 3:30 पर टीम ने रंगे हाथ 18 हज़ार रुपए के साथ बैंक क्लर्क को पकड़ा 4 घंटे से चल रही है जांच पड़ताल। सीओ सिटी राहुल पांडेय थाना प्रभारी लक्ष्मण पर्वत की नेतृत्व में पूछताछ कर मामले का हुआ खुलासा। पत्रकारों को बताते हुए सीओ राहुल पांडेय ने बताया कि सीबीआई की टीम बताते हुये यूनियन बैंक मे कर रहे है कागजातों की जांच लखनऊ ब्रांच की बताई जा रही है सीबीआई की टीम। हजरतगंज सीबीआई थाना में दर्ज एफआईआर की जांच में पहुची टीम 18 हजार रुपये घुस लेते हुए बैंक कर्मचारी मनीष अग्रवाल को रंगे हाथ पकड़ा हैं वही सीबीआई ऐंटी करप्सन टीम के इंस्पेक्टर आशीष सिंह के नेतृत्व में सात सदस्यीय टीम की कार्रवाई सीबीआई टीम में पांच इंस्पेक्टर और दो कांस्टेबल शामिल रॉबर्टसगंज कोतवाली क्षेत्र के सिविल लाइन रोड स्थित यूनियन बैंक का मामला।

## जंतु विज्ञान में तीसरा स्थान प्राप्त कर अनेक छात्रों की प्रेरणा बनी प्रेरणा शुक्ला

**शाहजहाँपुर अवधनामा संवाददाता।** आज स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज शाहजहाँपुर का एमएससी प्रथम वर्ष सेमेस्टर वन जंतु विज्ञान का रिजल्ट एमजेपी रोहिलखंड विश्वविद्यालय द्वारा घोषित किया गया। जो शत प्रतिशत रहा। जंतु विज्ञान में निधि श्रीवास्तव एवं आरती अमृत सिंह 8.27 एसजीपीए प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रही, द्वितीय स्थान पर 8.09 एसजीपीए के साथ अंशिका एवं पवन भदौरिया रहे जबकि तृतीय स्थान पर 8.0 एसजीपीए के साथ प्रेरणा शुक्ला रही।



मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता परमपूज्य स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती जी, स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय प्रबंध तंत्र सचिव डॉ अवनीश मिश्रा व प्राचार्य प्रोफेसर डॉ राकेश कुमार आज़ाद ने बधाई व आशीर्वाद दिया। इसके अतिरिक्त जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ रमेश चंद्रा व वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ आदर्श पाण्डेय सहित डॉ निधि त्रिपाठी, डॉ मुमताज़ हुसैन, डॉ शिखा सक्सेना, केशव शुक्ला, साक्षी, मोहित पाण्डेय, शिवांगी शुक्ला, मनोज, आकांक्षा, दीपक, अजय आदि ने सभी सफल विधार्थियों को बधाई दी।

## गणेश पंडालों में कानपुर के कलाकारों ने पेश की नयनाभिराम झांकियां



**भरुआ सुमेरपुर अवधनामा संवाददाता।** गुरुवार की रात कस्बे के नगर पंचायत के समीप गणेश सेवा समिति के पंडाल में कानपुर से आए कलाकारों ने देवी देवताओं की नयनाभिराम झांकियां प्रस्तुत करके जमकर वाहवाही लूटी। इसी तरह रामलीला मैदान में सजे गणेश पंडाल में कानपुर से आए कलाकारों ने नृत्य गीत झांकियां प्रस्तुत करके लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गुरुवार की रात कस्बे के दोनों गणेश पंडालों में आयोजकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न कराए। कस्बे के पुराने गणेश सेवा समिति पंडाल में कानपुर से आए राहुल राज इंटरनेशनल ग्रुप के कलाकारों ने राधा कृष्ण की झांकी के साथ मयूर नृत्य आदि कार्यक्रम प्रस्तुत करके जमकर वाहवाही लूटी। इस मौके पर समिति के संरक्षक महेश गुप्ता दीपू, अध्यक्ष बाबू सोनी, सोनू तिवारी, बालगोपाल गुप्ता आदि कमेटी के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे। वही रामलीला मैदान में पहली बार सजी गणेश प्रतिमा में कानपुर से आए सांवरिया इंटरनेशनल झांकी ग्रुप के कलाकारों ने खाटू श्याम आदि देवी देवताओं की नयनाभिराम झांकियां प्रस्तुत की। इनके द्वारा प्रस्तुत गीत नृत्य को लोगों ने खूब सराहा। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष हर्ष गुप्ता उर्फ लालू, प्रवीण निगम, आयुष ओमर, विशाल गुप्ता, शुभम दीक्षित, अजय प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# मोटी रकम दो, दो दिन में ड्राइविंग लाइसेंस लो




अवधनामा संवाददाता

- 3000 से 5500 सौ लेकर दलाल बिना परीक्षा दिये बनवा देते हैं ड्राईविंग लाइसेंस

**हमीरपुर।** परिवहन विभाग में लाइसेंस बनवाने सामान्य व्यक्ति को महीनों चक्कर लगाना पड़ता है, लेकिन बाहर बैठे एजेंट मोटी रकम लेकर यह काम बड़ी आसानी से करा देते हैं। इसके लिए बस लाइसेंस बनवाने वाले को मोटी रकम खर्च करनी पड़ती है।

यहां बगैर ड्राइविंग टेस्ट दिए ही टू व्हीलर से लेकर फोर व्हीलर तक के लाइसेंस बनाए जाते हैं, इसके लिए 35 से 55 सौ रुपए खर्च करने पड़ते हैं। लाइसेंस बनाने का दावा करने वालों का तो यह भी दावा है कि इस काम के लिए वे क्लर्क से लेकर अफसर तक मोटी रकम पहुंचाते हैं। शुक्रवार को कई दैनिक समाचार पत्रों के रिपोर्टरों ने लाइसेंस बनवाने के ग्राहक बनकर सयुंक्त स्टिंग किया। ग्राहक बनकर पहुंचे रिपोर्टरों को एजेंटों ने 35 से 55 सौ लेकर बिना ट्रायल लाइसेंस बनवाने की बात कही। लर्निंग लाईसेंस दो दिन में देने की बात कही। बाहर बैठें एजेंटों से बातचीत की रिकार्डिंग अवधनामा के पास मौजूद है। एजेंटों ने बाकायदा इसके लिए कई गुना फीस भी तय कर रखा है, टू प्लस व फोर व्हीलर के लिए 35-55 सौ रुपए और टू व्हीलर लाइसेंस के लिए कुछ रुपए कम भी लिये जाते है जब कि राज्य परिवहन विभाग के तय शुल्क से कई हजार रुपए ज्यादा है। यह पूरा खेल परिवहन विभाग के संरक्षण में चल रहा हैं, यही वजह है कि एजेंट को किसी तरह की कार्रवाई का कोई खौफ नहीं है। सरकार सिर्फ 1356 रुपए ही लेती है। टू प्लस फोर के ड्राइविंग लाइसेंस देने के लिए सरकार सिर्फ 1356 रुपए ही लेती है। लर्निंग के दौरान 356 रुपए का चालान और एक माह के बाद परमानेंट के लिए एक हजार रुपए देना होता है। इसी तरह सिर्फ टू व्हिलर लाइसेंस के लिए 156 रुपए लर्निंग के दौरान और एक माह बाद स्थाई लाइसेंस के लिए 700 रुपए देना होता है।

### पत्रकारों से एजेंटों ने की बातें

**ग्राहक-** लाइसेंस बन जाएगा, दस्तावेज क्या देने होंगे और कितने पैसे लगेंगे?
**एजेंट-** आधार कार्ड, पैन कार्ड, फोटो तथा पैसे 2000 रु लगेंगे लर्निंग के।
**ग्राहक-** मुझे ट्रायल तो नहीं देना पड़ेगा?
**एजेंट-** एग्जाम नहीं देना पड़ेगा आपको, हम पैसा इसीलिए तो लेते हैं।
**ग्राहक-** मुझे किसे पैसे देने होंगे आप बताइए मैं खुद बनवा लेता हूं?
एजेंट- बाबू और अफसर कोई आप से पैसा नहीं लेगा, दफ्तर में कैमरे लगे हुए हैं।
**ग्राहक-** टू-व्हीलर का लाइसेंस बनवाना है, कितने पैसे लगेंगे?
**एजेंट-** 3000 रुपए लगेंगे, दोनों बनवाइए कम में हो जाएगा।
**ग्राहक-** पैसे ज्यादा ले रहे हो कुछ कम कीजिए?
**एजेंट-** बाबुओं का रेट बढ़ गया है, पैसे ज्यादा लगेंगे।
**ग्राहक-** कहां कितना होगा बताइए मैं खुद से बनवाता हूं?
**एजेंट-** बाबू हो या अफसर आपसे कोई पैसे नहीं लेगा, हमारी सेटिंग है, हम करा देंगे।

### इस सम्बन्ध में जब जिला परिवहन अधिकारी आर पी सिंह से सवाल पूछे तो उनके द्वारा दिये गये जवाब।

**सवाल -** लर्निंग के बाद बिना ट्रायल स्थाई ड्राइविंग लाइसेंस बन सकता हैं या नहीं?
**जवाब-** बिना ट्रायल स्थाई लाइसेंस बिल्कुल नहीं बन सकता हैं।
**सवाल -** फिर बाहर एजेंट 35 से 55 सौ रुपए लेकर बिना ट्रायल लाइसेंस कैसे बनवा कर लोगों को बांट रहे हैं?
**जवाब-** ऐसा कैसे हो सकता है, पूरा सिस्टम अब ऑनलाइन है, लोगों को इसके तहत एप्लाई करना चाहिए।
**सवाल -** एजेंट रोजाना आधा दर्जन लोगों को बिना ट्रायल स्थाई लाइसेंस बांट रहे हैं?
**जवाब-** ऐसा है तो आप हमारे पास लेकर आइए, मैं जांच कराउंगा।
**सवाल -** एजेंटों ने बाबू से लेकर अफसर तक पैसे देने की बात कही है?
**जवाब-** उनके बोलने से क्या होता है, जो सिस्टम है लोगों को उसी अनुरूप ही लाइसेंस बनवाना चाहिए।
**सवाल -** हमारे पास उनसे हुई बातचीत की पूरी रिकार्डिंग है?
**जवाब-** ठीक है, आप जैसा उचित समझें।

## बुखार से मासूम की मौत

**बांदा।** वायरल फीवर की चपेट में आए एक मासूम की मौत हो गई। इससे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। इधर, डेंगू का प्रकोप भी थमने का नाम नहीं ले रहा है। मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। शुक्रवार को जांच के दौरान छह और राज मुख्यालय में दो डेंगू पाजिटिव मरीज पाए गए। इस तरह से मरीजों की संख्या बढ़कर 67 हो गई है। मटौंध कस्बा निवासी भूरा के चार माह के पुत्र कार्तिक को चार पांच दिनों से बुखार आ रहा था। दो बार उसका जिला अस्पताल में उपचार भी कराया गया। शुक्रवार की सुबह अचानक मासूम बच्चे की हालत खराब हो गई। इस पर परिजन बच्चे को लेकर जिला अस्पताल आए। वहां पर चिकित्सक ने मासूम बच्चे को देखते ही मृत घोषित कर दिया। इससे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। रोते-बिलखते परिजन शव लेकर घर चले गए। इधर, सुबह अस्पताल खुलते ही मरीजों की लंबी लाइन जिला अस्पताल में लग रही है। खांसी, जुकाम बुखार और अन्य बीमारियों से पीड़ित लोग जिला अस्पताल पहुंच रहे हैं।

# सर्राफा व्यापारी से लूट का खुलासा

अवधनामा संवाददाता



- सात लोग गिरफ्तार
- बांसी व देवरार गांव के बीच सर्राफा से मारपीट कर हुई थी लूटपाट

**बांदा।** नरैनी रोड में देवरार और बांसी गांव के बीच हुई लूट का पुलिस ने शुक्रवार को खुलासा कर दिया। इस लूट का खुलासा करने के लिए गिरवां थाना पुलिस के अलावा चार और टीमें लगी हुई थीं। लूट के तीन मुख्य अभियुक्तों के साथ ही चार सहयोगियों को पकड़ा गया है। जबकि एक अभियुक्त अभी पुलिस की पकड़ से बाहर है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही उसे भी पकड़ा जाएगा।

पुलिस ने लूटे गए जेवर, नगदी समेत तमंचा और कारतूस के अलावा एक चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद की है। मर्दननाका निवासी सर्राफा व्यापारी अनिल सेन 13 सतंबर की शाम को वह नरैनी क्षेत्र से अपना काम निपटाने के बाद बाइक से वापस घर लौट रहा था। बाइक सवार अभी बांसी और देवरार गांव के पास ही पहुंचा था, तभी एक बाइक में सवार तीन लुटेरों ने उसे रोक लिया। दो लुटेरों ने स्टंप और बल्ले से वार कर लहूलुहान किया था। जबकि तीसरे लुटेरे ने तमंचा लगाते हुए जेवरों और नगदी से भरा जेवर छीन लिया था। इसके बाद लुटेरे तमंचा लहराते हुए भाग निकले थे। पुलिस लाइन में मीडिया से बात करते हुए एसपी अंकुर अग्रवाल ने बताया कि गिरवां थाना पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर तीन मुख्य अभियुक्तों आमिर खान पुत्र शेर खां निवासी कबौली, अजमल खां पुत्र पीरु खां निवासी कबौली और अखिलेश उर्फ बउवा पुत्र चन्द्रपाल उर्फ रजोल निवासी भवई थाना नरैनी को देवार गांव से गिरफ्तार कर लिया। पूछतांछ के दौरान तीनो अभियुक्तों ने बताया कि पांच अन्य लोगों ने सर्राफा व्यापारी की लोकेशन देने और बाइक उपलब्ध कराने का काम किया। इस पर लूट में साथ देने वाले चार अभियुक्तों बिलाल खां पुत्र कमाल खां निवासी गौर शिवपुर थाना नरैनी, नन्द किशोर सोनी पुत्र रामकिशोर निवासी किदवई नगर नरैनी, दिनेश सिंह उर्फ देवा पुत्र राकेश सिंह निवासी चन्दवारा थाना पैलानी और अजहरुद्दीन उर्फ अज्जू पुत्र मुशहत खां निवासी कोर्रही थाना बिसण्डा को अभियुक्त बिलाल के घर से गिरफ्तार कर लिया गया।

# ए.के. शर्मा ने अभियान के तहत उपभोक्ताओं की जानी समस्याएं

## नीलमथा, हरिहरपुर और तेलीबाग क्षेत्र की विद्युत समस्या के निदान हेतु उपकेन्द्र में 10 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाने के दिये निर्देश

अवधनामा ब्यूरो



- ऊर्जा मंत्री ने उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित समाधान के दिये सख्त निर्देश
- मंत्री ने उपभोक्ताओं से फोन पर बात कर समस्याओं के निदान की जानी हकीकत
- एसडीओ के उपभोक्ताओं से न मिलने की शिकायत पर ऊर्जा मंत्री ने जमकर लगाई फटकार
- ऊर्जा मंत्री ने सेवानिवृत्त विद्युत कार्मिकों से अपने क्षेत्र के उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान में ऊर्जा विभाग की मदद करने की अपील की
- सभी विद्युत कार्मिक अपने कार्यक्षेत्रों में जाकर उपभोक्ताओं की समस्याओं का मौके पर करेंगे समाधान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने तेलीबाग, नीलमथा व हरिहरपुर क्षेत्र की ओवरलोडिंग एवं लो-वोल्टेज की विद्युत समस्याओं के स्थायी समाधान हेतु न्यू उतरेठिया उपकेन्द्र में 10 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर शीघ्र लगाने के निर्देश एमडी मध्यांचल को दिया। ऊर्जा मंत्री ने सभी विद्युत कार्मिकों को अपने क्षेत्रों में जाकर उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित समाधान के सख्त निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि किसी भी विद्युत कार्मिक की कार्यशैली एवं उपभोक्ताओं से व्यवहार को लेकर शिकायत पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति, मीटरिंग, बिलिंग व राजस्व संग्रह में आ रही समस्याओं के समाधान हेतु विद्युत विभाग उपभोक्ताओं के द्वार अभियान चला रहा है। ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा आज अपराह्न 01:00 बजे 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र, न्यू उतरेठिया, लखनऊ का औचक निरीक्षण किया और विद्युत विभाग उपभोक्ताओं के द्वार अभियान के तहत उस क्षेत्र के पिपरौली गांव, साउथ सिटी पहुंचकर उपभोक्ताओं से मिले और उनकी विद्युत समस्याओं, परेशानियों को सुना और शिकायतों के समाधान के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने प्रियदर्शिनी पी0आई0 कॉलेज के आस-पास के उपभोक्ताओं में दुकानदार विनोद सिंह यादव, वाई0पी0 सिंह, शिवेन्द्र कुमार अवस्थी आदि से मुलाकात कर उनकी विद्युत समस्याएं जानी। उपभोक्ताओं ने बताया कि डेढ़ महीने पहले ट्रांसफार्मर में शिकायत आयी थी लेकिन इस समय यहां पर किसी प्रकार की समस्या नहीं है। मंत्री ने उपभोक्ताओं से अपने विद्युत बिलों का समय से भुगतान करने की भी अपील की। निरीक्षण के दौरान ऊर्जा मंत्री ने उपकेन्द्र में उपस्थित उपभोक्ताओं से भी मुलाकात की। उपभोक्ताओं द्वारा एसडीओ के न मिलने की शिकायत पर ऊर्जा मंत्री ने जमकर फटकार लगायी और कार्य संस्कृति में सुधार के निर्देश दिये। इस दौरान मंत्री ने उपकेन्द्र के लोड पैनल, लागबुक, बिलिंग काउण्टर, शट डाउन के लिए लाल स्टीकर के प्रयोग और ट्रांसफार्मर का निरीक्षण किया। उन्होंने उपकेन्द्र परिसर की साफ-सफाई के सख्त निर्देश दिये। लागबुक की जांच में उन्होंने रात 10:00 बजे लिये गये शटडाउन की जानकारी ली और निर्देश दिये कि रात में शटडाउन लेने से बचें। उन्होंने अधिशासी अभियंता से उपकेन्द्र द्वारा पोषित फीडरों तथा उपकेन्द्र की अन्य समस्याओं के बारे में जानकारी ली। ऊर्जा मंत्री ने क्षेत्र के उपभोक्ताओं द्वारा की गयी शिकायतों का फीडबैक जानने के लिए 5 उपभोक्ताओं से फोन पर बात की।

# बी. पैक्स सदस्यता अभियान में व्याप्त है भ्रष्टाचार

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ के चेयरमैन कृपाशंकर मिश्रा एडवोकेट ने बी. पैक्स सदस्यता अभियान 2023 में अनियमितता और शोषण के संबंध में सहकारिता विभाग के आयुक्त और निबंधक को पत्र लिख कर भ्रष्टाचार नियंत्रित करने की मांग की है। श्री मिश्र ने कहा कि बी.पैक्स सदस्यता अभियान में व्याप्त भ्रष्टाचार किसानों के लिए शोषण और उत्पीडऩ का सबब बन चुका है। मुख्यमंत्री और सहकारिता मंत्री जहां करोड़ों रुपये सदस्यता का ढोल पीट रहे हैं वहीं किसान सहकारिता विभाग के सचिवों के प्रदेश में लगभग हर जिले में सदस्यता शुल्क और अंशदान के मद में दोगुना पैसा लेकर रसीदें काट किसानों का शोषण कर रहे हैं। श्री मिश्र ने बताया कि हर जनपद में सदस्यता शुल्क 21 रुपये के स्थानपर 50 रुपये प्रति व्यक्ति एवं अंशदान 100 रुपये के स्थान पर 220 रुपये की रसीद जारी की जा रही है।

हमीरपुर और महोबा के पीड़ित किसानों ने रसीदें भेज कर इसकी जानकारी दी है। इसका तत्काल संज्ञान लेकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# लुलु मॉल में अखबार से बने गणपति ने सबका मोहा मन

एम.एम. मोहसिन



**लखनऊ।** लखनऊ में एक ऐसी जगह भी है जहां पर अखबार (न्यूजपेपर) के गणपति की भव्य प्रतिमा बनाई गई है यह जगह और कोई नही लखनऊ का सबसे बड़ा शॉपिंग गंतव्य लुलु मॉल है। लुलु मॉल में 14 फीट के गणेश भगवान की प्रतिमा लगाई गई है, यह प्रतिमा लोगों के लिए सेंटर ऑफ अट्रैक्शन बन गई है।

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में गणेश चतुर्थी की धूम मची हुई है, जगह-जगह गणपति विराजे हुए हैं इन्हीं जगहों में से एक है लखनऊ का सबसे पसंदीदा लुलु मॉल, जहां के एंट्री गेट पर न्यूजपेपर से बने हुए 14 फीट के गणेश भगवान की प्रतिमा लगाई गई है।

लुलु मॉल में स्थापित गौरी पुत्र की इस प्रतिमा की खासियत यह है कि इसे अखबारों से बनाया गया है. अखबारों को लेकर उन्हें रंगा गया है. इसके बाद उन्हें खूबसूरती से मोड़कर गणेश भगवान का रूप दिया गया है। इसे लुलु मॉल के गेट नंबर एक के एंट्री गेट पर ही लगाया गया है। लोगों को यह अद्भुत प्रतिमा बहुत पसंद आ रही है। शहीद पथ स्थित लुलु मॉल के गेट नंबर एक पर सुबह 9:00 बजे से लेकर रात 11:00 बजे तक आप गणपति की इस भव्य प्रतिमा को देख सकते हैं। यह प्रतिमा 10 दिन तक लुलु मॉल में रहेगी। लुलु मॉल के जनरल मैनेजर समीर वर्मा ने कहा गणेश भगवान की यह प्रतिमा लगभग 14 फीट की है और इसे इको फ्रेंडली बनाया गया है।

# कॉटन और सिल्क फैब 2023 प्रदर्शनी की हुई शुरुआत

- राज्य मंत्री दानिश अंसारी ने किया उद्घाटन

अवधनामा ब्यूरो



बारबारादरी में छह दिवसीय प्रदर्शनी में साड़ी, सूट, डिजायनर वेस्टर्न और ब्राइडल वियर सिल्क कॉटन साड़ी मौजूद

**लखनऊ।** कैसरबाग स्थित बारादरी में छह दिवसीय कॉटन और सिल्क फैब 2023 प्रदर्शिनी की शुरुआत हुई। जिसमें पूरे भारत के अलग-अलग कोनों से आये व्यक्तियों ने तरह-तरह की साड़ी उत्पादों के स्टॉल लगाए हैं। इसका उद्घाटन शुक्रवार को मुख्य अतिथि यूपी सरकार के राज्य मंत्री दानिश अंसारी ने किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से शहर में खुशहाली का माहौल बना रहता है। इस मौके एमटीवी मॉडल मोहनीश सवितर, आयोजक मानस आचार्य और जावेद मकसूद उपस्थित रहे।

प्रदर्शनी के आयोजक मानस आचार्य ने बताया कि इस कॉटन और सिल्क फैब प्रदर्शनी में अलग-अलग राज्यों से आये बुनकरों के पास विभिन्न प्रकार के मटेरियल से बनी साड़ी, सूट, डिजायनर वेस्टर्न और ब्राइडल वियर सिल्क कॉटन साड़ी, कुर्ती, टॉप, खादी शर्ट, फैशन जूलरी बेड सीट, भदोही की कालीन, ज्वैलरी और ड्राई फ्रूट जैसे उत्पाद रहे।

प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए एम टीवी अभिनेता मोहनीश सवितर ने कहा कि हमारी सरकार बुनकरों के काम को बढ़ावा देने के लिए कर रही है, ताकि उनका कारोबार आगे बढ़ता रहे। इस जगह पर विभिन्न राज्यों के उत्पाद बुनकरों द्वारा तैयार किये गए हैं, जो सीधे ग्राहकों को मिला रहा है। यह सराहनीय पहल है और उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश के लखनऊ शहर में एक ही छत के नीचे सब कुछ उपलब्ध है। आरजे इवेंट्स एंड प्रोडक्शंस के ब्रांड एंबेसडर मोहनीश के अनुसार, प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश की मलबरी सिल्क, जामदानी व जमावार सिल्क साड़ी उपलब्ध है। उड़ीसा की संभालपुरी इक्कट सिल्क साड़ी , बिहार की ऑर्गेनिक तसर सिल्क साड़ी, असम की मूगा सिल्क साड़ी,

कर्नाटक की क्रीप सिल्क जॉर्जेट साड़ी, तमिलनाडु की कांजीवरम साड़ी,ए उत्तर प्रदेश की मलबेरी सिल्क साड़ी, महाराष्ट्र के डिजाइनर ड्रेस मटेरियल, छत्तीसगढ़ की एक्सक्लूसिव सिल्क साड़ी, मध्य प्रदेश की महेश्वरी साड़ी, वेस्ट बंगाल की बलूचारी साड़ी और तमाम राज्यों से जम्मू कश्मीर पंजाब तमाम राज्यों से बहुत शानदार स्टॉल्स का आयोजन किया गया और बहुत ही अच्छी वैरायटी है इस छह दिवसीय प्रदर्शनी में 100 स्टॉल लगेंगे। यह प्रदर्शनी 26 सितंबर तक चलेगी।

# बुजुर्ग महिलाओं को बस में मिलेगी मुफ्त यात्रा सुविधा

- पत्रकारों को निजी बसों में मुफ्त यात्रा का प्रस्ताव

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 60 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को शीघ्र ही परिवहन निगम की बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी।

यह घोषणा परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के वृंदावन में आयोजित दो दिवसीय प्रादेशिक प्रतिनिधि सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए की। उन्होंने घोषणा की कि सरकार पत्रकारों को निजी बसों में भी मुफ्त यात्रा की सुविधा दिए जाने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है। खुले सत्र में कई पत्रकारों की इस मांग पर कि वर्ष में एक या दो बार पत्रकारों के परिवारों को भी यह सुविधा मिले , परिवहन मंत्री ने कहा कि एक दो बार क्या आजीवन यह सुविधा दिए जाने का रास्ता निकाला जाएगा।

सम्मेलन की अध्यक्षता इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के अध्यक्ष के विक्रम राव ने की, जिसमें विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान और ओमप्रकाश सिंह विधान परिषद सदस्य ने भी संबोधित किया। यूनियन के प्रादेशिक अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी ने परिवहन मंत्री को पत्रकारों की विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन भेंट किया। ज्ञापन में कहा गया है कि यूनियन की मांग पर पत्रकारों को पेंशन दिए जाने की, जिस मांग को सरकार ने सिद्धांत स्वीकार कर लिया है , उसे शीघ्र रही अमली जामा पहनाया जाए। यूनियन ने पत्रकारों को आयुष्मान योजना में शामिल करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का आभार व्यक्त किया और अन्य मांगों पर शीघ्र विचार करने का अनुरोध किया।

प्रस्ताव का समर्थन यूपी प्रेस क्लब के अध्यक्ष रवींद्र सिंह और विजय शंकर पंकज, देवराज सिंह , अविनाश शुक्ला, मुकुल मिश्रा, जुबेर अहमद , आर एन बाजपेई और विजय प्रकाश मिश्रा ने किया। स्वागत समिति के अध्यक्ष शिवशरण सिंह ने अपने स्वागत भाषण में मथुरा जिला इकाई के अध्यक्ष मनवीर सिंह चौहान और महामंत्री बंशीधर बंसल की सम्मेलन को सफल बनाने के लिए उनकी सराहना की। सम्मेलन में प्रदेश के विभिन्न जिलों के करीब 300 पत्रकारों ने भाग लिया। प्रादेशिक महामंत्री प्रेमकांत तिवारी ने यूनियन की गतिविधियों की रिपोर्ट पेश की।

### युवती की ट्रेन से गिरकर मौत

**लखनऊ।** रहीमाबाद के जलामऊ के पास एक युवती की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। शुक्रवार को युवती अपनी बहन के साथ ट्रेन से दिल्ली से आ रही थी। उन्नाव के मौरावां की केदारखेड़ा निवासी 18 वर्षीय आरती अपनी मौसेरी बहन अर्चना के साथ दिल्ली से लखनऊ आ रही थी। अर्चना के मुताबिक शुक्रवार तड़के ट्रेन रहीमाबाद के पास पहुंची ही थी कि वह वॉशरूम चली गई। कुछ देर के बाद जब वह वापस सीट पर लौटी तो आरती वहां नहीं थी। पूरी बोगी में तलाश किया मगर आरती का कुछ पता नहीं लगा। ट्रेन से वह कैसे गिरी इसका कुछ पता ही नहीं चला। पिता लालू पासवान के अनुसार आरती दसवीं कक्षा में पढ़ती थी। इंस्पेक्टर रहीमाबाद ने बताया कि मामले की जांच हो रही है और आरती का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# रूखसते अज़ा की मजलिसें जारी



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** हजरत इमाम हसन अस्करी (अ.स.) की शहादत के सिलसिले में हादी लैन सरफराजगंज में रूख्सते अजा शीर्षक से मजलिस को मौलाना हैदर शरीयती ने खिताब किया। उन्होंने कहा कि कर्बला के तपते रेगिस्तान में हजरत इमाम हुसैन की कुर्बानियों से इस्लाम महफूज हुआ है। मजलिस के बाद शबीहों की जियारत कराई गयी व अंजुमन सिपाहे अब्बास, हुसैनी, कायम आले इबा, मासूमीन बराही सादात, नासिराने हुसैन और फौजे हुसैनी ने नौहाख्वानी की। इमामबाड़ा अबुल फजलिल अब्बास (अ.स.) हसन पुरिया में शब्बेदारी की मजलिस को मौलाना वसीउल हसन ने खिताब किया। मजलिस का आगाज कारी हबीब आलम रिजवी ने तिलावते कुराने पाक से किया। इमामबाड़ा झाउलाल ठाकुरगंज में मजलिस को मौलाना इमरान हैदर ने खिताब किया। मजलिस का आयोजन प्रशांत कुमार शेखर %गुड्ड÷ ने किया था। अजाखाना मौलाना मिर्जा मोहम्मद अतहर शाहगंज में मौलाना एजाज अतहर ने मजलिस को खिताब किया। इमामबाड़ा हशमत आरा हसन पुरिया में मौलाना कर्रार हैदर मौलाई ने मजलिस को खिताब किया। इमामबाड़ा अमीर महल साहिबा रस्सी बटान में मौलाना अम्मार काजिम जरवली ने मजलिस को खिताब किया। मजलिस के बाद अंजुमन कदीम आले इबा ने नौहाख्वानी की। शिकोह पैलेस अमीनाबाद में मौलाना आबिद बिलग्रामी ने मजलिस को खिताब किया। इससे पहले असद मोहानी ने अपने कलाम पेश किये। इमामबाड़ा कसरे हसनैन काजमैन रोड में महिलाओं की मजलिस को जाकिरा हीना बानों ने खिताब किया। हुसैनी इमामबारगाह अलीगंज में मौलाना फिरोज अब्बास ने मजलिस को खिताब किया। इमामबाड़ा मीरन साहब मुफ्तीगंज में अंजुमन दुआए जहरा की शब्बेदारी की मजलिस को मौलाना हसनैन बाकरी ने खिताब किया। अजाखाना ढयोड़ी सात सौ वाली बेगम मरहूमा कश्मीरी मोहल्ला में मजलिस को मौलाना रजा हुसैन जरवली ने खिताब किया। कल की मजलिस को मौलाना अली रिजवान शाम 4 बजे खिताब करेंगे।

### शबीहों की जियारत व मजलिसें आज

अजाखाना नफीस बेगम माशाअल्लाह हाउस बुनियादबाग में शनिवार शाम छह बजे मजलिस को मौलाना अफजल हैदर खिताब करेंगे। मजलिस के बाद 18 बनी हाशिम, अलम और ताबूतों की जियारत करायी जायेगी। अजाखाना मौलाना हसनैन आब्दी महरुम अशरफाबाद में शाम 7 बजे मौलाना सदफ जौनपुरी मजलिस को खिताब करेंगे।

### कर्बला व काजमैन में आग पर मातम आज

रौजाए काजमैन सआदतगंज में शनिवार को रात 10 बजे अंजुमन काजमिया आबिदया ओर से मजलिस को मौलाना कर्रार हैदर मौलाई खिताब करेंगे। इसके बाद आग पर मातम होगा। इसी तरह कर्बला दियानुतद्दौला में भी रात 10.30 बजे अंजुमन हुसैनिया कदीम की ओर मजलिस को मौलान कल्बे जव्वाद (इमामे जुमा) खिताब करेंगे। मजलिस के बाद आग पर मातम होगा।

### चुप ताजिये का जुलूस कल



**लखनऊ।** कर्बला के शहीदों की याद में दो महीने आठ दिन से चल रहा मजलिसों-मातम व जुलूसों का सिलसिला रविवार को चुप ताजिये के जुलूस के निकलने के साथ समाप्त हो जायेगा। जुलूस की मुकम्मल हो गयी हैं। जुलूस पुराने शहर के विक्टोरिया स्ट्रीट स्थित इमामबाड़ा नाजिम साहब से सुबह की नमाज के बाद निकलेगा, जो रौजाए काजमैन जाकर समाप्त होगा। जुलूस निकलने से पूर्व मजलिस को मौलाना यासूब अब्बास खिताब करेंगे। जुलूस के समापन के बाद मौलाना एजाज अतहर सुबह दस बजे मजलिस को खिताब करेंगे।

# ‘रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा’ 1,500 से अधिक ने की तीर्थयात्रा

- वृद्धजनों का आशीर्वाद ही मेरा सामर्थ्य: राजेश्वर

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** सरोजनीनगर के समग्र विकास के लिए दृढ़ संकल्पित सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की अनूठी पहल ‘रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा’ पिछले एक वर्ष से वृद्धजनों के तीर्थयात्रा के सपने को पूरा कर रही है। डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा शुरू की गई इस अभिनव पहल और विशेष यात्रा का पहली बार संचालन 27 सितंबर 2022 को जैतीखेड़ा से हुआ था। तब से निरंतर जारी इस निःशुल्क बस सेवा के माध्यम से अब तक 1,500 श्रद्धालु अयोध्या में श्रीराम लला, नैमिषारण्य धाम यात्रा तथा अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन कर चुके हैं। विभिन्न गांवों से यह बस वृद्धजनों को ले जाकर तीर्थयात्रा करवाती है, इस दौरान उनके खाने-पीने से लेकर हर प्रकार की उचित व्यवस्था रहती है। इस पूरी यात्रा का व्यय डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा किया जाता है। इस यात्रा के प्रति क्षेत्र के वृद्धजन उत्साहित रहते हैं और विधायक की इस पहल की प्रशंसा करते नहीं थकते हैं। इस बारे में डॉ. राजेश्वर सिंह कहना है कि वृद्धजनों को तीर्थ यात्रा करवाना मेरा सौभाग्य है। तीर्थयात्रा के दौरान वरिष्ठजनों के चेहरे की खुशी और संतुष्टि देखना सुखद है, उनका आशीर्वाद ही मेरी सामर्थ्य है। ‘रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा’ के सफलता माता तारा सिंह की प्रेरणा, वृद्धजनों का आशीर्वाद और क्षेत्रवासियों का समर्थन का ही सुखद परिणाम है। क्षेत्रवासियों को तीर्थयात्रा करवाने के लिए ‘रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा’ अनवरत जारी रहेगी।

### वरिष्ठ छायाकार मनोज छाबड़ा के चित्रों की लगी प्रदर्शनी

**लखनऊ।** वरिष्ठ छायाकार मनोज छाबड़ा के चित्रों की प्रदर्शनी शुक्रवार को अलीगंज ललित कला अकादमी में लगाई गई। प्रदर्शनी का उद्घाटन पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने किया। प्रदर्शनी के उद्घाटन के मौके पर शहर भर के कई वरिष्ठ छायाकार मौजूद रहे। चित्रों की प्रदर्शनी लेंस ऑन लाइफ के उद्घाटन पर मनोज छाबड़ा के पिता प्रवीण चंद्र छाबड़ा ने अखिलेश यादव को आशीर्वाद दिया। यह प्रदर्शनी मनोज ने अपनी माताजी स्वर्गीय संतोष देवी छाबड़ा को समर्पित की। अखिलेश यादव ने मनोज छाबड़ा को तस्वीरों के माध्यम से अनेक कहानियों को जीवंत रूप देने के लिए बधाई देते हुए कहा कि मनोज ने फोटो जर्नलिज्म के क्षेत्र में लम्बे समय तक काम किया है और उनकी प्रतिभा मुखर होकर बोलती है। चित्रों के माध्यम से हजारों शब्दों को वाणी मिलती है।

### पुस्तक भारत निर्माण में आदिवासियों का योगदान का लोकार्पण

**लखनऊ।** संगीत नाटक अकादमी में डॉ.करुणा पांडेय की पुस्तक भारत निर्माण में आदिवासियों का योगदान का लोकार्पण मुख्य अतिथि सेवा निवृत मुख्य आयकर आयुक्त हरीश चंद्र पंत ने किया। इस अवसर पर हरीश चन्द्र पन्त ने कहा कि डॉ.करुणा भारतीय संस्कृति और सनातन समरसता को अपनी लेखनी से प्रस्तुत करने वाली समकालीन हिन्दी साहित्य की उर्जावान साहित्यकार हैं। उनकी सृजनात्मकता पर प्रखर अभिव्यक्ति जिस कौशल से विषय को सामने लाती है वह अभिभूत करता है। पुस्तक की समीक्षा करते हुए उमा त्रिगुणायत ने इस पुस्तक को अपने समय का दायित्वबोध बताया। इसके बाद चित्रा मोहन लिखित एवं ज्ञानेश्वर मिश्र ज्ञानी परिकल्पित एवं निर्देशित नाटक धरती आबा बिरसा मुंडा, का मंचन रंगयात्रा ने किया।

# यूपीएमआरसी ने की निवेशक बैठक संपन्न

- सीजी सिटी भूमि से 86 एकड़ जमीन की है मंजूरी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने 86 एकड़ चक गजरिया सिटी की भूमि को विकसित करने के लिए पहली निवेशक बैठक अपने गोमती नगर स्थित प्रशासनिक भवन में की। सीजी सिटी परियोजना लखनऊ मेट्रो के लिए व्यावसायिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अत्यधिक महत्व रखती है ताकि यूपीएमआरसी किफायती यात्रा किराये के साथ मेट्रो यात्रियों को सेवा प्रदान करना जारी रख सके। उत्तर प्रदेश सरकार ने नॉन फेयर बॉक्स रिवेन्यू, गैर यात्री किराया, बढ़ाने के लिए सीजी सिटी भूमि से यूपीएमआरसी को 86 एकड़ जमीन मंजूर की है। एमडी सुशील कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में निदेशक वित्त शील कुमार मित्तल, निदेशक कार्य एवं अवसंरचनासीपी सिंह के साथ यूपीएमआरसी के सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। भूमि के श्रेष्ठ उपयोग की रणनीतिक योजना और निविदा का ड्राफ्ट तैयार करने के लिए सलाहकार के रूप में सम्मिलित अर्नस्ट एंड यंग टीम ने भूमि स्थान और संभावित परियोजनाओं पर प्रजेटेशन दिया। बैठक में शालीमार, अपोलोमेडिक्स, आईटीसी, एमआई ग्रुप, द लीला, ओमैक्स लिमिटेड, ओबेरॉय ग्रुप और रमाडा प्लाजा आदि सहित 40 से अधिक समूहों ने ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड के माध्यम से बैठक में भाग लिया।

### विभिन्न स्टेशनों पर मनाया गया स्वच्छ रेलपथ दिवस



**लखनऊ।** 16 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के डीआरएम आदित्य कुमार के मार्गदर्शन में मण्डल के विभिन्न रेल खण्डों डालीगंज बक्शी का तालाब, गोण्डा बरुआचक, गोरखपुर जंक्शन गोरखपुर कैंट, बादशाहनगर गोमतीनगर, मल्हौर जुग्गौर, बस्ती ओरवारा, ऐशबाग लखनऊ जंक्शन एवं मैलानी जंक्शन सीतापुर जंक्शन के मध्य तथा विभिन्न स्टेशनों पर स्वच्छ रेलपथ दिवस मनाया गया। इन रेल खण्डों पर मण्डल के अधिकारियों, सेक्शन इंजीनियरों, सुपरवाइजरों तथा स्वास्थ्य निरीक्षकों की टीम ने रेलवे ट्रैक पर सफाई के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाया गया तथा ब्लाक सेक्शनों में मौजूद नालियों की गहन सफाई सुनिश्चित की गयी। रेल खण्डों को शून्य अपशिष्ट के लिए आम जनमानस में सफाई सम्बंधी जागरुकता के प्रचार.प्रसार की दृष्टि से स्टेशनों, रेलवे परिसरों में गंदगी फैलने से होने वाले नुकसान को यात्री जनों एवं आम जनमानस तक संदेश पहुंचाया जा रहा है। मण्डल की ओबीएचएस ट्रेनों में ऑन बोर्ड हाउस कीपिंग सर्विस स्टॉफ स्वच्छता प्रहरी की तरह कार्य कर रहें है। इस दौरान विशेष रूप से मेरी सीट मेरा डिब्बा थीम पर रेल यात्रियों को रेल यात्रा के दौरान स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

### हिन्दी कार्यशाला का आयोजन

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल में मनाये जाने वाले हिन्दी पखवाड़ा के अन्तर्गत पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के स्टेशन निदेशक कार्यालय लखनऊ जंक्शन पर विद्वान वक्ताओं ने विशेष हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। स्टेशन निदेशक अरविन्द पाण्डेय की अध्यक्षता में स्टेशन निदेशक कार्यालय लखनऊ जंक्शन पर आमंत्रित बाराबंकी स्थित जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के शोध एवं स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग के प्रो. डॉ. अनिल कुमार विश्वकर्मा उपस्थिति में विशेष हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में कर्मचारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।